फाल्गुन कृष्ण पक्ष, नवमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 5 मार्च 2024
वर्ष -2, अंक -209, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -6 रुपये

अमृत विचार

अयोध्या
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

ट्रंप के खिलाफ निक्की हेली की पहली जीत 16

'पंख' में मुख्य भूमिका में माही, श्वेता, आयशा 15

सुप्रीम कोर्ट की सात जजों की संविधान पीठ ने कहा-संसदीय विशेषाधिकार नहीं है रिश्वतखोरी

रिश्वत के मामलों में सांसदों-विधायकों को नहीं मिलेगी छूट

नई दिल्ली, एजेंसी

- वोट के बदले नोट मामले में शीर्ष न्यायालय ने पांच जजों की पीठ का पलटा फैसला

सुप्रीम कोर्ट की सात जजों की पीठ ने सांसदों-विधायकों के विशेषाधिकार से जुड़े मामले में सोमवार को ऐतिहासिक फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि सांसदों और विधायकों को सदन में वोट डालने या भाषण देने के लिए रिश्वत लेने के मामले में अभियोग से कोई छूट नहीं होती है। शीर्ष न्यायालय ने इसी के साथ 1998 के नरसिम्हा राव जजमेंट के अपने फैसले को पलट दिया है। तब पांच जजों की पीठ ने 3-2 के बहुमत से तय किया था कि ऐसे मामलों में जनप्रतिनिधियों पर मुकदमा नहीं चलाया जा सकता।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली सात सदस्यीय संविधान पीठ ने कहा कि सदन के सदस्यों के भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी से भारतीय संसदीय लोकतंत्र की नींव कमजोर होती है। पीठ ने कहा कि रिश्वतखोरी के मामलों में संसदीय विशेषाधिकारों के तहत संरक्षण प्राप्त नहीं है और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) रिश्वत मामले में पांच न्यायाधीशों की पीठ द्वारा सुनाए गए 1998 के फैसले की व्याख्या संविधान के अनुच्छेद 105 और 194 के विपरीत है। अनुच्छेद 105 और 194 संसद और विधानसभाओं में सांसदों और विधायकों की शक्तियों एवं विशेषाधिकारों से संबंधित हैं।

जस्टिस चंद्रचूड़ ने पीठ के लिए फैसले का मुख्य भाग पढ़ते हुए कहा, 'सांसद एवं विधायकों द्वारा रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी को नष्ट करते हैं।' इस पीठ में न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना, न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। न्यायालय ने 'पीवी नरसिम्हा राव बनाम सीबीआई' मामले में 1998 के फैसले में बहुमत और अल्पमत के तर्क का विश्लेषण करते हुए कहा कि उसने इस विवाद के सभी पहलुओं पर स्वतंत्र रूप से फैसला सुनाया है- भले वह संविधान के अनुच्छेद 105 से संबंधित हो और 194 से जुड़ा हो कि क्या एक सांसद या विधायक किसी आपराधिक अदालत में रिश्वतखोरी के आरोप में अभियोग से छूट का दावा कर सकता है। प्रधान न्यायाधीश जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा, 'हम इस पहलू पर बहुमत के फैसले से असहमत हैं और उसे खारिज करते हैं।'

संविधान की आकांक्षाओं के लिए विनाशकारी

फैसला सुनाते हुए जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा, 'यह (भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी) संविधान की आकांक्षाओं और विचारशील आदर्शों के लिए विनाशकारी है और एक ऐसा राजतंत्र स्थापित करता है, जो नागरिकों को एक जिम्मेदार, उत्तरदायी और प्रतिनिधित्व प्रदान करने वाले लोकतंत्र से वंचित करता है।'

स्वच्छ राजनीति सुनिश्चत करने वाला फैसला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सांसदों और विधायकों को सदन में भाषण या वोट देने के लिए रिश्वत लेने पर अब कानूनी कार्रवाई से छूट नहीं मिलने संबंधी सुप्रीम कोर्ट के फैसले को शानदार बताया और कहा कि इससे देश में साफ-सुथरी राजनीति सुनिश्चित होगी तथा व्यवस्था में लोगों का विश्वास गहरा होगा।

पांच जजों की पीठ ने आपराधिक मुकदमे से दी थी छूट

पांच जजों की संविधान पीठ ने 1998 में 'पी वी नरसिम्हा राव बनाम सीबीआई' मामले में दिए गए अपने बहुमत के फैसले में कहा था कि सांसदों को संविधान के अनुच्छेद 105(2) और अनुच्छेद 194(2) के तहत सदन के अंदर दिए गए किसी भी भाषण और वोट के लिए घूस के आपराधिक मुकदमा से छूट प्राप्त है।

एक नजर

आप को पार्टी कार्यालय खाली करने का निर्देश

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने आम आदमी पार्टी (आप) को सोमवार को निर्देश दिया कि वह दिल्ली उच्च न्यायालय के लिए राउज एवेन्यू में आवंटित जमीन पर अतिक्रमण कर बनाए गए अपने कार्यालय को हटा ले। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ तथा न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने ''आप'' का पक्ष रहे वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी की दलीलें सुनने के बाद 15 जून 2024 तक जमीन खाली करने का आदेश पारित किया।

उदयनिधि स्टालिन को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन को उनकी 'सनातम धर्म को मिटाने' संबंधी टिप्पणी को लेकर अप्रसन्नता जताई और पूछा कि वह भाषण एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अपने अधिकार का दुरुपयोग करने के बाद अपनी याचिका लेकर शीर्ष अदालत के पास क्यों आए हैं। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने स्टालिन से कहा कि वह एक मंत्री हैं और उन्हें अपनी टिप्पणी के परिणाम पता होने चाहिए थे। पीठ ने कहा कि आपने संविधान के अनुच्छेद 19(1)(अ) के तहत (भाषण एवं अभिव्यक्ति की स्वतंता के) अपने अधिकार का दुरुपयोग किया है।

लालू प्रसाद के परिवार संबंधी बयान पर प्रधानमंत्री मोदी का पलटवार

140 करोड़ देशवासी ही मेरा परिवार

आदिलाबाद, (तेलंगाना), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'परिवार ना होने' को लेकर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद के हमले पर पलटवार करते हुए सोमवार को पूरे भारत को अपना परिवार करार दिया और अपने जीवन को एक 'खुली किताब' बताते हुए कहा कि लोगों की सेवा करने के सपने के साथ उन्होंने कम आयु में ही घर छोड़ दिया था।

जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने 'परिवारवादी दलों' पर हमला बोला और कहा कि उनके अलग-अलग चेहरे हो सकते हैं, लेकिन झूठ और लूट का उनका चरित्र समान है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद ने रविवार को पटना में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी पर कटाक्ष किया था। उन्होंने कहा था, 'अगर नरेंद्र मोदी के पास अपना परिवार नहीं है तो हम क्या कर सकते हैं। वह राम मंदिर के बारे में डींगें मारते रहते हैं। वह सच्चे हिंदू भी नहीं हैं। हिंदू परंपरा में बेटे को अपने माता-पिता के निधन पर अपना सिर और दाढ़ी मुंडवानी चाहिए। जब मोदी की मां की मृत्यु हुई तो उन्होंने ऐसा नहीं किया।"

प्रधानमंत्री मोदी ने लालू के इस आरोप पर सोमवार को पलटवार किया और कहा कि भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण में आकंठ डूबे 'इंडी गठबंधन' के नेता बौखलाते जा रहे हैं। उन्होंने हुए, 'अब इन्होंने 2024 के चुनाव का अपना असली घोषणा पत्र निकाला है। मैं इनके परिवारवाद पर सवाल उठाता हूं तो इन लोगों ने अब बोलना शुरू कर दिया है कि मोदी का कोई परिवार नहीं है। कल ये ऐसा भी कह सकते हैं कि तुम्हें कभी जेल की सजा नहीं हुई, इसलिए तुम राजनीति में भी नहीं आ सकते।' मोदी ने 140 करोड़ देशवासियों को अपना परिवार बताया और कहा कि जिसका कोई नहीं है, वह भी मोदी के हैं और मोदी उनका है। उन्होंने कहा, 'मेरा भारत-मेरा परिवार, इन्हीं भावनाओं का विस्तार लेकर मैं सपनों को संकल्प के साथ सिद्ध करने के लिए आपके लिए जी रहा हूं, आपके लिए जूझ रहा हूं और आपके लिए जूझता रहूंगा। एक सपना लेकर बचपन में घर छोड़ा था। मैं देशवासियों के लिए जिऊंगा, ये सपना लेकर निकला था। मेरा पल-पल सिर्फ और सिर्फ आपके लिए होगा। मेरा कोई निजी सपना नहीं होगा।'

यह चुनावी सभा नहीं, विकास उत्सवः मोदी

प्रधानमंत्री ने मोदी ने तेलंगाना में 56,000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं के उद्घाटन, शिलान्यास के अवसर पर कहा कि जैसे ही मैंने करोड़ों रुपये की विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया, कुछ लोगों ने इसे 'चुनावी सभा' कहा है। मैं उन 'विश्लेषकों' को बताना चाहता हूं कि अभी चुनाव की घोषणा भी नहीं हुई है। यह 'चुनावी सभा' नहीं, बल्कि तेलंगाना में 'विकास उत्सव' है, जिसे मनाने के लिए मैं आया हूं।

कांग्रेस का कटाक्ष- टेनी और बृजभूषण हैं मोदी के असली परिवार

नई दिल्ली। कांग्रेस ने भाजपा द्वारा सोशल मीडिया मंचों पर 'मोदी का परिवार' अभियान शुरू किए जाने के बाद सोमवार को दावा किया कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के निरंतर बढ़ने से भाजपा के नेता परेशान हो गए हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह आरोप भी लगाया कि भाजपा सांसद अजय मिश्रा टेनी और बृजभूषण शरण सिंह प्रधानमंत्री मोदी का 'असली परिवार' हैं। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने बृजभूषण शरण सिंह के 'एक्स' प्रोफाइल का स्क्रीनशॉट साझा करते हुए कटाक्ष किया, 'मोदी का परिवार बृजभूषण शरण सिंह का स्वागत करता है।'

भाजपा नेताओं ने बायो में लिखा 'मोदी का परिवार'

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से पूरे देश को अपना परिवार बताए जाने के कुछ देर बाद सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने 'एक्स' के 'प्रोफाइल' पर अपने नाम के आगे 'मोदी का परिवार' लिखा और इस संबंध में एक अभियान शुरू कर दिया। सबसे पहले भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने अपने प्रोफाइल में यह बदलाव किया और उसके बाद गृहमंत्री शाह ने। कुछ देर बाद केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, निर्मला सीतारमण, अश्विनी वैष्णव, धर्मेंद्र प्रधान, ज्योतिरादित्य सिंधिया, गिरिराज सिंह, स्मृति ईरानी, मीनाक्षी लेखी, भूपेंद्र यादव और अनुराग ठाकुर सहित कई नेताओं ने 'एक्स' प्रोफाइल पर अपने नाम के आगे 'मोदी का परिवार' जोड़ दिया।

आपत्तिजनक वीडियो में फंसे बाराबंकी से भाजपा सांसद बोले

निर्दोष साबित होने तक कोई चुनाव नहीं लड़ूंगा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

- सांसद उपेंद्र रावत ने कहा- यह मेरी छवि खराब करने की साजिश

अमृत विचार : बाराबंकी से भाजपा सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने आगामी लोकसभा चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है। एक आपत्तिजनक वीडियो वायरल होने के बाद रावत व उनके शुभचिंतक सकते में हैं। रावत ने अपनी दावेदारी वापस ले ली है। कयास लगने लगे हैं कि भाजपा अब किसे प्रत्याशी बनाएगी?

सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने सोमवार को 'एक्स' पर बताया कि उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिलकर वायरल वीडियो की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है। उनसे यह भी कहा है कि जब तक वह आरोप से बरी नहीं हो जाते, वे कोई भी चुनाव नहीं लड़ेंगे। रावत का कहना है कि उनका वायरल वीडियो एआई तकनीक से बनाया गया है। सोमवार को उनका चुनाव कार्यालय भी बंद रहा। भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच, बल्कि राजनीतिक हलकों में भी सांसद के वायरल वीडियो की ही चर्चा रही। भाजपा की लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार को जारी 195 उम्मीदवारों की पहली सूची में उपेंद्र सिंह रावत को फिर से बाराबंकी से टिकट दिया गया था। इस बीच सोशल मीडिया पर रावत का एक आपत्तिजनक वीडियो वायरल हो गया, जिसके बाद रावत ने चुनाव लड़ने से इनकार कर अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली। सांसद ने कहा है कि वायरल वीडियो फेक है। एआई तकनीकी से बनाया गया है। इसमें मेरा चेहरा लगा दिया गया है। कुछ ऐसा ही वीडियो वर्ष 2022 व 2023 में भी वायरल किया गया था। रावत ने बताया कि लोकसभा चुनाव में मेरी बढ़ती लोकप्रियता के बाद यह विरोधियों की साजिश है। उनकी छवि खराब करने की कोशिश की गई है। इसके पीछे वे लोग हैं, जो राजनीति में अलग-थलग हो चुके हैं। दोबारा मुझे टिकट मिलना उन्हें गंवारा नहीं था। मामले की प्राथमिकी दर्ज करा दी गई है। वहीं, पुलिस का कहना है कि आपत्तिजनक वीडियो मामले का सच जल्द ही सामने आ जाएगा।

प्रधानाचार्य की सोते समय गोली मारकर हत्या

26 जनवरी को इंटर कालेज में छात्रा से छेड़छाड़ का किया था विरोध, एक गिरफ्तार

गोंडा कार्यालय

अमृत विचारः छात्रा से छेड़छाड़ का विरोध करना एक कालेज के प्रधानाचार्य को भारी पड़ गया। विरोध की कीमत उसे अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। रविवार की रात सोते समय उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गयी। मामले में परिजनों ने दो युवकों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। दूसरे आरोपी की तलाश में पुलिस टीम लगायी गयी हैं। परिजनों का आरोप है कि अगर पुलिस मनचलों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करती तो यह घटना नहीं होती।

छपिया थाना क्षेत्र के फूलपुर गांव के रहने वाले दिनेश यादव (35) बगल के सिसहनी बभनान गांव स्थित श्री सीडी यादव इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य थे। 26 जनवरी को कालेज में एक छात्रा के साथ छेड़खानी की घटना हुई थी। प्रधानाचार्य दिनेश यादव ने इसका विरोध किया था और इसकी सूचना पुलिस को दे दी थी। हालांकि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने के बजाय उनका शांति भंग में चालान कर मामले को रफा दफा कर दिया था। मनचलों को यह कार्रवाई नागवार गुजरी थी और वह लगातार प्रधानाचार्य की रेकी कर रहे थे। शनिवार को दिनेश यादव अपने मामा के बेटे की शादी में शामिल होने चांदारती गांव गए हुए थे। रविवार को भी वह मामा के घर पर ही रुके थे। रात में वह अपने भाई के साथ कॉलेज के सामने बनी मामा की दुकान के बाहर सो रहे थे। रात करीब एक बजे दो युवक पहुंचे और दिनेश की कनपटी से तमंचा सटाकर गोली मार दी। गोली चलने की आवाज सुनकर दिनेश का भाई व मामा का बेटा दौड़े तब तक आरोपी भाग निकले। दिनेश को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गौर ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मामले में परिजनों ने सिसहनी गांव के अजय वर्मा व राज सिंह के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। दूसरे की तलाश में पुलिस टीम लगाई गई है।

कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद की पत्नी की संपत्ति कुर्क

नई दिल्ली, एजेंसी

- ईडी का आरोप : लुईस खुर्शीद और दो अन्य ने की सरकारी धन की हेराफेरी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद की पत्नी लुईस खुर्शीद और दो अन्य ने अपने निजी लाभ के लिए केंद्र सरकार के 71.50 लाख रुपये का शोधन किया। ईडी ने एक बयान में कहा कि उसने धनशोधन निवारण कानून (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिले में स्थित 15 कृषि भूखंड और डॉ जाकिर हुसैन मेमोरियल ट्रस्ट की कुल 45.92 लाख रुपये की कुछ बैंक जमा राशि को अस्थायी रूप से कुर्क कर लिया है। ईडी ने दावा किया कि एक जांच में यह पाया गया है कि ट्रस्ट को प्राप्त 71.50 लाख रुपये के अनुदान का इस्तेमाल भारत सरकार द्वारा स्वीकृत शिविरों के आयोजन के लिए नहीं किया गया था, बल्कि इसका इस्तेमाल ट्रस्ट के प्रतिनिधि प्रत्यूष शुक्ला, सचिव मोहम्मद अतहर और परियोजना निदेशक लुईस खुर्शीद द्वारा ट्रस्ट के हित और अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए किया गया था।

मंत्रिमंडल विस्तार आज संभव, राजभवन में नये मंत्रियों को शपथ दिलाने की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ओपी राजभर, दारा सिंह चौहान व आकाश सक्सेना, राजपाल बालियान और अशरफ अली को मंत्री बनाया जाना संभव

अमृत विचारः उत्तर प्रदेश में बहुप्रतीक्षित मंत्रिमंडल का विस्तार मंगलवार को किए जाने की तैयारी है। समझा जा रहा है कि राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के दोपहर 3 बजे आगरा से लखनऊ लौटने के बाद शाम लगभग पांच बजे राजभवन में कैबिनेट में शामिल होने जा रहे मंत्री शपथ ले सकते हैं। इसके लिए राजभवन स्टाफ तैयार है लेकिन आयोजन राज्यपाल के लखनऊ पहुंचने के बाद ही फाइनल किया जाएगा। पांच मंत्रियों को योगी कैबिनेट में शामिल किया जा सकता है।

इसमें दो कैबिनेट, दो राज्यमंत्री और एक स्वतंत्र प्रभार मंत्री बन सकते है। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उप्र. की भाजपा सरकार का यह तीसरा कैबिनेट विस्तार होगा।

दरअसल, दूसरे विस्तार के बाद योगी के मंत्रिमंडल में 52 मंत्री हैं। फिलहाल मंत्रिमंडल में आठ मंत्रियों की जगह खाली है। सूत्रों के अनुसार योगी के तीसरे विस्तार में जिन विधायकों का नाम लगभग फाइनल है उसमें सुभासपा प्रमुख ओपी राजभर और दारा सिंह चौहान के अलावा सपा नेता आजम खान से कानूनी लड़ाई लड़ने वाले रामपुर के विधायक आकाश सक्सेना का नाम शामिल है। जयंत चौधरी की पार्टी रालोद से भी दो मंत्री बनाए जा रहे हैं। रालोद के राजपाल बालियान और अशरफ अली को मंत्री बनाया जाएगा। माना जा रहा है कि मंत्रिमंडल विस्तार में लोकसभा चुनाव से पहले क्षेत्रीय और जातिगत गणित का भी ध्यान रखकर नये मंत्रियों को जोड़ा जा रहा है।

पेट के कैंसर से पीड़ित हैं इसरो प्रमुख सोमनाथ

नई दिल्ली, एजेंसी

- आदित्य एल-1 की लॉचिंग के दिन चला था पता

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रमुख एस सोमनाथ पेट के कैंसर से पीड़ित हैं। जिस दिन भारत का आदित्य-एल1 मिशन अंतरिक्ष में लॉन्च हुआ था, उसी दिन इसरो प्रमुख में कैंसर का पता चला। मीडिया से एक बातचीत में सोमनाथ ने इसकी पुष्टि की है कि जांच के दौरान शरीर में अनियंत्रित कोशिकाओं की वृद्धि के बारे में पता चला जिसके आधार पर कैंसर का निदान किया गया है।

सोमनाथ ने बताया कि दो सितंबर 2023 को आदित्य-एल1 मिशन लॉन्च की सुबह मेरी स्कैनिंग की गई, इसमें पता चला कि पेट में अनियंत्रित रूप से कैंसर कोशिकाएं बढ़ रही हैं। मिशन लॉन्च के बाद मैं चेन्नई गया, वहां दोबारा स्कैनिंग और कई और जांच की गई। रिपोर्ट्स से पता चला कि ये वंशानुगत रोग है। डॉक्टर्स ने ऑपरेशन की सलाह दी। डॉक्टर्स की टीम ने कैंसर की सर्जरी और फिर कीमोथेरेपी की। डॉक्टर्स ने नियमित स्कैनिंग की सलाह दी है। फिलहाल मैं ठीक हूं।

रालोद ने घोषित किए उम्मीदवार

लखनऊ। भाजपा की अगुवाई वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल हुए राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) ने सोमवार को लोकसभा और विधान परिषद के चुनावों के लिए क्रमशः दो एवं एक सीट पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी। रालोद द्वारा 'एक्स' पर अपने हैंडल से डाले गए संदेश में बताया कि पार्टी ने बिजनौर लोकसभा सीट से चंदन चौहान और बागपत सीट से राजकुमार सांगवान को उम्मीदवार बनाया है। गुर्जर समुदाय के चंदन मुजफ्फरनगर की मीरापुर सीट से विधायक हैं। सांगवान प्रभावशाली जाट नेता हैं। विधान परिषद की एक सीट के लिए योगेश चौधरी को प्रत्याशी बनाया है।

मिसाल पीलीभीत रोड पर अपने तीन मंजिला घर में हाइड्रोपोनिक खेती की शुरुआत कर रामवीर कई राज्यों में फैला चुके हैं कारोबार

सब्जी-फलों की खेती से सालाना 80 लाख का कारोबार

महिपाल गंगवार, बरेली

अमृत विचार : न खेत है और न ही मिट्टी, फिर भी फल और सब्जियां उगाई जा रही हैं। पीलीभीत रोड पर पासपोर्ट ऑफिस के पास रहने वाले रामवीर सिंह ने अपने तीन मंजिला घर को ही अपना खेत बना रखा है। घर के कोने-कोने में सब्जियों और फलों की फसलों की हरियाली दिखाई दे रही है। इजराइल की हाइड्रोपोनिक तकनीक पर करीब आठ साल पहले शुरू की गई इस खेती की बदौलत उनका सालाना कारोबार 80 लाख तक पहुंच गया है। रामवीर की यह उपलब्धि एक मिसाल बन गई है, विदेशों से भी लोग उसे देखने पहुंचते हैं।

तीन मंजिला मकान को बनाया सब्जी घर

रामवीर के घर में हर तरफ सब्जियों और फलों का अंबार उनके जुनून की कहानी बयां कर रहा है। घर का छज्जा पालक, धनिया और फूल गोभी से भरा हुआ है तो बालकनी में स्ट्रॉबेरी, ब्लैकबेरी और शिमला मिर्च की फसल लहलहा रही है। करीब दो सौ वर्ग गज में बने उनके तीन मंजिला घर में 12 हजार से ज्यादा पौधे लगे हुए हैं। घर पर हाइड्रोपोनिक खेती का प्रयोग सफल होने के बाद रामवीर ने बड़ा बाईपास के पास दो एकड़ का एक फार्म भी बना लिया। वहां भी उन्होंने हाइड्रोपोनिक तकनीक से करीब 18 हजार पौधे लगा रखे हैं। रामवीर के मुताबिक इजराइल की हाइड्रोपोनिक तकनीक का उपयोग अब देश के बड़े शहरों में भी गति पकड़ रहा है।

पिछले बरसों में गुजरात, पुणे, मध्य प्रदेश, इंदौर समेत देश के कई राज्यों में उनकी साझेदारी में हाइड्रोपोनिक तकनीक से खेती के लिए फार्म खोले गए हैं। सोशल मीडिया से उनकी इस खेती की जानकारी पाकर लोग अब विदेश से भी उसे देखने पहुंचते हैं।

रामवीर को दुबई से मिला आइडिया

रामवीर बताते हैं कि उनके एक दोस्त के चाचा को 2012 में कैंसर होने पर डॉक्टरों ने आशंका जताई कि फलों और सब्जियों में केमिकल इसका कारण हो सकता है। इसके बाद 2016 में वह दोस्तों के साथ दुबई गए तो वहां हाइड्रोपोनिक सिस्टम देखा, जिसमें बिना मिट्टी के पोषणयुक्त खेती की जा रही थी। जिसके बाद उन्होंने सोशल मीडिया की मदद लेकर घर पर ही पूरा सिस्टम तैयार किया और खेती शुरू कर दी।

पाइप में उगाए जाते हैं पौधे

हाइड्रोपोनिक खेती पाइपों के जरिए होती है। पाइप में ऊपर छेद कर पौधे लगाए जाते हैं। पाइप में पानी होता है, जिसमें पौधों की जड़ें डूबी रहती हैं। पानी में ही पौधों की जरूरत के मुताबिक पोषक तत्व घोल दिए जाते हैं। यह तकनीक गाजर, मूली, शिमला मिर्च, मटर, स्ट्रॉबेरी, ब्लैकबेरी, ब्लूबेरी, तरबूज, खरबूज, अनन्नास, अजवाइन, तुलसी, टमाटर, भिंडी जैसे छोटे पौधों वाली फसलों के लिए उपयुक्त है।

सार-संक्षेप

मेडिकल कॉलेज के आउटसोर्स कर्मियों का नहीं रुकेगा वेतन

अयोध्या, अमृत विचार : मेडिकल कालेज में अब आउटसोर्स कर्मचारियों को वेतन के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। इसके लिए प्रिंसिपल डॉ ज्ञानेंद्र कुमार ने निर्देश जारी कर दिया है। उन्होंने आउटसोर्स कर्मियों को हर माह वेतन देने के लिए वित्त नियंत्रक को निर्देश दिया है। चार करोड़ रुपये का बजट आने के बाद प्रिंसिपल ने सबसे पहले आउटसोर्स कर्मियों को वेतन देने के लिए कहा है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अब हर महीने सभी को वेतन दिया जाए।

तहसीलदार ने देखे किसानों के खेत, क्षति का किया आंकलन

सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार : अचानक बिगड़े मौसम से हुई किसानों की फसलों की तबाही और क्षतिपूर्ति जानने के लिए सोमवार को तहसीलदार विनोद चौधरी ने कर्मियों के साथ किसानों की खेतों की ओर रुख किया। पंडितपुर, सोखावा, खिरौनी के आसपास के गांव का भ्रमण कर राजस्व विभाग ने अतिवृष्टि के आंकलन को जांचा और मौजूद किसानों को संतुष्ट किया। तहसीलदार ने बताया शासन की मंशा के अनुरूप किसानों की फसलों को खेत में जाकर देखा गया। इनमें ऐसे कुछ किसान ऐसे भी थे जिन्होंने सूचनाएं दी थी। पाया गया कि मामूली 2 से 4 फीसदी की क्षति है। जिन किसानों की 33 फीसदी से ऊपर की क्षति होगी उन्हें आर्थिक मदद की व्यवस्था है। उन्होंने बताया कि अभी सर्वे किया जा रहा है।

विधानसभा वार प्रभारियों की तैनाती

अयोध्या। भाजपा की लोकसभा चुनाव संचालन समिति की पहली बैठक सोमवार को सिविल लाइंस स्थित भाजपा कार्यालय में हुई। इसमें विधानसभा वार प्रभारियों की तैनाती कर दी गई। लोक सभा चुनाव के प्रत्याशी और सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि जनता में उत्साह का माहौल है। संचालन समिति में रुदौली विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी कमला शंकर पांडेय व संयोजक ब्लॉक प्रमुख राजीव तिवारी, बीकापुर के प्रभारी शोभनाथ वर्मा व संयोजक रामकृष्ण तिवारी, मिल्कीपुर के प्रभारी गोकरन द्विवेदी व संयोजक जर्नादन मौर्या, अयोध्या के प्रभारी अशोक कसौंधन और संयोजक रमापति पंडेय, दरियाबाद विधान सभा क्षेत्र के प्रभारी भुल्लन वर्मा और संयोजक अनिल द्विवेदी को बनाया गया है।

कांग्रेस ने सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

अयोध्या। रामपुर जिले के सिलाइबारा गांव में युवक की हत्या के मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष रामसागर रावत, पीसीसी सदस्य राम अवध पासी, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र रावत, बाबू राम अवध पासी, पूर्व प्रदेश सचिव प्रदीप कोरी, रविंद्र रावत आदि मौजूद रहे।

रुश्दी की घर वापसी से सपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

अब्बास अली जैदी रुश्दी मिया

रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार : रुदौली के पूर्व विधायक अब्बास अली जैदी रुश्दी मिया ने लोक सभा चुनाव से ठीक पहले बसपा से नाता तोड़ दिया और सपा में घर वापसी कर ली है। इससे जिले भर के सपाई मुदित हैं। 2022 के विधान सभा चुनाव में समाजवादी पार्टी का प्रत्याशी होने के 3 दिन के भीतर ही टिकट होल्ड होने के बाद पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने रुश्दी का टिकट काट दिया। रुदौली से सपा का प्रत्याशी पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव को बनाये जाने के बाद राजनीतिक जीवन अंधकार में जाता देख समाजवादी पार्टी से बगावत करते हुए चुनाव से चंद दिनों पहले रुश्दी ने बहुजन समाज पार्टी के दामन थाम लिया और बसपा प्रत्याशी बन गए, लेकिन 2022 के चुनाव में भाजपा विधायक रामचंद्र यादव ने चुनाव में जीत हासिल की थी। बसपा प्रत्याशी के रूप में सपा प्रत्याशी से मामूली अंतर के साथ तीसरा स्थान रुश्दी मियां को मिला था।

लोक सभा चुनाव : विद्यालयों में दुरुस्त कराएं व्यवस्था

अयोध्या। लोक सभा चुनाव की तैयारी तेज हो गई है। प्रमुख सचिव डॉ. एमके शन्मुगा सुंदरम की ओर जारी निर्देश में कहा गया है कि विद्यालयों में पेयजल की व्यवस्था दुरूस्त कराई जाए। विद्युतीकरण न हुआ हो तो उसे कराया जाए। बल्व व पंखे ठीक कराए जाएं। महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग शौचालय ठीक कराए जाएं। साथ स्कूल तक पहुंचने वाले मार्गो को देखा जाए। यदि गड़बड़ हैं तो उसे ठीक कराया जाए। रैंप दुरुस्त कराए जाएं।

रघुकुल रेस्टोरेंट के सामने चलती कार में लगी आग

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : गोरखपुर से लखनऊ की तरफ जा रही सीएनजी अर्टिगा में अचानक आज लग गई। ड्राइवर ने आनन फानन में गाड़ी को बीच सड़क पर ही खड़ा कर अपनी जान बचाई। मौके पर पहुंचे पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम में आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक पूरी तरह जलकर राख हो गई थी। घटना अयोध्या कोतवाली की रघुकुल रेस्टोरेंट के सामने की है। कोतवाली निरीक्षक मनोज कुमार बताते हैं की घटना की जांच की जा रही है। कार में सिर्फ ड्राइवर ही सवार था।

तारुन में युवक की हादसे में मौत

तारून अयोध्या। अमृत विचार : थाना क्षेत्र तारुन अंतर्गत ग्राम सभा बेलगरा नंसा रोड पर रात्रि 8 बजे एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान नही हो सकी। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। हल्का दरोगा मुन्नीलाल ने बताया कि युवक पैदल ही जा रहा था, किसी गाड़ी ने टक्कर मार दिया, जिससे घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

शिक्षा के मंदिर से निकलेंगे विद्वान

प्रदेश में प्रथम स्थान पर है अवध विश्वविद्यालय : कुलपति

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : हम लोग इतिहास के उस कालखंड में हैं जब अयोध्या में नया इतिहास बन रहा है। इस समय डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय भी अपना इतिहास बना रहा है। यहां की शिक्षा व्यवस्था, यहां की सोच, संस्कृति व सामाजिक व्यवस्था में विश्वविद्यालय का योगदान अनुपम है। अयोध्या सबसे बड़ा सांस्कृतिक केंद्र बनने जा रही है। जो सिर्फ मंदिर से नहीं बनेगी। इस शिक्षा के मंदिर से भी बहुत से शोध, बहुत से विद्वान और बहुत से विचार निकलेंगे। ये बातें सोमवार को महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने विवि के स्वामी विवेकानंद सभागार में कहीं। वो अवध विवि के 49वें स्थापना दिवस समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

इससे पूर्व उन्होंने विवि की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल, कुलसचिव डॉ. अंजनी कुमार मिश्रा, प्रो. नीलम पाठक, प्रो. आशुतोष सिन्हा, प्रो. चयन कुमार मिश्र व परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अध्यक्षता कर रहीं कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने बताया कि 4 मार्च, 1975 को विश्वविद्यालय की स्थापना हुई थी। जो आज एक बहुत बड़ा बट वृक्ष बन गया है। मुख्यमंत्री, उच्च शिक्षा मंत्री, राज्य शिक्षा मंत्री सहित सभी का समय-समय पर मार्गदर्शन मिलने की वजह से हम निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर हैं। विश्वविद्यालय में 700 से अधिक कॉलेज संबद्ध हैं। सात लाख विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। 7000 विद्यार्थी इस कैंपस में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। प्रो. गोयल ने कहा कि देशभर के 26 विश्वविद्यालयों में छह विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश के है। उसमें अवध विश्वविद्यालय प्रथम स्थान पर है। यह विश्वविद्यालय के लिए गर्व की बात है। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. नीलम पाठक द्वारा स्वागत एवं विश्वविद्यालय की स्थापना से लेकर अद्यतन आख्या प्रस्तुत की गई। सांस्कृतिक कार्यकमों का शुभारम्भ म्यूजिक एवं परफार्मिंग आर्टस के छात्र-छात्राओं के समूह गायन गणपति वंदना से की गई। बीए के छात्र द्वारा सोलो डांस महाकाल की थीम पर प्रस्तुति दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम के म्यूजिक एवं परफार्मिंग के छात्रों द्वारा आध्यात्मिक समूह नृत्य की प्रस्तुति दी गई। भारतीय त्याहारों की थीम पर समूह नृत्य बीफॉर्मा के छात्रों द्वारा प्रस्तुति की गई।

स्थापना दिवस के दौरान शिक्षकों को सम्मानित करते मेयर गिरीशपति त्रिपाठी व कुलपति प्रो .प्रतिभा गोयल।

राधा कृष्ण के स्वरूप में प्रस्तुति देतीं छात्राएं।

▸▸ अवध विश्वविद्यालय के 49वें स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम, राज्यपाल ने भेजा शुभकामना संदेश

कुलाधिपति ने दी बधाई

राज्यपाल व विश्वविद्यालय की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने विश्वविद्यालय के 49 वर्ष पूरे होने पर विश्वविद्यालय परिवार और समस्त विद्यार्थियों को बधाई देते हुए अपने संदेश में कहा कि विश्वविद्यालय के चहुंमुखी विकास में संकल्पबद्ध होकर योगदान दें।

सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं। अमृत विचार

इन शिक्षकों व कर्मचारियों का हुआ सम्मान

मुख्य अतिथि महंत गिरीश पति त्रिपाठी व कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल द्वारा प्रो. आरके तिवारी, प्रो. एमपी सिंह, प्रो. एनके तिवारी, आरके सिंह व कर्मचारियों में फहीम अंशारी, दिनेश लाल श्रीवास्तव, कैलाश चन्द्र श्रीवास्तव, अनार कली, सुरेन्द्र श्रीवास्तव को अंगवस्त्र व स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया।

रिसर्च प्रोजेक्ट लाने वाले को दिया जाएगा अवार्ड

कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय की एक रिसर्च पॉलिसी बनाई है। इस पॉलिसी में हर एक रिसर्च करने वाले को, हर एक रिसर्च पेपर पब्लिश करने वाले को और हर एक रिसर्च प्रोजेक्ट लाने वाले को पुरस्कृत करने के साथ बेस्ट रिसर्चर का अवार्ड भी दिया जायेगा। विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के सहयोग से हर्बल गार्डेन, कम्पोस्ट प्लांट एवं मशरूम यूनिट शुरू की गई है।

संयुक्त निदेशक पहुंचे गांव लाभार्थियों से ली जानकारी

लाभार्थी को आवास की चाबी देते संयुक्त निदेशक ग्रामीण भारत सरकार।

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : भारत सरकार के संयुक्त निदेशक ग्रामीण सोमवार को अयोध्या के दौरे पर थे। उन्होंने अफसरों के साथ बैठक की। गांव पहुंच उषा व पूजा का आवास को देखा। सुनीता को चाभी सौंपी। लाभार्थियों से बातचीत में दिक्कत के बारे में पूछा। कहा कि किसी कर्मचारी के स्तर से कोई समस्या तो नहीं आती है।

सर्किट हाउस में अफसरों के साथ बैठक की। अफसरों से योजना के बारे में समस्याओं के बारे में पूछा। एक-एक करके इन समस्याओं को सुना। उपाय बताए। साथ ही कई समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने की बात कही। संयुक्त निदेशक (ग्रामीण आवास) महोदय द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के सम्बन्ध में आने वाली समस्याओं और उनका निस्तारण के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। बताया कि जिले में अब तक 43966 आवास स्वीकृत हुए हैं। इनमें 46517 आवासों का निर्माण पूरा हो गया है। उन्होंने अन्य 449 आवासों को शीघ्र पूरा कराए जाने का निर्देश दिया। बैठक में सहायक आयुक्त भानु प्रताप सिंह, परियोजना निदेशक आरपी सिंह, डीडीओ, अभी बीडीओ मौजूदा रहे।

▸▸ देखा आवास, सौंपी चाभी, कहा- अधूरे आवासों को जल्द पूरा कराया जाए

देहरादून से अयोध्या, अमृतसर और वाराणसी के लिए हवाई सेवा कल से

ब्यूरो, देहरादून। अमृत विचार : देहरादून से देश के तीन प्रमुख शहरों अयोध्या, अमृतसर और वाराणसी के लिए सीधी हवाई सेवा को केंद्र की मंजूरी मिल गई है। तीनों सेवाओं का 6 मार्च को शुभारंभ होगा। मुख्यमंत्री धामी ने तीनों सेवाओं की मंजूरी के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नागरिक विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का आभार प्रकट किया है। उद्घाटन दिवस पर देहरादून से अयोध्या के लिए विमान सुबह 9.40 बजे उड़ान भरेगा और पूर्वाह्न 11.30 बजे अयोध्या पहुंचेगा। उसी दिन अयोध्या से दोपहर 12.15 बजे उड़ान भरकर दोपहर 1.55 बजे देहरादून पहुंचेगा। देहरादून-अमृतसर हवाई सेवा का विमान दोपहर 12 बजे अमृतसर से उड़ान भरेगा और दोपहर 1.10 बजे देहरादून पहुंचेगा। मुख्यमंत्री धामी ने कहा था कि देहरादून से अभी अयोध्या के लिए सीधी उड़ान सेवा उपलब्ध नहीं थी। श्रीरामलला के दर्शन के लिए देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं। अयोध्या से देवभूमि के लिए हवाई सेवा शुरू होने से श्रद्धालुओं को उत्तराखंड की यात्रा में भी सुविधा होगी। इसी प्रकार देवभूमि की यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्री भी इस सेवा का लाभ उठा सकेंगे।

मुस्लिम समुदाय के लोगों ने किया रामलला का दर्शन

अयोध्या। अमृत विचार : राम मंदिर में रामलला का दर्शन करने के लिए मुस्लिम समुदाय के लोग भी पहुंच रहे हैं। सोमवार को राष्ट्रीय मुस्लिम मंच के नेतृत्व में 500 की संख्या में मुस्लिम राम भक्त ढोल नगाड़ों के साथ नाचते गाते हुए जन्मभूमि पथ के रास्ते मंदिर पहुंचे और रामलला का दर्शन पूजन किया। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के प्रवक्ता मुरारी दास ने बताया कि मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रवादी मुसलमान हैं, जो कि पक्के नमाजी और पक्के र वाले हैं। कुरान की रोशनी में भारत मां की जय बोलने वाले सभी मुसलमान इसमें शामिल हैं। यह सभी लोग हिंदू-मुस्लिम के भाईचारे का संदेश लेकर अयोध्या पहुंचे हैं। ताज मोहम्मद ने बताया कि हम लोगों ने ढोल नगाड़े के साथ प्रभु राम के दरबार में हाजिरी लगाई हैं। हम लोग हिंदू मुस्लिम एकता की बात करने वाले हैं।

मांगों को लेकर शिक्षकों ने किया प्रदर्शन, सौंपे ज्ञापन

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय आह्वान पर सोमवार को टैबलेट से हाजिरी और ऑनलाइन मिड-डे मील रिपोर्ट समेत विभिन्न मुद्दों को लेकर शिक्षकों ने जिले के सभी 11 ब्लॉकों पर प्रदर्शन किया।

संघ के ब्लॉक स्तरीय पदाधिकारियों के साथ सभी खंड शिक्षा क्षेत्र के शिक्षक बीआरसी पहुंचे। यहां मौजूद खंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन देते हुए महानिदेशक स्कूली शिक्षा की ओर से जारी आदेश का कड़ा विरोध किया। संघ का कहना है कि लगातार उच्चाधिकारियों से वार्ता के बाद भी अभी तक कोई समाधान नहीं किया गया है। जिले में प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए जिला अध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी मवई, मिल्कीपुर व रुदौली, जिला मंत्री चक्रवर्ती सिंह नगर क्षेत्र, पूरा बाजार व मसौधा, जिला कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार भारती बीकापुर व तारुन , वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष अजय सिंह अमानीगंज एवं हैरिंगटनगंज, जिला संयुक्त मंत्री पंकज द्विवेदी सोहावल, जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश यादव मया के पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद रहे। सभी पदाधिकारी शिक्षक प्रतिनिधियों एवं शिक्षकों से संपर्क साथ निगरानी करते रहे। प्रदर्शन में ब्लॉक अध्यक्ष, मंत्री समेत सभी पदाधिकारियों अपने - अपने ब्लॉक में नेतृत्व किया।

रुदौली में बीआरसी पर ज्ञापन देते संघ के पदाधिकारी व शिक्षक। अमृत विचार

▸▸ उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय आह्वान पर सभी 11 ब्लॉकों पर जुटे शिक्षक

प्रमुख मांगें

- ▸▸ टैबलेट के माध्यम से उपस्थिति व मिड-डे मील सूचना भेजना अव्यवहारिक।
- ▸▸ टैबलेट को सक्रिय करने के लिए सरकार की ओर से सिम प्रदान किया जाना ।
- ▸▸ व्यक्तिगत आईडी से सिम खरीदने की लिए दबाव न बनाया जाए ।
- ▸▸ शिक्षकों को भी राज्य कर्मियों की तरह 31 दिवस का उपार्जित अवकाश, प्रत्येक माह द्वितीय शनिवार अवकाश दिया जाए ।
- ▸▸ अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान उत्पीड़न बंद किया जाए।

यूपी में बदली शिक्षा नीति : गुलाबो देवी

एसएसवी इंटर कालेज में परीक्षा का निरीक्षण कर लौटती मंत्री।

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : यूपी में शिक्षा नीति बदल गई है। हमारी सरकार सिद्धांतों और नीतियों पर चल रही है। जो बच्चे मेहनत करेंगे वह पास होंगे। पहले तो सपा सरकार में ठेकों पर नकल कराई जाती थी। आज इस प्रकार की स्थिति नहीं है। आज कितने बच्चे नकल न होने के कारण परीक्षा ही छोड़ देते हैं। ये बातें सोमवार को माध्यमिक शिक्षा मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाबो देवी ने कहीं।

वो रामलला का दर्शन करने के बाद पत्रकारों से वार्ता कर रहीं थीं। उन्होंने कहा कि भगवान राम सभी के हृदय में विराजमान हैं और आज अपने भव्य दिव्य भवन में विराजमान हो गए हैं। इससे पूर्व उन्होंने कनौसा इंटर कॉलेज और एसएसवी इंटर कॉलेज में द्वितीय पाली की परीक्षा में दोनों केंदों का निरीक्षण किया। जिला विद्यालय निरीक्षण डॉ.राजेश कुमार आर्य ने बताया कि उन्होंने संतुष्टि जताई है।

बनारस घराने की जुगलबंदी और सिरमौर नाटी नृत्य रहा छाया

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : रामकथा पार्क में रामोत्सव के अंतर्गत लखनऊ से आई पर्णिका श्रीवास्तव के दल ने कथक और लोक नृत्यों के साथ अशोक वाटिका में सीता हनुमान के मिलन, लंका दहन के दृश्य से नृत्य नाटिका का आरंभ किया। इस नृत्य नाटिका के सह कलाकार ऋतिका, दिव्या, प्रज्ञा, पूजा, अंश, अभिषेक, अपूर्वा, अभिषेक और अमन रहे। अगली प्रस्तुति में हिमांचल प्रदेश से आए चंद्र मोहन ठाकुर के दल ने अपने पारंपरिक लोक गीत और नृत्यों से समां बांध दिया। मांगलिक अवसरों पर किए जाने वाले सिरमौर नाटी नृत्य के अलावा कलाकारों ने सर पर जलते हुए दीपक रखकर नृत्य करते हुए जमीन पर रखे रूमाल को होंठो से उठाया तो लोग अचंभित हो गए। बनारस घराने के उदय शंकर मिश्र ने ड्रम और ओम सहाय ने सारंगी की जुगलबंदी से सम्मोहन बिखेरा तो उसी ताल पर रुद्र शंकर मिश्र ने स्नेहा, आयुषी, श्रेया, रत्नप्रिया, श्रेया और श्रीजा के साथ शिव स्तुति कथक शैली में करके भारतीय और पाश्चात्य शैली का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। सृजन शक्ति वेलफेयर सोसाइटी लखनऊ के कलाकारों ने बम भोले बम भोले पर नृत्य किया। प्रख्यात कथक नृत्यांगना सुरभि सिंह ने छाप छोड़ी। दिल्ली से आए नरेश कुमार के दल ने राम लक्ष्मण के विद्याभ्यास से लेकर राज्याभिषेक का प्रसंग मंचित किया। राम के पात्र में उमेद पवार, सीता वंशिका लक्ष्मण संदीप और रावण अभिषेक ने सभी को प्रभावित किया। संचालन प्रस्तुतियों देश दीपक मिश्र ने किया। अंतरराष्ट्रीय रामायण एवम वैदिक शोध संस्थान के निदेशक डॉ लवकुश द्विवेदी ने कलाकारों का सम्मान स्मृति चिह्न देकर किया।

शिव तांडव पर प्रस्तुति देतीं महिला कलाकार। अमृत विचार

रामोत्सव में प्रस्तुतियों की बिखरी अनूठी छटा

पुलिस पार्टी पर हमले में सात साल की सजा

अयोध्या, अमृत विचार : पुलिस पार्टी पर जानलेवा हमला करने के एक मामले में युवक को दोषी पाते हुए सात साल के कारावास की सजा सुनाई है। उस पर 2000 रुपये जुर्माना भी हुआ है। फैसला अपर जिलाजज नूरी अंसार की अदालत से सोमवार को हुआ। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सतीश चंद्र देवरस ने बताया कि घटना 19 सितंबर 2015 की है। रिपोर्ट कोतवाली अयोध्या के प्रभारी रामस्वरूप कमल ने लिखाई थी। जिसमें कहा था कि वह अपनी हमराही टीम के साथ डकैती की एक विवेचना कर रहे थे। मुखबिर की सूचना पर कल्लू पूरवा मोड़ के पास पहुंचे तो एक व्यक्ति ने पुलिस पार्टी पर फायर कर दिया। उसे घेर कर पकड़ा गया तो उसके कब्जे से तमंचा बरामद। पूछने पर उसने अपना नाम पता अमरनाथ निवासी चंदीपुर नगहरा थाना इनायत नगर बताया। विवेचना के बाद पुलिस ने जानलेवा हमला की धारा में आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत किया था। सुनवाई के बाद कोर्ट ने सजा सुनाई।

समाचार पत्र पंजीयन (केन्द्रीय), कानून 1956 आठवें नियम के अन्तर्गत अपेक्षित 'अमृत विचार' अयोध्या नामक हिन्दी दैनिक समाचार पत्र से संबंधित स्वामित्व और अन्य बातों का ब्यौरा

प्रपत्र-4

1. प्रकाशन का स्थान	: लखनऊ
2. प्रकाशन की अवधि	: दैनिक
3. मुद्रक का नाम	: शशि भूषण सिंह
क्या भारत के नागरिक हैं	: हां
पता	: 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप, अयोध्या- 224001
4. प्रकाशक का नाम	: शशि भूषण सिंह
क्या भारत के नागरिक हैं	: हां
पता	: ग्राम. अलहदादपुर, पोस्ट. मोतीगंज वैदपुर, सुल्तानपुर, उ0प्र0- 228125
5. सम्पादक का नाम	: शंभू दयाल वाजपेयी
क्या भारत के नागरिक हैं	: हां
पता	: 116, आवास विकास, सिविल लाइन्स, बरेली
6. उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हों तथा जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हों।	: रुहेलखंड इंण्टरप्राइजेज बरेली

मैं शशि भूषण सिंह एतद्द्वारा घोषित करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार दिए गए विवरण सत्य हैं।

तारीख: 5 मार्च, 2024

हस्ताक्षर
शशि भूषण सिंह
मुद्रक/प्रकाशक

यूपी बोर्ड हाईस्कूल में 2181 व इंटर में 1149 ने छोड़ी परीक्षा

63810 परीक्षार्थियों ने दी बोर्ड परीक्षा

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में सोमवार को 3330 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। तीन सचल दलों द्वारा 20 परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया कहीं भी नकल नहीं मिली। हाईस्कूल प्रथम पाली में 38221 व इंटर में 500 और दूसरी पाली में इंटर में 25089 ने छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी।

कंट्रोल रुम की ओर से जारी सूचना के अनुसार सोमवार को प्रथम पाली की हाईस्कूल में अंग्रेजी विषय की परीक्षा में कुल 2181 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इनमें बालक 1485 और बालिका परीक्षार्थियों की संख्या 696 रही। वहीं इंटरमीडिएट प्रथम पाली में कम्प्यूटर साइंस, शस्य विज्ञान और कृषि विषय की परीक्षा में 25 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिसमें 17 बालक और आठ बालिकाएं हैं।कंट्रोल रूम की ओर से जारी सूचना के अनुसार द्रितीय पाली की फिजिक्स परीक्षा में कुल 1149 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिसमें 889 बालक और 260 बालिका परीक्षार्थी रहीं।

सोमवार को फार्ब्स इंटर कॉलेज से परीक्षा देकर निकलतीं परीक्षार्थी।

सीबीएसई : 1500 ने दिया फिजिक्स का एग्जाम

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : सीबीएसई 12 वीं फिजिक्स विषय की परीक्षा सोमवार को जिले में शांतिपूर्ण संपन्न हुई। कक्षा 12 के लगभग 1500 परीक्षार्थियों ने 13 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा दी। सीबीएसई के जिला को-ऑर्डिनेटर अजीत कुमार द्विवेदी ने बताया कि जिले के सभी परीक्षा केंद्रों पर सीबीएसई पर्यवेक्षक की मौजूदगी व सीसीटीवी कैमरा की निगरानी में फिजिक्स विषय की परीक्षा हुई। कहीं कोई नकल नहीं मिली, गुरुवार को 10 वीं कक्षा की सोशल साइंस विषय की परीक्षा होगी।

आज अंग्रेजी की बोर्ड परीक्षा थी। पेपर बहुत आसान था। एमसीक्यू प्रश्न आसान हैं। परीक्षा देने के बाद मैं बहुत खुश हूँ। **-गरिमा सोनकर, हाईस्कूल**

अंग्रेजी की बोर्ड परीक्षा थी। पेपर लंबा था लेकिन मैंने आसानी से हल कर लिया। सभी प्रश्न आसान थे। एमसीक्यू आसान थे। **-निष्ठा तिवारी, हाईस्कूल**

फिजिक्स की परीक्षा थी, प्रश्न पत्र माडरेट था। न्यूमेरिकल की सख्या अधिक थी। जिससे प्रश्न पत्र हल करने में थोड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। **-ईशानी मिश्रा, इंटरमीडिएट**

बहुत अच्छे से फिजिक्स का पेपर किया। सवाल पाठ्यक्रम से ही आए थे और तैयारी भी मेहनत से की थी। इसलिए उम्मीद है कि अच्छे नंबर आए। **-श्यामली, इंटरमीडिएट**

प्रश्न पत्र बहुत कठिन नहीं था, पाठ्यक्रम से ही आया था। हल करने में कोई परेशानी नहीं हुई। समय न होने के कारण कुछ प्रश्न छूट गए। **-अरविन्द कुमार, इंटरमीडिएट**

फिजिक्स को लेकर कुछ डर था, लेकिन प्रश्न पत्र देख कर तनाव कम हो गया। अच्छे से प्रश्न हल किए कोई कठिनाई नहीं हुई। **-अभय यादव, इंटरमीडिएट।**

फैजाबाद जीनियस इण्टर कॉलेज
14 कोसी परिक्रमा मार्ग, फत्तेपुर, कुशमाहा अयोध्या-224001
(हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम एन0सी0ई0आर0टी0 पद्धति पर शिक्षा की उत्तम व्यवस्था)
नर्सरी से इण्टरमीडिएट तक प्रवेश प्रारम्भ-2024-25
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
(छात्रावास की व्यवस्था)
डॉ.जी.सी. यादव
प्रधानाचार्य
कॉलेज, कोड-621440

Email-id: gicfaizabad@gmail.com | सम्पर्क सूत्र- 8953649647, 6388304284, 9450018646

एक नजर

एलएलबी की परीक्षा में सात और नकलची पकड़े गए

अयोध्या, अमृत विचार : अवध विश्वविद्यालय की एलएलबी परीक्षा में सोमवार को सात और परीक्षार्थी नकल करते धरे गए। परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने बताया कि प्रथम पाली में सचलदल की सघन तलाशी में सिटी लॉ कॉलेज में दो व अवध लॉ कॉलेज बाराबंकी में एक परीक्षार्थी नकल करते पकड़ा गया। द्वितीय पाली की परीक्षा में किसान पीजी कॉलेज बहराइच सचल दल ने चार परीक्षार्थी को अनुचित साधन का प्रयोग करते दबोचा।

ईवीएम/वीवी पैट वेयर हाउस का डीएम ने किया निरीक्षण

अयोध्या। डीएम नितीश कुमार ने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित ईवीएम/वीवी पैट वेयर हाउस (स्ट्रांग रूम) का सोमवार को निरीक्षण किया। संबंधित अफसरों को निर्देश दिया कि सुरक्षा के मद्देनजर स्ट्रांग रूम की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित रखी जाए। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी, बीजेपी, सपा, बसपा सहित मान्यता प्राप्त सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि व जिला निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी मौजूद थे।

सेना की 13391 एकड़ भूमि से हटेगा अतिक्रमण

नामी स्कूल समेत कई घर और दुकानें आएंगी जद में ▮ डीएम ने सेना को भेजा पत्र, सहयोग में लगाए दो एसडीएम

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

अमृत विचार : सरयू की कछार में सेना के लिए सुरक्षित 13391 एकड़ भूमि से अब अतिक्रमण हटाया जाएगा। अतिक्रमण हटाने में सहयोग के लिए डीएम ने सेना को पत्र भेजा है। उन्होंने सदर और सोहावल तहसील के उप जिला मजिस्ट्रेट को इसके लिए नामित कर दिया है। इस पर कार्रवाई जल्द शुरू होने की संभावना है।

मामला सोहावल और सदर तहसील क्षेत्र के सरयू के किनारे वाले क्षेत्र का है। सदर तहसील में छावनी क्षेत्र से सोहावल तहसील क्षेत्र के कोटसराय गांव तक के 14 गांवों की 13391 एकड़ जमीन सेना के लिए अधिसूचित है। राज्यपाल की ओर से युद्धाभ्यास और खुले क्षेत्र में गोला चलाने, तोप दागने का अभ्यास (अधिनियम संख्या-5 सन् 1938) के तहत 20 जनवरी 2021 को पांच साल के लिए प्राधिकृत किया गया है। भू-माफिया ने काश्तकारों के साथ मिलकर इस जमीन की खरीद फरोख्त की और कॉलोनी विकसित करके अतिक्रमण शुरू कर दिया। इसकी शिकायत जिलाधिकारी सहित अन्य अफसरों से की गई। लेकिन कार्रवाई नहीं हुई।

इसके बाद हाईकोर्ट लखनऊ में इसे लेकर पीआईएल दाखिल हुई। 24 नवंबर 2023 को हाईकोर्ट ने आदेश पारित किया कि 13391 एकड़ भूमि को खास उद्देश्य के लिए सुरक्षित किया गया है। इस भूमि पर किए गए अतिक्रमण पर प्रारंभिक तौर पर रक्षा मंत्रालय (सेना) द्वारा स्वयं देखभाल की जाएगी, लेकिन सेना के आग्रह पर सहयोग करना नागरिक प्रशासन के लिए बाध्यकारी होगा। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि सरकारी भूमि पर अतिक्रमण को अनुमति नहीं दी जा सकती, अन्यथा वह कानून की अवमानना होगी। अयोध्या विकास प्राधिकरण को आदेश दिया कि भूमि के स्वामित्व का उचित परीक्षण कराए बिना कोई प्लान स्वीकृत नहीं किया जाएगा।

हाईकोर्ट के आदेश के बाद सेना की ओर से दो दिसंबर 2023 को डीएम नितीश कुमार को पत्र भेजा गया। मांझा फील्ड फायरिंग रेंज में पहले से जमीन पर अतिक्रमण व अवैध प्लाटिंग की बात कही गई। आग्रह किया कि अधिसूचित भूमि से अतिक्रमण हटवाने के लिए जरूरी कार्रवाई की जाए। लोकल मिलेट्री अथॉरिटी को अतिक्रमण हटवाने के लिए जेसीबी के साथ संबंधित अधिकारी, पुलिस और क्षेत्रीय लेखपाल के लिए भी आग्रह किया गया। डीएम नितीश कुमार ने पत्रांक-115 के तहत सेना को भेजे गए पत्र में हाईकोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए कहा है कि अधिसूचित भूमि के किसी भी हिस्से के अतिक्रमण की देखभाल मुख्य रूप से सेना के द्वारा ही की जानी है, लेकिन किसी भी मामले में यदि अतिक्रमण हटाने के लिए नागरिक प्रशासन का सहयोग मांगा जाता है तो सेना को आवश्यक सहायता दी जाएगी। उन्होंने अतिक्रमण को चिंहिन्त करके अवगत कराने के लिए कहा। डीएम नितीश कुमार ने बताया कि अतिक्रमण हटाने में सहयोग के लिए सदर और सोहावल तहसील के उप जिलाधकारियों को नामित कर दिया है।


एडीए से सेना के लिए सुरक्षित जमीन को लेकर जारी किया गया पत्र।

सदर व सोहावल तहसील क्षेत्र के 14 गांवों में हैं सेना की ये जमीनें

नीतीश कुमार जिलाधिकारी अयोध्या

अधिसूचित भूमि पर कोई नक्शा नहीं पास करेगा एडीए

अयोध्या विकास प्राधिकरण ने 24 दिसंबर 2023 को इस आशय का निर्देश जारी कर दिया है कि सदर और सोहावल तहसील क्षेत्र के 14 गांवों के 13391 एकड़ जमीन सेना के लिए प्राधिकृत है। एडीए के तत्कालीन उपाध्यक्ष विशाल सिंह व सचिव सत्येंद्र सिंह की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया कि उच्च न्यायालय लखनऊ खंडपीठ के पीआईएल संख्या-1094 में इस आशय का आदेश पारित किया गया है। इसके मद्देनजर इन क्षेत्रों में एडीए से मानचित्र स्वीकृत नहीं किया जाएगा।

इन गांवों में है अधिसूचित भूमि

सोहावल और सदर तहसील के मांझा जमथरा, गौरा पट्टी, मांझा तारापुर रजौली, छावनी गौरा बारिक, मांझाकला, चक गौरा पट्टी, तोगपुर, मुमताजनगर, बनबीरपुर, हाजीपुर सिंहपुर, घाटमपुर, कोटसराय, फतेहपुर सरैया उपरहर, फतेहपुर सरैया गांव में अधिसूचित भूमि के गाटे स्थित हैं।

नर्स ने वृद्धा को नहीं लगाया कैथेटर, मौत

अयोध्या कार्यालय

▸▸ **जिला अस्पताल का मामला सीएमएस ने बैठाई जांच**

> मामले की जांच के लिए डॉ.एके सिन्हा व डॉ. विपिन वर्मा को निर्देशित किया गया है। जांच रिपोर्ट आते ही कार्रवाई की जाएगी। -डॉ. एनपी गुप्ता, सीएमएस।

अमृत विचार : जिला अस्पताल में घोर लापरवाही का मामला सामने आया है। एक वृद्धा को कैथेटर (पेशाब की नली) न लगाए जाने के बाद बाथरूम जाते ही उनकी तबियत बिगड़ गई। इसके बाद तीन से चार मिनट के अंदर ही उनकी मौत हो गई। आक्रोशित परिजनों ने मामले में एक नर्स पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। मामला गरमाता देख सीएमएस ने जांच बैठा दी है।

बीकापुर के पूरे जैलाल मिश्र पोस्ट कुढ़ा निवासी राहुल कुमार मिश्र ने बताया कि उनकी मां निर्मला देवी (80) को हार्ट में परेशानी थी। उन्हें 9 फरवरी को उन्हें जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया था। मौके पर पहुंचे चिकित्सक ने जांच के बाद निर्मला देवी को बेड पर ही लेटे रहने और स्टाफ को कैथेटर लगाने के लिए कहा। आरोप है कि चिकित्सक के जाने के बाद राहुल के पुत्र ने रात 12 बजे तक स्टाफ नर्स से पेशाब की नली लगाने के लिए कई बार कहा, लेकिन कोई नहीं आया। रात 12:40 बजे उनकी माता ने बाथरूम जाने के लिए कहा। किसी तरह से व्हील चेयर पर बैठकार ले जाया गया। वहां से लौटने के बाद उनकी मां की तबीयत बिगड़ गई और तीन से चार मिनट के ही अंदर उनकी मौत हो गई।

निर्मला देवी (फाइल फोटो)

मुठभेड़ में हत्या आरोपी गिरफ्तार, लगी गोली

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : थाना कैंट पुलिस ने प्रॉपर्टी डीलर विशाल यादव हत्याकांड के एक आरोपी को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी रितेश यादव वारदात के बाद से फरार चल रहा था। उसके पैर में गोली लगी है। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

कैंट थाना प्रभारी संजय मौर्या ने बताया कि पुलिस ने रितेश यादव को कैंट थाना क्षेत्र के गद्दोपुर पेशकार पुरवा जाने वाले मार्ग पर गिरफ्तार करने का प्रयास किया गया, लेकिन आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में आरोपी के पैर में गोली लगी है। वहीं, दूसरे आरोपी रिंकू की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। उन्होंने बताया कि हत्या के पीछे रामपुर स्थित एक कीमती जमीन का विवाद सामने आया है। सप्ताह भर पहले थाना पूराकलंदर क्षेत्र के टोनिक गांव के रहने वाली प्रॉपर्टी डीलर विशाल यादव की गोली मारकर हत्या करने का आरोप था। आरोपी का इलाज चल रहा है।

प्रॉपर्टी डीलर विशाल यादव हत्याकांड का आरोपी जिला अस्पताल में भर्ती
आरोपी को जिला अस्पताल में इलाज के लिए लेकर पहुंचे पुलिसकर्मी।

ताबड़तोड़ गोलियां मार हुई थी हत्या

थाना पूराकलंदर के टोनिया गांव निवासी विशाल यादव की कैंट थाना एरिया के मशीनिया गांव के पास 26 फरवरी को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वह बाइक से घर जा रहा था। बदमाशों की ताबड़तोड़ फायरिंग में विशाल यादव की पीठ में पांच गोलियां लगी थीं। इसके अलावा हाथ पर दो गोली मारी थीं।

फंदे के सहारे छत से लटका मिला अधेड़ का शव

पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार : महाराजगंज थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी पूरा बाजार अंतर्गत ग्राम जलालुद्दीन नगर, डिहवा निवासी राम हरीश कोरी का शव घर के कमरे में छत के हुक से फंदे के सहारे लटकता मिला। चौकी प्रभारी रंजीत सिंह ने बताया कि ग्रामीणों की मदद से शव को नीचे उतरावा गया। मृतक के भाई राजित राम ने बताया राम हरीश रविवार रात को लगभग दस बजे खाना खाकर अपने कमरे में सोने चला गया था परिवार में किसी से भी कोई तकरार नहीं हुई थी। बताया कि पत्नी बगल वाले कमरे में सोई थी सुबह सो के उठी तो देखा कि पति का शव फंदे से लटक रहा है। थानाध्यक्ष अमरजीत सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। पूछताछ की जा रही है।

आवासीय व व्यावसायिक निर्माण के लिए एनओसी का शुल्क घटा

अयोध्या कार्यालय

▸▸ **नगर निगम की कार्यकारिणी की बैठक में वार्षिक आय-व्यय का बजट पारित**

अमृत विचार : नगर निगम की कार्यकारिणी की बैठक सोमवार को आयोजित हुई। नगर आयुक्त संतोष शर्मा की मौजूदगी में आयोजित बैठक के दौरान निगम की वार्षिक आय-व्यय का बजट पारित किया गया। इस दौरान आवासीय व व्यावसायिक निर्माण के लिए एनओसी शुल्क घटाने का निर्णय लिया गया।

जानकारी के अनुसार बजट में प्रारंभिक अवशेष 20510.17 लाख रुपए मिलाकर अनुमानित आय 83129.57 लाख रखी गयी है। वहीं नये वित्तीय वर्ष में प्रस्तावित व्यय 75577.15 लाख रखा गया है। वर्ष के अंत तक संभावित लाभ 7542.42 लाख रुपए होने का अनुमान लगाया गया है। सर्वाधिक अनुमानित व्यय अधिष्ठान वेतन, भत्ते आदि के लिए रखा गया है। संयंत्र खरी, साफ सफाई, सहित अन्य कार्यों पर भी बड़ी रकम खर्च करने की योजना है। महापौर की अध्यक्षता में कार्यकारिणी की बैठक में सभी 12 सदस्य मौजूद थे। कार्यकारिणी ने विरासत दर्ज करने के लिए लगने वाले नामांतरण शुल्क की दर को पांच हजार से एक हजार कर दिया। आवासीय निर्माण के लिए एनओसी का शुल्क घटा दिया गया है। वित्त एवं लेखाधिकारी एनपी सिंह की तरफ से कार्यकारिणी के सामने बजट रखा गया था।

सार-संक्षेप

निःस्वार्थ मानव सेवा करना परमात्मा की सेवा जैसाः विधायक

मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार : मिल्कीपुर ब्लॉक के महुलारा गांव में एक ट्रस्ट द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया। जिसमें 50 यूनिट ब्लड का कलेक्शन, 400 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण और 100 लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया। मुख्य अतिथि रुदौली विधायक रामचंद्र यादव नें कहा कि नि :स्वार्थ भाव से मनुष्य की सेवा परमात्मा की सेवा करने जैसा है। मानवता के हितैषी सभी धर्मो के संत महंतों ने भी यही बात कही है। ट्रस्ट अध्यक्ष राम अवध यादव ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

जिले में कुल 2053 मतदेय स्थल बनाए

अयोध्या। जिले में लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए कुल 2053 मतदेय स्थल बनाए गए हैं। अपर जिलाधिकारी प्रशासन/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिरूद्ध प्रताप सिंह ने सोमवार को बताया कि अयोध्या विधानसभा क्षेत्र में 400, रूदौली में 392, मिल्कीपुर (अ.ज.) 414, बीकापुर में 410 और बेडकरनगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र की गोसाईगंज विधानसभा में 437 मतदेय स्थल बनाए गऐ हैं।

गया प्रसाद सिंचाई संघ के अध्यक्ष व अरुण ऑडिटर चुने गए

सिंचाई संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारी व संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी।

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : सिंचाई संघ का द्विवार्षिक चुनाव सोमवार को कार्यालय सहायक अभियंता प्रथम सिंचाई के परिसर में हुआ। चुनाव अधिकारी समिति के जिला अध्यक्ष अरविंद सिंह, जिला मंत्री राम प्रकाश सिंह राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद और प्रेमचंद सहायक अभियंता चतुर्थ सिंचाई खंड प्रभाकर तिवारी रहे। अध्यक्ष पद पर गया प्रसाद पाल और मंत्री अरुण कुमार, ऑडिटर स्वामीनाथ मौर्य को निर्वाचित घोषित किया गया। तत्पश्चात निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराई गई। प्रमुख रूप से संजय कुमार पासवान, शिवकुमार, राम जन्म, सुधीर कुमार, राकेश कुमार, राम गोपाल त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

इंटीग्रेटेड लैब शुरू, अभी सिर्फ ओपीडी टाइम ही चलेगी

अयोध्या, अमृत विचार : जिला अस्पताल में 89 लाख रुपये की लागत से तैयार की गई इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब सोमवार से शुरू कर दी गई। अभी लैब में जांच सिर्फ ओपीडी के समय ही होगी। सीएमएस डॉ. एनपी गुप्ता ने बताया कि अभी लैब की मशीनें शिफ्ट की जा रही हैं। इसे अभी ट्रायल के तौर पर शुरू किया गया है। आने वाले दिनों में 24 घंटे लैब चलाई जाएगी। इसमें संचारी एवं गैर संचारी रोगों की करीब 118 प्रकार की जांचे होंगी। लैब के खुलने से अलग-अलग जांचों के लिए मरीजों को बार-बार नमूना देने से भी निजात मिलेगी। इसके लिए सभी प्रयोगशालाओं का एक सामूहिक सैंपल कलेक्शन केंद्र व रिपोर्ट डिस्पैच केंद्र भी बनेगा।

प्रतिबंधित पशु के मांस बिक्री का आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार : कुमारगंज थाने की पुलिस टीम ने प्रतिबंधित पशु का वध कर मांस बिक्री के मामले में एक आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार किया है। कुमारगंज थाने के ग्राम धनैचा पूरे मक्खू का पुरवा में रविवार रात पुलिस को सूचना मिली कि मकसूद उर्फ लादेन अपने घर में बिक्री के लिए प्रतिबंधित पशु का आयोजन वध कर रहे हैं प्रभारी निरीक्षक रतन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष ने बताया कि मकसूद उर्फ लादेन के दरवाजे पर पुलिस की मौजूदगी की भनक लगते ही दो अन्य आरोपी भाग निकले। पुलिस ने मुख्य आरोपी मकसूद को गिरफ्तार कर लिया गया। इस दौरान पुलिस ने मांस के साथ काटने के उपकरण भी मौके से बरामद किए। बताया आरोपी मकसूद उर्फ लादेन पुत्र रोंधे निवासी मक्खू का पुरवा धनैचा के पास से 25 किलो प्रतिबंधित पशु का मांस, बाट, तराजू आदि बरामद किए गए हैं। आरोपी के खिलाफ गोवध निवारण अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

यू-विन पोर्टल पर मिलेगी टीकाकरण की जानकारी

अयोध्या, अमृत विचार : सीएमओ डॉ. संजय जैन की अध्यक्षता में जनपदस्तरीय यू विन स्केल अप कार्यशाला का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार में किया गया। कार्यशाला में यू-विन पोर्टल के विषय में बताया गया। यू-विन पोर्टल पर गर्भवती व नवजात शिशु से छह वर्ष तक की आयु के बच्चों को टीके लगवाने के लिए टीकाकरण केंद्रों की जानकारी व आनलाइन बुकिंग की सुविधा होगी। लोग आसानी से टीका लगवाने के लिए बुकिंग करा सकेंगे। टीका लगवाने का डिजिटल प्रमाण पत्र भी प्राप्त होगा। यू-विन पोर्टल पर पंजीकरण के बाद बच्चों व गर्भवती महिलाओं को देश भर में कही पर टीका लगवाने की सुविधा दी जाएगी। इस पोर्टल में पूर्व से प्रचलित ई-विन, कोविन व आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन को जोड़ा जायेगा। डिप्टी डीआईओ डॉ. राजेश चौधरी ने विस्तृत रूप से लोगोंको बताया। कार्यशाला में सामुदायिक स्वास्थ केंद्र से अधीक्षक, बीपीएम, डाटा ऑपरेटर आदि, यूनिसीफ से डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर हवलदार सिंह, जेएस आई के कॉर्डिनेटर अनुराग यादव व डबल्यू एचओ से डिस्ट्रिक्ट वैक्सीन मैनेजर कौशलेंद्र सिंह ने भाग लिया।

गंभीर चोट पहुंचाने में छह लोगों को तीन साल की सजा

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : गंभीर चोट पहुंचाने के एक मामले में दोषी पाते हुए कोर्ट ने छह लोगों को तीन-तीन साल के कारावास की सजा से दंडित किया है।प्रत्येक पर आठ हजार रुपये का जुर्माना भी हुआ। फैसला फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वितीय कुलदीप की अदालत से सोमवार को हुआ। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता कौशल कुमार चतुर्वेदी श्रीधर मिश्र, रंजीत मिश्रा और अधिवक्ता सत्येंद्र वर्मा ने बताया कि घटना 22 दिसंबर 2018 की है। घायल रमेश निवासी मानापारा थाना गोसाईगंज पत्नी के साथ दिलासीगंज बाजार जा रहा था। रास्ते में श्रीकांत दुबे की खाद की दुकान के पास गांव के अनिल कुमार ,बृजेश कुमार, विनय कुमार, इंद्रजीत, वीरेंद्र और प्रधान पति हरिराम उसे चारों तरफ से घेर लिए और लाठी डंडा से मारा पीटा। इसकी रिपोर्ट घायल की पत्नी मंजू देवी ने हत्या के प्रयास में लिखाई थी। कोर्ट ने इसे गंभीर चोट पहुंचाने की धारा में परिवर्तित करते हुए सजा सुनाई।

अयोध्या में बनेगा एमपी भवन व विक्रमादित्य घाट

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : अयोध्या में मध्य प्रदेश भवन और विक्रमादित्य के नाम से घाट का निर्माण मध्य प्रदेश सरकार कराएगी। इसकी घोषणा सोमवार को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने रामलला के दर्शन के बाद की।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव अपनी कैबिनेट के 63 सदस्यों के साथ सोमवार दोपहर महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पहुंचे। सांसद लल्लू सिंह और नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह सहित अन्य भाजपा नेताओं और जिला प्रशासन के अधिकारियों ने स्वागत किया। तीन ई-बस में सवार होकर सभी मंत्री राम जन्मभूमि परिसर पहुंचे और रामलला के दर्शन किया।

▸▸ **एमपी के सीएम ने की घोषणा, कैबिनेट के 63 सदस्यों के साथ किए रामलला के दर्शन**
दर्शन के पश्चात मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री व कैबिनेट के सदस्य।

यहां मुख्यमंत्री मोहन यादव ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि कई जन्मों के पुण्य के बाद ऐसा मौका मिलता है जब अयोध्या आने का सौभाग्य प्राप्त होता है। अयोध्या सभी पुण्य नगरियों में शीर्ष है। आज से दो हजार वर्ष पहले महाराजा विक्रमादित्य ने प्रभु श्रीराम के मंदिर का जीर्णोद्धार कराया था और 500 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद एक बार फिर प्रभु श्री राम का मंदिर बना है। यह हम सभी के लिए प्रसन्नता का विषय है। इसके लिए मैं सभी रामभक्तों को वासियों को बधाई देता हूं। कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सहयोग मिला तो हम अयोध्या में मध्य प्रदेश भवन बनाने की योजना पर कार्य करेंगे। इसके अतिरिक्त महाराजा विक्रमादित्य के नाम पर घाट बनाने की भी योजना है। मध्य प्रदेश भवन के माध्यम से हम अयोध्या आने वाले राम भक्तों की सेवा करेंगे।

आस्था | आतंकी हमले के बाद लगा था प्रतिबंध, दर्शन को पहुंचेंगे रामलला

कुबेर टीले पर 20 साल बाद होगा महाशिवरात्रि उत्सव

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : राम जन्मभूमि परिसर में स्थित प्राचीन कुबेर टीले पर 20 साल के बाद शिवरात्रि उत्सव का आयोजन होगा। परिसर में मंदिर निर्माण के साथ प्राचीन टीले का भी जीर्णोद्धार किया जा रहा है। आठ मार्च को महाशिवरात्रि के दिन कुबेरेश्वर महादेव का वैदिक आचार्य रुद्राभिषेक करेंगे। इस दौरान रजत प्रतिमा के रूप में भगवान रामलला भी दर्शन करने की लिए पहुंचेंगे।

राम जन्मभूमि परिसर स्थित कुबेर टीला भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण में दर्ज किया गया था, लेकिन अब इसकी जिम्मेदारी राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को दी गई है। 1992 में अधिग्रहण के दौरान टीले को भी परिसर की सीमा में शामिल कर लिया गया था। इस स्थान पर महाशिवरात्रि एक विशाल मेले का भी आयोजन किया जाता था। यह परंपरा 20 वर्ष पूर्व 2005 तक निरंतर चलती रही, लेकिन आतंकवादी हमले के बाद से इस पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा के मुताबिक महाशिवरात्रि पर विराजमान भगवान शिव के महाअभिषेक का आयोजन किया जाएगा।

राम मंदिर परिसर स्थित कुबेर टीला।

कुबेर टीले से भी निकाली जाती थी शिव बरात

वशिष्ट कुंड निवासी हरिहर यादव ने बताया कि यह परंपरा हमारे बाबा स्वर्गीय धनपत राम यादव के द्वारा शुरू की गई थी। हर वर्ष महाशिवरात्रि के दिन धूमधाम से आयोजन होता था। एक भव्य मेला लगता था और इस दिन देर शाम को शिव बारात भी निकल जाती थी, लेकिन 2002 के बाद इस बारात की परंपरा पर रोक लगा दी गई और 2005 में आतंकी घटना के बाद उस स्थान पर दर्शन पूजन और मेले के आयोजन पर भी पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया था। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट से फिर से शव बारात निकालने के लिए निवेदन किया जाएगा।

10 मार्च को मंडपोत्सव का होगा समापन

राम जन्मभूमि परिसर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद मंडपोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसमें रामलला की रजत प्रतिमा का अभिषेक और परिसर भ्रमण कराया जा रहा है। ट्रस्ट के सदस्य उडुपी पीठाधीश्वर विश्व प्रसन्न तीर्थ महाराज वैदिक आचार्य के साथ इस अनुष्ठान को संपन्न कर रहे हैं। अंतिम दौर में 8 मार्च को महाशिवरात्रि पर्व को भी उत्सव में शामिल किया जाएगा। परिसर भ्रमण के दौरान कुबेर टीले पर भी जाएंगे। 10 मार्च को अनुष्ठान संपन्न कराया जाएगा।

ब्लॉकों पर होगी सुरक्षा सैनिक और सुपरवाइजर की भर्ती

अयोध्या। जिले के सभी ब्लॉक मुख्यालयों पर एसआईएस इंडिया लि. जौनपुर के तत्वावधान में बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए शिविर का आयोजन होगा। शिविर में सुरक्षा सैनिक व सुपरवाइजर की नियुक्ति की जाएगी। विकास खण्ड मुख्यालयों पर तिथिवार आयोजित शिविर के पूर्ण विवरण अनुसार तिथियां ब्लॉक स्तर पर निर्धारित की गई है। भर्ती अधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि छह और सात मार्च को मसौधा और मिल्कीपुर, आठ और नौ को बीकापुर और हैरिंग्टनगंज, 10 और 11 मार्च को तारून और रुदौली, 12 और 13 मार्च को पूराबाजार और मवई ब्लॉक, 14 और 15 मार्च को सोहावल और मयाबाजार, 16 मार्च को अमानीगंज ब्लॉक में शिविर का आयोजन होगा। डीडीओ उपेंद्र प्रसाद पाल ने सभी खंड विकास अधिकारियों को शिविरों के सफल आयोजन के निर्देश दिए हैं।

कृष्ण कुमार ने कांग्रेस पार्टी से दिया इस्तीफा

▸▸ जल्द ही भाजपा में जा सकते हैं कक्कू पांडे

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। जनपद में लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस नेता कृष्ण कुमार पांडे उर्फ कक्कू ने कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। वह काफी समय से कांग्रेस की राजनीति में सक्रिय थे। कक्कू अंबेडकरनगर जिला बचाओ संघर्ष समिति के संयोजक थे। वह 1999 में कांग्रेस के बैनर तले जिला बचाने के लिए लड़ाई भी लड़ चुके हैं। कक्कू पांडे जल्द ही भाजपा का दामन थाम सकते हैं। वह बसपा के टिकट पर सुल्तानपुर जनपद की इसौली सीट से विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं। उनकी पत्नी रंजना पांडे को कांग्रेस ने अकबरपुर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष के चुनाव में टिकट दिया था, लेकिन वह चुनाव हार गईं। रंजना फिलहाल कांग्रेस में बनी हुई हैं। कक्कू पांडे ने सोमवार को प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को भेजे पत्र में लिखा कि व्यक्तिगत कारण से वह पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र दे रहे हैं। कक्कू पांडे बीजेपी से लोकसभा प्रत्याशी रितेश पांडे के चाचा हैं। रितेश पांडे को भाजपा ने अंबेडकरनगर सीट से लोकसभा प्रत्याशी बनाया है। रितेश पांडे बीते दिनों ही बसपा से इस्तीफा देकर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए है।

कृष्ण कुमार पांडे उर्फ कक्कू के साथ मौजूद सांसद रितेश पांडेय। अमृत विचार

कक्कू की बाहुबलियों में होती है गिनती

कृष्ण कुमार पांडे उर्फ कक्कू की गिनती बाहुबलियों के रूप में होती है। इनका मुख्य व्यवसाय होटल और जमीन से जुड़ा हुआ है। कक्कू पांडे के बड़े भाई राकेश पांडे जलालपुर से सपा से विधायक है। राकेश पांडे की गिनती बड़े व्यवसायी के रूप में होती है। इनका शराब और खनन का प्रदेश में बड़ा करोबार है। वहीं, भाई पवन पांडे की भी गिनती बहुबलियों के रूप में होती है। हालांकि पवन पांडे जमीन से जुड़े मामले में जेल में बंद हैं। कक्कू के भतीजे रितेश पांडेय को जनपद से भाजपा ने लोकसभा प्रत्याशी बनाया है। बड़े भतीजे आशीष पांडे की गिनती प्रदेश के टॉप बिजनेसमैन के रूप में होती है। भतीजे प्रतीक पांडेय 2022 में बसपा के चुनाव चिन्ह पर कटेहरी विधानसभा का चुनाव लड़ चुके हैं, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था।

वार्डों में शुद्ध जल पहुंचाने के लिए दो टैंक व तीन ट्यूबवेल का होगा निर्माण

▸▸ 25 हजार की आबादी को मिलेगा लाभ, 40 किलोमीटर लंबाई में बिछेगी नई पाइपलाइन

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। अमृत योजना फेज-टू में अकबरपुर नगर पालिका के आधा दर्जन वार्डों में शुद्ध जल पहुंचाने के लिए दो ओवरहेड टैंक, तीन ट्यूबवेल का निर्माण होगा। साथ ही 40 किमी लंबाई में अंडरग्राउंड पाइपलाइन बिछाया जाएगा। इसमें करीब 10 करोड़ रुपए की लागत लगेगी।

अकबरपुर नगरपालिका में अमृत योजना के फेज वन के तहत 85 करोड़ रुपए की लागत से लगभग एक दर्जन वार्ड में ओवरहेड टैंक, ट्यूबवेल व अंडरग्राउंड पाइपलाइन के माध्यम से संबंधित लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की प्रक्रिया प्रगति पर है। वहीं, योजना के फेज टू में नगर पालिका परिषद क्षेत्र के शास्त्रीनगर, राबीबहाउद्दीनपुर, गदायां, ऊंचेगांव, कटरिया याकूबपुर, गौसपुर, बस स्टेशन क्षेत्र, सीहमई आंशिक, विजय गांव समेत अन्य क्षेत्र की लगभग 25 हजार आबादी को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए निर्माण शुरू हुआ है। जलनिगम कार्यालय के अनुसार फेज-टू में दो ओवरहेड टैंक, तीन ट्यूबवेल का निर्माण कराने के साथ ही लगभग 40 किमी लंबाई में अंडरग्राउंड पाइपलाइन बिछाई जाएगी। जिसमें करीब 10 करोड़ रुपए की लागत लगेगी।

अमृत योजना फेज-टू का कार्य शुरू

अकबरपुर नगरपालिका की अधिशाषी अधिकारी बीना सिंह ने बताया कि अमृत योजना फेज-टू का कार्य शुरू हो गया है। योजना के तहत 2025 तक हर घर में शुद्ध जल पहुंचाना है।

एक नजर

ममता को मिली पीएचडी की उपाधि

टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। नगर क्षेत्र के छज्जापुर निवासी राम दौर यादव की पुत्री ममता यादव ने पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर से पीएचडी की उपाधि हासिल कर अपने समाज और जनपद का नाम रोशन किया है। ममता की माता शिव कुमारी ने बताया कि उसे बचपन से ही शिक्षा के प्रति काफी रुचि थी। ममता यादव ने बताया प्रोफेसर लक्ष्मी गुप्ता के निर्देशन में संस्कृत विषय से रघुवंश और कुमारम्भव महाकाव्य का तुलनात्मक अध्ययन से शोध कार्य सम्पन्न किया है। इस मौके पर परिवार के सदस्यों और शुभचिंतकों ने खुशी का इजहार किया।

गायब बच्चे को बरामद कर परिजनों को सौंपा

जलालपुर, अंबेडकरनगर। 24 घंटे पूर्व गायब बच्चे को पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। जिससे परिजनों के चेहरे पर मुस्कान लौट आयी। जैतपुर थानाक्षेत्र के नेवादा कला निवासी शिवम पुत्र कुंजबिहारी रविवार को घर से नाराज होकर कहीं चला गया था। जिसको परिजन खोजबीन कर थक हार मान गए। अन्तत: परिजनों ने मायूस होकर जैतपुर पुलिस को सूचना दिया। जैतपुर थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बच्चे को सकुशल बंदीपुर बाजार से बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। जिस से परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई।

सांसद रितेश पांडे 7 को पहली बार संघ कार्यालय में दिखेंगे

जिला संवाददाता, अंबेडकरगनर। अमृत विचार। सांसद रितेश पांडेय आगामी सात मार्च को पहली बार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यालय जाएंगे। भाजपा में शामिल होने के बाद पहली बार जनपद पहुंच रहे सांसद ने अपने कार्यक्रम के पहले दिन भाजपा कार्यालय जाने के साथ-साथ संघ दफ्तर में जाना तय किया है। भाजपा में शामिल होने के बाद सांसद ने पार्टी व उसकी सोच से जुड़े लोगों से संपर्क साधना तेज कर दिया है। आगामी सात मार्च को जब रितेश जनपद आएंगे तो एक तरफ जहां सभी महापुरुषों की मूर्तियों पर जाकर माल्यार्पण करेंगे वहीं भाजपा के जिला कार्यालय, लोकसभा चुनाव कार्यालय के साथ-साथ वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यालय भी जाएंगे।

चोरों ने दो किसानों का इंजन किया पार

आलापुर, अंबेडकरनगर। बीते रविवार की रात में रायपुर बेलवाडाड़ी में एक ही साथ हरेन्द्र बहादुर सिंह और राम कृपाल यादव के ट्यूबेल घर से चोर इंजन खोलकर उठा ले गए। राम कृपाल और हरेन्द्र बहादुर सिंह ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध थाने पर तहरीर दिया है। थानाध्यक्ष अतुल कुमार श्रीवास्तव के मुताबिक तहरीर मिली है, मामले की छानबीन की जा रही है।

हाईवे किनारे बोरे में मिला महिला का शव, हत्या की जताई आशंका

शव मिलने के बाद इलाके में हड़कंप, पुलिस महिला की शिनाख्त का कर रही है प्रयास

बसखारी, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। बसखारी थाना क्षेत्र के शुक्ल बाजार बाईपास के किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में बोरी में महिला का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच में जुट गई है।

मिली जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह बसखारी थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग 233 शुकुल बाजार बाईपास पर बने पुल के नीच एक महिला का शव देखकर स्थानीय लोगों की भीड़ जुटने लगी। सूचना पाकर बसखारी थाना प्रभारी निरीक्षक जेपी सिंह यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और अपनी देखरेख में शव को बोरी से बाहर निकलवाया। मृतका की उम्र 26 वर्ष के करीब की बताई जा रही है। मृतका मेहंदी रंग की कुर्ती और नीले रंग की जींस, माथे पर सिंदूर व पैर में पायल, मीना पहने हुए थी। आशंका जताई जा रही है कि युवती की अन्यत्र कहीं हत्या करके शव को बोरी में भरकर शुकुल बाजार बाईपास के निकट सुनसान जगह देखकर फेंक दिया गया है। समाचार प्रेषण तक मृतक महिला की पहचान नहीं हो पाई है। थाना प्रभारी निरीक्षक जेपी सिंह यादव ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। शव के शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।

आजमगढ़-बस्ती हाइवे के किनारे घटनास्थल पर मौजूद पुलिस बल और लोगों की भीड़।

एसपी और एएसपी ने किया मौके का निरीक्षण

मामले की गंभीरता को देखते हुए मौके पर पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ और अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडे, सीओ सिटी सुरेश कुमार मिश्रा ने भी घटना स्थल का निरीक्षण किया। एसपी ने मौके पर मौजूद लोगों से जानकारी हासिल किया। एसपी ने थानाध्यक्ष को शीघ्रतापूर्वक घटना का अनावरण करने का दिशा-निर्देश दिया है।

जांच में लगी तीन टीमें

अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी विशाल पांडे ने बताया कि आजमगढ़-बस्ती हाइवे के किनारे बोरे में महिला का शव मिला है। बाहर से लाकर महिला के शव को यहां पर फेंका गया है। पुलिस की तीन टीमें मामले की जांच के लिए लगाई गई हैं। शीघ्र ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

निमार्णाधीन परियोजनाएं जल्द की जाएं पूर्ण : डीएम

अवर अभियंताओं के साथ बैठक करते जिलाधिकारी अविनाश सिंह।

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। डीएम अविनाश सिंह कि अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में निर्माण संबन्धित कार्यों की समीक्षा के लिए संबन्धित अवर अभियंताओं के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में 15वें वित्त आयोग, ईसीआरपी योजना के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर छह शैय्या का वृद्धि का कार्य, ईसीआरपी योजना के अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर 20 शैय्या वृद्धि का कार्य, हेल्थ यूनिट भवन का निर्माण आदि की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जो परियोजनाएं पूर्व से निर्माणाधीन हैं, उन्हें मार्च तक पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें। वहीं जो परियोजनाएं हाल ही में शुरू हुई हैं उन्हें यथाशीघ्र पूर्ण कराने का प्रयास किया जाए। निर्माण में यदि कहीं भूमि की समस्या आती है तो संबन्धित तहसील के उपजिलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर समस्या का निस्तारण किया जाए। यदि निदान न सम्भव हो तभी जिलाधिकारी के पास पत्रावली प्रस्तुत की जाए।

भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए युवा आगे आएं

▸▸ राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का किया गया आयोजन

▸▸ एमएलसी डॉ. हरिओम पांडे ने मतदाताओं को दिलाई शपथ

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में सोमवार को जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि एमएलसी डॉ. हरिओम पांडे ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्वागत गीत के माध्यम से वंदना, श्रेया वर्मा, गौरव शुक्ला आदि द्वारा समस्त अतिथियों का स्वागत किया गया।

विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. सुचिता पांडे प्राचार्य बीएनपीजी कॉलेज अकबरपुर और कृषि विज्ञान केंद्र के निदेशक डॉ. राम जीत और डॉ अंजनी कुलवे विभाग अध्यक्ष बिंदेश्वरी पीजी कॉलेज, डॉ भानु प्रताप राय एनएसएस अधिकारी रमाबाई पीजी कॉलेज और डॉ. प्रदीप कुमार डॉ. राय रमाबाई पीजी कॉलेज मौके पर मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए एमएलसी ने सभी युवाओं को शपथ दिलाई और मतदान के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने पीएम मोदी के सपने को साकार करने के लिए भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए युवाओं का आह्वान किया। डॉ. रंजीत कृषि विज्ञान मोटे अनाज के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में सभी मुख्य अतिथि, वशिष्ठ अतिथियों का स्वागत ओंकार नाथ वर्मा द्वारा किया गया।

संबोधित करते एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय।

कार्यक्रम में मौजूद लोग। अमृत विचार

निखिल और मानवी ने किया संबोधन

चयनित विषय पर निखिल अग्रहरि, मानवी वर्मा द्वारा विकसित भारत, मेरा युवा भारत और नारी सशक्तिकरण, गरीब कल्याण, लोकल फार वोकल का स्वर आदि विषयों पर युवाओं के बीच संबोधन किया गया। संदर्भ व्यक्ति के रूप में और सुचिता पांडे, डॉक्टर रंजीत, डॉक्टर प्रदीप कुमार आदि के द्वारा संबंधित विषयों पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई।

निर्माणाधीन पार्क का किया निरीक्षण

निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण करते जिलाधिकारी अविनाश सिंह व साथ में अन्य।

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर और न्यायालय परिसर के बीच कराया जा रहे निर्माणाधीन पार्क के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी कार्यालय, न्यायालय, विकास भवन, जिला अस्पताल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय, तहसील सदर, जिला पंचायत आदि महत्वपूर्ण कार्यालय स्थापित होने के कारण अत्यधिक आमजन का आवागमन बना रहता है। जिससे जाम की स्थिति बनी रहती है, इसके दृष्टिगत जिलाधिकारी के सराहनीय प्रयास से सड़क का चौड़ीकरण, सौंदरीकरण और अन्य कार्य के संबंध में वहां उपस्थित संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

तहसील परिसर में निरीक्षण के दौरान वहां उपस्थित फरियादी से उनकी समस्याओं को सुना और उपजिलाधिकारी को कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी अकबरपुर पवन कुमार जायसवाल, जिला सूचना अधिकारी और अधिवक्ता मौजूद रहे।

नहीं आई बरात, मुकदमा दर्ज

सम्मनपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। विवाह कार्यक्रम में बरात नहीं आने से लाखों के नुकसान का मामला सामने आया है। वहीं, बरात नहीं आने से वधू पक्ष के लोग सदमे में हैं। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के लारपुर गांव के मोहितराम वर्मा ने अपने पुत्री की शादी इब्राहिमपुर थाना क्षेत्र के छोटका रकबा गांव निवासी शिव बक्श वर्मा के पुत्र कुंज बिहारी वर्मा के साथ तय किया था। रविवार को बरात आनी थी। इधर, वधू पक्ष के लोग धूमधाम से शादी की तैयारी में जुटे थे। बरातियों के स्वागत के लिए सभी तैयारियां पूरी हो चुकी थी, लेकिन बारात नहीं आई। इसी बीच पुलिस आ गई और विवाह कार्यक्रम रुकवा दिया। जानकारी के अनुसार लड़का किसी गैर जाति की लड़की से प्रेम करता था। लेकिन घर वालों को इसकी जानकारी नहीं थी। वर पक्ष के लोगों ने लड़के की शादी लारपुर गांव की एक लड़की से तय कर रखी थी। रविवार को बरात जाने की तैयारी चल रही थी। इसकी जानकारी प्रेमिका को होने पर वह थाने पहुंच गई और प्रभारी निरीक्षक दीपक सिंह रघुवंशी को जानकारी दी। बताया जाता है की प्रेमिका गर्भवती है। इब्राहिमपुर प्रभारी निरीक्षक दीपक सिंह रघुवंशी ने कहा कि मामले में केस दर्जकर करवाई की जा रही है।

जमीनी विवाद में विपक्षी ने घर में लगाई आग, पीड़ित ने लगाई न्याय की गुहार

जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। जमीनी विवाद में विपक्षी ने भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। तत्पश्चात रिहायशी मड़हा में आग लगा दिया। पीड़ित ने पुलिस से विपक्षियों पर कार्रवाई की मांग की है। मामला जलालपुर कोतवाली क्षेत्र सेठकला गांव का है। गांव निवासी तेजई ने तहरीर देकर बताया कि विपक्षी से जमीनी विवाद के बाद आपसी सुलह समझौता के आधार पर बीते 29 फरवरी को दिन में लगभग 3 बजे अपने जमीन में पिलर जोड़ रहा था। इतने में विपक्षी गाली देते हुए धारदार हथियार से लैस होकर जान से मारने की नीयत से दौड़ा लिए और किसी तरह से भाग कर अपना जान बचाया। इसके बाद रिहायसी मड़हे में आग लगा दिया। जिसकी सूचना डायल 112 पर दिया गया। मौके पर पहुंचे पीआरवी जवानों ने पहुंच कर मामले को शांत कराया। लेकिन विपक्षीगण अभी भी पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

जागरूकता | एनटीपीसी टांडा में 53वें सुरक्षा दिवस पर राष्ट्रीय सुरक्षा माह का शुभारंभ

नुक्कड़ नाटक कर सुरक्षा के प्रति किया सजग

टांडा, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। एनटीपीसी टांडा में राष्ट्रीय सुरक्षा माह का शुभारंभ किया गया। यह सुरक्षा माह पूरे 30 दिनों तक मनाया जाएगा।

सोमवार सुबह 9:30 बजे नेताजी सुभाष चंद्र बोस सुरक्षा पार्क में मुख्य अतिथि महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण नील कुमार शर्मा ने राष्ट्रीय सुरक्षा ध्वज फहराया और उपस्थित सारे कर्मचारियों को सुरक्षा की शपथ दिलाई। इस अवसर पर संबोधित करते हुए नील कुमार शर्मा ने कहा कि सुरक्षा से जुड़े नियमों का पालन करते हुए खुद को सुरक्षित करना चाहिए। जिससे हम परिवार के साथ-साथ संस्था और देश के उन्नति में सहायक हो सकें। इस वर्ष की सुरक्षा थीम है ईएसजी उत्कृष्टता के लिए सुरक्षा नेतृत्व पर ध्यान दें। इसके पश्चात सुरक्षा प्रभात फेरी का आयोजन प्रशासनिक भवन से सेवा भवन तक किया गया। जिसमें कर्मचारियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। वहीं सुरक्षा पर आधारित एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। इसके साथ ही विभिन्न कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं का आयोजन सप्ताह भर किया जाएगा।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस सुरक्षा पार्क में शपथ दिलाते महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण नील कुमार शर्मा।

ये भी रहे मौजूद

इस अवसर पर महाप्रबंधक चिकित्सा सेवाएं डॉ. उदयन तिवारी, महाप्रबंधक प्रचालन अभय कुमार मिश्रा, महाप्रबंधक परियोजना अतुल गुप्ता, महाप्रबंधक प्रचालन अभय कुमार मिश्रा व अन्य वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

मैं अजीजुल हक पुत्र समीउल्लाह सिद्दीकी मेरे फ्लैट नं. 105 प्रथम तल परिसर सं. 14/138, 14/143, 14/144, 14/144ए. व 14/144 बी, चक नं. 14 चुन्नीगंज कानपुर का निष्पादन दिनांक 29/06/2010 को बहीं सं. 1 जिल्द सं. 5172 पृष्ठ सं. 399 से 436 पर क्रमांक 2143 आत्माराम खत्री द्वारा क्रय किया गया है जिसका मूल बैनामा कहीं खो गया है जिसका उपयोग अवैधानिक माना जायेगा।

सूचना

सूचित हो कि मैं SANJAY LOHIA पुत्र RAJENDRA KUMAR LOHIA निवासी- 1061, बाधमण्डी खैराबाद सुलतानपुर। कुछ अभिलेखों में मेरा नाम SANJAY LOHIYA है। जिस SANJAY LOHIA के नाम से जाना और समझा जाय।

सूचना

सूचित हो कि मैनें अपना नाम KHURSHID BANO JEELANI से बदलकर KHURSHID AHMAD रख लिया है अब से मेरे सभी अभिलेखों में इसी नाम को लिखा पढ़ा व समझा जाये। KHURSHID AHMAD D/O MISQEEN ALI, 55,ELDECO GREENS, GOMTI NAGAR, LUCKNOW, 226010, U.P.

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पति राम सुंदर भारतीय जीवन बीमा की पॉलिसी संख्या 213963223 के नामित रूप में रामावती अंकित हो गया है जबकि आधार व अन्य अभिलेख में मेरा नाम मायावती है। मैं मायावती व रामावती दोनों ही नाम से जानी जाती हूं। अतः मुझे दोनों नामों से जाना व पहचाना जाए। – मायावती रामावती पत्नी स्व0 राम सुंदर, निवासी- ग्राम- सेमरहवा, पोस्ट – राजापुर परसौरा, जिला- गोंडा

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट सं0 T0275197 में मेरा नाम TAUQIR S/O TAUFAIK दर्ज है जो कि गलत है, मेरे प्रमाणपत्र आधार व पैन कार्ड में मेरा नाम TOQEER ALAM S/O TAUFEEK KHAN दर्ज है जोकि सही है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाय। –तौकीर आलम पुत्र तौफीक खान नि0- ग्रा0 दक्खिन गांव धनेशा राजपूत तहसील मुसाफ़िर खाना जिला अमेठी।

The Ano Rectal Clinic

अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण

Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

Video Recto Scope

लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता

एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ

7388913338
8005423919

www.anorectalclinic.com

एक नजर

शिविर में 21 महिलाओं की हुई नसबंदी

बेलसर, गोंडा, अमृत विचार : सीएचसी बेलसर पर नसबंदी शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 21 महिलाओं की नसबंदी की गई। सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर सतपाल सोनकर ने बताया कि 22 महिलाओं ने नसबंदी के लिए पंजीकरण कराया था, लेकिन एक महिला की प्रेगनेंसी पॉजिटिव होने से उसकी नसबंदी नहीं हो सकी। नसबंदी जिले की टीम ने डॉक्टर सुवर्णा की देखरेख में किया।

सड़क निर्माण की मांग

रुपईडीह, गोंडा, अमृत विचार : ब्लॉक की ग्राम पंचायत नौव्वागांव के गोमती पुरवा से आर्य नगर पृथ्वी नाथ मार्ग तक जाने वाली सड़क का निर्माण आज तक नहीं हुआ है। इससे क्षेत्रीय जनता को गमनागमन के लिए दिक्कतें उठानी पड़ रही है। ग्राम प्रधान राकेश वर्मा नान बच्चा ने बताया कि उक्त सड़क का निर्माण कराये जाने की मांग क्षेत्रीय विधायक बावन सिंह से की गई है।

समेकित शिक्षा के तहत प्रशिक्षण आज से

रुपईडीह, गोंडा, अमृत विचार : समेकित शिक्षा योजना के तहत ब्लॉक के नोडल टीचरों के पांच दिवसीय प्रशिक्षण का द्वितीय चरण 5 मार्च से ब्लॉक संसाधन केंद्र पर शुरू होगा। ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार सिंह ने बताया कि इस योजना के तहत प्रथम चरण का प्रशिक्षण पूर्व में कराया जा चुका है। उन्होंने बताया कि द्वितीय चरण का प्रशिक्षण 5 मार्च से शुरू होगा। इस चरण में ब्लॉक के विभिन्न विद्यालयों को मिलाकर 100 नोडल टीचर को शामिल किया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए विशेष शिक्षक सुनीत कुमार मिश्र, पंचराम यादव व मंजू यादव को प्रशिक्षक नियुक्त किया गया है।

बांस-बल्लियों के सहारे की जा रही बिजली आपूर्ति

रुपईडीह, गोंडा, अमृत विचार : ब्लॉक की ग्राम पंचायत बिशुनापुर बेलभरिया के कटैया गांव में बिजली के खंभो की जगह अधिकांश उपभोक्ताओं को बांस बल्लियों के सहारे बिजली आपूर्ति की जा रही है। इससे ग्रामीणों के लिए हमेशा खतरा बना रहता है। प्रधान अफसर अली ने मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के मुख्य अभियंता से मिलकर बांस-बल्लियों के स्थान पर बिजली के खंभों को लगाए जाने की मांग की है।

स्कूल भवन का निर्माण कराने की मांग

रुपईडीह, गोंडा, अमृत विचार : ब्लॉक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय अचल नगर का भवन निर्माण कराये जाने की मांग प्रधान अजीत कुमार सिंह ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से की है। उनकी इस मांग पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने शीघ्र ही मौके की जांच कर आवश्यक कार्रवाई कराये जाने का आश्वासन दिया है।

ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में उतरे शिक्षक, आंदोलन की दी चेतावनी

आक्रोश

▸▸ **समस्या के निराकरण की मांग को लेकर शिक्षकों ने बीईओ को सौंपा ज्ञापन**

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार : ऑनलाइन उपस्थिति और शिक्षकों को 31 दिन का उपार्जित अवकाश देने समेत विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की मुजेहना इकाई ने ब्लाक संसाधन केंद्र पर प्रदर्शन किया और स्कूली शिक्षा महानिदेशक को संबोधित ज्ञापन खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपा। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के मुजेहना ब्लाक के मंत्री शुभम सोनकर का कहना है कि विभागीय अफसर शिक्षकों पर टैबलेट के माध्यम से विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों की उपस्थिति तथा मध्याह्न भोजन की सूचना ऑनलाइन भेजने का दबाव बना रहे हैं।

अधिकारी शिक्षकों के साथ अमर्यादित व्यवहार तथा वेतन रोकने जैसी कार्रवाई कर रहे हैं। जबकि विभाग द्वारा केवल टैबलेट उपलब्ध कराया गया है। टैबलेट को सक्रिय करने के लिए सरकारी सिम कार्ड उपलब्ध नहीं कराया गया है। निरीक्षणकर्ता अधिकारी शिक्षकों पर अपने व्यक्तिगत आईडी के माध्यम से सिम कार्ड खरीदने के लिए दबाव बना रहे हैं जो नियमों के विपरीत है।

झंझरी ब्लाक पर डायट प्रवक्ता को ज्ञापन सौंपते शिक्षक। अमृत विचार

प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा के साथ संगठन की बैठक में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए समिति बनायी गयी थी, लेकिन चार महीने बाद भी किसी समस्या का समाधान नहीं किया गया। इस प्रकार शिक्षकों की समस्याओं का निराकरण न करके केवल शिक्षकों का उत्पीड़न किया जा रहा है। अपनी मांगों को लेकर शिक्षकों ने सोमवार को ब्लॉक अध्यक्ष राम भवन वर्मा के नेतृत्व में ब्लाक संसाधन केंद्र पर प्रदर्शन किया और खंड शिक्षा अधिकारी हेमलता त्रिपाठी को मांग पत्र सौंपा।

मांगपत्र में विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये टैबलेट को सक्रिय करने के लिए सरकारी सिम कार्ड उपलब्ध कराने, शिक्षकों को भी राज्य कर्मचारियों की भांति एक कैलेण्डर वर्ष में 31 दिवस का उपार्जित अवकाश देने व प्रत्येक माह के द्वितीय शनिवार को अवकाश तथा अर्द्ध आकस्मिक अवकाश अनुमन्य किए जाने की मांग की गयी है। शिक्षकों ने चेतावनी दी कि यदि शिक्षकों का उत्पीड़न बंद नहीं किया गया और उनकी मांगों का शीघ्र निराकरण नहीं किया गया तो जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं शिक्षा निदेशालय लखनऊ पर धरना देंगे। इस दौरान ब्लाक अध्यक्ष राजभवन वर्मा, कोषाध्यक्ष गंगाराम वर्मा, मंत्री शुभम सोनकर, मनमोहन श्रीवास्तव, शैलेन्द्र चक्रवर्ती, उदयवीर यादव, कमलेश्वर प्रसाद तिवारी, प्रेम प्रकाश तिवारी, नीलम शुक्ला, आशुतोष पांडेय, राकेश कुमार बुनकर, प्रभा श्रीवास्तव, मेवालाल यादव, नारायण दास, तुलसी राम शुक्ल समेत बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

झंझरी में भी शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने सोमवार को मांगों को लेकर झंझरी के ब्लॉक अध्यक्ष राजेन्द्र प्रकाश तिवारी के नेतृत्व में ब्लॉक संसाधन केंद्र दर्ज़ीकुंआ पर ओंकार चौधरी प्रवक्ता जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने वालों में जनपदीय संयुक्त मंत्री वीरेन्द्र कुमार त्रिपाठी, जनपदीय संगठन मंत्री अफसर हसन, ब्लॉक मंत्री सर्वदेव शुक्ल, कोषाध्यक्ष विनय प्रकाश त्रिपाठी, अर्जुन पाण्डेय, अशोक पाण्डेय, विजय वर्मा, संजय सिंह, लवकुश शुक्ल, रघुनाथ पाण्डेय, राम निवास, सबूर अहमद, फ़ाज़िल अहमद, इरशाद खान, संतोष कुमार मिश्र, अवधेश कुमार मिश्र, रजनीश श्रीवास्तव, मोहम्मद खालिद, बांके प्रसाद मिश्र, ओम शंकर यादव, उमा सिंह आदि उपस्थित रहे।

प्रधानाचार्य को एक माह पूर्व मिली थी जान से मारने की धमकी

परिजनों का आरोप-गंभीरता दिखाती पुलिस तो नहीं होती घटना

लापरवाही

▸▸ **प्रधानाचार्य की हत्या के बाद सवालों के घेरे में छपिया पुलिस की कार्यशैली**

बभनान, गोंडा

वारदात के बाद रोते बिलखते परिजन अमृत विचार

अमृत विचारः छपिया थाना क्षेत्र के सिसहनी गांव में हुई हत्या की जघन्य वारदात में छपिया पुलिस की लापरवाही सामने आई है। जिन दो युवकों ने प्रधानाचार्य की हत्या की उन पर कॉलेज की एक छात्रा के साथ छेड़छाड़ का आरोप था। प्रिंसिपल ने इसकी शिकायत पुलिस से की थी लेकिन पुलिस ने आरोपियों को शांतिभंग में चालान कर छोड़ दिया था। आरोपियों ने प्रधानाचार्य को जान से मारने की धमकी दी थी। लेकिन पुलिस ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। परिवार के लोग पुलिस पर शिथिलता बरतने का आरोप लगा रहे है। परिजनों का कहना है कि अगर पुलिस आरोपियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करती तो यह घटना न होती।

छपिया क्षेत्र के फूलपुर के रहने वाले दिनेश यादव की रविवार की रात सोते समय गोली मारकर हत्या कर दी गयी। दिनेश बगल के गांव सिसहनी में अपने मामा के इंटर कालेज में प्रधानाचार्य थे। पिता पतिराम यादव ने बताया कि बीते 26 जनवरी को कॉलेज की एक छात्रा के साथ सिसहनी गांव के दो युवकों ने छेड़खानी की थी। दिनेश ने इसके लिए युवकों को फटकार लगायी थी और घटना की सूचना पुलिस को दे दी थी। पुलिस आरोपी युवकों को पकड़कर थाने भी ले गयी लेकिन उनके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं की। पुलिस ने दोनों आरोपियों का शांतिभंग में चालान कर मामले को रफा-दफा कर दिया। थाने से छूटने के बाद आरोपी युवकों ने प्रधानाचार्य को जान से मारने की धमकी दी थी। दिनेश ने भी इसकी सूचना पुलिस को दी थी, लेकिन पुलिस ने युवकों की धमकी को गंभीरता से नहीं लिया। रविवार को जब वह अपने कॉलेज को सामने बनी अपने मामा की दुकान में सो रहे थे तभी रात एक बजे हमलावर युवकों ने उनकी कनपटी में तमंचा सटाकर गोली मार दी। इस वारदात में दिनेश की मौके पर ही मौत हो गयी। परिवार वालों का आरोप है कि पुलिस अगर घटना को गंभीरता से लेती तो यह वारदात नहीं होती और दिनेश उनके बीच में जीवित होते।

उजड़ गया पत्नी की मांग का सिंदूर, बच्चे अनाथ

दिनेश की हत्या से उसकी पत्नी की मांग का सिंदूर उजड़ गया। पति की मौत की खबर से पत्नी लक्ष्मी बदहवास हो गयी। पांच साल की बेटी चंदा भी पिता का साया छिनने से अवाक नजर आई। मां को रोता देख वह भी रोने लगी, जबकि एक वर्ष का चंदन मां और बहन को रोते हुए एकटक निहारता रहा। उसे इस बात का ज्ञान ही नहीं कि उसके सिर से पिता का साया उठ चुका है। सोमवार को घटना की सूचना क्षेत्र में जंगल के आग की तरह फैली। जो जहां था वहीं से घटनास्थल की तरफ दौड़ा चला आया। लोगों का यही कहना था कि दिनेश बहुत ही सीधे व सज्जन व्यक्ति थे। बड़ी ही सरलता के साथ वह विद्यालय का कार्य करते थे। छात्र-छात्राओं के बहुत ही पसंदीदा थे। ऐसे लोगों के साथ ऐसी घटना करने वालों को भगवान भी क्षमा नहीं करेगा। पिता पतिराम बभनान शुगर मिल में प्राइवेट तौर पर कार्यरत हैं। छोटा भाई उमेश नोएडा में काम करता है।

जमीन की रंजिश में युवक को पीटा

परसपुर, गोंडा, अमृत विचारः थाना क्षेत्र के ग्राम मिश्रन पुरवा सरैया के रहने वाले अंकित मिश्रा ने पुलिस को तहरीर देकर मारपीट मामले में दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि जमीनी रंजिश को लेकर सोमवार की सुबह गांव के ही मदन मोहन शुक्ला, शिवम शुक्ला उसके घर पहुंचे और अभद्रता करते हुए लाठी डंडे से उसकी पिटाई कर दी। जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार शुक्ल ने बताया कि नामजद दो आरोपितों के विरुद्ध विधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। और मामले की विवेचना एसआई आदित्य गौरव श्रीवास्तव को सौंपी गई है।

टेंट खोल रहे श्रमिक की करंट से मौत

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार : नवाबगंज थाना क्षेत्र के सुखवापुर गांव में सोमवार की सुबह टेंट खोल रहा एक श्रमिक की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। करंट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

फाइल फोटो

नवाबगंज थाना क्षेत्र के सुखवापुर गांव में शनिवार नजीर की बेटी का निकाह था। इस कार्यक्रम में गांव के ही टेंट हाउस संचालक इंद्र कुमार सिंह ने टेंट लगा रखा था। जिस जगह पर टेंट लगाया गया था उसके ठीक ऊपर से 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन गुजरी थी। रविवार को हुई बारिश में टेंट भीग गया था। सोमवार की सुबह टेंट हाउस पर काम करने वाला युवक अमित सिंह (19) पुत्र राम अचल निवासी जगदीशपुर बवरिहा कोतवाली देहात अपने अन्य साथियों के साथ टेंट खोल रहा था। तभी वह टेंट में लगे लोहे के पाइप में उतर रहे हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आने से बेहोश हो गया। स्थानीय लोग आनन-फानन में उसे नवाबगंज सीएचसी लेकर पंहुचे जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि सूचना मिलने पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

युवक की मौत से परिवार में मचा कोहराम

अमृत विचार : युवक की मौत से उसके परिवार में कोहराम मचा है। मृतक अमित सिंह तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर था।मृतक के पिता मुंबई में रहकर मेहनत मजदूरी करते हैं। वह भी टेंट हाउस का काम करने वाले इंद्र कुमार सिंह के पास मजदूरी करता था। सोमवार को वह टेंट खोल रहा था इसी बीच वह करंट की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गयी।

बयान से पलटी दुष्कर्म पीड़िता, आरोपी दोषमुक्त

गोंडा कार्यालय, अमृत विचारः खरगूपुर थाने में एक क्लीनिक संचालक पर दुष्कर्म व अश्लील वीडियो बनाकर उसे वायरल करने का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराने वाली पीड़िता अदालत में बयान से पलट गयी। पीड़िता ने घटना से ही इन्कार कर दिया। इसके बाद कोर्ट ने आरोपी क्लीनिक संचालक को दोषमुक्त करार देते हुए बरी कर दिया। दो साल पहले 26 अक्टूबर 2022 को खरगूपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने कस्बे के एक क्लीनिक संचालक के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। महिला का आरोप था कि वह क्लीनिक संचालक अजमल के पास दवा कराने गयी थी। वहां अजमल ने उसे बेहोशी का इंजेक्शन देकर उससे दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था और मामले की चार्जशीट न्यायालय में दाखिल की थी। कोर्ट में सुनवाई के दौरान मुकदमा दर्ज कराने वाली पीड़िता बयान से मुकर गयी। उसने इस तरह की घटना से इंकार किया। मुकदमे की गवाह रही उसकी सास व अन्य गवाह भी अपने बयान से पलट गए। अभियोजन पक्ष भी घटना से संबंधित साक्ष्य प्रस्तुत करने में नाकाम रहा। साक्ष्य के अभाव में कोर्ट ने आरोपी अजमल को सभी आरोपों से दोषमुक्त करते हुए उसे बरी कर दिया।

सार-संक्षेप

बारिश से हुए नुकसान का हो रहा सर्वे

गोंडा, अमृत विचार : जिले में बरसात व ओलावृष्टि से हुए नुकसान का आकलन प्रशासन कर रहा है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि जनपद के चारों तहसीलों में कितना नुकसान हुआ है। इसका सर्वे कराया जा रहा है। सभी उपजिलाधिकारी अपने स्तर से नुकसान का आकलन करा रहे हैं। जल्दी पूर्ति के लिए शासन को भेजा जाएगा।बीते रविवार को बारिश हुई थी जिसके चलते गेहूं व तिलहन की फसलों को काफी नुकसान हुआ था।

तालाब पर पक्का निर्माण हटाने की मांग

इटियाथोक, गोंडा, अमृत विचार : तालाब पर हुए पक्के निर्माण को हटाए जाने की मांग मंडलायुक्त को पत्र देकर की गई है। ग्राम पंचायत परसिया बहोरीपुर के धर्मेंद्र कुमार ने मंडलायुक्त को पत्र देकर कहा है कि गांव के तालाब पर कई व्यक्तियों ने मकान का पक्का निर्माण कर जल निकासी का रास्ता अवरुद्ध कर दिया है। पत्र में तालाब को अतिक्रमण से मुक्त कराए जाने की मांग की गई है।

आंधी-बरसात में ओला गिरने से मक्का की फसल खराब

ओलावृष्टि से खराब हुई मक्का की फसल। अमृत विचार

बेलसर, गोंडा, अमृत विचार : बेमौसम हुई बरसात में ओले गिरने से क्षेत्र में मक्का किसानों को काफी नुकसान पहुंचा है। बेलसर के ग्राम पंचायत लिलोई कला निवासी किसान बब्बन मिश्र ने बताया कि दस बीघा मक्का की बुवाई किया था। फसल बहुत अच्छी लगी थी, लेकिन बरसात के साथ ओले गिरने से फसल पूरी तरह खराब हो गई है। किसान नरेंद्र नाथ मिश्र ने बताया कि 25 बीघा मक्का की फसल तैयार थी, लेकिन ओला गिरने से चौपट हो गई। रक्षाराम पांडेय, अवनीश शुक्ल, अंबिका शुक्ल ने बताया कि सारी पूंजी खराब हो गई। किसानों ने सरकार से मुआवजा दिलाये जाने की मांग की है।

ऊबड़-खाबड़ मार्ग पर इंटरलाकिंग से ग्रामीणों में खुशी

मुंडेरवा गांव को जाने वाला मार्ग।

करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार : पंद्रह दिन पहले तक जिस ऊबड़-खाबड़ मार्ग पर राहगीरों का चलना मुश्किल था उस मार्ग पर अब वाहन फर्राटा भर रहे हैं। विधायक अजय सिंह के निर्देश पर सड़क पर इंटरलाकिंग का काम पूरा हो गया है। जिससे ग्रामीणों में खुशी है। विधानसभा करनैलगंज क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मुंडेरवा में भकला मेन रोड से भकलापुरवा तक विधायक निधि से इंटरलाकिंग का कार्य वर्ष 2023-24 के अंतर्गत कराया जाना था, लेकिन 15 फरवरी तक जो कार्य धीमी गति से चल रहा था। विधायक के निर्देश पर कार्य में तेजी लाई गई और 20 फरवरी को कार्य पूरा हो गया। जिसका निर्माण ग्रामीण अभियंत्रण विभाग प्रखंड गोंडा द्वारा कराया गया है।

गल्ला व्यापार संघ के अध्यक्ष बने विकास

गल्ला व्यापार संघ के चुने गए पदाधिकारी। अमृत विचार

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : सोमवार को नवीन गल्ला मंडी में हनुमान मंदिर के प्रांगण में गल्ला व्यापार संघ की एक आवश्यक बैठक पूर्व अध्यक्ष शिव शंकर शर्मा के नेतृत्व में हुई। सर्वसम्मत से गल्ला व्यापार संघ का अध्यक्ष विकास जैन एवं मनीष खेतान को महामंत्री चुना गया। इसके अलावा आशीष शर्मा एवं नीरज पाठक को उपाध्यक्ष और दीपक बंसल को कोषाध्यक्ष चुना गया। फिर नवगठित कमेटी द्वारा मुकेश नहारिया, संजय अग्रवाल, गोपाल कृष्ण अग्रवाल, अरुण कुमार अग्रवाल, राजेश अग्रवाल एवं शिव शंकर शर्मा को संरक्षक मंडल में चुना गया। नव गठित अध्यक्ष विकास जैन ने कहा कि जो भी जिम्मेदारी हमें संगठन द्वारा दिया गया उसका पूरी तरह निर्वहन करेंगे। बैठक में मनीष केडिया, अमित गर्ग, विनय अग्रवाल टोनू, सचिन पचेरिया, मनोज गुप्ता, दौलत राम शर्मा, आशीष शर्मा, आशु सिंघल, आशीष अग्रवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

आमने-सामने टकरायीं दो बाइकें, तीन छात्र घायल

▸▸ **नवाबगंज थाना क्षेत्र के बहादुरा गांव के समीप हुआ हादसा**

गोंडा कार्यालय, अमृत विचारः नवाबगंज थाना क्षेत्र के बहादुरा गांव में नवाबगंज - मनकापुर मार्ग पर दो बाइकों में आमने-सामने की टक्कर हो गयी। इस हादसे में परीक्षा देने जा रहे 3 छात्र गंभीर रूप घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस नवाबगंज सीएचसी ले जाया गया जहां चिकित्सक ने उनकी नाजुक हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

नवाबगंज के मंहगूपुर गांव निवासी सिद्धार्थ मिश्रा (17) पुत्र शिव शंकर मिश्रा हाई स्कूल का छात्र है। सोमवार की सुबह वह परीक्षा देने बाइक से मधवापुर टिकरी स्थित कन्हैया बख्श सिंह इंटर कॉलेज जा रहा था। साथ में उसका दोस्त रविशेक (22) पुत्र मुकेश मौर्या निवासी सुभागपुर भी था। गौरव सिंह (22) पुत्र काली प्रसाद निवासी महेवा गोपाल मोतीगंज भी उसी विद्यालय में बाइक से परीक्षा देने जा रहा था। रास्ते में किशुनदास रेलवे क्रासिंग के पास नवाबगंज-मनकापुर मार्ग पर दोनों बाइकें टकरा गयीं।

हादसे में तीनों छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। एंबुलेंस के माध्यम से तीनों घायलों को नवाबगंज सीएचसी लाया गया।

पुलिस ने तीन वारंटियों को किया गिरफ्तार

परसपुर, गोंडा, अमृत विचारः पुलिस ने तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार शुक्ल ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में आपराधिक मामलों में वांछित की गिरफ्तारी व अपराधों की रोकथाम के लिये पुलिस ने छापेमारी की। परसपुर थाना के एसआई आदित्य गौरव श्रीवास्तव ने पुलिस टीम के साथ रामपाल पुरवा बहुवन मदार माझा के रहने वाले भूलन (45), राजभवन (41), ग्राम राम आसरे पुरवा मौजा सरैया के रहने वाले भोलेनाथ (33) को उनके ठिकाने पर छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय रवाना कर दिया।

आचरण में ही निहित होते हैं संस्कार

परसपुर, गोंडा

अमृत विचार : चरहुआं के कंपोजिट विद्यालय पूरे रामभरोसे में महाकवि तुलसीदास पीजी कॉलेज के सात दिवसीय एनएसएस शिविर के चौथे दिन के शिविर की शुरुआत महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ वीना सिंह, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष वीना राय, झंझरी मंडल की महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष मनीषा मिश्रा व कार्यक्रमाधिकारी डॉ सीमा तिवारी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर की। डॉ. सीमा तिवारी ने बताया कि उक्त शिविर के चौथे दिन सोमवार को नारी सशक्तिकरण पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्राचार्या डॉ वीना सिंह ने बताया कि स्वतंत्र बनिये स्वच्छंद नहीं। उन्होंने कहा कि आपके आचरण में ही आपके संस्कार निहित होते हैं। भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष वीना राय ने नारी सशक्तिकरण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महिलाएं लड़ाकू विमान उड़ाने से लेकर भारतीय सेना, प्रशासनिक सेवा, खेल जगत सहित हर क्षेत्र में अपना लोहा मनवा रही हैं। बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा आयुषी शुक्ला ने नारी सशक्तिकरण पर गीत प्रस्तुत किया। बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा कौशिकी तिवारी ने द्रौपदी जब सुयोधन की प्रण बन गयी, कृष्ण की वह दुलारी बहन बन गयी। बीएससी द्वितीय वर्ष के छात्र शिवम मिश्रा ने अमवसा का मेला कविता पढ़ी। मंच का संचालन सानिया सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ श्रेयशी ठाकुर, डॉ अनुपमा सिंह, रुचि सिंह आदि थे।

एनएसएस शिविर में दौड़ लगाते विद्यार्थी। अमृत विचार

आक्रोश धानेपुर नगर पंचायत के वार्ड संख्या दो के मतदाताओं ने किया धरना-प्रदर्शन

विकास न होने से क्षुब्ध ग्रामीणों ने मतदान बहिष्कार की दी धमकी

धानेपुर, गोंडा

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी प्रत्याशियों की घोषणा के साथ ही ग्रामीणों ने भी विकास को मुद्दा बनाना शुरू कर दिया है। सोमवार को धानेपुर नगर पंचायत के महाराजा देवी बक्स सिंह वार्ड को मतदाताओं ने विकास की अनदेखी को लेकर धरना प्रदर्शन किया और विकास नहीं तो वोट नहीं के नारे लगाए। मतदाताओं ने कहा कि गांव की बदहाली दूर नहीं हुई तो चुनाव का बहिष्कार किया जायेगा। धानेपुर नगर पंचायत को वार्ड संख्या दो के मतदाता महेश कुमार ने बताया कि आजादी से अब तक मुजेहनी गांव को एक अदद पक्की सड़क मुहैया नही हो पाई है। गांव को नगर पंचायत में शामिल किये जाने के बाद उम्मीद जगी थी कि गांव तक विकास पहुंचेगा लेकिन एक वर्ष बीतने के बाद भी यहां कोई बदलाव नही हुआ। आलम यह है कि अगर गांव में किसी परिवार में लड़की का विवाह हो तो बारातियों का वाहन पहुंचना मुश्किल हो जाता है।

गांव की बदहाली को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

सड़क बनवाने के विषय में यहां के जिम्मेदारों को कई बार अवगत कराया गया लेकिन सुनवाई नहीं हुई। गांव में नाली खड़ंजा भी नहीं है। बरसात के दिनों में गांव का आवागमन पूरी तरह नारकीय हो जाता है। सरकार की महत्वाकांक्षी निर्मल परियोजना के तहत स्वच्छ पेयजल व प्रकाश की व्यवस्था नही पहुंच सकी है।

ग्रामीणों का कहना है की चुनाव आते ही नेता गांव में पहुंचते है और तमाम वादे करके वोट लेकर चले जाते हैं लेकिन चुनाव खत्म होते ही सब भूल जाते है। यही नहीं, लोगों का कहना है कि सरकारी कागजों में मुजेहनी गांव का नाम ही गायब है इसलिए यहां तक विकास नहीं पहुंचा।

इस बार ग्रामीणों ने पहले काम फिर मतदान का निर्णय लिया है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर गांव में विकास कार्य नहीं कराया जाता तो वह सभी सामूहिक रूप से मतदान का बहिष्कार करेंगे।

इस धरना प्रदर्शन में वीरेंद्र मिश्रा, अलखराम, संजय, रोहित, राकेश कुमार, सुरेन्द्र, ननकने जितेंद्र, हंसराज, बंसराज, बड़का, लीलावती, ननका, सहित सैकड़ो लोग शामिल रहे।

राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 को

गोंडा कार्यालय, अमृत विचारः जिला न्यायालय व तहसील स्तर पर 9 मार्च को लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसमें राजस्व न्यायालय, प्री-लिटिगेशन स्तर पर, बैंक, बीएसएनल, परिवहन विभाग, यातायात विभाग, वाणिज्य न्यायालय, मोटर दुर्घटना, परिवार न्यायालय, एससी/एसटी एक्ट, पॉक्सो अधिनियम व फास्ट ट्रेक कोर्ट सहित जनपद स्थित न्यायालय में लंबित वादों सहित अन्य मामलों का निस्तारण किया जायेगा। इसमें वादों का निपटारा निःशुल्क किया जाता है। इसलिए इस लोक अदालत में पहुंच कर अपने वादों का निपटारा करा सकते हैं और इस अवसर का लाभ जरूर उठाएं।

एक नजर

स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों की बदलेगी सूरत

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के 100 आकांक्षी (पिछड़े) नगरीय निकायों में मौजूद 913 स्कूलों को जहां अपग्रेड किया जाएगा, जबकि 25 नये विद्यालय भी शुरू किये जाएंगे। इसके अलावा आकांक्षी नगरीय निकायों में मौजूद किराये के अथवा अन्य सरकारी भवनों में संचालित हो रहे 348 आंगनवाड़ी केंद्रों के लिए नये भवनों का निर्माण कार्य होगा। सरकार इन सभी कार्यों के लिए 143 करोड़ रुपये से अधिक खर्च करेगी। स्कूलों के अपग्रेडेशन और नये भवनों के निर्माण की बात करें तो वित्तीय वर्ष 2024-25 में 100 आकांक्षी नगरीय निकायों में 398 स्कूलों में अतिरिक्त कक्षाओं की व्यवस्था की जाएगी। सरकार इसके लिए प्रति स्कूल 9 .27 लाख और कुल 36 .89 करोड़ खर्च करेगी। वहीं 913 स्कूलों में स्मार्ट क्लास की व्यवस्था के लिए 2 .5 लाख और कुल 22 .87 करोड़ खर्च करेगी। इसी प्रकार स्मार्ट क्लास के फर्नीचर के लिए कुल 6 .56 करोड़ खर्च करेगी। यही नहीं 25 नये सीएम अभ्युदय कंपोजिट स्कूलों को भी शुरू किया जाएगा।

लगभग 13 करोड़ ग्रामीणों तक पहुंचा शुद्ध पेयजल

अमृत विचार, लखनऊ : जल जीवन मिशन की हर घर नल योजना के तहत सोमवार तक प्रदेश में दो करोड़ 10 लाख से अधिक ग्रामीण परिवार तक कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन पहुंचा दिया गया है। इसी के साथ 12 करोड़ 62 लाख से अधिक ग्रामीणों तक शुद्ध पेयजल पहुंच चुका है। राज्य सरकार इस योजना से युवाओं को रोजगार भी उपलब्ध करा रही है। कभी जल की राह देख रहा बुंदेलखंड व विंध्य क्षेत्र में खुशी की लहर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन वमुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हर घर शुद्ध पेयजल पहुंचाने के साथ ही युवाओं को रोजगार भी उपलब्ध हो रहा है।

मांगों के समर्थन में शिक्षकों ने किया विरोध प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

करनैलगंज, गोंडा

अमृत विचार: सोमवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले बीआरसी परिसर में शिक्षकों ने ब्लॉक अध्यक्ष तेज बहादुर सिंह के नेतृत्व में अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। उसके बाद महानिदेशक स्कूल शिक्षा को सम्बोधित मांगो का ज्ञापन खंड शिक्षा अधिकारी नूतन जायसवाल को सौंपा।

इसमें कहा गया है कि विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गए टैबलेट में सिमकार्ड अपनी आईडी लगाकर स्वयं के पैसे से खरीदकर विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों की उपस्थिति व मध्याह्न भोजन की ऑनलाइन सूचना भेजने का दबाव अधिकारियों द्वारा बनाया जा रहा है,जो नियम विरुद्ध है। जिला कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि बीते 30 अक्टूबर व 9 नवंबर को प्रदेश के प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा के साथ उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय प्रतिनिधिमंडल के बीच वार्ता हुई थी। इसमे शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण के लिए समिति बनाये जाने की बात कही गई थी। मगर चार माह बीतने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं कराया गया है। जिससे शिक्षकों में आक्रोश व्याप्त है। शिक्षकों ने ज्ञापन के माध्यम से विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गए टैबलेट को सक्रिय करने के लिए सरकारी सिमकार्ड उपलब्ध कराने, शिक्षकों को भी राज्य कर्मचारी की भांति एक कैलेंडर वर्ष में 31 दिवस की उपार्जित अवकाश प्रत्येक माह के द्वितीय शनिवार को अवकाश व अर्द्ध-आकस्मिक अवकाश अनुमन्य किए जाने की मांग की। साथ ही चेतावनी भी दी है कि शिक्षकों का उत्पीड़न बंद करते हुए यदि समस्याओं का शीघ्र निराकरण नहीं कराया गया तो शिक्षकों को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व शिक्षा निदेशालय लखनऊ के परिसर में धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी विभाग की होंगी। मंत्री मो.सईद, पुनीत कुमार, अवधेश सिंह, सोमेश कुमार सिंह, रामकुमार व राजेश यादव सहित बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

मांगों के समर्थन में विरोध प्रदर्शन करते शिक्षक। अमृत विचार

रुपईडीह में भी शिक्षकों ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

रुपईडीह, गोंडा। विभिन्न मांगों को लेकर प्राथमिक शिक्षक संघ की शाखा रुपईडीह के अध्यक्ष पवन कुमार शुक्ल व मंत्री देवनंदन तिवारी के नेतृत्व में शिक्षक शिक्षिकाओं ने ब्लॉक संसाधन केंद्र पर एकत्र होकर महानिदेशक स्कूली शिक्षा को संबोधित ज्ञापन ब्लॉक के सहायक विकास अधिकारी पंचायत महेंद्र प्रताप सिंह को सौंपा। रमेश कुमार शुक्ल, तेजभान पांडेय, सुशील कुमार पांडेय, बाबूराम चौहान, आनंद शुक्ल, चंदन शर्मा दिवाकर तिवारी, रजनीश यादव, गिरीश कुमार, आकाश बाजपेई, गणेश तिवारी आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे। दूसरी ओर, इटियाथोक में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ से जुड़े शिक्षकों ने एक ज्ञापन खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपा। शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर खंड शिक्षा अधिकारी उपेंद्र त्रिपाठी को ज्ञापन सौंपकर निराकरण की मांग की।इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष मनोज कुमार मिश्रा राकेश यादव सुभाष चंद्र शुक्ल, श्रवण वर्मा सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

तरबगंज में भी शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

तरबगंज, गोंडा। प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले जुटे शिक्षकों ने अध्यक्ष विजय नारायण पांडेय के अगुवाई में सोमवार को स्थानीय बीआरसी पर अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। शिक्षक संघ के नेताओं ने आरोप लगाया कि शासन से हुई पूर्व वार्ता के अनुसार विभाग कार्रवाई न कर शिक्षकों पर जबरदस्ती दबाव बना रहा है। सभी शिक्षकों को सीयूजी सिम आवंटित किए जाने चाहिए। तभी ऑनलाइन हाजिरी भरी जाएगी। प्रदर्शन के दौरान अमित कुमार सिंह सुनील कुमार शुक्ला सतेंद्र सिंह बालमुकुंद पांडे मनीष पांडे रविंद्र मोहन मिश्र समेत भारी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

वीवीटी, वीएसटी और एसएसटी टीमों का किया गया गठन

लोकसभा चुनाव : जिले में विधानसभा वार बनायी गयीं जांच टीमें

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार : जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा शर्मा ने आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन के मद्देनजर वीडियो निगरानी टीम, वीडियो अवलोकन टीम, स्थायी निगरानी टीम का गठन किया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष होने वाले लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए टीमों का गठन किया गया है। सभी टीमों में लगे अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वह अपने दायित्व का निर्माण पूरी ईमानदारी से करें आचार संहिता का उल्लंघन होने पर सम्बन्धित के खिलाफ उचित विधिक कार्रवाई की जाए। कार्रवाई करते समय निष्पक्षता का पूरा ध्यान रखा जाए। किसी प्रकार की लापरवाही एवं शिथिलता को क्षम्य नहीं किया जाएगा। जनपद में प्रत्येक विधानसभावार टीमों का गठन किया गया है। स्थायी निगरानी टीम भारी मात्रा में नगदी, अवैध शराब व संदेहास्पद वस्तु या शस्त्रों इत्यादि को क्षेत्र में लाये जाने पर नजर रखेगी। वीडियो अवलोकन टीम निर्वाचन के दौरान प्रचार प्रसार आदि से संबंधित व्यय की वीडियोग्राफी करेगी। वीडियोग्राफी की सीडी नोडल अधिकारी निर्वाचन व्यय को उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा गठित वीडियो निगरानी टीम द्वारा संवेदनशील घटनाओं और सार्वजनिक रैलियां की वीडियोग्राफी कराकर संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर एवं मुख्य कोषाधिकारी को भेजी जाएगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा शर्मा।

मेहनौन के 13 गांवों में बनाये जाएंगे सामुदायिक केंद्र

गोंडा, अमृत विचार: मेहनौन विधानसभा क्षेत्र के 13 गांवों में शादी, मुंडन समेत मांगलिक आयोजन में सुविधा मिलेगी। स्थानीय विधायक विनय कुमार द्विवेदी ने समाज कल्याण विभाग को सामुदायिक केंद्र स्थापित किए जाने को लेकर प्रस्ताव दिए थे। इसके क्रम में उप जिला अधिकारी ने संबंधित क्षेत्र के राजस्व अधिकारियों को जमीन खोजने का निर्देश दिया है। स्थानीय विधायक के प्रस्ताव पर शासन ने सामुदायिक केंद्र के निर्माण को लेकर हरी झंडी दी है। निर्माण का कार्य समाज कल्याण विभाग ने सिडको को सौंपा है। सिडको के अधिकारियों ने उप जिलाधिकारी सदर से जमीन की मांग की है। एसडीएम सदर ने क्षेत्र के राजस्व निरीक्षकों को पत्र जारी कर जमीन उपलब्ध कराने को कहा है। विधायक विनय कुमार द्विवेदी उर्फ मुन्ना भैया के प्रयास से इटियाथोक व मेहनौन में सामुदायिक केंद्र बनेंगे। **इन गांवों में सामुदायिक केंद्र का होगा निर्माण:** इटियाथोक ब्लाक के पूरे दत्ता, नदावर, रूदापुर, करुवापारा, ढोंगही, पूरे दतई में अनुसूचित जाति बहुल बस्ती में सामुदायिक केन्द्र के लिए जमीन चिन्हित करने के निर्देश दिए हैं। वहीं मेहनौन ब्लॉक के बेलहरी, जैतपुर दुल्हापुर बनकट, बनगाई ,छजवा, कौरहे, मोगरौल गांव में सामुदायिक केन्द्र बनेगा। विभिन्न आयोजन की सुविधा ग्रामीणों को एक स्थान पर मिलेंगी।

सार-संक्षेप

एक घंटा पहले ही विद्यालय में ताला जड़कर चले गए शिक्षक

इटियाथोक, गोंडा, अमृत विचार : सरकार के लाख प्रयास के बावजूद शिक्षा व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही है। अध्यापक अपनी मनमानी से बाज नहीं आ रहे। इसकी एक बानगी इटियाथोक क्षेत्र में देखने को मिली। गोंडा-बलरामपुर सीमा पर स्थित जयप्रभा ग्राम स्थित प्राथमिक विद्यालय में दोपहर दो बजे ताला लग गया। जब अध्यापक से यह पूछने का प्रयास किया गया कि विद्यालय 3 बजे तक है और 2 बजे पर ही क्यों बंद कर दिया गया। तो शिक्षक ने जवाब देने से मना कर दिया। शिक्षा व्यवस्था लाख प्रयास के बावजूद शिक्षा व्यवस्था पटरी पर नहीं आ रही है। शिक्षक मनमानी से बाज नहीं आ रहे हैं। देर से आना और जल्दी जाना यह अध्यापकों की नियत बन गई है। सरकार का प्रयास विफल साबित हो रहा है। इस बारे में खंड शिक्षा अधिकारी इटियाथोक उपेंद्र त्रिपाठी से बात की गयी तो उन्होंने बताया कि विद्यालय 3 :00 बजे तक है। उसके पूर्व विद्यालय बंद है तो उसकी जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

स्कूल में लगा ताला। अमृत विचार

आमंत्रण के बिना जाना उचित नहीं: लक्ष्मी

कथा सुनातीं लक्ष्मी शुक्ला। अमृत विचार

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : जहां सम्मान न हो वहां नहीं जाना चाहिए। बिना बुलाए जाने से सम्मान नहीं मिलता है। उक्त कथा गोंडा-बलरामपुर मार्ग स्थित पंडरी कृपाल गांव के काली माता मंदिर में कथा के दौरान व्यास लक्ष्मी शुक्ला ने कहीं। उन्होंने कहा कि शिव ने देवी सती को बहुत समझाया कि उनके पिताजी के यहां से निमंत्रण नहीं मिला है। ऐसे में जाना उचित नहीं होगा। लेकिन पिता के मोह में पड़कर उन्होंने भगवान शिव की बात नहीं मानी फिर जो परिणाम हुआ वह सारा संसार जानता है। कथा व्यास ने कहा कि जहां सम्मान न हो वहां कदम नहीं रखना चाहिए। हर व्यक्ति को मर्यादा का पालन करना चाहिए। संसार में सुखी वही है जो संयम से रहता है। उन्होंने कहा कि भोलेनाथ अत्यंत सरल हैं। उनकी जो पूजा सरल भाव से करता है उसकी वह सदैव रक्षा करते हैं। संसार में विभिन्न प्रकार के मनुष्य होते हैं लेकिन जिनका चरित्र सही होता है वह हर जगह सम्मान पाते हैं। कथा के दौरान पप्पू लंबरदार नवीन, अंजुल, विमल, लक्ष्मी, ईश्वर शरण, नारायण, शुभम, श्याम ,शिवम, सच्चिदानंद, अखिलेश, आकाश, व काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

एसएससी परीक्षा में फर्जीवाड़ा करने वाले तीन गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ, अमृत विचार : छत्तीसगढ, मध्यप्रदेश एवं असम राज्य में होने वाली एसएससी (जीडी) भर्ती में उप्र के अभ्यर्थियों को पास कराने को फर्जीवाड़ा करने वाले तीन को गिरफ्तार किया गया है। एसटीएफ के हत्थे चढ़े तीनों आरोपी उन राज्यों का फर्जी आधार कार्ड, मूल निवास प्रमाण पत्र, मार्कशीट एवं वोटर आईडी तैयार करते थे। पकड़े गए तरुण, रॉबिन उर्फ रवि, और सचिन बुलन्दशहर के रहने वाले हैं। एसटीएफ ने तीनों को वहीं से पकड़ा है। उनके पास से बड़ी संख्या में आधार कार्ड मूल व छाया प्रति, मूल निवास प्रमाण पत्र, रजिस्ट्रेशन फार्म, मार्कशीट की छाया प्रति, मार्कशीट बनाने का प्रोफार्मा, एसएससी एडमिट कार्ड, वोटर आईडी कार्ड की छाया प्रति और वोटर आईडी कार्ड बनाने का प्रोफार्मा आदि बरामद किया। गया है। एसटीएफ टीम बुलन्दशहर क्षेत्र में प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक करने वाले गैंग के सदस्यों की तलाश में सक्रिय थी। उसी दौरान मिली सूचना पर एसटीएफ ने उन तीनों तो दबोच लिया। पूछताछ में पता चला कि उनका एक गिरोह है, जो विभिन्न राज्यों के फर्जी कागजात जैसे आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, मार्कशीट, वोटर आईडी आदि बनाते है। छत्तीसगढ, मध्यप्रदेश एवं असम में आयोजित होने वाली एसएससी (जीडी) भर्ती में उप्र के युवकों को लाभ पहुंचाने के लिए उन राज्यों का फर्जी दस्तावेज तैयार करते है। क्योंकि, इन राज्यों में उप्र की तुलना में कम अंकों पर मेरिट बनती है, जिससे उन्हें लाभ मिलता है। फर्जी प्रमाण-पत्र बनाने के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी से पांच लाख रुपये लेते रहे हैं। उनमें से 2 लाख रुपये फर्जी दस्तावेज बनाने वाले मनोज व टिंकू को देते रहे हैं। शेष पैसा आपस में बांट लेते है।

क्षेत्र पंचायत में 23 करोड़ से होंगे काम, बैठक में बजट मंजूर

मनकापुर, गोंडा

अमृत विचार : केन्द्र व प्रदेश की डबल इंजन की सरकार महिला सशक्तीकरण पर विशेष बल दे रही है। इसमें सबके सहयोग की जरूरत है। विभिन्न स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को रोजगार भी मुहैया हो रहा है।

उक्त बातें सोमवार को ब्लाक परिसर में आयोजित क्षेत्र पंचायत की बैठक में मुख्य अतिथि मनकापुर कोट प्रबंधक हरीश पांडेय ने कही। अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख जगदेव चौधरी व संचालन विनय कुमार मिश्र उर्फ बब्बू ने किया। क्षेत्र पंचायत की सामान्य बैठक में पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि, निशुल्क बोरिंग योजना, गौ आश्रय केंद्र निर्माण आदि योजनाओं पर चर्चा की गई। क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष जगदेव चौधरी ने विकास कार्यों के लिए सर्व सम्मति से क्षेत्र पंचायत, मनरेगा, राज्य वित्त के लिए लगभग 23 करोड़ रुपए का प्रस्ताव रखा। सभी सदस्यों ने सहमति व्यक्त की। मनरेगा से लगभग 20 करोड़ के प्रस्ताव में 11 करोड़ 57 लाख 85 हजार कच्चे कार्यों में व 07 करोड़ 71 लाख 90 हजार पक्के कार्यों में खर्च किया जाना है। इससे 12 हजार 996 परिवारों को रोजगार उपलब्ध होगा। इसी क्रम में क्षेत्र पंचायत निधि से 03 करोड़ 20 लाख विकास कार्यों के लिए पास किया गया। जिसमें 15वें वित्त से 01 करोड़ 10 लाख व राज्य वित्त से 02 करोड़ 10 लाख रुपए के कार्ययोजना का प्रस्ताव रखा गया। बीडीओ गौरीशा श्रीवास्तव ने बताया कि क्षेत्र पंचायत एक गांव से दूसरे गांव वाले संपर्क मार्ग का कार्य करवाती है। कार्यक्रम में अति उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वयं सहायता समूह की महिला शीला देवी, इंद्रावती, पिंकी सोनकर, शीला मिश्रा व सोभावती को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर बाबूलाल शास्त्री, सांसद प्रतिनिधि राजेश सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख यूपी सिंह, मोल्हू वर्मा, नगर अध्यक्ष दुर्गेश सोनी, जिला पंचायत सदस्य प्रमोद चंचल, जनार्दन वर्मा, राजन पान्डेय, केके सिंह, पप्पू सिंह, अवधेश उपाध्याय, धनपतिधर शुक्ल, एपीओ अमित राव, एडीओ पंचायत राकेश श्रीवास्तव आदि प्रधान, बीडीसी व अन्य लोग मौजूद रहे।

मनकापुर क्षेत्र पंचायत की बैठक को संबोधित करते हरीश पांडेय। अमृत विचार

पीड़ित किसानों को फौरन मुआवजा दे सरकार

अमृत विचार, लखनऊ : कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि भारी वर्षा व ओलावृष्टि से नष्ट हुई फसलों के कारण पीड़ित किसानों को राज्य सरकार फौरन मुआवजा देकर राहत पहुंचाये। क्योंकि नुकसान के चलते कई किसान हताश हैं और आत्महत्या भी कर सकते हैं। प्रदेश अध्यक्ष सोमवार को वर्षा व ओलावृष्टि से नष्ट हुई फसलों का जमीनी जायजा लेने काकोरी ब्लाक के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचे। इस मौके पर उनके साथ प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष शिव पांडेय, मीडिया चेयरमैन पूर्व मंत्री डॉ सीपी राय, प्रदेश महासचिव कौशलेन्द्र यादव, पूर्व विधायक इंदल रावत, प्रवक्ता सचिन रावत, कैप्टन वंशीधर मिश्रा आदि थे।

पुलिस ने 36 घंटे में एनबीडब्ल्यू के 42 वारंटियों को किया गिरफ्तार

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। पिछले 36 घंटे में पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर 42 वारंटियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव को भयमुक्त वातारण में सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए सभी थानाध्यक्षों को अराजक तत्वों के विरुद्ध अभियान चलाकर गिरफ्तारी करने का निर्देश दिया गया है। अभियान के तहत पिछले 36 घंटे में 42 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें थाना कोतवाली नगर पुलिस ने 2, कोतवाली देहात ने 2, थाना इटियाथोक ने 4, थाना खरगूपुर 2, मनकापुर 4, धानेपुर 2, थाना छपिया 5, थाना मोतीगंज, तरबगंज, वजीरगंज व कटरा बाजार ने एक -एक, नवाबगंज पुलिस ने 5, थाना उमरीबेगमगंज पुलिस ने 2, थाना करनैलगंज पुलिस ने 5, थाना परसपुर पुलिस ने 3, थाना व थाना कौड़िया पुलिस ने 2 वारण्टियों को गिरफ्तार किया है।

एएसपी पूर्वी ने सुनी शिकायतें थाना प्रभारियों को दिया निर्देश

सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत ने जनसुनवाई की। उन्होंने विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्या को सुना और संबंधित थाना प्रभारियों को उनके निस्तारण का निर्देश दिया।

हुजूरपुर रेलवे क्रासिंग पर लगा भीषण जाम

करनैलगंज, गोंडा

अमृत विचार : स्थानीय रेलवे स्टेशन पर इन दिनों चल रहे निर्माण कार्य, यूपी बोर्ड परीक्षा व सहालग के चलते करनैलगंज-हुजूरपुर रेलवे क्रासिंग पर लोगों को भीषण जाम का सामना करना पड़ रहा है।

सोमवार को प्लेटफार्म पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग कार्य व पुराने भवन से सिग्नल उपकरण को नए भवन में शिफ्ट कर टेस्टिंग का कार्य चल रहा था। जिससे मेन गेट बंद नहीं हो सका। इमरजेंसी स्लाइडर के द्वारा दोनों तरफ वाहनों को रोका गया। उधर यूपी बोर्ड की परीक्षा देने जाने वाले परीक्षार्थियों की भीड़ लगी थी। जिससे हुजूरपुर रेलवे क्रासिंग गेट संख्या 282ए पर दोनों तरफ करीब चार किलोमीटर लंबा जाम लग गया। जिसमें छोटे बड़े वाहनों समेत एम्बुलेंस भी फंसी रही। जाम को छुड़ाने में स्थानीय व रेलवे पुलिस के पसीने छूट गए। यही स्थिति पूरे दिन बनी रही। समपार फाटक संख्या 282 ए पर फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण के लिए वर्षों से मांग की जा रही है।

करनैलगंज-हुजूरपुर मार्ग स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर लगे जाम में फंसे वाहन। अमृत विचार

जाम को छुड़ाने में पुलिस के छूटे पसीने

आवंटन जारी जिले के 65026 कार्डधारकों को होली पर मिलेगी तीन-तीन किलो चीनी, त्योहार से पूर्व ही की जाएगी वितरित

अंत्योदय कार्ड धारकों की होली की गुझिया होगी मीठी

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार : जिले के गरीबों की होली की गुझिया मीठी होगी। शासन ने अंत्योदय राशन कार्ड धारकों के लिए होली की चीनी का आवंटन जारी कर दिया है। अफसर को निर्देश दिया गया है कि चीनी का वितरण होली त्योहार से पहले हो जाए। विपणन विभाग को खाद्यान्न के साथ-साथ ट्रांसपोर्टर के माध्यम से कोटे की दुकानों तक चीनी हर हाल में पहुंचना है उसके बाद वितरण का कार्य शुरू हो जाएगा।

जिले में करीब 65026 अंत्योदय के राशन कार्ड प्रचलित है यह वह राशन कार्ड धारक हैं जिनके राशन कार्ड पर 35 किलो खाद्यान्न हर माह मिलता है। होली को लेकर सरकार ने इन राशन कार्ड धारकों को चीनी देने का फैसला किया है। सरकार की ओर से प्रत्येक अंत्योदय राशन कार्ड धारक को तीन-तीन किलो चीनी खाद्यान्न के साथ दी जाएगी। पूरे जनपद के राशन कार्ड के आधार पर जनपद का आवंटन जारी किया गया है। प्रत्येक राशन कार्ड धारक को एक-एक किलो चीनी दी जानी होती है। लेकिन इस बार 3 महीने का आवंटन शासन की तरफ से जारी किया गया है। इसलिए राशन कार्ड धारक को 3 किलो चीनी दी जाएगी। जिले के अंत्योदय राशन कार्ड धारकों को चीनी दिए जाने को लेकर आवंटन जारी किया गया है। स्थानीय जनपद को 195.100 मीटरी टन का आवंटन प्राप्त हुआ है। जो गरीबों के बीच वितरित किया जाएगा। आयुक्त खाद्य एवं रसद विभाग की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि चीनी की गुणवत्ता पर विशेष नजर रखी जाए। चीनी गीली ना हो, पीली न हो ऐसी चीनी का ही वितरण कराया जाए जो पूर्ण रूप से खाने के योग्य हो। इसमें लापरवाही किसी तरीके से न की जाए। इसी के साथ ही भी कहा गया है कि समय से कोटे की दुकान तक चीनी पहुंच जाए इस पर विशेष नजर रखी जाए। जब कोटेदार की दुकान तक चीनी का बोरा पहुंचे तो उसकी तौल करायी जाए और पूरी मात्रा में कोटेदार को दी जाए। ताकि जब वितरण हो तो किसी प्रकार की समस्या न हो। शासन के आदेश के क्रम में वितरण से जुड़े अफसरों ने चीनी के वितरण को लेकर कसरत करनी शुरू कर दी है। जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडे ने बताया कि होली पर शासन की ओर से अंत्योदय राशन कार्ड धारकों को चीनी वितरण किए जाने के लिए आदेश प्राप्त हुआ है। जनपद के लिए चीनी का आवंटन जारी कर दिया गया है। वितरण व परिवहन से जुड़े लोगों का आवश्यक दिशा निर्देश दिये जा रहे हैं। अंत्योदय कार्डधारकों को हर हाल में त्योहार से पहले चीनी का वितरण किया जाएगा।



पूर्ति निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र बदले

गोंडा कार्यालय : सार्वजनिक वितरण प्रणाली को प्रभावी बनाने के लिए जिला पूर्ति अधिकारी ने पांच पूर्ति निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। उनको नए क्षेत्र की जिम्मेदारी दी गई है। स्थानांतरित किए गए पूर्ति निरीक्षकों को भ्रमणशील रहते हुए दुकानों के निरीक्षण व कार्रवाई का निर्देश डीएसओ की ओर से दिया गया है। तरबगंज तहसील अंतर्गत तरबगंज ब्लॉक के पूर्ति निरीक्षक हरबंस यादव को जिला मुख्यालय पर तैनाती दी गई है। इनकी शिकायत मिल रही थी कि यह अपने दायित्व के निर्वहन में लापरवाही कर रहे हैं। गैर जनपद से आए रणधीर यादव को वजीरगंज ब्लॉक की जिम्मेदारी मिली है। यहां पर तैनात रहे मनोज कुमार को तरबगंज ब्लाक में तैनाती दी गई है। मनोज तरबगंज के साथ-साथ नवाबगंज ब्लॉक का दायित्व संभालेंगे। सदर तहसील के अंतर्गत पंडरी कृपाल ब्लाक की जिम्मेदारी संभाल रहे बालेश्वर त्रिपाठी की इसी तहसील के झंझरी ब्लॉक की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि झंझरी ब्लॉक में तैनात रहे जुगल किशोर की पंडरी कृपाल जिम्मेदारी संभालेंगे। जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडे ने बताया कि पूर्ति निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया गया। सभी ने नये तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण कर लिया।

कार्यालय ग्राम पंचायत ढुढ़ाव वि0ख0 मुजेहना जिला गोण्डा

पत्रांकः मेमो/निविदा दिनाँक 04/03/2024

अल्पकालीन निविदा

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मुजेहना ब्लाक की ग्राम पंचायत ढुढ़ाव में वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा योजना के तहत वकील के घर से खड़ंजा तक मिटटी व खड़ंजा कार्य कराया जाना प्रस्तावित है। आपूर्ति हेतु इच्छुक भट्ठा मालिक व पंजीकृत फर्मो से निविदा 5 /3/ 2024 से 7 /3/2024 तक आमंत्रित की जाती है। 7.3.2024 को अपराह्न में 3:00 बजे निविदा खोली जाएगी । निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष /प्रधान में निहित होगा ।जिसके लिए कोई कारण संसूचित नहीं किया जाएगा।

खतूना ग्राम प्रधान — **दीपनरायन पांडेय** सचिव

ग्राम पंचायत ढुढ़ाव वि0ख0 मुजेहना जिला गोण्डा

कार्यालय ग्राम पंचायत साबरपुर विकास खण्ड छपिया गोंडा

पत्रांकः मेमो/निविदा दिनाँक 04/03/2024

अल्पकालीन निविदा

ग्राम पंचायत साबरपुर विकास खण्ड छपिया जिला गोण्डा वित्तीय वर्ष 2023-24 में केंद्रीय वित्त/ मनरेगा/ पंचम वित्त/राज्य वित्त योजनान्तर्गत मस्जिद (मदनपुर) से मुख्य मार्ग तक नाली एवं ढक्कन निर्माण कार्य में ईट,सीमेंट,मोरंग,बालू,गिट्टी,मिट्टी,सरिया आदि सामग्री उपरोक्त कार्य हेतु रजिस्टर फर्मो द्वारा सामग्री हेतु निविदा प्रकाशन के तीन दिन के भीतर आमंत्रित की जाती है।निविदा संबंधित समस्त अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित है।

विवेक कुमार ग्राम प्रधान — **अमित मिश्रा** ग्राम पंचायत अधिकारी

ग्राम पंचायत साबरपुर विकास खण्ड छपिया गोंडा

एक नजर

एसडीएम महसी बने अखिलेश

बहराइच : जिलाधिकारी ने तीन पीसीएस अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। शासन से आए अखिलेश कुमार एसडीएम महसी बनाया गया है। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने महसी के एसडीएम राकेश कुमार मौर्य को हटाते हुए उन्हें उप जिलाधिकारी न्यायाधीश तहसील सदर का कार्यभार दिया है। जबकि शासन से आए अखिलेश कुमार सिंह को एसडीएम महसी बनाया गया है।

जिला स्तरीय शान्ति समिति की बैठक कल

बहराइच : अपर जिला मजिस्ट्रेट गौरव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि जनपद में आसन्न त्यौहारों महाशिवरात्रि, होलिका दहन, होली एवं ईद त्यौहारों को केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार शान्तिपूर्ण ढंग से सौहार्दपूर्ण वातावरण में सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से 06 मार्च को अपरान्ह चार बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिला मजिस्ट्रेट मोनिका रानी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शान्ति कमेटी की बैठक आयोजित की गयी है।

पर्वतारोही ने डीएफओ से की मुलाकात

बहराइच : 11 देश में 4 .40 लाख किलोमीटर की पैदल यात्रा और प्रदेश के 62 जिलों में भ्रमण करने वाले गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित पर्वतारोही जितेन प्रताप एवं महेंद्र प्रताप से सोमवार को प्रभागीय वन अधिकारी बी शंकर ने मुलाकात की। मुलाकात के दौरान वन्य जीवों के संरक्षण तेज गति में वाहन न चलाने समेत अन्य की जानकारी साझा की।

दहेज हत्या में गिरफ्तार

रिसिया, बहराइच : रिसिया थाने में दर्ज दहेज उत्पीड़न के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक पीके सिंह ने बताया कि उप टीएन मौर्य की टीम ने साहबान उर्फ अली अब्दुल लजीज उर्फ लजीज निवासी ग्राम अलीनगर खुर्द थाना नवाबगंज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

डीएम का निरीक्षण

बहराइच : जिले में सोमवार को भी हाई स्कूल और इंटरमीडिएट यूपी बोर्ड की परीक्षाएं हुई। जिला मुख्यालय स्थित परीक्षा कमांड सेंटर का जिलाधिकारी मोनिका रानी ने निरीक्षण कर जांच की।

क्या बृजभूषण होंगे कैसरगंज के आभूषण या कोई और

राजू जायसवाल/दिलीप पांडेय
बहराइच/पयागपुर

शहर में लोक सभा चुनाव को लेकर चर्चा करते लोग। अमृत विचार

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी हाई कमान की ओर से प्रदेश के 51 लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा कर दी गई है। लेकिन बहराइच जनपद के दो लोकसभा सीटों पर अभी तक प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की गई है। इसको लेकर वर्तमान सांसदों के समर्थकों में चर्चाओं का बाजार गर्म है। भाजपा की ओर से होल्ड किए गए सीट को लेकर तरह तरह के कयास लोग लगा रहे हैं। हालांकि कैसरगंज लोकसभा के भूषण पुनः बृजभूषण होंगे या नहीं यह तो समय ही बताएगा।

देश के साथ प्रदेश में लोक सभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने में कुछ समय ही बचा है। लेकिन जिला प्रशासन पूरी तैयारी में लगा हुआ है। भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रत्याशियों की पहली सूची जारी होते ही चुनावी सरगर्मी काफी तेज़ हो गयी है। उत्तर प्रदेश की घोषित 51 सीटों में लोकसभा कैसरगंज की सीट को होल्ड रखना लोगों में चर्चा का केंद्र विंदु बना हुआ है। महिला पहलवानों के मुद्दों के साथ ही बड़बोलेपन तथा पार्टी के कद्दावर नेता से संबंधों में चल रही खटास को लेकर जहा इस सीट से प्रत्याशी बदले जाने को लेकर चर्चायें तेज थी वहीं शनिवार को जारी हुयी सूची में प्रत्याशी के नाम की घोषणा न होने से कयासों को बल मिलता नजर आया। अधिकतर लोगों का कहना है कि ये बदलाव के स्पष्ट संकेत है, वहीं राजनीतिक पंडितों की मानें तो उनका कहना है कि पार्टी उन्हें नजरअंदाज नही कर सकती। क्योंकि मण्डल की राजनीति में उनका एक वर्चस्व है जो मौजूदा हालात में पार्टी के लिए काफी मायने रखता है। लिहाजा पार्टी मिशन 400पार के आंकड़े को लांघने के लिए जोखिम भरा कदम उठाने की दशा में नजर नही आ रही है जो घोषित प्रत्याशियों के नामों से स्पष्ट है। लम्बे अंतराल से राजनीतिक अनुभव रखने वाले लोगों का यह भी मानना है कि पार्टी युवावों को विशेष तरजीह दे रही है लिहाजा परिवार के युवा चेहरे पर अपनी मुहर लगाकर विपक्षियों के व्यंग बाणों से बचते हुए एक तीर से कई निशाने साध सकती है। ऐसे में चल रहे कयासों पर गौर करें तो भूषण कैसरगंज का आभूषण हों सकते है पर मोदीं है तो सब मुमकिन है।

बेटे को टिकट मिलने की चर्चा

बृजभूषण शरण सिंह को अभी तक कैसरगंज का प्रत्याशी नहीं बनाया गया है। ऐसे में कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र के लोग उनके पुत्र करणवीर सिंह और गोंडा के विधायक प्रतीक भूषण सिंह को टिकट मिलने के कयास लग रहे हैं। इतना ही नहीं एक अंजाम चेहरे का भी नाम चल रहा है, लेकिन वह भी सांसद के काफी करीब है।

आसपास के सीट पर घोषित हुए प्रत्याशी

भाजपा हाई कमान की ओर से बहराइच जनपद से सटे श्रावस्ती लोकसभा गोंडा बाराबंकी और लखीमपुर खीरी जनपद में प्रत्याशियों को टिकट दिया गया है जबकि बहराइच के दोनों सेट हॉल रखने से तरह-तरह की चर्चाएं हो रही मालूम होगी बहराइच लोकसभा सीट से वर्तमान सांसद अक्षयवर गौड़ को भी अभी टिकट नहीं मिला है।

एसएसबी की ओर से दिया जा रहा मोबाइल रिपेयरिंग प्रशिक्षण

कार्यक्रम को संबोधित करते अधिकारी।

मोतीपुर, बहराइच, अमृत विचार : सीमावर्ती गांव के ग्रामीणों को आर्थिक विकास में मजबूती प्रदान करने व युवाओं को रोजगार का मौका देने के लिए भारत-नेपाल सीमा की सुरक्षा को लेकर तैनात एसएसबी की ओर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके तहत उन्हें मुर्गी के चूजों का वितरण व मोबाइल रिपेयरिंग प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सशस्त्र सीमा बल 70वीं वाहिनी लखीमपुर खीरी द्वितीय के कमांडेंट अतुल कारकी के दिशानिर्देश पर सोमवार को सिंचाई कालोनी में गिरिजापुरी में स्थित एसएसबी कैम्प प्रांगण में उप कमांडेंट मेघनाथ राउत के नेतृत्व में नागरिक कल्याण कार्यक्रम के बैनर तले मुर्गी पालन व मोबाइल रिपेयरिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें थाना सुजौली क्षेत्र के सीमावर्ती गांव आम्बा, बर्दिया, विशुनापुर, फकीरपुरी, रमपुरवा, भरथापुर, मटेही आदि गांव के 60 ग्रामीणों को आर्थिक विकास व शहर की तरफ पलायन को रोकने के उद्देश्य से मुर्गी के 500 चूजे विरतण किए गए। कार्यक्रम के अंतर्गत अलग-अलग गांवों के 35 युवाओं का मोबाइल रिपेयरिंग प्रशिक्षण का सोमवार से शुरु किया गया। उप कमांडेंट मेघनाथ राउत ने बताया कि ग्रामीणों के आर्थिक विकास और युवाओं को रोजगार का मौका प्रदान करने के मद्देनजर कार्यक्रम आयोजित हुआ है।कार्यक्रम में डॉ. अरविंद कुमार, कृषि विज्ञान केंद्र मंझरा फार्म इंस्पेक्टर पुरषोत्तम लाल आदि मौजूद रहे।

कुडवा में अग्निशमन केंद्र निर्माण के लिए आया बजट

13.2 करोड़ की लागत से बनेगा अग्निशमन केंद्र

संवाददाता, बहराइच


जिले में स्थित अग्निशमन केंद्र।

अमृत विचार : विकास खंड मिहिपुरवा के ग्राम पंचायत कुड़वा में अग्निशमन केंद्र बनेगा। इसके लिए सरकार ने 38 करोड़ रूपये बजट जारी कर दिया है। अग्निशमन केंद्र बनने से मोतीपुर तहसील क्षेत्र के 110 गांवों को लाभ मिलेगा।

मोतीपुर तहसील क्षेत्र जंगल से सटा हुआ है यहां पर दमकल के वाहन नहीं है न ही कार्यालय है। जबकि इस क्षेत्र में प्रतिवर्ष गर्मी के मौसम में भीषण अग्निकांड की घटनाएं होती हैं। जिसमें ग्रामीणों को काफी नुकसान उठाना पड़ता है। सरकार के प्रत्येक तहसील मुख्यालय पर समान केंद्र खोले जाने की योजना का लाभ मिला है। मोतीपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुड़वा में के निर्माण के लिए सरकार की ओर से 13 करोड़ दो लाख 98 हजार रूपये का बजट जारी किया गया है। प्रभारी जिला अग्निशमन अधिकारी गेंदालाल ने बताया कि ग्राम पंचायत में जमीन पहले ही चिन्हित कर ली गई थी जिसका मुख्यमंत्री की ओर से वर्चुअल उद्घाटन भी कर दिया गया है। निर्माण के लिए बजट भी जारी कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि कुडवा ग्राम पंचायत में अग्निशमन केंद्र बनने से क्षेत्र के लोगों को काफी लाभ मिलेगा। आग की घटनाएं होने पर अब नानपारा या जिला मुख्यालय पर सूचना नहीं देनी पड़ेगी। तहसील मुख्यालय मोतीपुर में है सूचना मिलते ही दमकल कर्मी मौके पर पहुंच जाएंगे। प्रभारी अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि निर्माण कार्य को शासन की ओर से उत्तर प्रदेश जल निगम के कार्य दही संस्था सीएनडीएस को सौंप गई है। जल्द ही निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

110 गांव के लोग होंगे लाभान्वित

कुड़वा ग्राम पंचायत में अग्निशमन केंद्र की स्थापना होने से विकासखंड के 90 ग्राम पंचायत के अलावा नजदीक में बसे नानपारा तहसील और लखीमपुर जनपद के नजदीकी गांव को भी लाभ मिलेगा। आग लगने की घटनाओं पर दमकल कर्मी मौके पर पहुंच जायेंगे। जिससे अधिक नुकसान होने से रोका जा सकेगा।

निलंबित कार्यवाहक प्रधानाचार्य और पटल सहायक पर केस दर्ज

बहराइच, अमृत विचार : शहर में स्थित वैद्य भगवानदीन मिश्र गांधी इंटर कॉलेज के पूर्व निलंबित कार्यवाहक प्रधानाचार्य और पटल सहायक के विरुद्ध केस दर्ज हुआ है। दरगाह थाना क्षेत्र में वैद्य भगवानदीन मिश्र इंटर कालेज का संचालन होता है। इस कालेज में काफी समय से प्रबंध समिति का विवाद चल रहा है। इंटर कालेज के प्रबंधक प्रफुल्ल चंद्र मिश्रा ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट पर वाद दायर किया था। जिसमें निलंबित कार्यवाहक प्रधानाचार्य जगदीश कुमार और पटल सहायक विद्या प्रकाश विद्या के विरुद्ध वाद दायर कर केस दर्ज करने की मांग की थी। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शिवेंद्र कुमार मिश्रा ने दोनों पर केस दर्ज करने का निर्देश दिए। कोर्ट के निर्देश पर दरगाह पुलिस ने निलंबित कार्यवाहक प्रधानाचार्य और पटल सहायक के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ओलावृष्टि से हुए नुकसान की करें जांच

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार : जिलाधिकारी मोनिका रानी ने सभी एसडीएम, तहसीलदार को ओलावृष्टि एवं वर्षा से हुई फसल क्षति के आंकलन निर्देश दिए हैं। वहीं नुकसान का कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारी भी क्षतिग्रस्त फसल का सर्वे कर रहे हैं।

जिले के दो मार्च की रात्रि से हो रही भारी वर्षा एवं ओलावृष्टि से फसलों को हुवे नुकसान का आंकलन करने के लिए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने जिले के सभी उपजिलाधिकारी, तहसीलदारों को सख्त हिदायत दी है कि 24 घंटे के अन्दर फसलों को हुई क्षति का आंकलन कर प्रभावित कृषकों को उनकी नष्ट फसल का मुआवजा दिलाने का प्रयास सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी उपजिलाधिकारी अपने अधीनस्थ राजस्व लेखपालों को फसलों की क्षति का सर्वे करते हुए रिपोर्ट जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पाण्डेय को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने वर्षा आपदा से प्रभावित सभी किसानों को अपने फसलों की हुई क्षति की शिकायत फसल बीमा कंपनी के टोल फ्री नंबर 14447 पर करने के निर्देश दिए गए हैं जिससे उनकी फसलों का सर्वे फसल बीमा कंपनी द्वारा करते हुवे सहायता राशि उपलब्ध करने की कार्यवाही कर सकें। उप निदेशक कृषि टीपी शाही ने भी जिले के कृषि विभाग के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर फसल क्षति का आंकलन करने का निर्देश दिया गया है। कोई भी किसान फसल बीमा के टोल फी नंबर 14447 पर/कृषि विभाग के कार्यलयों में, एवं फसल बीमा कंपनी के तहसील स्तरीय कार्यालयों में अपनी शिकायत 72 घंटे के भीतर दर्ज करा सकते हैं।

फसल बीमा कंपनी का मुख्य कार्यालय झिन्गहा बाईपास रोड मोनिशा काम्प्लेक्स में भी अपनी शिकायते दर्ज करा सकते हैं। डीएम ने जिले के सभी किसान बंधुओं से कहा है कि वे अपने नजदीकी राजस्व लेखपालों, कृषि विभाग एवं फसल बीमा कंपनी के कर्मचारियों एवं कार्यालयों में तथा टोल फ्री नंबरों पर अविलम्ब शिकायते दर्ज करा दें जिससे उन्हें क्षतिपूर्ति दिलाई जा सकें।

डिजिटलाइजेशन के विरोध में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने सौंपा ज्ञापन

नानपारा, बहराइच, अमृत विचार : राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ टीम बलहा ने ब्लॉक अध्यक्ष डी डी पटेल वा महामंत्री जितेंद्र पाठक के नेतृत्व में परिषदीय विद्यालयों में पंजिकाओं के डिजिटिलाइजेशन के विरोध में खंड शिक्षा अधिकारी बलहा मती विभा सचान को दिया। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रदेश नेतृत्व के द्वारा पूर्व में वर्षों से लंबित 22 सूत्रीय शिक्षक समस्याओं के निराकरण हेतु मांग पत्र कई बार सभी विभागीय वरिष्ठ अधिकारियों एवं विद्यालय की पंजिकाओं के डिजिटाइजेशन करने में आ रही व्यवहारिक समस्याओं के समाधान के लिए महानिदेशक, सचिव बेसिक शिक्षा परिषद तथा अन्य वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों को मांग पत्र दिया गया, लेकिन अद्यतन शिक्षकों की किसी भी समस्या का समाधान विभाग के द्वारा नहीं किया गया है एवं इस संबंध में विभागीय उदासीनता स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है। जब तक सभी 22 सूत्रीय मांग पत्र जो शिक्षक समस्याओं के समाधान का प्रदेश नेतृत्व द्वारा पूर्व में दिया गया है उसका समाधान नहीं हो जाता है तथा पंजिकाओं के डिजिटलाइजेशन में आ रही सभी समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता तब तक कोई भी शिक्षक, शिक्षिका डिजिटलाइजेशन करने के बिल्कुल भी पक्ष में नहीं है, शिक्षक समस्याओं का समाधान विभाग द्वारा ना किए जाने से सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं में व्यापक स्तर पर रोष व्याप्त है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा 22 फरवरी को पत्र जारी करके पंजिकाओं के डिजिटलाजेशन न किए जाने की स्थिति में शिक्षकों कर्मचारियों का वेतन बाधित किए जाने का आदेश निर्गत किया गया है, यह पूर्णतया अव्यवहारिक एवं गलत है, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, बहराइच उक्त आदेश का कड़ा विरोध करता है। ज्ञापन कार्यक्रम में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बलहा सभी पदाधिकारी डी डी पटेल अध्यक्ष, कुलदीप वर्मा बरिष्ठ उपाध्यक्ष, जितेंद्र पाठक महामंत्री, अमित पांडे संगठन मंत्री, अवनीश त्रिपाठी कोषाध्यक्ष सहित पूरी कार्यसमिति के पदाधिकारी और सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।

आठ दिवसीय शैक्षिक भ्रमण दल को विधायक ने दिखाई हरी झंडी


दल को रवाना करतीं विधायक।

बाबागंज, बहराइच, अमृत विचार : सीमावर्ती विकास खण्ड नवाबगंज के निकट अगैया स्थित एसएसबी वाहिनी द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत कैलाश चन्द रमोला कमांडेंट 59वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल नानपारा के नेतृत्व में 8 दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण नानपारा से लखनऊ एवं दिल्ली तक होगा। मुख्य अतिथि सरोज सोनकर विधायक बलहा ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। 59वीं वाहिनी द्वारा आयोजित शैक्षणिक भ्रमण में वाहिनी के कार्यक्षेत्र अंतर्गत गांव बलाईगांव, अचकवा, पुरैना रघुनाथपुर, विश्रामांव, भरहा, भादा, कसौंजी एवं सर्राकल के 20 छात्र एवं छात्राओं को राज्य की राजधानी लखनऊ एवं दिल्ली के विभिन्न सास्कृतिक एवं ऐतिहासिक स्थानों का भ्रमण कराया जायेगा। कार्यक्रम को सबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने एसएसबी द्वारा सीमावर्ती क्षेत्रों में चलाये जा रहे सामाजिक व जन कल्याण कार्यों की प्रसंशा कर उन्हें सराहनीय कार्य बताया कैलाश चन्द रमोला कमांडेंट, 59वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के बताया कि एसएसबी का मुख्य उद्देश्य सेवा सुरक्षा और बन्धुत्व है जिससे सीमावर्ती गावों के ग्रामीण युवा व्यवसाय कर स्वरोजगार से जुड़ सकेंगे। इस दौरान कैलाश चन्द रमोला कमांडेंट, 59वीं वाहिनी, शक्ति सिंह ठाकुर द्वितीय कमान अधिकारी 59वीं वाहिनी एवं विशिष्ट अतिथि संजय कुमार उप जिलाधिकारी, मिहीपुरवा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुरू किया।

सार-संक्षेप

कम मतदान प्रतिशत वाले स्थानों पर जागरूक होंगे ग्रामीण


जागरूकता वाहन को रवाना करते एसडीएम।

कैसरगंज, बहराइच, अमृत विचार : मतदाता जागरूकता वैन को उप जिलाधिकारी पंकज दीक्षित कैसरगंज ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह मतदाता जागरूकता रथ कैसरगंज के गोडहिया तथा फखरपुर में जाकर मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य करेगी और मतदान से होने वाले लाभ बताएगी। उप जिलाधिकारी पंकज दीक्षित ने बताया की मतदाता जागरूकता वैन कैसरगंज के गोडहिया और फखरपुर में जाएगी। इसका विशेषकर मुख्य उद्देश्य यह है कि जिन गांवों में मतदान प्रतिशत कम है, वहां जाकर मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य करेगी। जिससे मतदाता अपनी मनपसंद सरकार चुन सकें तथा देश निर्माण मे भागी बन सकें। उपज़िलाधिकारी ने बताया की आगामी लोकसभा चुनाव के मद्दे नज़र मतदाता भारी संख्या में मतदान करें जिससे अपने नए भारत का निर्माण कर सकें। इस अवसर पर तहसीलदार अजय कुमार यादव, नायब तहसीलदार ब्राह्म यादव आदि तहसील के कर्मचारी मौजूद रहे।

हौसलें हो बुलंद तो अड़चने मुकाम को रोक नही सकती...

परीक्षा देने जाती छात्रा।

कैसरगंज, बहराइच, अमृत विचार : मन में दृढ़ इच्छा शक्ति के बल पर यदि कुछ कर गुजरने का जज्बा हो तो उसकी प्रगति में अड़चने बाधा नहीं बन सकती। अड़चने चाहे कैसी भी हो, लेकिन हौसलें की ताकत सबको पछाड़ देती है। ऐसे ही विकासखंड जरवल के ग्राम पंचायत प्यारेपुर हाईस्कूल की छात्रा महक पुत्री इरफान में देखने को मिली। जिले के जरवल विकास खंड के ग्राम पंचायत प्यारेपुर निवासी छात्रा मौलवी अयाज अहमद खान इंटर कॉलेज बखौरा माफी बहराइच में पढ़ती है। जिसकी परीक्षा सरदार पटेल इंटर कॉलेज कैसरगंज में चल रही है। परीक्षा से तीन दिन पहले सीढ़ी से गिर कर छात्रा के रीढ़ की हड्डी टूट जानें से उसका बहराइच के चंद्रा हॉस्पिटल में सफल ऑपरेशन हुआ। आपरेशन के बाद डॉक्टर ने आराम करने की सलाह दी, लेकिन छात्रा महक के बुलंद हौसले ने अपनी माता रिहाना से परीक्षा में सम्मिलित होने दृढ़ इच्छा शक्ति जाहिर की। जिससे उनकी माता भी बेटी के दृढ़ इच्छा शक्ति के आगे बेबस होकर अपने साथ परीक्षा कक्ष तक पहुंचाने का निर्णय लिया। सोमवार को परीक्षा कक्ष के बाहर पहुंचते ही विद्यालय के प्रशासक पवन सिंह ने बेटी को सहारा देकर उसके कक्ष तक पहुंचाने का कार्य किया और कहा ऐसे लोग ही बुलंद इरादों से मुकाम तक पहुंचने की उड़ान भरते हैं। छात्रा ने किसी तरह परीक्षा दी।

पत्नी वियोग में पति ने दी जान

बाबागंज, बहराइच, अमृत विचार : जिले के सोरहिया गांव निवासी एक युवक ने पत्नी के वियोग में फंदा लगाकर जान दे दी। परिवार की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रुपईडीहा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सोरहिया निवासी राजकुमार (45) पुत्र शांति प्रसाद अपने बच्चों के साथ घर पर रहता था। परिवार के मुताबिक एक माह पूर्व उसकी पत्नी बच्चों और पति को छोड़कर प्रेमी संग फरार हो गई थी। इससे पति काफी परेशान रहता था उसने कई बार संपर्क साध कर पत्नी को अपने पास बुलाने का प्रयास किया, लेकिन पत्नी नहीं आई। इससे आहत युवक ने पत्नी के वियोग में घर के छत से निकले कुंडा में रस्सी के सहारे फंदा लगाकर जान दे दी। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। युवक ने परिवार में पत्नी के कदम से परेशान होकर आत्महत्या की है। मृतक युवक की बहन सुशीला देवी ने बताया कि इससे पहले भी महिला कई बार अपने प्रेमी संग जा चुकी है। लेकिन भाई पुन: घर रख लेता था। लेकिन रात में फोन से बात के बाद उसने आत्महत्या कर ली।

विकसित भारत के लिए लोग दें सुझाव: आलोक


क्षेत्र के लोगों से सुझाव मांगते विधायक प्रतिनिधि।

मिहीपुरवा, बहराइच, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी लगातार मेहनत कर रही है। बलहा विधायक सरोज सोनकर के प्रतिनिधि आलोक जिंदल ने ममता रानी इंटर कॉलेज में एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान आम लोगों से विकसित भारत बनाने के लिए सुझाव मांगे। विधायक प्रतिनिधि आलोक जिंदल ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि केंद्र की मोदी व प्रदेश की योगी सरकार ने देश के आम जन के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चलाई है जिसका लाभ आमजन को मिला है। तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार केंद्र में आने वाली है। आम जन से सुझाव मांगे जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश में 80 की 80 सीटों को जीतने जा रही है। जिसमें बहराइच और कैसरगंज लोकसभा भी शामिल है। कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्र से आए हुए सुझाव में सड़क बिजली चीनी मील, शिक्षण संस्थान तथा जंगल के आसपास मानव वन्य जीव संघर्ष रोकने के बारे में सुझाव प्राप्त हुए जिसे विधायक प्रतिनिधि आलोक जिंदल ने पत्र पेटिका में डलवाए। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता वीर चंद्र वर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश पोरवाल, मंडल अध्यक्ष मोतीलाल निषाद, भाजपा कार्यकर्ता रामा दल मौर्य, नीरज श्रीवास्तव, निक्की जिंदल, रामनरेश पासवान, निलेश मिश्रा, धनीराम लोधी सहित काफी संख्या में मीडिया कर्मी उपस्थित रहे।

युवाओं के कंधे पर देश का भविष्य है सुरक्षित

संवाददाता, बहराइच

युवा सांसद कार्यक्रम को संबोधित करतीं जिला पंचायत अध्यक्ष। अमृत विचार

अमृत विचार : नेहरू युवा केंद्र बहराइच के तत्वाधान में जिला स्तरीय पड़ोसी युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन श्री मानस इंटर कॉलेज बिशनपुर राहु में किया गया। कार्यक्रम में जनपद के सभी विकास खंडों के युवकों युतियों ने प्रतिभा किया।

मुख्य अतिथि मंजू सिंह अध्यक्ष जिला पंचायत ने दीप प्रज्ज्वलंन कर स्वामी विवेकानंद जी वह मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में पाठ्यक्रम अनुसार संदर्भ व्यक्ति आदर्श मिश्रा कार्यक्रम प्रबंधक सवेरा परियोजना द्वारा भारत पोर्टल पर पंजीकरण व उसके लाभ के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उमेश चंद्र मिश्र ने विकसित भारत मन की बात मोटे अनाज पर जानकारी दिया। प्रोफेसर डॉक्टर तनसीम फातिमा जैदी व सविता वर्मा सहायक प्रोफेसर किसान पीजी कॉलेज ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और महिला सशक्तिकरण पर जानकारी दिया। वन स्टॉप सेंटर रचना कटियार ने कहा कि कहीं भी कोई दिक्कत है तो महिलाएं सरकार के टोल फ्री नम्बर पर फोन कर सहायता ले सकते हैं।पंकज सिंह क्रीड़ा अधिकारी किसान पीजी कॉलेज ने खेलकूद के महत्व पर जानकारी दिया कार्यक्रम में पाठ्यक्रम अनुसार स्थानीय मुद्दे पर युवाओं द्वारा दो दलीय सांसद परिकल्पित वाद विवाद पर सामूहिक चर्चा किया। मुख्य अतिथि अध्यक्ष ने विकसित भारत 2047 महिला सशक्तिकरण गरीब कल्याण योजना के बारे में जानकारी दी। कहा कि देश का भविष्य युवाओं के कंधे पर उज्ज्वल है। केंद्र की जिला युवा अधिकारी रोशनी पटवा ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। इसके बाद धन्यवाद ज्ञात किया। मानस इंटर कॉलेज के प्रचार जगदंबा प्रसाद मिश्र ने शिक्षा के महत्व पर जानकारी साझा की। युवा महिला मंडल के युवा यूतियों के द्वारा स्वागत गीत व लोक नृत्य प्रस्तुत किया गया। समस्त राष्ट्रीय स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम देश में कहीं भी टीका लगवाने की होगी सुविधा, प्रदेश के सभी जिलों में टीकाकरण की होगी ऑनलाइन एंट्री

गर्भवती व नौनिहालों के टीके का हिसाब रखेगा यू-विन पोर्टल

संवाददाता, बहराइच


स्वास्थ्य योजना की जानकारी देते अधिकारी। अमृत विचार

अमृत विचार : जल्द ही आपके मोबाइल पर आपके बच्चे का नाम और उसे कौन सा टीका कब लगवाना है का मैसेज आए तो चौंकिएगा नहीं बल्कि सही समय से नजदीकी टीकाकरण केंद्र पर टीका लगवा लेना। यह उसके सुरक्षित जीवन के लिए महत्वपूर्ण कदम होगा और उसे संक्रामक बीमारियों से बचाने में मदद करेगा। इसके लिए जल्द ही यू -विन पोर्टल का शुरूआत प्रधानमंत्री के द्वारा की जाएगा।

यह बातें सीएमओ सभागार में यू -विन पोर्टल प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. एसके सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि टीकाकरण कार्यक्रम में शत प्रतिशत लाभार्थी अनुसार सूचना व देय टीकों की रियल टाइम की स्थिति प्राप्त करने के उद्देश्य से जल्द ही यू – विन पोर्टल का शुभारंभ किया जाएगा। इस पोर्टल में पाँच वर्ष तक के बच्चों व गर्भवती के टीके का ऑनलाइन ब्योरा दर्ज किया जाएगा। इस पहल से अभिभावकों को जानकारी रहेगी कि उनके बच्चे को कौन सा टीका कब लगना है। साथ ही उन्हें टीकाकरण केन्द्रों की जानकारी व ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा भी मिलेगी। इसके अलावा यू -विन पोर्टल पर पंजीकरण के बाद बच्चों व गर्भवती को देश में कहीं भी टीका लगवाने की सुविधा प्राप्त हो जाएगी जिसका वह डिजिटल प्रमाण पत्र भी प्राप्त कर सकेंगे। इसके अलावा सभी सूचनाएँ ऑनलाइन होने के कारण कार्यक्रम की समीक्षा करने में सुविधा होगी। इस दौरान सभी प्रशिक्षकों को यू -विन पोर्टल पर एंट्री करने की बारीकियाँ सिखाई गयी जिसे वह ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करेंगे। इस मौके पर चित्तौरा सीएचसी अधीक्षक डॉ. प्रताप गौतम, यूनिसेफ़ के मंडलीय प्रबन्धक साकेत शुक्ला, यूएनडीपी के वीसीसीएम राजकुमार सहित बीपीएम व बीसीपीएम उपस्थित रहे।

इन बीमारियों से मिलेगी सुरक्षा

सर्विलान्स मेडिकल ऑफिसर डब्ल्यूएचओ विपिन लिखोरे ने बताया कि टीकाकरण 13 प्रकार की बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करता है। इनमें टीबी, पोलियो, हेपेटाइटिस बी. डिप्थीरिया, टिटनेस, मीजल्स, परट्यूसिस (काली खांसी), रूबेला, निमोनिया, वायरल डायरिया, जेई , हेपेटाइटिस टाईप बी और रोटा शामिल हैं। यह टीके शिशु जन्म के साथ ही पांच वर्ष की आयु तक बच्चों को समय-समय पर 7 बार टीके लगाये जाते हैं। इसके अलावा गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान चार सप्ताह के अन्तराल पर टीडी के दो टीके लगाये जाते हैं।

शिव जयंती पर निकलेगी शोभा यात्रा

जरवलरोड, बहराइच : प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में शिव जयन्ती के अवसर पर राजयोग प्रशिक्षण केन्द्र जरवलरोड के द्वारा भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया है। जानकारी देते हुए राजयोग प्रशिक्षण केंद्र जरवलरोड की प्रशिक्षक बहन ब्रह्माकुमारी योगिनी ने बताया कि शिवबाबा की 88 वीं जयन्ती के उपलक्ष पर ईश्वरीय प्रयोजन हेतु 05 मार्च को समय 10 बजे विशाल एवं दिव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में सेवा केन्द्र निदेशिका ब्रह्माकुमारीज राजयोगिनी बीके सुनीता एवं मुख्य अतिथि सांसद कैसरगंज बृजभूषण शरण सिंह को आमंत्रित किया गया है। शोभायात्रा का उद्घाटन जरवलरोड केन्द्र पर शिवध्वज रोहण के साथ किया जायेगा। शोभायात्रा के दौरान शिव-शंकर एवं श्री लक्ष्मी नारायण, श्री राम सीता की चैतन्य झांकी निकाली जाएगी।

कार्यालय नगर पंचायत रूपईडीहा – बहराइच

पत्रांकः 70 /न0पं0रू0 /स्व0भा0मि0 / ई-टेण्डरिंग / 2024 दिनांकः 4-3-24

ई-टेण्डिरिंग निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर रूपईडीहा जनपद बहराइच स्वच्छ भारत मिशन योजना के अन्तर्गत स्वीकृत एक कार्य दिनांक 11.03.2024 तक ई-टेण्डिरिंग के माध्यम से दिनांक 04.03.2024 को प्रातः 11:00 बजे से दिनांक 11.03.2024 तक ई-टेण्डिरिंग पोर्टल HTTP//etender.up.nic.in पर उपलब्ध है उपरोक्त समस्त फर्मे उपरोक्त तिथि से ही ई-टेण्डिरिंग के माध्यम से पोर्टल HTTP//etender.up.nic.in पर डाउनलोड करके अपलोड कर सकते है। जिसकी हार्ड कापी दिनांक 11.03.2024 को समय 3.00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत रूपईडीहा में हार्ड कापी जमा करना होगा जो कि दिनांक 11.03.2024 को सायं काल 4.00 बजे अधिशासी अधिकारी / अध्यक्ष नगर पंचायत रूपईडीहा के समक्ष खोली जायेगी।

रंग बहादुर सिंह
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत
रूपईडीहा, बहराइच

डा0उमा शंकर वैश्य
अध्यक्ष
नगर पंचायत
रूपईडीहा, बहराइच

घी और तेल के दीयों से रोशन हुआ दरगाह का आस्ताना

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार : शहर में स्थित सूफी बुजुर्ग हजरत सैय्यद सालार मसूद ग़ाज़ी के 1040 वें योम ए विलादत कार्यक्रम को दरगाह शरीफ में धूमधाम के साथ मनाया गया। देर रात्रि तक आशिकाने ग़ाज़ी जूलूस गागर चादर के साथ साहिबे आस्ताना की मज़ार पर पहुंच कर अपनी अकीदत का नज़राना पेश करते रहे। घी,तेल के दीपों और आतिशबाजी की रोशनी से नहाय आस्ताना पर दीवाली जैसा मन्जर था कहीं लंगर चल रहा था तो कहीं मिठाई और कहीं केक बांट कर जायरीन अपनी खुशियों का इज़हार कर रहे थे वहीं अंदुरुनी किले में बड़ी संख्या में मौजूद महिलाएं ,पुरुष और लड़कियां कुरआन ए करीम की तिलावत, तस्बीह,कलमा वगैरा पढ़कर साहिबे मज़ार के लिये इसाले शवाब कर रहे थे।

दरगाह में दीया जलाते जायरीन। अमृत विचार

दरगाह में चादर पोशी करते लोग। अमृत विचार

दरगाह शरीफ में मौसम की खराबी के बावजूद ग़ाज़ी मियां के चाहने वाले बारिश और ओले की परवाह ना करते हुवे दोपहर से ही दरगाह परिसर में जमा होना शुरू हो गये थे जैसे ही थोड़ा मौसम साफ हुआ आशिकान ए ग़ाज़ी के जत्थे के जत्थे जुलूस की शक्ल में गागर चादर के साथ आना शुरू हो गये और 04 बजे से ही घी और तेल के दीपों को रोशन करने के लिये उन्हें अंदुरुनी किले में सजाना शुरू कर दिया जैसे ही दिन ढलने लगा एक साथ हजारों दीप जैसे ही रोशन हुए। बाबे रहमत व संघी किले में दरगाह इंतिजामियाँ के सदर सैय्यद शमशाद अहमद एडवोकेट, दिलशाद अहमद एडवोकेट, गिरदावर हाजी अज़मत उल्ला व डा0 काशिफ सैय्यद आज़ाद सैय्यद आरिफ और दरगाह के सभी खुद्दाम दीपों को रोशन करने में लगे रहे। एक साथ हजारों दीपों के जलने से दीवाली जैसा मन्जर था। किले के चारों ओर रोशनी बिखरी हुई थी।दरगाह दफ्तर में इंचार्ज मैनेजर हाजी सैय्यद अलीमुलहक़ की निगरानी में अक़ीदतमन्दों के दरमियान तबर्रुक तक़सीम किया गया। लंगर को मकसूद रायनी, इलियास अली शब्बू खुद अपने हाथों से जायरीन के दरमियान वितरित किया। जशन ए चिरागा के प्रोग्राम में सम्मलित होने के लिये बहराइच के साथ ही बलरामपुर, श्रावस्ती, लखीमपुर,सीतापुर, बस्ती, सिद्धार्थ नगर,गोरखपुर,इलाहाबाद ,लखनऊ,कानपुर समेत प्रदेश के दर्जनों जिलों से लोग आए।

तकरीर का भी हुआ आयोजन

जश्न ए विलादत के अवसर पर दरगाह कार्यालय के सामने मौलाना जहिरुल क़ादरी के संयोजकत्व में तकरीर आयोजित हुई। प्रोग्राम का आगाज़ कारी मो0 इब्राहीम की तिलावत कलाम अल्लाह से हुआ। मुफ़्ती सुहेल अख्तर और मौलाना शफीक उल्ला चतुर्वेदी ने ग़ाज़ी मियां की जिन्दगी पर रोशनी डालते हुए कहा कि यह वह आस्ताना है, जहां मायूस और परेशान हाल लोग अपनी फरियाद लेकर आते हैं और साहिबे मज़ार की दुआंव से वह अपना दामन खुशियों से भर कर ले जाते हैं।

सामग्री वितरण कार्य की हुई शुरुआत

बहराइच,अमृत विचार : जनपद में बैकयार्ड पोल्ट्री योजना के अन्तर्गत अनुसूचित जाति एवं जनजाति के चयनित 400 प्रशिक्षण प्राप्त लाभार्थियो को 50 चूजे, एक बोरी मुर्गी दाना व आवश्यक दवाइयों के वितरण कार्य का विकास भवन में विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी के प्रतिनिधि अनिल सिंह द्वारा विकास खण्ड चित्तौरा के 10 लाभार्थियों को सामग्री का वितरण कर शुभारम्भ किया गया। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा राजेश कुमार उपाध्याय द्वारा बताया गया कि योजना में चूजे पालकर अण्डे उत्पादन कर लाभार्थी अपने परिवार की आय में वृद्धि कर सकते है। इस अवसर पर उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. इस्लामुद्दीन, डॉ.बीनू पाठक, डॉ. मोहम्मद शकील, पशु चिकित्साधिकारी डॉ.अर्चना सचान, पशुधन प्रसार अधिकारी रवि कुमार रहे। फिरोज ईसा सिद्दीकी ने इस कार्यक्रम के संयोजक रहे।

शिवरात्रि के महापर्व पर धूमधाम से निकलेगी शिव बरात

बहराइच

अमृत विचार : शहर के पांडव कालीन श्री सिद्धनाथ मंदिर के निकट स्थित महेश गुप्ता के आवास पर महाकाल सेवक मंडल बहराइच की आवश्यक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता महाकाल सेवक मंडल के संयोजक करण रस्तोगी व बैठक का संचालन अनुभव गुप्ता ने किया।

बैठक को संबोधित करते हुए महाकाल सेवक मण्डल के अध्यक्ष ने आगामी 8 मार्च दिन शुक्रवार को सायं चार बजे महाशिवरात्रि के महापर्व पर पांडव कालीन सिद्धनाथ महादेव की भव्य शिव बारात के निमित्त योजना - रचना एवं सभी शिव भक्तों को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी। बैठक का संचालन कर रहे अनुभव गुप्ता ने बताया कि सेवक मंडल के स्वयंसेवक वॉकी-टॉकी से पूरे कार्यक्रम के दरमियान एक दूसरे से संवाद बनाए रखेंगे एवं नगर भ्रमण पर राजाधिराज बाबा सिद्धनाथ महादेव पर पुष्प वर्षा एवं जगह-जगह प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था की गई है एवं शहर के सभी से भक्तों से यात्रा में सम्मिलित होने का अनुरोध किया गया है शिवजी का महाकाल स्वरूप यात्रा में विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा उक्त यात्रा श्री सिद्धनाथ पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर अनंत विभूषित स्वामी रवि गिरी महाराज के सानिध्य में नगर भ्रमण के लिए सिद्धनाथ मंदिर से प्रस्थान करेगी यात्रा में महिलाएं भी सम्मिलित होगी।

सड़क हादसों में युवक समेत दो लोगों की मौत, 1 घायल

रामगांव और मोतीपुर थाना क्षेत्र में हुए हादसे

बहराइच/मिहीपुरवा

अमृत विचार : जिले के मोतीपुर और राम गांव थाना क्षेत्र में सड़क हादसे हो गए। हादसे में युवक समेत दो लोगों की मौत हो गई। जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है। उसे सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

मोतीपुर थाना क्षेत्र के घुघुवा नाला के पास सोमवार दोपहर में दो बाइक आमने सामने भिड़ गए। हादसे में मोतीपुर थाना क्षेत्र के सोमई गौढ़ी गांव निवासी लायक राम पुत्र राम आधार और दूसरी बाइक सवार कोतवाली मुर्तिहा के गौरा पिपरा गांव निवासी उजव्वल घायल हो गए। आसपास के लोगों की मदद से बाइक सवारों को एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया गया। यहां पर डॉक्टर ने लायकराम को मृत घोषित कर दिया। जबकि हालत गंभीर होने पर उज्जव्वल पुत्र मृत्युंजय को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। उधर नानपारा बहराइच मार्ग पर राम गांव थाना क्षेत्र के काजीजोत गांव के पास सड़क किनारे जा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। आसपास के लोगों की सूचना पर हाइवे चौकी इंचार्ज नरेंद्र चौधरी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर जिला मुख्यालय भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक शशि कुमार राणा ने बताया कि मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। उसकी उम्र 35 से 40 वर्ष के मध्य है। उन्होंने बताया कि 72 घंटे तक पहचान के लिए मर्चुरी में शव रखा जाएगा।

हादसे में क्षतिग्रस्त बाइक।

जिन्हे रंग से है परहेज, खेले जा रहे स्थान पर न जाएं

बहराइच

अमृत विचार: होली समिति ने चार दिवसीय होलिकोत्सव कार्यक्रम की घोषणा की है। 23 मार्च से होली 25 तक चलेगा।

समिति के अध्यक्ष दाऊ जी सोनी और महामंत्री सुमित कुमार खन्ना ने बताया कि होलिकोत्सव मे तीन दिन रंग खेला जाएगा। समिति ने रंग से परहेज करने वालों से अनुरोध किया है कि ऐसे स्थानों से न निकलें जहां रंग चल रहे हो। होली समिति अन्यक्ष व महामंत्री ने बताया कि इस वर्ष 24 मार्च को मुहूर्त के अनुसार जलाई जाएगी। रंग खेलना 23 मार्च से शुरू होगा और 25 मार्च के दोपहर तक रंग खेला जाएगा ।समिति ने रंग से परहेज करने वालों से अनुरोध किया है कि ऐसे लोग होलिकोत्सव के दौरान उन स्थानों पर न जाएं जहां रंग खेला जा रहा हो। उन्होंने ने बताया कि होली मिलन समारोह, उपाधि वितरण व रंगारंग कार्यक्रम 25 मार्च की शाम घंटा घर पार्क में होगा । इसके अगले दिन 26 मार्च को त्रिमुहानी घाट स्थिति हनुमान मंदिर में होली मिलन तथा प्रसाद कार्यक्रम हौगा सायंकाल घंटाघर पार्क में सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। समिति ने रंग खेलने वालों से भी अनुरोध किया है कि ड्यूटी पर तैनात पुलिस व अन्य अधिकारी कर्मचारियों पर रंग डाल उनकी ड्युटी में बाधा न उत्पन्न करें ।समिति द्वारा कच्चे व हल्के रंग का उपयोग करने की अपील की गई है। समिति ने कहा है कि पक्के रंग, वार्निश, पेंट, गंदे पानी का प्रयोग कतई न किया जाए।

छात्रों ने चिड़ियाघर की सैर कर ली जानकारी

जरवल,बहराइच

अमृत विचार: परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों की दुनिया बहुत छोटी होती है। अधिकाशतयः उनका जीवन गांव तक सीमित होता है। ग्रामीण अंचल के छात्रों के जीवन में किताबी ज्ञान को व्यवहारिक ज्ञान तक विस्तार देने की पहल के साथ विकास खण्ड जरवल के पीएमश्री उच्च प्राथमिक विद्यालय भौली की शिक्षिका अर्चना पांडेय के नेतृत्व में छात्रों को निजी व्यवस्था से शैक्षिक भ्रमण के लिए लखनऊ ले जाया गया।

लखनऊ पहुंचकर बच्चों ने नवाब वाजिद अली शाह प्राणिउद्यान का अनुशासन के साथ भ्रमण किया। छात्रों ने वहां उन जीवों को पहली बार देखा जिनके बारे में अभी तक पुस्तकों व कहानियों में ही पढ़ा करते थे सभी बच्चे शेर, भालू, हिरण, बारहसिंघा, दरियाई घोड़ा, गैंडा, लकड़बग्घा, घड़ियाल, मगरमच्छ व विभिन्न प्रकार के देशी विदेशी पक्षियों समुद्री मछलियों, सांपों को देखकर रोमांचित हो गये व उन्होंने जंतुओं के बारे में शिक्षिका से जानकारी भी अर्जित की। शैक्षिक यात्रा के बारे में शिक्षिका ने बताया कि विगत माह विद्यालय के सभी छात्रों की सामान्य ज्ञान की लिखित परीक्षा आयोजित की गयी थी, जिसमे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र इस यात्रा के लिए चयनित हुए। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य छात्रों को विभिन्न प्रकार के पक्षियों एवं जानवरों के बारे में जानकारी प्रदान करवाना था, जो बच्चों की शिक्षा और समझ के विस्तार में मदद करेगा। बच्चों के परिजनों को एकदिवसीय यात्रा के विषय में जानकारी दी गई, तथा परिजनों की स्वीकृत मिलने पचात उन्हें भ्रमण पर ले जाया गया। विद्यालय में आठवीं के छात्र अमन के परिजन सुरेंद्र कुमार ने विद्यालय की शिक्षिका द्वारा प्रायोजित पहल को शिक्षाप्रद बताते हुए सराहना की। भ्रमण यात्रा में विद्यालय के छात्र अमन कुमार, रोशनी वर्मा, राधिका वर्मा, क्षमा मिश्रा, अनीता कुमारी, अंकिता, मोहिनी आदि शामिल रहे।

लखनऊ चिड़िया घर का भ्रमण करते छात्र। अमृत विचार

कुशीनगर के आरक्षी आए प्रथम

बहराइच, अमृत विचार : गोरखपुर जोन की 11वीं अन्तर जनपदीय आर्चरी महिला एवं पुरूष प्रतियोगिता का आयोजन पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड में किया जा रहा है। जिसमें 09 जिले की टीम खेल रही हैं। सोमवार को दूसरे दिन की प्रतियोगिता 30 मीटर पुरूष वर्ग में जनपद कुशीनगर के क्रमशः आरक्षी कर्मवीर सिंह प्रथम व मुख्य आरक्षी सुमित सिंह द्वितीय तथा जनपद बहराइच के पीटीआई ज्ञानेश्वर तिवारी तृतीय स्थान प्राप्त करते हुए शानदार प्रदर्शन किया।

30 मीटर महिला वर्ग में जनपद देवरिया की शीला सिंह प्रथम, जनपद कुशीनगर की अंशिका भारती द्वितीय तथा जनपद बहराइच की निर्मला यादव तृतीय स्थान प्राप्त किया। खेल के दौरान हीरालाल कनौजिया क्षेत्राधिकारी लाइन्स/ पयागपुर, भुवनेश्वर सिंह प्रतिसार निरीक्षक, सभी टीमों के टीम मैनेजर व पुलिस लाइन के अन्य अधिकारी आदि मौजूद रहे।

सरयू जन यात्रा का आगाज, जल पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार : नमामि गंगे प्रकल्प द्वारा एक मार्च से 10 मार्च तक सरयू जन चेतना यात्रा प्रदेश के जनपदों में निकाली जा रही है। अमृत सरोवरों की दिशा,दशा व सरयू घाटों के सौंदर्यीकरण, उच्चीकरण व रमणीक बनाये जाने के उद्देश्य से यह विभिन्न जनपदों से होते हुए सरयू चेतना यात्रा बहराइच पहुंची। नमामि गंगे प्रकल्प के संयोजक कृष्ण दीक्षित के निर्देशन में एवं मुख्य अतिथि अवध क्षेत्र के संयोजक सरोज सिंह की मौजूदगी में सरयू तट गायघाट से शपथ दिलाकर,कलश जल भरकर परमहंस दास कुट्टी आश्रम बाबागंज के लिए सरयू जनचेतना यात्रा निकाली गई।

जन यात्रा में पौध रोपण करते पदाधिकारी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता एमएलके पीजी कॉलेज, बलरामपुर के भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एसएन सिंह ने की। कार्यक्रम का संचालन मालवीय मिशन के अवध क्षेत्र संयोजक संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने किया। संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि यह सरयू चेतना यात्रा प्रदेश के विभिन्न जनपदों में चलाई जा रही है। सरयू नदी के सौंदर्यीकरण, घाटों के उच्चीकरण, पर्यावरण संरक्षण के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बहने वाली सरयू नदी के कायाकल्प के लिए एक प्रतिनिधिमंडल केन्द्र सरकार के जल संसाधन मंत्री एवं उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री से मिलकर समस्या से अवगत करवाया जाएगा। समाजसेवी शिव पूजन सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण व नदियों को स्वच्छ, निर्मल बनाए जाने पर प्रकाश डाला। संचालन करते हुए संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने सरयू नदी के तटीय क्षेत्रों में वृक्षारोपण कराए जाने की मांग प्रशासन से की है। इस दौरान आये हुए अतिथियों व क्षेत्रीय लोगो का अंगवस्त्र,स्मृतिचिन्ह व माल्यापर्ण करके स्वागत अभिनन्दन किया गया। इस दौरान भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी सचिन श्रीवास्तव,नवाबगंज संयोजक हर्षित सिंह,बाबागंज संयोजक चन्द्र प्रकाश मिश्रा, रुपईडीहा संयोजक शुभम श्रीवास्तव, रामगांव संयोजक शहबुद्दीन,सह संयोजक दीपक साहू,नगर संयोजक सलीम रोमी, समाजसेवी धीरेन्द्र शर्मा,अंगद गुप्ता सहित सैकड़ों लोग सरयू जन यात्रा में सम्मिलित रहे।

जालिम नगर चौकी के इंचार्ज समेत 11 लोग लाइन हाजिर

बहराइच, अमृत विचार : जिले में लखीमपुर की सीमा पर स्थित जालिम नगर चौकी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है जिसमें एक हेड कांस्टेबल वाहन चालकों से रुपए की वसूली कर रहा है। वीडियो का संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने पूरे चौकी के स्टाफ को पुलिस लाइन भेज दिया है।

मोतीपुर थाना क्षेत्र के बहराइच लखीमपुर मार्ग पर जालिम नगर चौकी स्थित है। जालिम नगर चौकी पर तैनात एक हेड कांस्टेबल का ट्रक और बस चालकों से रुपए लेने का वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो को पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने संज्ञान लिया। सोमवार को चौकी इंचार्ज अरुण कुमार द्विवेदी को कार्यालय में स्पष्टीकरण तलब किया। वीडियो और वसूली की बात सही मिलने पर एसपी वृंदा शुक्ला ने चौकी इंचार्ज अरुण कुमार द्विवेदी, उप निरीक्षक देवेंद्र प्रताप, उप निरीक्षक राम नवल यादव, हेड कांस्टेबल अमित मिश्रा, सिपाही सूरत सिंह, सुरेंद्र कुमार वर्मा, अवधेश कुमार वर्मा, अजय कुमार, विशाल यादव और मोतीपुर थाने में तैनात विपुल तिवारी और मनोज कुमार चौधरी को लाइन हाजिर कर दिया है। अभी अनेक स्थान पर एसपी की ओर से किसी की तैनाती नहीं की गई है।

बेरा जांच की सुविधा अब श्रावस्ती में ही उपलब्ध : डीएम

श्रावस्ती

अमृत विचार : जिलाधिकारी/ अध्यक्ष इंडियन रेडक्रास सोसायटी कृतिका शर्मा द्वारा जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में बेरा(ब्रेन स्टोम इवोक्ड रिस्पोंस ऑडियोमेट्री) जांच के लिए आडियोमेट्री कक्ष का फीता काटकर शुभारम्भ किया।

जिलाधिकारी ने बताया कि सरकारी स्तर पर बेरा जांच की सुविधा लखनऊ और गोरखपुर के मध्य केवल श्रावस्ती में उपलब्ध होगी। इस जांच के लिए काफी दिनों से इंतजार चल रहा था, जिससे अब निश्चित ही कान से बहरे व्यक्तियों के इलाज में सहायता मिलेगी। इसमें कान की बीमारियां जैसे फुंसी, फोड़े, मोम का इकट्ठा होना, कम सुनाई देना जैसी अन्य बीमारियों की जांच की जाती है। जिसमें सुनने की क्षमता की जांच ऑडियोमेट्री तकनीक से की जाती है तथा बहरेपन या सुनने की क्षमता का पता लगाया जाता है। इस अवसर पर रेडक्रॉस सचिव अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि कि रेडक्रॉस द्वारा संचालित किये जा रहे है जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र पूरे प्रदेश के सामने उदाहरण बनकर उभरा है । श्रावस्ती में बेरा जांच की सुविधा उपलब्ध होने से वर्षों से दिव्यांग प्रमाण पत्र की प्रतीक्षा कर रहे श्रवण बाधित दिव्यांगजनों को तत्काल लाभ मिलेगा।

इसके अलावा अन्य विभिन्न प्रकार के परामर्श हेतु यह रिपोर्ट सहायक का कार्य करेगी । इस अवसर पर रेडक्रॉस उपाध्यक्ष/मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एपी सिंह, संचालक रेडक्रॉस, समाजसेवी प्रेम शुक्ला, समाज कल्याण अधिकारी डॉ अमरनाथ यति, सीएमएस डॉ रामगोपाल, रेडक्रॉस सदस्य पवनेश शुक्ला, डीडीआरसी के कर्मचारी, गिफ्टएबल्ड संस्था के प्रतिनिधि सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

गोवध का आरोपी मुठभेड़ में घायल

श्रावस्ती, अमृत विचार: थाना मल्हीपुर क्षेत्र के ग्राम लक्ष्मनपुर कोठी में गो-वध की घटना हुई थी । जिसके सम्बन्ध में 07 लोगो के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था । अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया द्वारा रु0 15 हजार का पुरूस्कार घोषित किया गया था ।

पुरूस्कार घोषित नामित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु,थाना मल्हीपुर पुलिस,स्वाट टीम व सर्विलांस टीम को लगाया गया था । टीम द्वारा सम्भावित स्थानों पर दबिश भी दी जा रही थी, मुखबिर के सूचना पर थाना मल्हीपुर पुलिस और स्वाट टीम ने बताये गये स्थान पर पहुचकर घेराबन्दी की तभी तीन लोग आते दिखायी दिए । तीनो व्यक्ति पुलिस की आहट पाकर भागने की कोशिश किए और एक व्यक्ति ने पुलिस टीम पर देशी तमंचा से फायर कर दिया । पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी जवाबी कार्यवाई में एक बदमाश के दाहिने पैर में गोली लगी जिसका नाम चोरे उर्फ मुंशरिफ पुत्र शेखावत निवासी लक्ष्मणपुर कोठी थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती है । तथा दो साथी भाग रहे थे, जिन्हे घेर कर पकड़ लिया गया । पकड़े गये दोनों अभियुक्त का नाम अब्दुल रहमान पुत्र मुन्नवर व ओझे पुत्र वाहिद निवासीगण लक्ष्मणपुर कोठी थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती है । घायल बदमाश को इलाज हेतु सीएचसी मल्हीपुर लाया गया । जहा चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के उपरान्त संयुक्त चिकित्सालय श्रावस्ती रेफर किया गया। मुठभेड़ में घायल बदमाश के कब्जे से एक देशी तमंचा 315 बोर, दो जिन्दा कारतूस,एक खोखा कारतूस बरामद किया गया । पूछताछ के दौरान पता चला कि अभियुक्त चोरे उर्फ मुंशरीफ के विरुद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस (साढ़े 10 किलो चरस रखने) के मामले में सक्षम न्यायालय द्वारा 15 वर्ष के सश्रम कारावास व रुपए 1.5 लाख के अर्थदंड से दंडित किया गया था जो तीन वर्ष पूर्व अभियुक्त सजा पूर्ण कर बाहर आया है । जिनके द्वारा गोवध जैसे अपराध कारित किए जाते है । थाना मल्हीपुर द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाई की जा रही है।

सामान्य सुविधा केन्द्र सीएफसी प्रजेन्टेशन की बैठक

श्रावस्ती, अमृत विचार: जिलाधिकारी कृतिका शर्मा की अध्यक्षता में एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) योजनान्तर्गत सामान्य सुविधा केन्द्र (सीएफसी) प्रजेन्टेशन करने हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि जमीन एसपीवी के नाम ट्रांसफर सम्बन्धी दस्तावेज प्रस्तुत कर दिया गया है। अकृषि भूमि सम्बन्धी दस्तावेज धारा 80 प्रस्तुत कर दिया गया है। डीपीआर में मशीनरी कास्ट, लैण्ड कास्ट, टोटल प्रोजेक्ट कास्ट प्राफिविलिटी मशीनों के मूल्यों का सही आंकलन करके संशोधित डीपीआर प्रस्तुत कर दिया गया है। इसके अलावा बैठक में पहल एक नई दिशा समिति द्वारा प्रस्तुत जनजातीय शिल्प के प्रस्ताव एवं बौद्धांचल प्रोड्सर कम्पनी द्वारा प्रस्तुत जनजातीय शिल्प के प्रस्ताव पर चर्चा की गई। बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग वीके चौधरी ने किया।

प्रदेश में आ रहे यहां की आबादी से दोगुने पर्यटक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ये बताते हुए खुशी जाहिर की है कि उप्र. में आज यहां की आबादी से दोगुनी संख्या में पर्यटक आ रहे हैं। योगी सोमवार को लोकभवन सभागार में आयोजित पर्यटन विभाग की विभिन्न योजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने 2758 करोड़ की 762 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने पर्यटन विभाग से जुड़ी सभी योजनाओं के लिए प्रदेश की जनता को बधाई दी।

उन्होंने कहा कि पहली बार राज्य के सभी 75 जिलों में और सभी 403 विधानसभा क्षेत्र में किसी न किसी पर्यटन स्थल को व्यवस्थित रूप से विकसित करने के लिए प्रो पुअर योजना, मुख्यमंत्री पर्यटन संवर्धन योजना एवं जनप्रतिनिधियों के प्रस्ताव पर आधारित योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण एक साथ हो रहा है।मुख्यमंत्री ने काशी, अयोध्या, मथुरा, प्रयाग, गोरखपुर का उदाहरण देते हुए कहा कि आज सभी जगह होटल बुक हैं, टैक्सियां बुक हैं, मार्केट कई गुना बढ़ चुके हैं, रेस्टुरेंट में तिल रखने की जगह नहीं मिल रही है है। आज पूरी दुनिया यूपी को देखना चाहती है। उप्र. अब उपद्रव नहीं उत्सव की भूमि बन चुका है। जिस यूपी के बारे में कहा जाता था कि यहां अराजकता है, इसे डबल इंजन सरकार ने आस्था और आजीविका में बदल दिया है।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह और महापौर सुषमा खर्कवाल। अमृत विचार

इस मौके पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक जय देवी, अमरेश कुमार, योगेश शुक्ला, नीरज वोहरा, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश मेश्राम सहित प्रदेश के सभी महत्वपूर्ण स्थलों पर जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारीगण मौजूद रहे।

सीसीटीवी कैमरे को एआई टूल के साथ जोड़ें

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि हमें सीसीटीवी कैमरे को एआई टूल के साथ जोड़ना चाहिए, जिससे हमें ठीक ठीक पता लग सके कि किसी भी पर्यटन स्थल पर कितने टूरिस्ट आ रहे हैं। योगी ने स्प्रिचुअल टूरिज्म के साथ साथ बुंदेलखंड के किलों को पर्यटन के दृष्टि से विकसित करने की बात कही। उन्होंने पर्यटन विभाग को इस संबंध में जल्द से जल्द पॉलिसी लाकर आगे बढ़ने के लिए कहा।

सिद्धार्थनगर के चकबंदी अधिकारी बर्खास्त, होगी एफआईआर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: चकबंदी आयुक्त ने सोमवार को सिद्धार्थनगर के चकबंदी अधिकारी प्रभाकर को सेवा से बर्खास्त कर दिया। आरोप है कि मेरठ में कार्यकाल के दौरान नाला और वन विभाग की भूमि मनमाने तरीके से लोगों के नाम कर दी थी।

चकबंदी आयुक्त जीएस नवीन कुमार ने बताया कि ग्राम बिसौला हस्तिनापुर मवाना मेरठ और ग्राम फिरोजपुर किठौर, मवाना, मेरठ में चकबंदी के कामों में अनियमितता की शिकायत जांच समिति बनाते हुए कराई गई। रिपोर्ट के मुताबिक ग्राम बिसौला और फिरोजपुर में चकबंदी के कामों में अनियमितता की पुष्टि हुई। इसके बाद बर्खास्त करने की कार्रवाई के साथ ही चकबंदी अधिकारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं। संबंधित जमीन को भी वापस लिया जाएगा। धोखाधड़ी से भूमि प्राप्त करने वालों के खिलाफ भी विधिक कार्रवाई होगी। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में अब तक चकबंदी विभाग में कुल 22 अधिकारियों को निलंबित, चार को बर्खास्त और एक को उसके मूल पद पर भेजते हुए 40 के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जा चुकी है।

संतरी और कार्यालय ड्यूटी नहीं करेंगी महिला सिपाही

अमृत विचार, लखनऊ: थाने पर तैनात महिला पुलिसकर्मियों को अब संतरी ड्यूटी और कार्यालय संबंधी कार्य से निजात मिलेगी। उनकी बीट पर सक्रियता बढ़ाई जाएगी। अपर पुलिस महनिदेशक (स्थापना) संजय सिंघल ने इस आशय का आदेश जारी किया है। प्रदेश के सभी पुलिस कमिश्नरेट के कमिश्नर तथा पुलिस कप्तानों को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि बीते दिनों डीजीपी ने साप्ताहिक स्टाफ बैठक में निर्देश दिया कि थानों पर नियुक्त महिला पुलिस कर्मियों से संतरी ड्यूटी और कार्यालय संबंधी न लिया जाए। उन्हें अधिक से अधिक बीट (फिल्ड) पर भेजा जाना सुनिश्चित किया जाए।

एक नजर

स्मार्टफोन का वितरण कल

सुलतानपुर, अमृत विचार : राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार को स्मार्टफोन का वितरण होगा। नोडल प्रभारी डॉ. सुनील कुमार त्रिपाठी ने बताया कि इस महाविद्यालय में कुल 968 विद्यार्थियों को स्मार्टफोन वितरित किया जाना है। अलग अलग कक्षाओं के विद्यार्थियों को अलग अलग दिन स्मार्टफोन दिये जायेंगे। इसकी शुरुआत बुधवार से होगी। इस दिन सुबह 10 बजे से महाविद्यालय के संगोष्ठी कक्ष में बीएड के 98 विद्यार्थियों को फोन वितरित किए जाएंगे। सभी छात्र छात्राएं आधार कार्ड के साथ मार्कशीट, प्रवेश पत्र या परीक्षा फार्म में से कोई एक अपने साथ लेकर आयेंगे।

रंजिश में युवक को पीटा मामला दर्ज

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : कोतवाली के गोपालपुर गांव के कुसुम 11 फरवरी को अपने घर के सामने बैठे थे। आरोप है कि तभी विपक्षियों ने आकर गाली गलौज देना शुरू कर दिया। मना करने पर लाठी डंडे एवं लात घुसो से उसकी जमकर पिटाई कर दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सोमवार को पीड़ित की दी गई तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही जग्गू, दुर्गावती एवं मनजीत के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

घर में घुसकर महिला को पीटा, मुकदमा दर्ज

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : कोतवाली के आलापुर गांव की रजिया बानों पत्नी अख्तर अली सोमवार की सुबह अपने दरवाजे पर झाड़ू लगा रही थी। आरोप है कि तभी विपक्षीगण उसके दरवाजे पर आकर भद्दी-भद्दी गालियां देने लगे। मना करने पर घर में घुसकर लात घूसों एवं डंडों से महिला को जमकर पीटा। जिससे उसे काफी चोटें आई। पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही लालू, कंचन एवं सुनीता के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

अपहरण व दुराचार में 20 साल की सजा

न्यायालय ने दोषी पर 70 हजार रुपए अर्थदंड लगाकर पीड़ित पक्ष को दिया न्याय

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः कोतवाली नगर थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले से चार साल पूर्व 14 वर्षीय नाबालिग किशोरी के अपहरण व दुराचार करने के दोषी शेख अब्दुल रहमान को पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश पवन शर्मा ने सोमवार को 20 साल की कठोर कारावास की सजा सुनाकर जेल भेज दिया। अदालत ने दोषी पर 70 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। कोर्ट ने पीड़िता को अर्थदंड की आधी धनराशि बतौर क्षतिपूर्ति देने का आदेश भी दिया है।

एडीजीसी रमेश चन्द्र सिंह के मुताबिक पीड़िता सोशल मीडिया से दोषी शेख अब्दुल रहमान के संपर्क में आयी। दोनों एक दूसरे से चैटिंग करने लगे। दोषी शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर 18 फरवरी 2020 को कक्षा आठ में पढ़ाई कर रही किशोरी को हवाई जहाज से हैदराबाद ले गया। पीड़िता के घर से गायब होने पर पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस की सक्रियता के चलते मोबाइल सर्विलांस के जरिए हैदराबाद से पीड़िता को बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। अभियोजन पक्ष की तरफ मुकदमे के दौरान पेश किए गये चार गवाहों के साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने मुकदमे का फैसला तीन साल नौ माह 20 दिन में कर पीड़ित परिवार को न्याय दिया ।

दीवानी न्यायालय परिसर में मौजूद वादकारी व अधिवक्तागण। अमृत विचार

गृहमंत्री अमित शाह के मामले में हुई गवाही

संवाददाता, सुलतानपुर : राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व दो अन्य के खिलाफ दायर मानहानि केस में परिवादी के गवाह मोहित तिवारी का बयान एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में दर्ज किया गया। शेष गवाह के साक्ष्य के लिए कोर्ट ने 7 मार्च की तारीख तारीख नियत की है। एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में परिवादी वरुण मिश्र का बयान कोर्ट में दर्ज किया जा चुका है। कोर्ट में सोमवार को परिवादी के अन्य गवाह मोहित तिवारी का बयान दर्ज हुआ। यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष वरुण मिश्र ने गृहमंत्री अमित शाह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजय जायसवाल और विनय मालवीय के खिलाफ 22 फरवरी 2018 को कोर्ट में परिवाद दायर किया था। परिवादी का आरोप है कि गृहमंत्री अमित शाह ने 10 जून 2017 को छत्तीसगढ़ में महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। अजय जायसवाल और विनय मालवीय पर सोशल मीडिया में आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप है। इससे परिवादी की भावनाएं आहत हुईं।

23 साल पूर्व जानलेवा हमले में चार दोषी करार

सुलतानपुरः मुकदमेबाजी की रंजिश में 23 साल पूर्व दलित को अपमानित कर गोली मार देने के चार आरोपियों को एससी-एसटी कोर्ट के जज त्रिभुवन नाथ पासवान ने दोषी करार दिया है। जिन्हें बुधवार को सजा सुनाई जाएगी।

सरकारी वकील गोरखनाथ शुक्ल ने बताया कि मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र के बिही निदुरा निवासी श्रीपाल पासी और मंसाराम अग्रहरि के बीच मुकदमेबाजी चल रही थी। तीन सितंबर वर्ष 2000 को मोटर साइकिल से मुकदमे की पैरवी करने निकले श्रीपाल पासी पर बल्दीराय थाना क्षेत्र में हमला किया गया था। जिसमें मंसाराम अग्रहरि, अनिरुद्ध अग्रहरि, कन्हैयालाल और रमाकांत मिश्र पर पुलिस ने चार्ज शीट दाखिल की थी। कोर्ट ने आरोपियों को दोषी मानते हुए सोमवार को जेल भेजने का आदेश दिया। आदेश के समय आरोपी रमाकांत मिश्र कोर्ट नहीं पंहुचा, जिसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। तीन आरोपियों को जेल से तलब कर बुधवार को सजा सुनाई जाएगी।

हमले के आरोपी को सेशन कोर्ट से राहत

सुलतानपुरः लंभुआ थाना क्षेत्र के श्रीपतिपुर में भूमि विवाद में मारपीट, जानलेवा हमला और हत्या की धमकी देने के आरोपी सौरभ मिश्र की जमानत न्यायाधीश त्रिभुवन नाथ पासवान ने मंजूर कर ली है। आरोपी के वकील अरविंद सिंह राजा ने अर्जी पेश कर कहा कि बीते 11 दिसंबर को हुए विवाद में शेषनारायण मिश्र को गंभीर चोटें आने की बात कही गई है। कोर्ट ने अभियोजन व बचाव पक्ष को सुनने के बाद आरोपी की जमानत मंजूर कर रिहाई का आदेश दिया है।

कुकर्मी को 20 साल की जेल

कोर्ट ने नौ माह 10 दिन में सुनाया फैसला

सुलतानपुर : दोस्तपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में बीते साल 8 साल के किशोर के साथ कुकर्म व हत्या की धमकी देने के दोषी बसंत लाल को को पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश पवन शर्मा ने सोमवार को 20 साल कठोर कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने दोषी पर 11 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। एडीजीसी रमेश चन्द्र सिंह के मुताबिक बीते साल 24 फरवरी को घर के बाहर खेल रहे 8 साल के बच्चे के साथ दोषी ने कुकर्म की वारदात को अंजाम दिया तथा बताने पर हत्या की धमकी दी। पीड़ित के बाबा की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय भेजा। कोर्ट ने अभियोजन पक्ष से मुकदमे के दौरान पेश किए गये आठ गवाहो के साक्ष्यों के आधार पर मुकदमे का फैसला मात्र नौ माह 10 दिन में कर पीड़ित परिवार को न्याय दिया।

हत्या के दो अभियुक्तों को उम्र कैद की सजा

सुलतानपुर, अमृत विचारः कूरेभार थाना क्षेत्र के नंदापुर सराय गोकुल में 24 साल पूर्व काली चरन की गोली मारकर हत्या करने के दोषियों रामनाथ और ओमप्रकाश को सेशन जज जेपी पांडेय ने उम्र कैद की सजा सुना कर जेल भेज दिया। आरोपियों पर कुल 55,000 का अर्थदंड भी लगाया गया है। थाना क्षेत्र के नंदापुर सराय गोकुल में कोलिया के विवाद में वर्ष 2000 में कालीचरन की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। ओम प्रकाश के कब्जे से पुलिस ने असलहा भी बरामद किया था। जिसका ट्रायल अलग से हुआ। उसमें एक साल की अलग से जेल की सजा सुनाई गई है।

दूसरे की जगह परीक्षा देते पकड़ा गया छात्र

संवाददाता, सुलतानपुर

सतर्कता

▸▸ आंतरिक सचल दल ने पकड़कर पुलिस को सौंपा

अमृत विचारः यूपी बोर्ड परीक्षा में सोमवार को प्रथम पाली में दूसरे की जगह परीक्षा देते हुए छात्र को विद्यालय के आंतरिक सचल दल ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर ने बताया कि प्रथम पाली में हाईस्कूल के अंग्रेजी विषय की परीक्षा चल रही थी। सुभाष इंटर कॉलेज पलिया में छात्र नरेंद्र की जगह ज्ञानेंद्र पुत्र सुभाष ग्राम नेवादा पोस्ट मिश्रौली थाना गोसाईगंज को परीक्षा देते आंतरिक सचल दल ने पकड़ लिया। केंद्र व्यवस्थापक ने पुलिस बुलाकर मुकदमा दर्ज कराकर उसे सौंप दिया। वहीं अंग्रेजी विषय की परीक्षा में 2019 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। 36892 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए। वहीं इंटरमीडिएट कंप्यूटर, शस्य विज्ञान एवं कृषि विषय में पंजीकृत 982 में 932 विद्यार्थी शामिल हुए। 45 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में इंटरमीडिएट के भौतिकी, तर्कशास्त्र, मनोविज्ञान व शिक्षाशास्त्र विषय में 682 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए।

मांगों को लेकर शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

- प्रांतीय अध्यक्ष के आवाहन पर द्वितीय चरण में सभी जनपद मुख्यालयों पर दी आंदोलन की चेतावनी

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः उत्तर प्रदेश के प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा के आवाहन पर बिना सरकारी सिम कार्ड और डाटा के ऑनलाइन उपस्थिति एवं अभिलेखों के डिजिटाइजेशन तथा अन्य कई प्रकार के ऑनलाइन कार्य करने के विरोध में सोमवार को जयसिंहपुर ब्लॉक अध्यक्ष जय प्रकाश वर्मा के नेतृत्व में शिक्षकों ने महानिदेशक स्कूल शिक्षा लखनऊ को संबोधित ज्ञापन जयसिंहपुर खंड शिक्षा अधिकारी के प्रतिनिधि रोहित रमण यादव को सौंपा। शिक्षक संघ अध्यक्ष ने बताया कि प्रथम चरण में प्रांतीय अध्यक्ष के निर्देश में आज यह ज्ञापन सभी ब्लॉक स्तर पर दिया जा रहा है। यदि शीघ्र ही शिक्षकों की उक्त समस्याओं का निराकरण नहीं किया जाता है तो अगली कड़ी में समस्याओं के निराकरण होने तक जनपद मुख्यालयों एवं प्रदेश स्तर पर आंदोलन की रणनीति बनी है। द्वितीय चरण में सभी जनपद मुख्यालयों पर आंदोलन होगा।

बीईओ को ज्ञापन देते प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी।

इस मौके पर मंत्री हरिओम द्विवेदी तहसील प्रभारी विमलेश सरोज, कोषाध्यक्ष राम मगन, डॉ रोहित दूबे, अजित सिंह यादव,विनोद पाठक घनश्याम वर्मा,सर्वेश सिंह,सत्य विजय सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, अनूप ओझा, दिलीप कुमार, जोखुराम, महेंद्र सरोज, अरुण कुमार,पुष्पा सिंह, आदि सैकड़ों शिक्षक एवं शिक्षिका मौजूद रहीं।

आशा हेल्थ वर्कर्स ने डीएम कार्यालय का किया घेराव

- प्रधानमंत्री मोदी को संबोधित सात सूत्री ज्ञापन एडीएम प्रशासन को सौंपा

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः सोमवार को जिले की तिकोनिया पार्क में पहुंची आशा हेल्थ वर्कर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष कुसुम लता यादव का जिले की आशा हेल्थ वर्कर्स ने माल्यार्पण व पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। बैठक कर रणनीति तैयार करते हुए प्रधानमंत्री को संबोधित अपनी मांगों का ज्ञापन देने के लिए डीएम कार्यालय पहुंच गईं। आशा हेल्थ वर्कर्स ने डीएम से मिलकर ज्ञापन देने की बात कहते हुए कार्यालय का घेराव कर दिया। सूचना पर पहुंचे एडीएम प्रशासन गौरव शुक्ला ने आशा हेल्थ वर्कर्स से बातचीत कर उनकी मांगों का ज्ञापन लिया।

आशा हेल्थ वर्कर्स डीएम से मिलने पर अड़ी रही तो एडीएम प्रशासन ने दो सदस्यीय टीम की मुलाकात डीएम कृत्तिका ज्योत्स्ना से कराई। आशा हेल्थ वर्कर्स एसोसिएशन की मांग है जो मानदेय मिलता है उसमें गुजारा नहीं होता। 18 हजार रुपये मासिक मानदेय के साथ ही उन्हें स्थायी किया जाए। उनके क्षेत्र में एक आशा आवास का निर्माण करवाकर काम का समय निर्धारित किया जाए। बीते चार वर्ष से उनके द्वारा बनवाया गया आयुष्मान कार्ड का भुगतान करवाते हुए सभी आशाओं का जीवन बीमा कराया जाए। वहीं आशा संगिनी को इलेक्ट्रिक स्कूटी दी जाए, जिससे वह क्षेत्र भ्रमण कर सके।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन को ज्ञापन देतीं आशा हेल्थ वर्कर्स। अमृत विचार

डीसीएम की टक्कर से दो सगे भाइयों की मौत

बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचारः हलियापुर थाना क्षेत्र के रंगवा मजरे फत्तेपुर निवासी रामचंद्र निषाद अपने दो बेटे लव कुश (14) व आशीष (5) को लेकर रविवार की सुबह अयोध्या के कुमारगंज थाना क्षेत्र के पीर बाबा मजार पर गए थे। रामचंद्र पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के साइड रोड पर बाइक के पास दोनों बेटों को खड़ा कर चादर चढ़ाने लगे। इसी बीच हलियापुर की तरफ से तेज रफ्तार आ रही एक डीसीएम ने दोनों बच्चों को रौंद दिया। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल दोनों बच्चों को कुमारगंज स्थित पिठला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। पोस्टमार्टम के बाद शव के घर पहुंचते ही परिवार में दो-दो बच्चों की मौत से कोहराम मच गया। रामचंद्र निषाद के पांच बेटे और तीन बेटियां हैं। लव कुश दूसरे नंबर व 5 वर्षीय आशीष सबसे छोटा था।

लवकुश व आशीष की फाइल फोटो।

सार-संक्षेप

कैंडल लेकर छात्राओं ने ली सेवा में ईमानदारी की शपथ

केएनआईएमटी के नर्सिंग संकाय में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं।

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : केएनआईएमटी के नर्सिंग संकाय की जीएनएम तथा एएनएम की नव प्रवेशित छात्राओं ने कैंडल के सामने सेवा में ईमानदारी की शपथ ली। कैंपस में छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके अतिथियों का मनमोह लिया। परिसर में संकाय की ओर से आयोजित लैंप लाइटिंग एण्ड सेरेमनी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजकीय मेडिकल कॉलेज, सुलतानपुर के प्रधानाचार्य डॉ. सलिल श्रीवास्तव ने छात्राओं को सेवा के दौरान वफादार रहने की सीख दी। कार्यक्रम को वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. जेपी सिंह, डॉ. सुधाकर सिंह, सीएमएस पुरुष चिकित्सालय डॉ. एसके गोयल, सीएमएस महिला चिकित्सालय डॉ. आरके यादव, डॉ. संगीता श्रीवास्तव आदि ने भी संबोधित किया। संकाय के निदेशक डॉ. महेश प्रसाद ने कहा कि कमला नेहरू संस्थान सिर्फ शिक्षा और अनुशासन दो ही चीजों से जाना जाता है। इसके पहले अतिथियों के साथ इंजीनियरिंग संकाय के निदेशक डा. डीएस पुंडीर, डीन एकेडमिक रत्नेश सिंह, नर्सिंग संकाय के प्रशासक राजेश कुमार दूबे, प्राचार्य रजनी नगपुरे ने मां सरस्वती तथा संस्थान के संस्थापक बाबू केएन सिंह के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। मंच का संचालन रोमा चौधरी ने किया। वहीं, सुरभि सिंह ने छात्राओं को शपथ दिलाई। इस मौके पर चंद्रावती दूबे, आयशा खान, अंशिका मिश्रा, श्रद्धा, प्रगति मिश्रा, संयोगिता श्रीवास्तव, दीपशिखा, रिचा सिंह, अंजलि, आरती मौर्या, तारा देवी, राहुल मिश्र आदि मौजूद रहे।

दिव्यांग ने डीएम से लगाई गुहार

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : सोमवार को डीएम के जनता दर्शन में पहुंचा दिव्यांग सुरेश साहू ने भाजपा नेत्री पर बाउंड्रीवॉल पर कब्जा किए जाने का आरोप लगाते हुए शिकायती पत्र दिया है। नगर कोतवाली के गभाड़िया निवासी सुरेंद्र साहू पुत्र बाबूलाल ने डीएम को शिकायती देते हुए बताया कि अहिमाने बाजार में 40 वर्ष पुरानी बैनामे की जमीन पर बाउंड्रीवॉल बनी है। जिस पर बगल के नंबरान भाजपा नेत्री राजस्व टीम से मिलकर गलत पैमाइस करवा बाउंड्रीवॉल पर कब्जा कर रही हैं। दिव्यांग ने बताया कि विपक्षी द्वारा अपने नंबर पर स्थगन आदेश जारी कराया है। इसी के आड़ में उसकी जमीन को अपनी बता रहे हैं। दिव्यांग ने बताया कि उसकी गाटा संख्या 1177 है। भाजपा नेत्री की जमीन की गाटा संख्या 1175 व 1176 है। आरोप है बिना चकरोड से गाटा संख्या 1173 व 1174 की नाप कराए उसकी जमीन पर कब्जा कर रही है। साथ ही लगातार धमकी भी दे रही है। डीएम ने दिव्यांग के शिकायत की जांच एसडीएम को सौंपी है।

प्रार्थना पत्र लेकर दिव्यांग सुरेंद्र साहू।

विधायक ने किया हाईमास्ट लाइटों का उद्घाटन

बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार : इसौली विधानसभा क्षेत्र के विधायक मोहम्मद ताहिर खान ने बल्दीराय तहसील क्षेत्र इसौली गांव में निषाद और दलित बस्ती और गनापुर नंन्दौली गांव स्थित मजार के पास हाई मास्ट विद्युत लाइट का उद्घाटन किया। विधायक खान ने कहा कि अपने विधानसभा क्षेत्र को सर्वश्रेष्ठ विधानसभा बनाने का निरंतर प्रयास जारी है। विधायक ने श्मशान घाट (अंत्येष्टि स्थल), कब्रिस्तान की बाउंड्रीवाल और मंदिर के लिए हाईमास्ट की सौगात दी है। विधायक मोहम्मद ताहिर खान ने इसौली विधानसभा क्षेत्र के बहरमपुर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि चिरंजीव मिश्र उर्फ मोंटी मिश्रा के आवाहन पर पूरे लेदई, बहमरपुर गांव के मंदिर के सामने हाई मास्क लाइट की सौगात दी है। इसी के साथ ग्राम पंचायत बहमरपुर, इसौली, गौरा बारा मऊ,ऐंजर को श्मशान घाट (अंत्येष्टि स्थल), चक्कारी भीट गांव में कब्रिस्तान की बाउंड्रीवाल निर्माण की सौगात दी।

मताधिकार विषय पर लेख प्रतियोगिता का आयोजन

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : कमला नेहरू संस्थान में सोमवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत मताधिकार एवं राष्ट्र निर्माण विषयक लेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में एनएसएस ईकाई के बैनर तले गणित, माइक्रोबायोलॉजी, रसायन विज्ञान एवं भूगोल विषय के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि मताधिकार हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य है। डॉ. आरपी मिश्रा ने बताया कि राष्ट्र निर्माण व समाज उत्थान में मतदाताओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। प्रतियोगिता में प्रियंका, शिवानी, शिवांगी, कौशल, अभिषेक, महेश, अमिशा, सोनू, अंशुमान, देवेन्द्र, आलोक, सरिता, नीरज एवं आशिका सहित अन्य विद्यार्थियों प्रतिभाग किए। डॉ. अवधेश ने बताया कि इस प्रतियोगिता का परिणाम अगले सप्ताह घोषित किया जाएगा। कार्यक्रम में डॉ. सुधांशु प्रताप सिंह, अतुल वर्मा, डॉ. शक्ति सिंह, अतुल कुमार सिंह, डॉ. केबी पांडेय, डॉ. दीप चन्द्र वर्मा आदि रहे।

कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ धोखाधड़ी का केस

▸▸ किराए पर चला रही थी ई-रिक्शा, बैट्री पैनल बेचकर रिटायर्ड फौजी से मांग रही थी पैसे

सुलतानपुर, अमृत विचार। युवती ने किराए पर फौजी से ई-रिक्शा ले कुछ दिनों में उसके सामान बेच लिया। ई-रिक्शा फौजी के घर छोड़ दिया, फौजी ने पैसे मांगे तो वह मुकदमें में फसाने की धमकी दी। पुलिस से सहयोग न मिलने पर फौजी ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने युवती के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। नगर कोतवाली के सीताकुंड निवासी शैलेन्द्र कुमार पाठक ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कक्ष संख्या 16 में वाद दायर किया। उसने बताया कि फौज से रिटायर्ड होने पर जीवकोपार्जन के लिए ई-रिक्शा चलवाता है। बीते 8 सितंबर 22 को उसके पास बंधकला थाना क्षेत्र के सरैया गांव निवासी अंशु यादव किराए पर ई-रिक्शा चलाने आई। तो उसने मना कर दिया लेकिन परिवार का भरण पोषण की बात कही तो शर्तों के आधार पर ई-रिक्शा दे दिया। आरोप है कि 18 सितम्बर को ई रिक्शा की बैट्री, मोटर पैनल आदि सामान बेच ई-रिक्शा ला कर खड़ा कर दिया। इसकी शिकायत दर्ज करने जब वह नगर कोतवाली गया तो युवती ने 28 हजार की मांग की। न देने पर मुकदमे में फसाने की धमकी दी। उसने जब फौजी से पैसे मांगे तो एसपी को शिकायती पत्र दिया। कार्यवाही नहीं होने पर कोर्ट की शरण ली है। कोर्ट के आदेश पर नगर कोतवाली ने महिला के खिलाफ़ धोखधड़ी सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत

कूरेभार,सुलतानपुर, अमृत विचारः तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक ने एक युवक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। चालक ट्रैक्टर छोड़कर फ़रार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर को थाने पर ले आई है। थाना क्षेत्र के जुड़ापट्टी गांव निवासी तेज बहादुर यादव (26) सोमवार को सुबह घर से शौच के लिए निकला था। वहीं समय तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। तेज बहादुर के चाचा बृज बिहारी यादव ने अज्ञात चालक के खिलाफ कूरेभार पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने अज्ञात चालक पर केस दर्ज कर चालक की तलाश शुरू कद दी है।

पेंशनरों की समस्याओं के निदान की मांग

- जुलूस निकालकर पहुंचे कलेक्ट्रेट, प्रशासन के माध्यम से सीएम योगी को भेजा 17 सूत्री ज्ञापन

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः सोमवार को संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति उत्तर प्रदेश के निर्देश पर पेंशनर्स तिकोनिया पार्क में एकत्रित हुए। विचार विमर्श के बाद सीएम को संबोधित 17 सूत्री मांगपत्र का ज्ञापन डीएम कार्यालय पहुंच कर एसडीएम सदर को दिया।

पेंशनर्स की मांग थी कि प्रमुख सचिव, वित्त विभाग की अध्यक्षता में गठित पेंशनर सलाहकार बैठक का आयोजन किया जाए। 30 जून व 31 दिसंबर को रिटायर्ड कर्मियों को काल्पनिक वेतन वृद्धि का लाभ देते हुए 65, 70 व 75 वर्ष की आयु में रिटायर्ड होने पर क्रमशः 5, 10 व 15 प्रतिशत पेंशन वृद्धि की जाय। रिटायर्ड के दौरान 15 वर्ष के बजाय 12 वर्ष में राशिकृत धनराशि की बहाली करते हुए विधवा पुत्रवधू को पारिवारिक पेंशन का लाभ दिया जाए। नई पेंशन योजना के तहत चयनित कर्मियों को रिटायर्ड होने के बाद निशुल्क चिकित्सा लाभ सार्वजनिक उपक्रमों से रिटायर्ड होने पर सिविल पेंशनर्स की तरह निशुल्क चिकित्सा दी जाय। इस मौके पर सहसंयोजक डा देवी रमण त्रिपाठी, चिंता मणि शर्मा, बसन्त पाठक, जिला मंत्री झिनकू पांडेय, राम उजागिर, अशोक बाबू पाठक, राम कुमार दुबे, अजय कुमार सिंह, मूलचंद्र पांडेय, जनार्दन प्रसाद पांडेय, घनश्याम श्रीवास्तव आदि रहे।

डीएम कार्यालय पहुंच कर एसडीएम सदर को ज्ञापन सौंपते पेंशनर्स।

मांग नायब तहसीलदार के साथ सदर विधायक ने की किसानों से वार्ता, नहीं माने किसान

सर्किल रेट में उलझा औद्योगिक गलियारा, बैनामा को तैयार नहीं किसान

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः जिले के जयसिंहपुर तहसील से होकर गुजरी पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर औद्योगिक गलियारा विकसित करने की सरकार की योजना में सर्किल रेट बड़ा मामला बनता जा रहा है। किसानों की मांग है कि उन्हें नए सर्किल रेट से उनकी ज़मीन का अधिग्रहण किया जाए। अगर नया सर्किल रेट नहीं मिलता है तो अपनी जमीन अधिग्रहण नहीं होने देंगे। भले ही उन्हें अदालत का सहारा लेना पड़े।

जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के चांदपुर, विशुनदासपुर, चिरानेडीह, कारेबन, महमूदपुर सेमरी, लठवा, सबई व करसा गांव के किनारे से गुजरी पूर्वांचल एक्सप्रेस वे किनारे तीन सौ से अधिक हेक्टेयर जमीन में औद्योगिक गलियारा विकसित करने की योजना बनी थी। जिसका कई माह से सर्वे यूपीडा व राजस्व कर्मियों द्वारा की जा रही थी। फरवरी के अंतिम सप्ताह से जमीन का बैनामा भी शुरु हो चुका है। लेकिन 2016 के सर्किल रेट दिए जाने से किसान अपनी जमीन का बैनामा करने को तैयार नहीं है। उनकी मांग है कि नए सर्किल रेट के हिसाब से उन्हें पैसा मिले नहीं तो बैनामा नहीं करेंगे।

पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के इन्हीं जमीनों का किया गया अधिग्रहण।

बैनामे की शुरूआत में ही हो गई धोखाधड़ी

सरकार महत्वाकांक्षी परियोजना औद्योगिक गलियारा विकसित करने के शुरुआत में ही एक धोखाधड़ी का केस सामने आया था। अमिलिया सिकरा निवासी ओम प्रकाश सिंह ने 28 फरवरी को यूपीडा के पक्ष में बैनामा कर दिया। वहीं, बाद में पता चला कि उक्त जमीन ओम प्रकाश सिंह पहले ही कारेबन निवासी बिफना को 13 जनवरी 2021 को कर चूके हैं। जांच पड़ताल में मामला सही पाएं जाने पर लेखपाल ने जयसिंहपुर कोतवाली में धोखाधड़ी साहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करवाया है। वही किसानो ने बताया कि बैनामे के दौरान स्टांप शुल्क के साथ सुविधा शुल्क की भी मांग हो रही है। जिस पर सदर विधायक ने कहा कि किसी भी बाहरी व्यक्ति को पैसा नहीं देना है। अगर कोई मागता है तो इसकी शिकायत दर्ज कराये कार्यवाही होगी।

> औद्योगिक गलियारे के लिए 9 गांवों से एक हजार से अधिक किसानों का तीन सौ हेक्टेयर से अधिक जमीन का बैनामा होना है। अब तक 42 किसानों का बैनामा हुआ है।
>
> – हृदय राम तिवारी, तहसीलदार जयसिंहपुर

सदर विधायक ने नायब तहसीलदार के साथ की बैठक

सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय जयसिंहपुर नायब तहसीलदार गरिमा वर्मा के साथ प्राथमिक विद्यालय चांदपुर में बैठक की। बैठक के दौरान किसानों ने बताया कि बगल से ही गुजरे लखनऊ वाराणसी फोर लेन में जमीन अधिग्रहण नए सर्किल रेट से हुआ है तो उनकी जमीन पर भी नया सर्किल रेट चाहिए। अगर नया सर्किल रेट नहीं मिलता है तो हम लोग अपनी जमीन का बैनामा नहीं करेंगे। सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय, नायब तहसीलदार गरिमा बर्मा को समास्या नोट कराया। मौजूद किसानों को आश्वस्त किया कि उनकी मांग को शासन व सरकार तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

मनसा चिन्तितं कार्यं वाचा नैव प्रकाशयेत्।
मन्त्रेण रक्षयेद् गूढं कार्य चापि नियोजयेत्॥

मन में सोचे हुए कार्य को मुंह से बाहर नहीं निकालना चाहिए। मंत्र के समान गुप्त रखकर उसकी रक्षा करनी चाहिए। गुप्त रखकर ही उस काम को करना भी चाहिए।

संपादकीय

बड़ा कदम

उच्चतम न्यायालय ने सांसदों और विधायकों के विशेषाधिकार से जुड़े मामले में सोमवार को एक बड़ा फैसला सुनाया। संसद या विधानसभाओं में पैसे लेकर वोट डालने वाले नेताओं को सुप्रीम कोर्ट ने तगड़ा झटका दिया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि अगर सांसद या विधायक रिश्वत लेकर सदन में भाषण देते हैं या वोट देते हैं तो उन पर कोर्ट में आपराधिक मामला चलाया जा सकता है। यह फैसला ऐतिहासिक है। सुप्रीम कोर्ट ने 1998 के एक फैसले को बदलते हुए कहा कि चयनित प्रतिनिधियों को मिला विशेषाधिकार उन्हें घूसखोरी के मामले में कानूनी कार्यवाही से राहत नहीं देता है। दरअसल, साल 1991 के आम चुनाव में कांग्रेस ने जीत दर्ज की और नरसिम्हा राव देश के प्रधानमंत्री बने। लेकिन जुलाई 1993 के मानसून सत्र में ही राव सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव आ गया। तब आरोप लगे कि शिबू सोरेन और उनकी पार्टी के चार सांसदों ने पैसे लेकर लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव के खिलाफ वोटिंग की। वर्ष 1998 में पांच सदस्यीय पीठ ने फैसला सुनाया था कि सांसदों और विधायकों को संविधान के अनुच्छेद 105 (2) और 194 (2) द्वारा प्रदत्त संसदीय विशेषाधिकारों के तहत विधानसभा में भाषण देने और वोट देने के लिए लिए मुकदमा चलाने से छूट दी गई है।

अब नया मामला तब सामने आया जब सुप्रीम कोर्ट झारखंड मुक्ति मोर्चा की विधायक सीता सोरेन के एक कथित रिश्वत मामले की सुनवाई कर रहा था। सीता सोरेन पर आरोप था कि उन्होंने साल 2012 में राज्यसभा के चुनाव में एक निर्दलीय उम्मीदवार को वोट देने के लिए रिश्वत ली। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सात सदस्यीय पीठ ने कहा कि पैसे लेकर वोट डालना हमारे लोकतंत्र के लिए जहर के बराबर है। भ्रष्टाचार करने और घूस लेने वाले विधायक-सांसद भारत के संसदीय लोकतंत्र को तबाह कर रहे हैं। यानि नए फैसले के तहत अगर कोई सांसद या विधायक पैसे लेकर सदन या विधानसभाओं में वोट देता है या भाषण देता है तो उसके खिलाफ मुकदमा चलेगा। उन्हें जनप्रतिनिधि के तौर पर मिलने वाला विशेषाधिकार कानूनी कार्यवाही से राहत नहीं देता है। अब सीता सोरेन की मुश्किलें बढ़ गई हैं। इस फैसले का असर महुआ मोइत्रा पर भी दिखाई दे सकता है। उन पर भी रिश्वत लेकर सदन में सवाल पूछने का आरोप है। महत्वपूर्ण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उच्चतम न्यायालय के फैसले को शानदार करार दिया और कहा कि इससे देश में साफ-सुथरी राजनीति सुनिश्चित होगी तथा व्यवस्था में लोगों का विश्वास गहरा होगा। भारतीय राजनीतिक परिदृश्य से मूल्य गायब हैं। ऐसे में उच्चतम न्यायालय के इस फैसले को राजनीति में नैतिकता या राजनीतिक शुचिता की दिशा में बड़ा कदम कहा जा सकता है।

किसानों पर पड़ी कुदरती मार की भरपाई कैसे होगी

डॉ. रमेश ठाकुर
नई दिल्ली

बारिश से फसलों के नुकसान पर कई प्रदेशों की सरकार ने मुआयना करने के बाद मुआवजा देने का ऐलान किया है, लेकिन इस तरह का मुआवजा कब और कितने दिनों बाद दिया जाता है, इस कड़वी सच्चाई से किसान अच्छे से वाकिफ हैं।

बदलते मौसम के मिजाज और अचानक हुई घनघोर बारिश ने अपने रौद्ररूप से अन्नदाताओं की एक बार फिर कमर तोड़ दी। खेतों में इस वक्त गेहूं की अधपकी फसल खड़ी है जिसे तेज बारिश और मोटे-मोटे ओलों ने जमींदोज कर दिया। बीते शनिवार की शाम और रविवार की रात में तेज हवाओं के साथ रुक-रुककर हुई बारिश ने खेतों में खड़ी हरी फसलों को पूरी तरह से चौपट कर डाला। जबकि ये सीजन तिलहन और फूल लगे दलहन फसलों का है, उन्हें भारी नुकसान हुआ।

प्रकृति के इस परिवर्तनकारी रवैये के आगे किसी का कोई जोर भी नहीं चलता। खेती किसानी पर वैसे ही संकट के बादल गुजरे कुछ सालों से मंडराए हुए हैं। फसलों को उगाने में किसान जितनी लागत लगाता है उतना वसूल भी नहीं पाता। खेती में उन्हें लगातार घाटा होता चला जा रहा है। ऊपर से कुदरत की कहर बरपाती मार उन्हें परेशान कर देती है। दो दिनों में बारिश से हुई इस लोक हानि की भरपाई कौन करेगा? इसकी गारंटी शायद कोई नहीं देगा।

बारिश से फसलों के नुकसान पर कई प्रदेशों की सरकार ने मुआयना करने के बाद मुआवजा देने का ऐलान किया है, लेकिन इस तरह का मुआवजा कब और कितने दिनों बाद दिया जाता है, इस कड़वी सच्चाई से किसान अच्छे से वाकिफ हैं। लाखों के नुकसान पर मात्र कुछ सौ रुपए या एकाध हजार का ही मुआवजा देकर मामले को रफादफा कर दिया जाता है, जो किसानों की नुकसान की भरपाई नहीं कर पाता।

गौरतलब है बेमौसम बारिश विगत कई वर्षों से लगातार हो रही है। तभी होती है जब फसलें पककर खेतों में खड़ी होती हैं। पिछले कई वर्षों से कमजोर मानसून मुख्य कारण तो बना ही हुआ है जिससे धान की फसल का उत्पादन घट गया है, पर इस बार रबी फसल की बुवाई और मौसम अनुकूल रहने के कारण गेहूं और तिलहन की फसल अच्छी हुई थी, लेकिन कुदरत के कहर और बेमौसम बारिश ने रबी की फसलों को पलभर में तहस-नहस कर दिया। तेज हवा के झोंकों ने बाली दे चुके गेहूं की फसल जमीन पर बिछ गई। फसल का दाना पुष्ट नहीं हुआ था, इससे वो सड़ जाएगा। निश्चित रूप से अकाल वृष्टि ने हमारे कृषि क्षेत्र की भेद्यताओं को कहीं का नहीं छोड़ा। बारिश को आमतौर पर एक वरदान कहा जाता है, लेकिन समय पर हो तब?

> बेमौसम बारिश किसानों के लिए फसल की कम कीमतों, बढ़ती लागत और मौसम पैटर्न के प्रभाव अभिशाप साबित हो रही हैं। एक सवाल जो बार-बार उठने लगा है कि क्यों होने लगी हैं बेमौसम बारिश? ये सवाल मौसम वैज्ञानिकों के लिए भी चुनौती बना हुआ है। वैज्ञानिकों की माने तो अनचाही बारिश का समग्र मुद्रास्फीति की प्रवृत्ति पर सोपानी प्रभाव ड़ालता है जिसका असर केवल कृषि क्षेत्र तक ही सीमित नहीं रहता, बल्कि अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों को भी प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करता है। जलवायु परिवर्तन के परिणामस्वरूप अप्रत्याशित मौसम पैटर्न की उत्पत्ति के चलते ही बेमौसम बारिश होती हैं।

बेमौसम बारिश किसानों के लिए फसल की कम कीमतों, बढ़ती लागत और मौसम पैटर्न के प्रभाव अभिशाप साबित हो रही हैं। एक सवाल जो बार-बार उठने लगा है कि क्यों होने लगी हैं बेमौसम बारिश? ये सवाल मौसम वैज्ञानिकों के लिए भी चुनौती बना हुआ है। वैज्ञानिकों की माने तो अनचाही बारिश का समग्र मुद्रास्फीति की प्रवृत्ति पर सोपानी प्रभाव ड़ालता है जिसका असर केवल कृषि क्षेत्र तक ही सीमित नहीं रहता, बल्कि अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों को भी प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करता है। जलवायु परिवर्तन के परिणामस्वरूप अप्रत्याशित मौसम पैटर्न की उत्पत्ति के चलते ही बेमौसम बारिश होती हैं।

इसके अलावा ग्लोबल वार्मिंग, दुर्बल पश्चिमी विक्षोभ और प्रबल उष्णकटिबंधीय जेट स्ट्रीम हाल में हुई बेमौसम बारिश के प्रमुख कारण हैं। अन्य कारणों को देखें तो अल नीनो एक मौसमी परिघटना है जो तब होती है, जब पश्चिमी प्रशांत महासागर का गर्म जल पूर्व की ओर प्रवाहित होता है जिसके परिणामस्वरूप कुछ क्षेत्रों में सूखे की स्थिति, जबकि कुछ अन्य क्षेत्रों में बेमौसम बारिश की स्थिति उत्पन्न हो जाती हैं। इसलिए कुल मिलाकर बेमौसम बारिश का मुख्य कारण ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन ही है। वैसे मानवीय गतिविधियां भी बदलते मौसम मिजाज का कारण हैं। जंगलों की कटाई, शहरीकरण और प्रदूषण जैसी इंसानी गतिविधियां भी इसमें भरपूर योगदान देती हैं। वनों की कटाई जल चक्र को बाधित करती हैं। वहीं शहरीकरण और प्रदूषण सूक्ष्म-जलवायु को प्रभावित करती हैं जिसके चलते मौसम बदलाव के लिए करवट लेना आरंभ करता है।

फिलहाल मार्च लगते ही बेहताशा बारिश ने पूरे देश को सराबोर कर दिया है। कई जगहों पर तो बहुत मोटे-मोटे ओले पड़े जिससे फसलें खेतों में ही गिर गई, जब तक दोबारा उठ पाएंगी, तब तक उसका दाना सड़ चुका होगा। सरसों, सब्जियां, दालें, प्याज आदि की फसलों को कुछ ज्यादा ही नुकसान हुआ है। ये ऐसी फसलें होती हैं, जो बहुत कमजोर मानी जाती है, हल्की बारिश में भी खराब हो जाती हैं। अन्नदाता बर्बाद हुई फसलों को देखकर कलेजा पकड़कर खेतों में बैठे हैं। उनके रोने-चिल्लाने की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तैर रही हैं, जिन्हें देखकर हम सभी परेशान हैं। किसान सरकारों से उम्मीद लगाए हैं कि उन्हें उनकी फसलों के नुकसान पर वित्तीय सहायता मिलेंगी। सहायता मिलनी भी चाहिए, आखिर उनकी छह महीने की कमाई पर पानी जो फिरा है। ऐसे में उन्हें सिर्फ उम्मीदें हुकूमतों से ही होती हैं, किसानों की वो उम्मीदें नहीं टूटने देनी चाहिए। हालांकि फसलों की सुरक्षा के लिए वैसे तो केंद्रीय स्तर पर कई योजनाएं अमल में हैं, लेकिन शायद कुदरती आपदाओं के वक्त किसानों को उनकी सुविधाएं तब मिल नहीं पाती। 'प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना', प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना' और मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना' जैसी कई बेहतरीन पहलें हैं, लेकिन कम जोतकार किसान इन योजनाओं का फायदा नहीं उठा पाता। वर्ष-2016 में भारत सरकार द्वारा शुरू की गई 'फसल बीमा योजना', जो प्राकृतिक आपदाओं, कीटों या बीमारियों के कारण फसल खराब होने या नुकसान की स्थिति में किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

इस योजना के तहत किसानों को नॉमिनल प्रीमियम देना होता है और शेष राशि का भुगतान सरकार करती है। प्रीमियम की दरें फसल के प्रकार, अवस्थिति और किसान द्वारा चुने गए कवरेज के स्तर के आधार पर तय होती हैं। यह योजना सभी खाद्य एवं तिलहन फसलों और वाणिज्यिक एवं बागवानी फसलों को दायरे में लाती हैं। दरअसल दिक्कत ये है कि मध्यम स्तर का किसान अपनी फसलों की गारंटी या बीमा नहीं करवाता। मात्र छह फीसदी सीमांत व बड़े किसान ऐसे हैं, जो इस योजना को फॉलो करते हैं।

बहरहाल मसला इस वक्त ये है, बैमौसम बारिश से हुए नुकसान से किसानों को उभारने का, सरकारी स्तर पर उनकी हर संभव सहायता होनी चाहिए। हालांकि फसलों के नुकसान की भरपाई के लिए किसानों को 'कृषि निवेश अनुदान योजना' के तहत 'राज्य आपदा मोचक निधि' से सहायता देने का निर्णय हुआ है। जिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वो कैंप लगाकर सर्वे करवाएं। किसानों की फसलों का 33 प्रतिशत या उससे अधिक का नुकसान होने पर सूचनार्थ रिपोर्ट शासन को भेजने का आदेश दिया गया है।

प्रसंगवश

न्यौता न मिलने का दर्द

दर्द की जो अनेक किस्में हैं उसमें शादी में न्यौता न मिलने का जानलेवा दर्द भी शामिल है। खासकर ऐसे किसी के यहां होने वाली शादी जिसके बारे में आप अपने खास होने का मुगालता पाले हों। सबसे पहला झटका तब लगता है जब ऐसे किसी तथाकथित खास के यहां ब्याह होने की खबर किसी और से मिलती है। किसी और से पता चलना दुखी कर जाता है। फोन कॉल आने की उम्मीद बंधी रहती है, पर मन तैयारियां भी करने लगता है शादी में जाने की। आदमी अपने परिवार में सरसरी तौर पर जिक्र करता है। मन में पूरी उम्मीद लिए, उदासीन दिखने की कोशिश करता है।

फिर वक्त बीतता है। शादी की तारीखें नजदीक आने लगती हैं। बताने वाले, शादियों का कार्यक्रम, पूरा ब्यौरा फुसफुसा जाते हैं। बस वही से खबर नहीं आती जहां से उसे आना चाहिए था और फिर न्यौता मिलने की भी किस्में होती हैं। एक विधान तय है इसका। किसी से खुद आकर न्यौता देने की उम्मीद की जाती है। बहुत बार हम चाहते हैं कि न्यौता देने वाला सपरिवार आए। यह भी देखा जाता है कि न्यौता कितना गर्मजोशी भरा या औपचारिक था। कार्ड आया है या नहीं? ई कार्ड को न्यौता माना जाए या नहीं? एक बार कहने भर से शादी में जाना ठीक लगेगा भी या नहीं? हमसे ही दोबारा मनुहार क्यों नहीं की गई? ऐसे सवाल तंग करते हैं और बंदा जाने या न जाने की ऊहापोह में फंसा रहता है।

मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

फिर शादी की तारीख और नजदीक आती है। जाहिर है न्योता देने वाला या तो आपको जानबूझकर कर भूल चुका या शादी की तैयारियों के चलते वह ऐसा करने से चूक गया है। आप पहले अनमने होते हैं। फिर खीझते है और बहुत जल्दी नाराज होने लगते है। सामने वाला अहसान फरामोश लगने लगता है। उसकी कृतघ्नता, उसकी कृपणता चिड़चिड़ा कर जाती है। हमने इसके लिए क्या-क्या नहीं किया जैसी बातें याद आने लगती हैं। इस नाराजगी की चपेट में बहुत बार कोरियर और डाक तार वाले भी आ जाते हैं। चूंकि न्यौता को नहीं आने वाला होता है इसलिए नहीं भी आता है। इस दर्द को बढ़ाते हैं वो लोग जिन्हें न्यौता मिल चुका होता है। वो आपसे जानना चाहते हैं कि शादी में चलने बाबत आपका क्या कार्यक्रम है। आप मन की नाराजगी थामते हुए मुस्कराते हैं। अपनी व्यस्तताओं का ब्यौरा पेश करते हैं आप। यह बताते हैं कि उसी दिन आपकी बुआ की लड़की की ननद की शादी है, ऐसे में आपका शादी में जाना मुमकिन नहीं। आप यह बताते हैं किसी जरूरी मीटिंग में होंगे उस दिन आप। आपकी पत्नी के घुटनों में दर्द है। आप उसे दुनिया भर की बातें बताते है, बस आप यह नहीं बता पाते कि आप न्यौते से वंचित रह गए हैं या कर दिए गए हैं। फिर आपके बिना शामिल हुए शादी हो जाती है।

इंस्टाग्राम, फेसबुक और ट्विटर पर दूल्हा-दुल्हन और दूसरे तमाम निमंत्रित लोग मुस्कराते दिखते हैं आपको। आपको लगता है ये सब आपको चिढ़ाने के प्रयोजन से है। शादी में शामिल लोग लौटकर मिलते हैं आपसे। बताते हैं आपसे कि शादी जोरदार रही। ब्रेकफास्ट से लेकर डिनर तक की खबरें विस्तार से पेश की जाती हैं। वहां हासिल शराब की नदियों का ज़िक्र होता है। वहां की भव्यता को बढ़ा चढ़ाकर पेश किया जाता है और फिर आखिर में आप की कमजोर नस दबाई जाती है। आपसे पूछा जाता है कि आप क्यों नहीं दिखे शादी में? आप का दिल चाहता है कि सामने वाले का गला दबा दिया जाए। आप यह भी चाहते हैं कि शादी बाबत कोई सनसनीखेज गॉसिप सुनने को मिले। आप शादी में हुए किसी लफड़े के बारे में जानने को व्यग्र रहते हैं। ऐसी खबरें आपको थोड़ी तसल्ली देती हैं और ऐसा कुछ न होने पर आप थोड़ा और नाराज हो जाते हैं। मन ही मन कसम खाते हैं कि इस घटिया आदमी को अपने पिंटू, या बेबी की शादी में हरगिज हरगिज नहीं बुलाएंगे।

हमारे देश में देवता सोते-जागते रहते हैं। जब तक वे जागे हुए रहते हैं, शादियां होती है। ऐसे में शादियां रुक-रुक कर सालभर चलती हैं। जब भी शादियां होती है, हर बार हमारे कुछ भुलक्कड़ या शातिर अपने, हमें शादी में बुलाना भूल जाते हैं। जब भी ऐसा होता है, दर्द होता है दिल में और लंबे वक्त तक बना रहता है।

हमारे ज्ञान और आचरण के बीच बड़ा अंतराल

बचपन में सुनते थे कि भारत कृषि प्रधान देश है, पर आज साफ लगता है कि कृषि प्रधान देश के साथ भारत धर्म परायण देश भी है, कर्मकांड प्रधान देश भी है, राजनैतिक अनैतिकताओं का देश भी है, भ्रष्टाचार पसंद देश है। खुले आम आया राम गया राम का देश है। राजनैतिक नैतिकता और सत्यता लहू लुहान है और अफसोस है कि लोग बेफिक्र है, ताली बजाने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है।

शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

> हिंदुओं को विश्वास है कि राहु और केतु नाम के दो सर्प-राक्षस उनके देवता सूर्य या चंद्रमा को यदा-कदा निगल जाने की कोशिश करते हैं जिससे इन देवताओं को अपार कष्ट होता है और साथ ही पृथ्वी पर अंतहीन अंधेरा छा जाने का खतरा उत्पन्न हो जाता है। हिंदू इन प्राकृतिक शक्तियों को देवता मानता है। अत: यह ग्रहण के अवसर पर इन देवताओं के कष्ट निवारण के लिए परेशान हो उठता है। दौड़कर तीर्थस्थलों में जाता है, पवित्र स्नान करता है और ईश्वर से प्रार्थना करता है कि इस वह उसके देवता का साथ दें।

इस संदर्भ में अंग्रेज विचारक-साहित्यकार अल्डस हक्सली याद आ रहे है। हक्सले अपने भविष्यदर्शी उपन्यास 'ब्रेव न्यू वर्ल्ड' के लिए बहुत प्रसिद्ध हैं। 1939 के बाद अपने अमेरिकी प्रवास के दौरान दक्षिणी कैलिफोर्निया वेदांत संस्थान के स्वामी प्रभावानंद से वह बहुत प्रेरित हुए। वर्ष 1941 से 1960 तक उन्होंने इस संस्थान द्वारा प्रकाशित 'वेदांत और पश्चिम' पत्रिका के लिए 48 लेख लिखे। 1944 में उन्होने 'भगवद् गीताः प्रभु का गीत' नामक श्रीमद्भगवद्गीता के एक अंग्रेजी अनुवाद की भूमिका लिखी। वह भारत से बहुत प्यार करते थे। जनवरी 1926 में वह भारत घूमने आए और उन्होंने एक छोटा-सा निबंध 'बनारस' 14 जनवरी 1926 को लिखा था।

उल्लेखनीय है कि जिस दिन हक्सली वाराणसी आए थे वह मकर संक्राति की ग्रहण स्नान का दिन था। हक्सले के अनुसार लाखों-लाख श्रद्धालु स्त्री-पुरुष, बूढ़े-बच्चे, धनी-गरीब, छोटे-बड़े झुंडों में दूर-दूर से धूल फांकते पैदल चलकर बनारस की घाटों पर इकट्ठे हुए थे। ग्रहण की स्थिति में ही सूर्योदय होना था। भारत में यह ग्रहण अत्यंत आंशिक था जिसे जाड़े में सुबह नंगी आंखों से देख पाना संभव नहीं था, लेकिन भारतवासियों की आस्थावान आंखें अचूक थीं। सूर्योदय होते-होते हजारों-हजार की भीड़ पवित्र डुबकी के लिए बेचैन हो उठी। घना कुहरा और भयानक ठंड के बावजूद लोग तेजी से घुटने अथवा कमर भर पानी में खड़े होते, कुल्ला करते, खंखारते, थूकते, अपने देवता सूर्य को जल अर्पण करते, जोर-जोर से मंत्रोचार करते, राम-नाम रटते और दो-चार डुबकी लगाकर नदी से बाहर निकल आते। यह अंतहीन क्रम चलता रहता। कारण?

हिंदुओं को विश्वास है कि राहु और केतु नाम के दो सर्प-राक्षस उनके देवता सूर्य या चंद्रमा को यदा-कदा निगल जाने की कोशिश करते हैं जिससे इन देवताओं को अपार कष्ट होता है और साथ ही पृथ्वी पर अंतहीन अंधेरा छा जाने का खतरा उत्पन्न हो जाता है। हिंदू इन प्राकृतिक शक्तियों को देवता मानता है। अतः यह ग्रहण के अवसर पर इन देवताओं के कष्ट निवारण के लिए परेशान हो उठता है। दौड़कर तीर्थस्थलों में जाता है, पवित्र स्नान करता है और ईश्वर से प्रार्थना करता है कि इस वह उसके देवता का साथ दें। उसे यह भी विश्वास है कि इस संकट की घड़ी में पूजा, स्नान आदि से उसके देवता को प्रेरणा व प्रोत्साहन मिलता है और वह दुष्ट राक्षसों को पराजित करने में सक्षम होता है। निबंध में मुख्यतः तीन बातों पर प्रकाश डाला गया हैः एक, हिंदू जीवन-दृष्टि सामाजिक विवेक पर नहीं, बल्कि धार्मिक अंधविश्वासों पर टिकी है। दो, भारतवासियों को धर्म और ईश्वर की नहीं, बल्कि सोच और नास्तिकता की आवश्यकता है और तीन, बुद्धि और कल्पना जो मनुष्य की विशिष्टता के आधार हैं, कभी-कभार जानवरों से भी बदतर बन जाने के लिए विवश करते हैं।

हमें आज हक्सले की कही बातें कुछ कड़वी लग सकती हैं, पर विदेशी लेखक सामान्यतः जो सोचते हैं, वही लिखते हैं, छिपाते नहीं हैं। इस पर बहस की जा सकती है, पर आज भी यह तो हमें भी लगता है कि भारतीयों की तमाम आस्थाएं ज्ञान पर नहीं टिकी है? हमारे ज्ञान और हमारे आचरण के बीच बड़ा अंतराल है वरना शायद हम शायद इतने कर्मकांडी न होते, हम अनैतिकता और झूठ बर्दाश्त नहीं करते। 'सब चलता है' यह हमारी सोच में न घुसता। नाजिम हिकमत की लाइनें याद आ रही हैं-'अगर हम नहीं जलेंगे/ अगर तुम नहीं जलोगे/अगर हम सब नहीं जलेंगे /तो इस अंधेरे में/उजाला कौन भरेगा?'

सोशल फोरम

अपनी मिट्टी का संगीतकार

स्वर्गीय फणीश्वर नाथ रेणु को अपनी मिट्टी का कथाकार कहा जाता है। उनके दो उपन्यासों- 'मैला आंचल', 'परती परिकथा' और उनकी दर्जनों कहानियों के पात्रों की जीवंतता, सरलता, निश्छलता और सहज अनुराग हिंदी कथा साहित्य में संभवतः पहली बार घटित हुआ था।

> जीवन के खुरदुरे यथार्थ के बीच रागात्मकता की यही दृश्य या अदृश्य अंतर्धारा रेणु को उनके पूर्ववर्ती और समकालीन कथाकारों से अलग करती है।

हिंदी कहानी में पहली बार लगा कि शब्दों से सिनेमा की तरह दृश्यों को जीवंत ही नहीं किया जा सकता, उनसे संगीत की सृष्टि भी की जा सकती है। रेणु ने लोकगीत, ढोल-खंजड़ी, लोकनृत्य, लोकनाटक, लोक विश्वास और किंवदंतियों के सहारे बिहार के कोशी अंचल की जो जीवंत और संगीतमय तस्वीर खींची है, उससे गुजरना एक बिल्कुल अलग-सा और असाधारण अनुभव है। उनकी तुलना अक्सर कथासम्राट प्रेमचंद से की जाती है।

ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

मेरी अपनी समझ से रेणु प्रेमचंद से आगे के कथाकार हैं। प्रेमचंद में गांव का यथार्थ है, रेणु में गांव का संगीत। प्रेमचंद को पढ़ने के बाद हैरानी होती है कि इतनी विपरीत और अमानवीय परिस्थितियों के बीच भी किसान अपने गांव, अपने खेत से बंधा कैसे रह जाता है। रेणु का कथा संसार यह रहस्य खोलता है कि जीवन से मरण तक गांव के घर-घर से उठते संगीत और मानवीय संवेदनाओं की वह नाजुक डोर है, जो लोगों में अपनी जड़ों, अपनी मिट्टी और अपने रिश्तों के प्रति असीम राग पैदा करती है।

जीवन के खुरदुरे यथार्थ के बीच रागात्मकता की यही दृश्य या अदृश्य अंतर्धारा रेणु को उनके पूर्ववर्ती और समकालीन कथाकारों से अलग करती है।

-फेसबुक वॉल से

और न्यूनतम जरूरतों की गारंटी सरकार देगी

बचपन में कहानी सुनते थे कि हमारे गांव के बाबू ने अपने छोटे भाई की शादी में परफॉर्म करने के लिए बनारस से कलाकार बुलाए थे। जब बाजार में तीन रुपए किलो रोहू मछली बिकती थी तब बनारस वाली उस टोली को तीन हजार रुपये देने की चर्चा दस-दस कोस दूर के गांवों तक हुई थी। बाबू सैकड़ों बीघे खेत के मालिक थे। इलाके के बड़े बबुआनों में नाम था। उनके खेतों में खलिहानों में न जाने कितने लोग काम करते थे। औरतें भी, मर्द भी। मडुआ, मकई तौल कर मजदूरी में देते थे। गांव के श्रमिक उनके खेतों में खूब काम करते थे। मौसम साथ देता तो अक्सर अच्छी उपज भी होती। बाबू मय खानदान फलते-फूलते रहे।

डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

दुर्गा पूजा में नाटक कंपनी भी गांव में आती थी जिसकी मेजबानी वही करते थे। दो दृश्यों के बीच में नटुआ नाचता तो मौज में आकर उसे नकद इनाम भी देते थे। गांव के श्रमिकों ने अथक मेहनत से फुद्दी बाबू की बबुआनी को बनाए रखा। बदले में सपरिवार भरपेट भोजन भी नसीब नहीं तो इसे नसीब का खेल माना। जमाना बदला। बाबुओं की रौनक भी घटी। रौनक शिफ्ट हुई नए दौर के बाबुओं के आंगन में। बोले तो बड़े बिजनेस मैन। सम्मान से बुलाओ तो उद्योगपति कहो, फिलॉसफी से बुलाओ तो पूंजीपति कहो। बाबुओं के जमाने में सरकारों के पास उतने पैसे नहीं होते थे कि सबको मुफ्त अनाज दो, मुफ्त मकान दो। टैक्स देने वाले मिडिल क्लास का उतना विकास और विस्तार नहीं हुआ था, अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने वाली नई प्रौद्योगिकियों का जलवा कायम नहीं हुआ था। तो उस टाइम गरीब बीमारी से मरते थे, अक्सर भूख से भी मरते थे। काम बाबू का करते थे, अनाज की कोठरियां उनकी भरते थे। खुद भूख और बीमारी झेलते, अपने नसीब को रोते एक दिन मर जाते थे। अब जमाना बदला है। देश ट्रिलियन डॉलर वाली अर्थव्यवस्था के दौर में है। अब टैक्स लेने और देने का अच्छा सिस्टम है। आमदनी बढ़ी है तो टैक्स भी बढ़ा है। नए दौर के बाबुओं के कर्मचारी भूख से नहीं मरें, इसका इंतजाम सरकार करती है। बीमारी के इलाज के लिए मुफ्त बीमा के कार्यक्रम सरकार अपने फंड से चलाती है।

जीतोड़ मेहनत से काम मालिक का करेंगे, लेकिन जीने के लिए न्यूनतम जरूरतों की गारंटी सरकार देगी। अब अगर वेडिंग नहीं, प्री वेडिंग में ही हजारों करोड़ खर्च कर दिए जाएं। रिहाना को महज कुछ घंटों के परफॉर्म के लिए चौहत्तर करोड़ खर्च दिए जाएं, लेकिन मालिक की रिटेल चेन के निचले दर्जे के कर्मचारियों की विशाल फौज से जाकर मिलिए, उन्हें देखिए, जानिए। वे लगातार काम करते हैं, अथक मेहनत करते हैं, मामूली पगार पाते हैं। इतनी ही कि वे और उनका परिवार इस पर जी नहीं सकते। वे शहरों में सर की सेवा में लगे हैं। उनके बिजनेस के लिए उनके मुनाफे के लिए पूरा टाइम, पूरी एनर्जी खर्च करते हैं। उधर गांव में उनके बूढ़े और अशक्त माता-पिता मुफ्त अनाज की लाइन में खड़े हैं, उनके बच्चे मुफ्त किताबों, पोशाकों और मिड डे मील की लाइन में खड़े हैं।

आंकड़े बताते हैं कि पिछले दस-पंद्रह वर्षों में जितनी तेजी से भारत के अरबपतियों की समृद्धि में वृद्धि हुई है उतनी दुनिया के किसी और देश में नहीं। मुफ्त अनाज लेने वाली 85 करोड़ आबादी में न जाने कितने परिवारों के नौजवान बेटे शहरों में अंबानियों, अदानियों का मुनाफा बढ़ाने के लिए अपनी जवानी गर्क कर रहे हैं और हम सरकारों को कोस रहे हैं कि अब तक उन्हें मुफ्त मकान देने का वादा पूरा नहीं हुआ।

सिलई बड़ा गांव की यात्रा

रामपुर मिलक के करीब एक गांव सिलई बड़ा गांव इन दिनों चर्चा में है। जहां बीते दिनों एक दलित समाज के नौजवान छात्र सोमेश की गोली लगने से मौत हो गई। वह हाईस्कूल की गणित की परीक्षा देकर आया था। प्रबुद्ध मैत्रीय संघ व क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन के पदाधिकारी रविवार को गांव पहुंचे। गांव में बड़ी संख्या में पुलिस दल मौजूद था। गांव वालों ने बताया जिस स्थल पर सोमेश की मौत हुई यह जमीन दलित समाज के लोगों की कूड़ा फेंकने की जगह है। जिन लोगों से विवाद है उनकी अलग जगह है। 22 जनवरी को दलित समाज के लोगों ने सफाई अभियान के तहत ऊंची-नीची जगह को, समतल कर लिया और एक, जिस पर संविधान निर्माता का चित्र, एक झंडा जिस पर लिखा है जय भीम और बोर्ड लगा दिया। उस दिन अयोध्या में देश के प्रधानमंत्री के साथ-साथ प्रदेश व देश के अनेक गणमान्य लोग राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल थे। गांव की महिलाओं ने बताया उस समय पुरुष घर पर थे नहीं, गरीब लोग हैं। अधिकतर भूमिहीन हैं। बीघा दो-चार बीघा जोत के किसान हैं। बिन मजदूरी के गुजारा नहीं चलता। पुलिस ने महिलाओं को भी पीटा। ऐसे में सवाल है कि आखिर क्यों किसी का लाल मरे? क्यों किसी की कोख सूनी हो? सभी की हिफाजत की जिम्मेदारी पुलिस की है। पुलिस के रहते सोमेश कैसे मारा गया? जाति-धर्म, रंग-भाषा के आधार पर घृणा क्यों हो? प्रशासन व शासन को चाहिए शांति स्थापित हो और पीड़ित पक्ष को उचित मुआवजा मिले। हालांकि पीड़ित परिवार को मुआवजे से सदा का सहारा नहीं मिलेगा जिसके जीने का सहारा चला गया, उसकी भरपाई कैसे हो सकती है। यह व्यवस्था हो कि चाहे उच्च वर्ग के हों या निम्न वर्ग के या किसी भी धर्म के किसी की भी जान न जाए सभी स्वतंत्र जिएं। गांव पहुंची टीम में डॉ.सतीश, डॉ.एमपी सिंह, नवीन सागर, डॉ.हीरालाल, मोहम्मद फैसल, ललित चौधरी, हरगोविंद, चरण सिंह यादव व प्रेमपाल सिंह आदि शामिल रहे।

सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

एक नजर

थाना भवानीगंज पर पीस कमेटी की गोष्ठी संपन्न

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। आगामी त्यौहार महाशिवरात्रि, होली के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज व उपजिला मजिस्ट्रेट डुमरियागंज द्वारा थाना भवानीगंज पर क्षेत्र के धर्मगुरु, ग्राम प्रधान व संभ्रांत लोगों के साथ पीस कमेटी की गोष्ठी की गई। उप जिला मजिस्ट्रेट डुमरियागंज व क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज ने थाना भवानीगंज पर सोमवार को आगामी त्यौहार महाशिवरात्रि, होली के दृष्टिगत थाना क्षेत्र के सभी समुदाय के धर्मगुरु व सम्भ्रान्त व्यक्तियों की पीस कमेटी की मीटिंग की गयी। जिसमें त्यौहार के सम्बन्ध में शासन व उच्चाधिकारियों से प्राप्त आदेशों निर्देशो की जानकारी दी गई। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक डुमरियागंज सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

नए सत्र में पंजीकरण के लिए प्रवेश फार्म का वितरण शुरू

गोरखपुर , अमृत विचार। एन.ई. रेलवे गर्ल्स इण्टर कालेज, बौलिया रेलवे कालोनी, गोरखपुर में नये सत्र-2024-25 के लिए कक्षा-06 से 09 एवं 11वीं (गणित, जीव विज्ञान एवं मानविकी) में प्रवेश के लिए पंजीकरण शुरू हो गया है। पंजीकरण फार्म 5 मार्च से 12 से 2 बजे के बीच कार्यालय से वितरित किया जायेगा। पंजीकरण फार्म भरने की अंतिम तिथि 28 मार्च है। सीबीएसई अंग्रेजी माध्यम के इस विद्यालय में योग्य शिक्षक/शिक्षिकाओं द्वारा उच्च-स्तरीय शिक्षा प्रदान की जाती है। विद्यालय के प्रत्येक वर्ग में सी.सी.टी.वी. कैमरा स्थापित है तथा छात्राओं के शारीरिक विकास हेतु खेलकूद का मैदान एवं आधुनिक प्रायोगशाला, पुस्तकालय के साथ-साथ स्मार्ट क्लास की भी सुविधा उपलब्ध है। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

गीडा प्राधिकरण की 60वीं बोर्ड बैठक संपन्न

गोरखपुर। गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) की 60वीं बोर्ड बैठक मंडलायुक्त सभागार में मंडलायुक्त अनिल ढींगरा की अध्यक्षता में हुई। बोर्ड की बैठक में विस्तार पूर्वक हर एक बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस दौरान गीडा सीईओ अनुज मलिक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

ट्रांसफार्मरों को ठीक कराकर निर्बाध विद्युत आपूर्ति कराएं

बिजली सेवा एवं सम्पर्क अभियान कार्यक्रम को लेकर हुई बैठक में सांसद जगदंबिका पाल ने दिए निर्देश

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। विद्युत संरचना के सुदृढ़ीकरण, अनुरक्षण एवं जन शिकायतों के समाधान के लिए बिजली सेवा एवं सम्पर्क अभियान (विद्युत गति से समाधान) कार्यक्रम का आयोजन अम्बेडकर सभागार में किया गया। जिसमें सांसद जगदम्बिका पाल, सदस्य विधान परिषद, ध्रुव कुमार त्रिपाठी, विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार मौजूद रहे।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए सांसद ने आरडीएसएस योजना एवं बिजनेस प्लान के अन्तर्गत स्वीकृत कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की। सांसद ने अधीक्षण अभियन्ता विद्युत को निर्देश दिया कि जनपद में खराब ट्रांसफार्मरों की शिकायतें अधिक प्राप्त होती हैं जिसको बदलने का कार्य शीघ्रता से हो। जिन लोगों को नया कनेक्शन लेना है उनको जल्द से जल्द कनेक्शन उपलब्ध कराएं। नगरीय/ग्रामीण क्षेत्रों में शेड्यूल के अनुसार निर्वाध रूप से बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराएं। किसी भी उपभोक्ता का उत्पीड़न न किया जाये, समस्याओं का शीघ्रता से निराकरण हो। आरडीएसएस योजना एवं बिजनेस प्लान के अन्तर्गत स्वीकृत कार्यों में तेजी लाकर कार्य को पूर्ण करायें। मुख्य अभियंता विद्युत, बस्ती मंडल बस्ती एसके सरोज एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार ने सभी अधिशासी अभियन्ताओं को निर्देश दिया कि जिस योजना के अन्तर्गत जिन ग्राम पंचायतों में जितने लागत से जो भी कार्य किये जा रहे हैं उसकी सूचना सभी तहसीलों एवं विकास खण्डों में होर्डिंग लगाकर प्रदर्शित किया जाये। इस अवसर पर एसपी अग्रवाल, अधीक्षण अभियन्ता विद्युत, समस्त अधिशासी अभियन्ता विद्युत व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित थे।

बिजली सेवा एवं सम्पर्क अभियान कार्यक्रम को लेकर आयोजित बैठक में बोलते सांसद डुमरियागंज जगदंबिका पाल।

प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना का कराया जाए व्यापक प्रचार प्रसार

सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना से लाभान्वित होने वाले घरों पर सोलर पैनल स्थापित कराया जायेगा। मुख्य अभियंता विद्युत, बस्ती मंडल बस्ती को निर्देश दिया कि तहसील स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर उसमें जनप्रतिनिधि, ब्लाक प्रमुख, ग्राम प्रधान एवं उपभोक्ताओं को आमंत्रित कर इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कर लोगों को लाभ दिलाया जाये। जनपद के सभी विधानसभा क्षेत्रों में जिस योजना के अन्तर्गत जितने लागत से जो भी कार्य किये जा रहे हैं उसकी सूचना एवं प्रगति के बारे में जनप्रतिनिधियों को जानकारी उपलब्ध कराएं। विद्युत विभाग की अन्य योजनाओं एवं स्मार्ट बिलिंग के बारे में लोगों को जागरूक करें तथा विद्युत बिल समय से उपभोक्ताओं को उपलब्ध करायें।

लाभार्थियों को बांटे गए प्रमाण-पत्र व टूल किट

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल की अध्यक्षता एवं विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा, अध्यक्ष नगर पालिका सिद्धार्थनगर गोविन्द माधव, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में विश्वकर्मा श्रम सम्मान के लाभार्थियों को टूल किट का वितरण कार्यक्रम अम्बेडकर सभागार में सम्पन्न हुआ। सांसद ने लाभार्थियों से कहा कि जनपद के कर्मयोगी विभिन्न कारीगर जिनके अन्दर हुनर है उनको प्रधानमंत्री द्वारा विश्वकर्मा श्रम सम्मान के अन्तर्गत टूल किट का वितरण कर रहे हैं। कुम्हार, लोहार, बढ़ई, मोची आदि के हाथों को मजबूत करने के लिए यह योजना लाई गई है। जिससे वह अपने रोजगार को बढ़ा सकें और जनपद के विकास में भी अपना योगदान करेंगे। विधायक श्यामधनी राही ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रदेश के सभी वर्गों का विकास किया जा रहा है। देश के सभी युवा जब हुनरमन्द होंगे तभी देश का विकास सम्भव है। विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा, अध्यक्ष नगर पालिका सिद्धार्थनगर गोविन्द माधव ने भी अपने विचार व्यक्त किए। मुख्य विकास अधिकारी ने विश्वकर्मा श्रम सम्मान, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, ओडीओपी आदि योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर सांसद जगदम्बिका पाल की पत्नी स्नेहलता पाल, विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा, अध्यक्ष नगर पालिका सिद्धार्थनगर गोविन्द माधव, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार ने विश्वकर्मा श्रम सम्मान के बढ़ई ट्रेड के 92 लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र व टूल किट का वितरण किया गया।

परीक्षाओं से गैरहाजिर रहे हजारों छात्र-छात्राएं

गोरखपुर, अमृत विचार। यूपी बोर्ड परीक्षाओं में सोमवार को प्रथम पाली में हाईस्कूल अंग्रेजी, इण्टरमीडिएट कृषि अर्थशास्त्र, कृषि वनस्पति विज्ञान एवं कम्प्यूटर विषय की परीक्षा सभी केन्द्रों पर सकुशल सम्पन्न हुई। परीक्षा केन्द्रों पर वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट तैनात रहे। प्रथम पाली हाईस्कूल में अंग्रेजी विषय के कुल पंजीकृत 73336 छात्रों में से 69189 उपस्थित रहे जबकि 4147 अनुपस्थित रहे। इण्टरमीडिएट कम्प्यूटर विषय में पंजीकृत कुल 223 छात्रों में से 218 उपस्थित एवं पांच अनुपस्थित रहे। कृषि अर्थशास्त्र में पंजीकृत 162 में से 156 उपस्थित एवं 06 अनुपस्थित रहे। कृषि वनस्पति विज्ञान में पंजीकृत 178 में से 156 उपस्थित एवं 22 अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली इण्टरमीडिएट भौतिक विज्ञान में पंजीकृत 38691 में से 36988 उपस्थित तथा 1703 अनुपस्थित थे। मनोविज्ञान विषय में पंजीकृत 262 में से 259 उपस्थित एवं 03 अनुपस्थित थे। शिक्षा शास्त्र में पंजीकृत 2416 में से 2268 उपस्थित एवं 148 अनुपस्थित थे।

बड़े बकायेदारों की सूची होगी सार्वजनिक

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने तहसील शोहरतगढ़ एवं विकास खण्ड कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। तहसील शोहरतगढ़ के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पूर्ति निरीक्षक कक्ष में शिकायत रजिस्टर देखा। राशन कार्ड धारकों के फीडिंग के बारे में जानकारी प्राप्त की। कार्यालय में साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस रजिस्टर, जन सुनवाई रजिस्टर, मत्स्य पट्टा रजिस्टर, अभिलेखागार, संग्रह अभिलेखागार, तहसीलदार कोर्ट आदि पटलों का निरीक्षण किया। उपजिलाधिकारी को निर्देश दिया कि सबसे ज्यादा राजस्व के बकायेदारों की सूची सूचना पट्ट पर चस्पा कराएं। अमीनों के द्वारा आरसी की वसूली कराएं। इसके साथ ही कोर्ट के केस समय से निस्तारण करायें। तहसील परिसर एवं कार्यालय में साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। कार्यालय में समय से बैठकर जनता की समस्याओं का निराकरण करायें। इसके बाद डीएम ने विकास खण्ड कार्यालय शोहरतगढ़ का निरीक्षण किया। उपस्थिति रजिस्टर, राज्य वित्त एवं मनरेगा सेल आदि सभी पटलों को देखा। खण्ड विकास अधिकारी को निर्देश दिया कि किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता न होने पाये। कार्यालय में समय से उपस्थित होकर जनसुनवाई करें। कार्यालय एवं विकास खण्ड परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करायें। पत्रावलियों का रख-रखाव सही ढंग से कराएं। आईजीआरएस रजिस्टर को देखा गया एवं समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारित कराने का निर्देश दिया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी उमाशंकर, उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ कर्मेन्द्र कुमार, तहसीलदार शोहरतगढ़, खण्ड विकास अधिकारी शोहरतगढ़ ओम प्रकाश गुप्ता व अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

ब्लॉक कार्यालय में निरीक्षण करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

गोरखपुर से सिद्धार्थनगर मार्गों पर डग्गामार बसों का बोलबाला, जमकर हो रही वसूली

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। गोरखपुर से सिद्धार्थनगर आने वाले सभी मार्गों पर डग्गामार बसों का बोलबाला है। इसके लिए संबंधित विभाग पूरी तरह से मौन है। जिससे सरकार को राजस्व का चूना लग रहा है वहीं दूसरी तरफ बगैर परमिट की यह बसे अधिकार से अधिक किराया वसूलते हुए सवारियों को मानक से काफी अधिक संख्या में बैठाकर यात्रा कराते हैं। मनमाना किराया वसूल कर आधे रास्ते में ही यात्रियों को उतार दिया जाता है। जिससे यात्री बदहाल और परेशान रहते हैं।

सबसे बुरा हाल तो गोरखपुर सिद्धार्थनगर मार्ग पर चलने वाले यात्रियों का है। सैकड़ो लोग सिद्धार्थनगर से गोरखपुर जाकर नौकरी भी करते हैं और मुख्य बाजार होने के कारण गोरखपुर के लिए भी आया जाया करते हैं। सूत्रों का कहना है कि इस रोड पर चलने वाली रोडवेज की बसें इतनी खराब हो गई है कि इस पर यात्रा करना खतरे से खाली नहीं है। 80 किलोमीटर की यात्रा रोडवेज की बसें 3:30 घंटे में कर रही हैं। जिससे लोग रोडवेज बसों पर चलना मुनासिब नहीं समझते।

मजे की बात यह कि सिद्धार्थनगर गोरखपुर मार्ग पर चलने वाली रोडवेज की 95 फीसदी बसें ओवर माइलेज हो चुके हैं। जिससे अधिकांश लोग रोडवेज की बसों को छोड़कर प्राइवेट बसों का यात्रा करना मुनासिब समझते हैं। सिद्धार्थनगर मार्ग, लोटन, ककराहवा वाया सिद्धार्थनगर-गोरखपुर सहित सभी सड़कों पर प्राइवेट बसों का संचालन हो रहा है। इस संबंध में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी से वार्ता नहीं हो सकी।



विकास कार्यों का शिलान्यास करते सांसद रवि किशन शुक्ला। अमृत विचार

सांसद व विधायक ने किया आठ सड़कों का शिलान्यास

गोरखपुर

अमृत विचार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सपना है देश के गांवों को विकसित बनाने का। गांव का जितना विकास होगा देश उतना ही आगे जायेगा। गांवों का विकास तभी संभव है जब वह अच्छी कनेक्टिविटी से जुड़ा हो। जिस भी गांव में अच्छी सड़कें होती हैं वह तेजी से विकास करता है।

यह बातें सोमवार को सदर सांसद रवि किशन शुक्ला ने पिपराइच के श्री गुरू गोरक्षनाथ धर्मशाला में आयोजित सड़कों के शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। सांसद रवि किशन शुक्ला और पिपराइच विधायक महेंद्र पाल सिंह ने 1.66 करोड़ की लागत से बनने वाली 8 सड़कों और एक पुलिया का शिलान्यास किया। क्षेत्रीय विधायक महेंद्र पाल सिंह ने भाजपा सरकार के उपलब्धियां गिनाई। इसके पूर्व सांसद ने सोनबरसा रोड पर जीओ मार्ट बाजार का उद्घाटन किया। समारोह में 2024 संसदीय चुनाव में गोरखपुर सदर से पुनः प्रत्याशी घोषित होने के बाद पिपराइच में प्रथम आगमन पर जोरदार स्वागत किया गया। सभा की अध्यक्षता दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री राधेश्याम सिंह तथा संचालन नरेंद्र सिंह ने किया। इस अवसर पर, राधेश्याम सिंह, चेयरमैन संजय मद्धेशिया, बीरेंद्र पाठक, पीआरओ पवन दूबे सांसद प्रतिनिधि, समरेंद्र सिंह, संघर्ष मणि उपाध्याय, आनन्द शाही, अष्टभुजा तिवारी आदि मौजूद रहे।

जोगिया में विष्णु महायज्ञ का आयोजन 8 मार्च से

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। विष्णु महायज्ञ की तैयारी जोरों पर विकासखंड जोगिया के ग्राम पंचायत लखनपार में श्री श्री विष्णु महायज्ञ राम कथा एवं रासलीला की तैयारी जोरों पर हो रही है। 8 मार्च को विष्णु महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। जिसमें दोपहर में राम कथा एवं रात्रि में मथुरा से आई रासलीला की पार्टी श्री कृष्ण के कथाओं पर मंचन करेगी। इसके लिए ग्रामीण पूरी तरह से जी जान से जुट गए हैं। बताया गया कि यह विष्णु महायज्ञ अपने आप में विशाल है। अपील भी किया है कि महायज्ञ में पहुंचकर अपने को पूर्ण का भागी बने।

जब पुण्य का उदय होता है तब श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ जैसा अनुष्ठान होता है : आचार्य

उसका बाजार, सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। कस्बा में रविवार को बृंदावन धाम से आए कथाव्यास आचार्य सुमित कृष्ण जी महाराज के अगुवाई में नौ दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ कथा की कलश यात्रा के साथ शुरुआत हुई।

भागवत कथा के प्रथम दिन व्यास पीठ से आचार्य सुमित कृष्ण जी महाराज ने कहा कि जन्म जन्मांतर एवं युग युगांतर में जब पुण्य का उदय होता है, तब ऐसा अनुष्ठान होता है। श्रीमद्भागवत कथा एक अमर कथा है। इसे सुनने से पापी भी पाप मुक्त हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि वेदों का सार भागवतपुराण उसी सनातन ज्ञान की गंगा है, जो वेदों से प्रवाहित होती चली आई है। इसलिए भागवत महापुराण को वेदों का सार कहा गया है। उन्होंने श्रीमद्भागवत महापुराण का बखान किया। कहा कि सबसे पहले सुखदेव मुनि ने राजा परीक्षित को भागवत कथा सुनाई थी, उन्हें सात दिनों के अंदर तक्षक के दंश से मृत्यु का श्राप मिला था। कहा कि श्रीमद्भागवत कथा अमृत पान करने से संपूर्ण पापों का नाश होता है। इस अवसर पर देवेश्वर प्रसाद मिश्र, मनीष कुमार अग्रहरि, संतोष मिश्र, शिखा पाण्डेय, सोनू अग्रहरि, राजनारायण पाण्डेय, अमित मिश्र, अभिषेक आदि लोग उपस्थित रहे।

आचार्य सुमित कृष्ण जी महाराज।

हटिया-गोरखपुर एक्सप्रेस का होगा मार्ग विस्तार

गोरखपुर

अमृत विचार। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा के लिए 15028/15027 गोरखपुर-हटिया-गोरखपुर एक्सप्रेस का मार्ग विस्तार सम्बलपुर तक किया जायेगा। इस गाड़ी का गोरखपुर एवं हटिया के मध्य समय एवं ठहराव में कोई परिवर्तन नहीं होगा। विस्तारित मार्ग पर 8 मार्च से गोरखपुर से चलने वाली 15028 गोरखपुर-हटिया-सम्बलपुर एक्सप्रेस गोरखपुर से 07.20 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन हटिया से 07.30 बजे, राउरकेला से 11.23 बजे, झारसुगुडा से 13 बजे तथा रेंगाली से 13.27 बजे छूटकर सम्बलपुर 14.10 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 9 मार्च से हटिया से चलने वाली 15027 हटिया-गोरखपुर एक्सप्रेस 10 मार्च से विस्तारित मार्ग पर सम्बलपुर से 15027 सम्बलपुर-हटिया-गोरखपुर एक्सप्रेस सम्बलपुर से 09.20 बजे प्रस्थान कर रेंगाली से 09.42 बजे, झारसुगुडा से 10.35 बजे, राउरकेला से 12 बजे तथा हटिया से 16.50 बजे छूटकर दूसरे दिन गोरखपुर 16.30 बजे पहुंचेगी।

ट्रेनों का प्रायोगिक ठहराव

गोरखपुर, अमृत विचार। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु 15557/15558 दरभंगा-आनन्द विहार टर्मिनस-दरभंगा अमृत भारत एक्सप्रेस का पूर्व मध्य रेलवे के हरिनगर एवं सिकटा स्टेशनों पर प्रायोगिक ठहराव प्रदान किया जायेगा। जिसके अनुसार 15557 दरभंगा-आनन्द विहार टर्मिनस अमृत भारत एक्सप्रेस, 15558 आनन्द विहार टर्मिनस-दरभंगा अमृत भारत एक्सप्रेस, 15557 दरभंगा-आनन्द विहार टर्मिनस अमृत भारत एक्सप्रेस, 15558 आनन्द विहार टर्मिनस-दरभंगा अमृत भारत एक्सप्रेस का ठहराव होगा।

सार-संक्षेप

खंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन देते शिक्षक संघ के पदाधिकारी।

शिक्षक संघ ने समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। परिषदीय शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के निस्तारण के लिए प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई नौगढ़ द्वारा सोमवार को खंड शिक्षा अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार पाल को ज्ञापन दिया गया। प्राशिसं के ब्लॉक अध्यक्ष अरूण सिंह ने बताया कि संगठन के आह्वान पर विद्यालयी कार्यों के संपादन के लिए विभाग द्वारा प्रदत्त टेबलेट फोन के संचालन के लिए विभागीय सिमकार्ड की उपलब्धता तथा राज्य कर्मचारियों की भांति उपार्जित अवकाश एवं द्वितीय शनिवार को अवकाश प्रदान किए जाने की मांगों संबंधित ज्ञापन खंड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से महानिदेशक स्कूल शिक्षा को प्रेषित किया गया है। बीआरसी नौगढ़ में देर शाम आयोजित ज्ञापन प्रेषण कार्यक्रम में सुभाष वरूण, धर्मेन्द्र सिंह, जितेंद्र मिश्रा, नियाज़ अहमद, आलोक आनंद, दीपक श्रीवास्तव, आरती चौधरी, जगदीश प्रसाद, अहमद सईद आब्दीआब्दी, धर्मेन्द्र चौधरी आदि की उपस्थिति रही।

शिक्षकों ने धरना प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

उस्का बाजार , अमृत विचार। सोमवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर ब्लाक संसाधन केंद्र उस्का बाजार पर शिक्षकों ने धरना प्रदर्शन किया और महानिदेशक स्कूल शिक्षा को संबोधित ज्ञापन खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपा। जिला उपाध्यक्ष रूपेश सिंह के नेतृत्व में शिक्षक बीआरसी पर जुटे। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षकों को भी राज्य कर्मचारियों की भांति एक कैलेंडर वर्ष में 31 दिवस का उपार्जित अवकाश ,द्वितीय शनिवार को अवकाश व अर्ध आकस्मिक अवकाश अनुमन्य किया जाय। कहा कि शिक्षक समस्याओं के समाधान के लिए विभाग गंभीर नहीं है। प्रदेश स्तर पर समिति बनने के बाद भी अभी तक किसी समस्या का समाधान नहीं हुआ। अंत में खंड शिक्षा अधिकारी महेंद्र कुमार को महानिदेशक को संबोधित ज्ञापन सौंपा और महानिदेशक को प्रेषित करने का अनुरोध किया।

आशा बहू ने कलेक्ट्रेट परिसर में किया धरना प्रदर्शन

सिद्धार्थ नगर, अमृत विचार। दो सूत्रीय मांगों को लेकर आशा बहू ने कलेक्ट्रेट परिसर में किया धरना प्रदर्शन धरना प्रदर्शन का नेतृत्व भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष अनिल सिंह ने धरना को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा आशा बहू को10000 रुपए प्रतिमाह सरकार प्रोत्साहन के रूप में देती है किंतु संबंधित अधिकारियों द्वारा आशा बहू ने मांग किया है कि सरकार हमें 18000 रुपए प्रतिमा प्रोत्साहन के रूप में प्रदान करें। कहा कि हम सरकार की सभी योजनाओं को गांव एवं लाभार्थियों के बीच में पहुंचते हैं और विकास की कड़ी को जोड़ने का काम आशा बहुएं ही करती हैं। लेकिन केंद्र सरकार भी इनके साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। जनपद मुख्यालय के कलेक्ट परिसर में धरना प्रदर्शन करते हुए सैकड़ो आशा बहू ने दो सूत्री मांग पत्र प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम से स्थानीय अधिकारियों को सौंपा। कहा कि अगर मांग शीघ्र पूरी नहीं होती है तो बहुएं सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर होंगी।

अतिसंवेदनशील बूथ का किया निरीक्षण

उसका बाजार, सिद्धार्थनगर अमृत। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर जिला व पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में सोमवार को थानाक्षेत्र के सेखुई स्थित प्राथमिक विद्यालय में बने अतिसंवेदनशील बूथ का निरीक्षण एसडीएम डा. ललित मिश्रा और सीओ सुजीत राय ने किया। एसडीएम ने बूथ पर मौजूद शौचालय, पेयजल, रैंप, विद्युत संयोजन, कमरों में वायरिंग, आवागमन की सुविधा देखी। उन्होंने मौजूद कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग के गाइड लाइन के अनुसार बूथों पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करानी है, इसमें किसी भी तरह की शिथिलता न बरतें। इसी तरह सीओ सुजीत राय ने मौजूद एसआई को निर्देश दिया कि अराजक तत्वों पर नजर रखें, किसी भी अपराधिक मामले में पुलिस कार्यवाई करने में तत्परता दिखाएं। कहा कि शासन व प्रशासन स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है, इसमें किसी को भी खलल डालने नही दिया जाएगा। इस दौरान सभासद प्रतिनिधि अभिषेक त्रिपाठी, सभासद मो. कासिम, इंद्रजीत आदि मौजूद रहे।

आयोजन मसीहा उर्दू सोसाइटी द्वारा मिल कॉलोनी स्थित मैरेजहाल में सेमिनार का किया गया आयोजन

उर्दू भाषा ने लोगों के दिलों को जोड़ा है : मणेन्द्र मिश्रा

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। मसीहा उर्दू सोसाइटी द्वारा मिल कॉलोनी स्थित मैरेजहाल में उर्दू अदब पर सेमिनार आयोजित हुआ। इस अवसर पर हिंदी उर्दू साहित्य अवार्ड कमेटी लखनऊ से प्रकाशित बच्चन की बातें पुस्तक का विमोचन हुआ। इसके लेखक डॉ मसीहउद्दीन खान मसीहा उर्दू सोसाइटी के संस्थापक है।

कार्यक्रम के अतिथि यश भारती से नवाजे गये, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष समाजवादी शिक्षक सभा मणेन्द्र मिश्रा "मशाल" एवं विमलेश सिंह इंस्पेक्टर यूपी पुलिस रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता निज़ाम अहमद सभासद ने किया। मणेन्द्र मिश्रा ने कहा कि उर्दू भाषा ने भारत में दिलों को जोड़ा है। उर्दू अदब से राष्ट्रीय एकता मजबूत हुई है। भारत की वैश्विक पहचान को उर्दू जुबान ने ऊंचाई दिया है। अन्य अतिथियों व वक्ताओं ने उर्दू के फरोग के लिए मसीहा उर्दू सोसाइटी के कामों को सराहे और उर्दू के फरोग पर आगे काम करने पर जोर दिए। मेहमानों को बैज लगा कर तथा साल भेंट कर स्वागत किया गया। अच्छे काम के लिए प्रशस्ति पत्र देकर लोगों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के आयोजक डॉ. मसीउद्दीन खान साहब ने कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए सभी का स्वागत किये व आभार व्यक्त की। कार्यक्रम में सपा शोहरतगढ़ विधानसभा अध्यक्ष हरिनारायण यादव, जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा शकील शाह, शिवम उपाध्याय, पूर्व प्रधान गयासुद्दीन खान, पूर्व प्रधान जयकरन, सलाहुद्दीन साहब, रियाज शाह, डॉ. सरफुद्दीन साहब, अजय चौरसिया, डॉ अमित शर्मा आदि की विशेष उपस्थिति रही।

उर्दू अदब पर आयोजित सेमिनार में पुस्तक का विमोचन करते अतिथि। अमृत विचार

एसएसबी कार्मिक ने महिला को दिया खून

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। 43वीं वाहिनी एसएसबी के कार्मिक ने महिला को अपना खून देकर जान बचाई। महिला के पति मो. आसिफ निवासी ग्राम कठौलिया पोस्ट दूसहा नॉर्थ ने एसएसबी के 43वीं वाहिनी मुख्यालय परिसर में जाकर बताया कि उसकी पत्नी आशिमा खातून वजाइनल टियर बीमारी से ग्रसित है। वर्तमान में वह जिला अस्पताल सिद्धार्थनगर में भर्ती है। उसे ओ निगेटिव ब्लड की आवश्यकता है। वर्तमान समय में ओ निगेटिव ब्लड जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में उपलब्ध नहीं है। जांच करने पर वाहिनी के आरक्षी सामान्य बघेला अमित का ब्लड ग्रुप ओ निगेटिव निकला। उसे तुरंत जिला अस्पताल भेजकर ब्लड डोनेट कराया गया।

एक नजर

स्कूल बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं से कराया अवगत

बलरामपुर। बलरामपुर राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा से निर्देशित संघनित पाठ्यक्रम पर आधारित जिला स्तरीय तीन दिवसीय ब्लॉक संदर्भदाता प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थान सभागार में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण के साथ डायट प्रवक्ता पवन कुमार, जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता निरंकार पांडे के द्वारा किया गया। सरस्वती वंदना शिक्षिका प्रियंका द्विवेदी और एआरपी सीमा जायसवाल ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के संचालन के साथ संक्षिप्त रूप रेखा पर एसआरजी महमूदुल हक़ ने प्रस्तुति की।

सड़क निर्माण की मांग

बलरामपुर। उतरौला पचपेड़वा मार्ग से बभनी बुजुर्ग डीह के लिए निकला सम्पर्क मार्ग तीनो गौशाला बाभनी, तिलखी, नगर पालिका को ग्राम पंचायत तिलखी होते हुए देवारिया अर्जुन मे महुआ धनी को जोड़ने वाली संपर्क मार्ग अत्यंत दयनीय है। क्षेत्रवासी राघवेन्द्र मिश्र, वेद व्रत मिश्र, भगवत प्रसाद मिश्र, माधव शरन श्रीवास्तव, गोपाल चैधरी, राधेश्याम यादव, अर्जुन भारती, मनीराम यादव, दीनानाथ, अब्दुल मन्नान, नूर अहमद, आदि लोगों ने सड़क निर्माण कराने की मांग की है।

अवधेश कुमार भारती हुए ईओ नगरपालिका

संतकबीरनगर, अमृत विचार। पांच महीने के लम्बे इंतजार के बाद आखिरकार नगरपालिका खलीलाबाद को ईओ मिल गए। सदर विधायक अंकुर राज तिवारी के खिलाफ कलेक्ट्रेट परिसर में धरने पर बैठने के बाद तत्कालीन

ईओ का पांच माह पूर्व शासन स्तर से तबादला कर दिया गया था। तभी से ईओ की कुर्सी खाली थी। एसडीएम खलीलाबाद शैलेश दूबे खलीलाबाद का अतिरिक्त प्रभार देख रहे थे। ईओ की गैर मौजूदगी के चलते नगरपालिक क्षेत्र में विकास कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहे थे। शासन ने अवधेश कुमार भारती को ईओ खलीलाबाद नियुक्त कर दिया। सोमवार को उन्होंने नगरपालिका खलीलाबाद कार्यालय पर पहुंचकर अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया।

वारंटी गिरफ्तार

उतरौला, बलरामपुर, अमृत विचार। थानाध्यक्ष श्रीदत्तगंज अनिल कुमार दीक्षित के नेतृत्व मे सोमवार को थाना श्रीदत्तगंज पुलिस टीम द्वारा धारा 363 आईपीसी से संबंधित वारण्टी अभियुक्त मुकीम निवासी ग्राम पुरैना कानूनगो थाना श्रीदत्तगंज को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया।

त्योहारों को लेकर मुस्तैद रहेगी सुरक्षा

महाशिवरात्री, होली व रमजान को लेकर डीएम और एसपी ने की बैठक

सक्रियता

- परिसर से बाहर नहीं निकलनी चाहिए ध्वनि विस्तारक यंत्रों की आवाजें

संवाददाता, संतकबीरनगर

अमृत विचार। जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर और पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता की अध्यक्षता में आज सोमवार को आगामी त्योहार महाशिवरात्रि, होली और रमजान माह के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में जिला प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान त्योहार की तैयारियों और व्यवस्थाओं सहित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई।

बैठक के दौरान त्योहारों के संबंध में शासन के दिशा निर्देशों से मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों को अवगत कराया गया। जिलाधिकारी ने मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि धार्मिक स्थलों पर मानक के अनुसार लाउडस्पीकर व पीए सिस्टम की ध्वनि कर ली जाय, उसकी ध्वनि संबंधित धार्मिक स्थल के परिसर से बाहर नहीं निकलनी चाहिए। त्योहारों में कोई भी नई परंपरा नहीं डाली जाएगी। त्योहार परंपरागत व शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जाय। त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति पैदा नहीं होनी चाहिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि त्योहारों के दौरान अशान्ति व उपद्रव करने वाले अराजक तत्वों की समय रहते पहचान कर ली जाय और उनसे खिलाफ कठोर कार्यवाही शुरू करा दी जाय। किसी भी प्रकार से नियमों का उल्लंघन शांति व्यवस्था बाधित न होने पाए। गोष्ठी के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक शशिशेखर सिंह, क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद ब्रजेश सिंह, क्षेत्राधिकारी धनघटा केशवनाथ सहित जनपद के समस्त थानों के प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

त्योहारों के मद्देनजर प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम और एसपी। अमृत विचार

अभियान चलाकर नारी शक्तियों को कर रहे जागरूक

संतकबीरनगर। मिशन शक्ति विशेष अभियान के तहत कम्युनिटी पुलिसिंग के माध्यम से महिला पुलिस कर्मी जनपद में नारी शक्ति को उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता पैदा करने में जुटी हैं। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में सभी थानों की महिला बीट प्रभारी और अन्य महिला आरक्षी गांवों, कस्बों, स्कूलों, कालेजों पर और सार्वजनिक स्थलों पर गोष्ठी और पम्पलेट वितरित कर महिलाओं और बालिकाओं को उनके संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक कर रही हैं। महिलाओं को जागरूक करते हुए आरक्षियों ने बताया कि घरेलू हिंसा, कार्यस्थल पर शोषण, राह चलते अश्लील हरकतें आदि पर तगड़ा प्रतिकार करें। एक बार बर्दाश्त कर लेने के बाद अपराधी का मनोबल काफी बढ़ जाता है। विपरीत परिस्थितियों में महिलाएं और बच्चियां डायल-112, महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 के साथ ही स्थानीय पुलिस समेत उच्चाधिकारियों को मोबाइल पर सम्पर्क कर त्वरित सहायता प्राप्त कर सकती हैं।

सार-संक्षेप

निर्भीक होकर मतदान करने की श्रमिकों को दिलाई शपथ

ग्राम पंचायत शिवानगर में मनरेगा श्रमिकों के साथ पदाधिकारी। अमृत विचार

बलरामपुर, अमृत विचार। लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान को लेकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का दौर जारी है। सोमवार को खंड विकास अधिकारी अनूप सिंह ने ग्राम पंचायत शिव नगर में मनरेगा श्रमिकों को निष्पक्ष व निर्भीक होकर मतदान करने की शपथ दिलाई। बीडीओ ने बताया कि मनरेगा श्रमिकों को निष्पक्ष व निड़र होकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। ग्राम पंचायत शिवानगर में कार्य कर रहे मनरेगा श्रमिकों को शपथ दिलाई गई। मनरेगा श्रमिकों को स्वयं के साथ 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके नवजवान के साथ परिवार के अन्य सदस्यों को जागरूक किया गया। इस मौके पर ग्राम पंचायत अधिकारी नित्यानंद सिंह, एपीओ ओमकार पांडेय, प्रधान उमर शाह, ग्राम पंचायत अधिकारी अनूप सैनी, प्रधान सगीर अहमद, रोजगार सेवक अजय कुमार सिंह, मोहम्मद कलीम मौजूद रहे।

मतदाता जागरूकता को लेकर एक्सप्रेस वैन रवाना

बलरामपुर, अमृत विचार। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशन में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अवसर पर स्वीप योजना के तहत मतदाता जागरूकता हेतु मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस वैन का 4 मार्च को जनपद मुख्यालय पर स्थित महारानी लाल कुंवरी स्नाकोत्तर महाविद्यालय में एनएसएस के कैडेटो द्वारा स्वागत किया गया। और जनपद के सभी ब्लॉकों में नव मतदाता जागरूकता हेतु मतदाता वैन को महाविद्यालय से एनएसएस कार्यक्रमाधिकारियो द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम में वीडियो प्रसारण के माध्यम से नव मतदाताओ को जागरूक किया गया। इस अवसर पर स्वीप क्वार्डी नेटर व नोडल अधिकारी डॉ. राजीव रंजन, एनएसएस कार्यक्रमाधिकारी डॉ. रमेश शुक्ला, एनएसएस कार्यक्रमाधिकारी डॉ. जितेंद्र भट्ट, कालेज ब्रांड एंबेसडर अम्बुज भार्गव व अन्य उपस्थित रहे।

कोख में न मारो बाबुल बेटी हूं तुम्हारी...

बलरामपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा नगर के महारानी लाल कुंवरी स्नाकोत्तर महाविद्यालय में नारी सशक्तिकरण विषय पर 4 मार्च को ओपन माइक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों युवाओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला संयोजक अम्बुज भार्गव और कॉलेज इकाई अध्यक्ष साध्वी द्विवेदी ने दीप प्रज्वलित कर किया। जिला संयोजक अम्बुज भार्गव ने कहा ऐसी प्रतियोगिता से छात्रों के अंदर गुणवत्तापूर्ण प्रस्तुतीकरण करने की कला विकसित होती है। कालेज इकाई अध्यक्ष साध्वी द्विवेदी ने कहा कि एबीवीपी ने ओपन माइक कार्यक्रम आयोजित कर युवाओं को मंच दिया है। प्रतियोगी आकृति मिश्रा ने कोख में न मारो बाबुल बेटी हूं तुम्हारी गीत प्रस्तुत किया। स्वाती पांडेय ने नारी तू नारायणी है शीर्षक वाली कविता पढ़ी। संचालन कॉलेज इकाई मंत्री शिवम दूबे ने किया। इकाई उपाध्यक्ष अफीफा खातून, सोशल मीडिया संयोजक सौरभ पाण्डेय, विकास वर्मा, स्वाती पांडेय, पंकज तिवारी सहित कार्यकर्ता व प्रतिभागी मौजूद रहे।

फर्जी जाति प्रमाण पत्र का लाभ लेने वालों की अब खैर नहीं

संवाददाता, संतकबीरनगर

- डीएम की अध्यक्षता में हर सोमवार को इन मामलों की होगी सुनवाई
- तहसील स्तर पर करनी होगी पहली शिकायत

अमृत विचार। जुगाड़ लगाकर फ़र्जी जाति प्रमाण बनवा कर उसके सहारे सरकारी योजनाओं और सरकारी नौकरी का लाभ लेकर मलाई काटने वालों के लिए बुरी खबर है। लगातार मिल रही ऐसी शिकायतों को लेकर जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने बेहद कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है।

फर्जी जाति प्रमाण पत्र के सहारे लाभ लेने के मामलों की शिकायत तहसील मुख्यालय पर करनी होगी। उसके बाद तहसील स्तरीय अधिकारी उसकी जांच कर सत्यता परखेंगे। उसके बाद शिकायत और जांच रिपोर्ट जिलाधिकारी के पास अग्रसारित की जाएगी। जिलाधिकारी हर सोमवार को दिन में 11 बजे से ऐसी शिकायतों और जांच रिपोर्ट की गहनता पूर्वक समीक्षा करेंगे। शिकायत सत्य मिली तो दोषियों के खिलाफ कठोरतम कार्यवाही की जाएगी।

मामले की जानकारी देते हुए जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि ऐसे तमाम प्रकरण लगातार संज्ञान में आ रहे हैं। लोगों

महेंद्र सिंह तंवर, डीएम, संतकबीरनगर

द्वारा आरोप लगाया जाता है कि तमाम लोग फ़र्ज़ी जाति प्रमाण पत्र के सहारे विभिन्न योजनाओं और सरकारी नौकरियों का लाभ ले रहे हैं। अब अभियान चलाकर ऐसे मामलों की गहनता पूर्वक जांच कराई जाएगी और शिकायत सत्य मिली तो सम्बन्धित के खिलाफ कार्रवाई के साथ ही उसके द्वारा प्राप्त किए गए लाभ की रिकवरी भी कराई जाएगी। शिकायतों के निस्तारण के लिए हर सोमवार का दिन निर्धारित किया गया है।

मछुआ समुदाय के 100 लोगों को मिलेगा आवास

संतकबीरनगर, अमृत विचार। जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मत्स्य पालक कल्याण कोष योजना के तहत वर्ष 2023-24 में एकल मछुआ आवास के लिए प्राप्त आवेदनों का विकास खण्ड स्तर से सत्यापन उपरान्त प्राप्त कुल 100 पात्र लाभार्थियों की सूची को अनुमोदन के बाद विभागीय पोर्टल पर रेण्डमाजेशन की प्रक्रिया पूर्ण की गयी।

इसके साथ ही मछुआ बाहुल्य गांवों में सड़कों और गलियों में प्रकाश की व्यवस्था हेतु जनपद के 29 ग्राम पंचायतों में सोलर लाइट और हाई मास्ट लाइटें लगाने के लिए खण्ड विकास अधिकारियों के माध्यम से प्राप्त ग्राम पंचायत के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि एकल मछुआ आवास से जहां आवास विहीन मछुआ समुदाय के लोगों को पक्का आवास मिलेगा वहीं मछुआ बाहुल्य गांवों में सोलर लाइट और हाई मास्ट लाइट से पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित होगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार, वरिष्ठ कोषाधिकारी वैभव कुमार, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य विजय कुमार मिश्र, मत्स्य निरीक्षक शशि प्रकाश, वरिष्ठ सहायक मुस्ताक अहमद, अमित कुमार समेत तमाम अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

कार्यालय : जलकल विभाग नगर निगम, अयोध्या

पत्रांक :– 2086/ज0क0वि0न0नि0अयो0/ई–निविदा/2023–24 दिनांक : 04/03/2024

द्वितीय ई–निविदा सूचना पत्र

नगर निगम अयोध्या के अन्तर्गत कौशलपुरी कालोनी के विभिन्न स्थानों पर पाइप लाइन बदलने का कार्य हेतु द्वितीय ई–निविदा आमंत्रण

नगर निगम अयोध्या के अन्तर्गत निम्न स्थानों पर पाइप लाइन बदलने का कार्य हेतु द्वितीय ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। जलकल विभाग द्वारा समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि निम्न आयोग के अन्तर्गत नगर आयुक्त महोदय के द्वारा ई–निविदा आमंत्रित करने हेतु प्रदान की गयी स्वीकृति के क्रम में समस्त ठेकेदारों से उनके कार्य अनुभव के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यो हेतु ई–निविदा प्रकार से प्रकाशित की जाती है। समस्त नियम व शर्ते वेबसाइट पर देखी जा सकती है। निविदा प्रपत्र के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी ई–प्रक्योरमेन्ट की वेबसाइट www.-//etender.up.nic.in से प्राप्त की जा सकती है। ई–निविदा के साथ संलग्न की जाने वाली जमानत धनराशि मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी नगर निगम अयोध्या के https://emdnagarnigamayodhya.in/loginWithotp के माध्यम से सम्बन्धित फर्म के खाते से जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा प्राप्त निविदा पर कोई विचार नही किया जायेगा। नगर आयुक्त नगर निगम अयोध्या को बिना कोई कारण बताये निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित होगा।

वेबसाइट पर निविदा अपलोड होने की तिथि	05.03.2024 को अपरान्ह 03:00 बजे
निविदा की अन्तिम तिथि	11/03/2024 सायंकाल 05:00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि	12/03/2024 को 12:00 बजे तक

क्र0 सं0	कार्य का नाम	जी0एस0टी0 सहित स्वीकृत आगणन धनराशि (अतिरिक्त G.S.T देय होगा)	जमानत राशि रूपया	निविदा मूल्य + 18% G.S.T. सहित (1500 + 18%)	कार्य अवधि
01.	नगर निगम, अयोध्या के अन्तर्गत कौशलपुरी कालोनी फेज–1 में निम्न स्थानों पर 110 एम0म0 पी0बी0सी0 पाइप लाइन बदलने का कार्य।	8,45,648.09	84,570.00	1770.	30 दिवस
02.	नगर निगम, अयोध्या के अन्तर्गत कौशलपुरी कालोनी फेज–1 में निम्न स्थानों पर 110 एम0एम0 पी0वी0सी0 पाइप लाइन बदलने का कार्य।	8,45,270.12	84,530.00	1770	30 दिवस

महाप्रबन्धक (जल) नगर निगम अयोध्या — अपर नगर आयुक्त नगर निगम अयोध्या

जर्जर पुलिया ठीक कराने को लेकर प्रदर्शन

बलरामपुर, अमृत विचार। प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग से बनी ललिया भवानियापुर मार्ग की सड़क बाढ़ पानी से जगह जगह क्षतिग्रस्त हो गया है। इसी रास्ते पर बने तीन पुलिया का एप्रोच मार्ग कट गया है। शनिवार को दो स्कूली बच्चे जर्जर पुलिया में गिरकर घायल हो गये, नाराज ग्रामीणों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया व जिलाधिकारी को सम्बोधित एक शिकायती प्रार्थना पत्र रजिस्ट्रड डॉक से भेजा। क्षेत्रवासी पंकज कुमार, दीप नारायण, कमलेश, राकेश कुमार, विमल कुमार, पवन कुमार, पुत्तन, रोहित कुमार, कल्पननाथ, रामचंद्र, रामगोपाल, राम सूरत, तिलकराम, उदयराज, अनोखी लाल, श्रीनाथ, कामेश्वर, साधूराम, दुर्गा प्रसाद, रामकुमार, मनोज कुमार सहित लोगों ने बताया कि ललिया-भवनियापुर मार्ग पर लोक निर्माण विभाग से 2 वर्ष पूर्व सड़क बनाई गयी थी, बीते वर्ष आई बाढ़ से सड़क जगह-जगह क्षतिग्रस्त हो गई है। इस संबंध में लोग निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता भानु प्रताप यादव ने बताया कि दुर्घटना को रोकने के लिए अस्थाई व्यवस्था जल्द ही कराई जायेगी।

लोकतंत्र और संविधान बचाने के लिए समाजवादी पार्टी का साथ दें

- मेंहदावल में आयोजित हुआ पीडीए सम्मेलन

मेंहदावल, अमृत विचार। सोमवार को मेंहदावल नगर के ठाकुर द्वारा मोहल्ले में मधुबन वाटिका मैरिज हाल में सपा के द्वारा संविधान बचाओ - लोकतंत्र बचाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि लौटन राम निषाद ने कहा कि लोकसभा का यह चुनाव संविधान और लोकतंत्र बचाने के मुद्दे पर लड़ा जायेगा। चुनाव के समय भाजपा श्रीराम-निषादराज के मित्रता की बात करती है। सरकार बनने के बाद कश्यप निषाद समाज के साथ सौतेला व्यवहार करना शुरू कर देती है।

पूर्व कैबिनेट मंत्री व मेंहदावल विधायक पप्पू निषाद ने कहा कि संविधान बचाओ, लोकतंत्र बचाओ, सामाजिक न्याय सम्मेलन में कहा कि अभी से न चेते तो भाजपा लोकतंत्र और संविधान को समाप्त कर देगी। यह लडाई केवल चुनाव में जीत हार की नहीं है। हमें लोकतंत्र को बचाने के लिये सपा की जीत सुनिश्चित करनी होगी। भाजपा की सरकार किसान, नौजवान हितों पर कुठाराघात कर पूंजीपतियों को पोषित कर रही है। पेपर लीक के नाम पर बेरोजगार युवाओं के साथ भाजपा ने धोखा किया है। जिलाध्यक्ष अब्दुल कलाम ने कहा कि बेरोजगार युवा और उनका परिवार इस चुनाव में भाजपा से अपना हिसाब लेगा। कार्यक्रम में सतेंद्र पांडेय, राधेश्याम निषाद, राम नयन निषाद, समेत बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, महिलाएं और सपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यालय : जलकल विभाग नगर निगम, अयोध्या

पत्रांक :– 2089/ज0क0वि0न0नि0अयो0/ई–निविदा/2023–24 दिनांक : 04/03/2024

ई–निविदा सूचना पत्र

नगर निगम अयोध्या के अन्तर्गत लक्ष्मणघाट वार्ड के निम्न स्थानों पर पाइप लाइन बदलने, नलकूप नं0 7 के नये पम्प हाउस का निर्माण कार्य एवं हैण्डपम्प, पाइप लाइन, नलकूपों की मरम्मत में प्रयुक्त होने वाली सामग्री एवं सबमर्सिबल मोटर पम्पों को मरम्मत एवं मरम्मत में प्रयुक्त होने वाली सामग्री एवं अन्य कार्यो को कराने व अन्य सामग्री की आपूर्ति कार्य हेतु मेलामद / 15वें वित्त / अन्य मद से प्राप्त धनराशि से कार्य कराने हेतु यूनिट दर के निर्धारण हेतु ई–निविदा आमंत्रण

नगर निगम अयोध्या के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। जलकल विभाग द्वारा समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि निम्न आयोग के अन्तर्गत नगर आयुक्त महोदय के द्वारा ई–निविदा आमंत्रित करने हेतु प्रदान की गयी स्वीकृति के क्रम में समस्त ठेकेदारों से उनके कार्य अनुभव के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यो हेतु ई–निविदा प्रकार से प्रकाशित की जाती है। समस्त नियम व शर्ते वेबसाइट पर देखी जा सकती है। निविदा प्रपत्र के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी ई–प्रक्योरमेन्ट की वेबसाइट www//etender.up.nic.in से प्राप्त की जा सकती है। ई–निविदा के साथ संलग्न की जाने वाली जमानत धनराशि मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी नगर निगम अयोध्या के https://emdnagarnigamayodhya.in/loginWithotp के माध्यम से सम्बन्धित फर्म के खाते से जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा प्राप्त निविदा पर कोई विचार नही किया जायेगा। नगर आयुक्त नगर निगम अयोध्या को बिना कोई कारण बताये निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित होगा।

वेबसाइट पर निविदा अपलोड होने की तिथि	05.03.2024 को अपरान्ह 03:00 बजे
निविदा की अन्तिम तिथि	11/03/2024 सायंकाल 05:00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि	12/03/2024 को 12:00 बजे तक

क्र0 सं0	कार्य का नाम	जमानत धनराशि रूपया	निविदा मूल्य + 18% G.S.T. सहित (1500 + 18%)	कार्य अवधि
01.	नगर निगम, अयोध्या क्षेत्र के अन्तर्गत लक्ष्मणघाट वार्ड में प्रजापति मन्दिर से मजगवां मन्दिर तक 150 एम0एम0 व्यास की डी0आई0 (के–7 टाईप) पेयजल पाइप लाइन बदलने का कार्य।	84,480.00	1770.00	30 दिवस
02.	नगर निगम, अयोध्या क्षेत्र के अन्तर्गत दन्तधावन कुण्ड में लगे नलकूप नं0 7 के पम्प हाउस को ध्वस्त कर नये पम्प हाउस का निर्माण कार्य।	75450.00	1770.00	30 दिवस
03.	नगर निगम, अयोध्या के अन्तर्गत हैण्डपम्प, पाइप लाइन, एवं नलकूपों की मरम्मत में प्रयुक्त होने वाली सामग्री, सबमर्सिबल मोटर पम्पों को मरम्मत एवं मरम्मत में प्रयुक्त होने वाली सामग्री एवं अन्य कार्यो को कराने व अन्य सामग्री की आपूर्ति कार्य।	50,000.00	1770.00	30 दिवस

महाप्रबन्धक (जल) नगर निगम अयोध्या — अपर नगर आयुक्त नगर निगम अयोध्या

आयोजन बलरामपुर चीनी मिल में मनाया गया 53वां सुरक्षा दिवस

कर्मचारियों ने ली सुरक्षापूर्वक कार्य करने की शपथ

बलरामपुर, अमृत विचार। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद द्वारा आयोजित होने वाला 53वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस बलरामपुर चीनी मिल में भी सोमवार को उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों ने सुरक्षापूर्वक कार्य करने की शपथ ली व जीरो एक्सीडेण्ट का लक्ष्य प्राप्त करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया।

प्रतिष्ठान के मुख्य प्रधान प्रबंधक निष्काम गुप्ता ने उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को अपना-अपना कार्य पूरी लगन, ईमानदारी, उत्साह व सेफ्टी नियमों का पालन करते हुए करने का संदेश दिया। उन्होंने सभी को सुरक्षा नियमों का पालन करने, साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने व सुरक्षा ईएचएस प्रोटोकॉल का पालन करने को कहा। उन्होंने यह भी बताया कि हम सभी को कार्य के दौरान सेफ्टी का विशेष ध्यान रखना चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने सुरक्षा के साथ कार्य करने एवं अपने कर्तव्यों का निर्वाहन करने की शपथ भी ली। उन्होंने कहाकि हमारे जीवन में सुरक्षा का अत्याधिक महत्व है क्योंकि हम हमारे परिवार के लिये पूरा संसार होते हैं व सुरक्षा के अभाव में हमारे साथ गम्भीर हादसा होने की सम्भावना रहती है जिससे हमारे साथ-साथ हमारा पूरा परिवार बिखर सकता है। इसलिये सामाजिक जीवन में भी सुरक्षा के प्रति सदैव जागरूक रहना चाहिये।

बलरामपुर चीनी मिल में आयोजित कार्यक्रम में अधिकारियों व कर्मचारियों को सुरक्षापूर्वक कार्य करने की शपथ दिलाते मुख्य प्रधान प्रबंधक निष्काम गुप्ता।

इस अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता में पोस्टर प्रतियोगित में ब्रिज कान्त झा प्रथम, सतेन्द्र कुमार मिश्रा द्वितीय, राम नारायन यादव तृतीय व वेद प्रकाश तिवारी चतुर्थ, निबन्ध प्रतियोगिता में राजेश कुमार प्रथम, विश्वबल्यु सिंह द्वितीय चन्द्रशेखर तृतीय व विल कुमार यादव चतुर्थ रहे। स्लोगन में रवि शर्मा प्रथम, अरविन्द कुमार द्वितीय, वेद प्रकाश तिवारी तृतीय व समीर सिंह चतुर्थ रहे। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित भी किया गया। इसके अतिरिक्त संयंत्रवार सुरक्षा चैम्पियन के लिये मुकेश सिंह, पराग दत्त तिवारी, अनिल कुमार मौर्या व ज्ञानेन्द्र सिंह को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक राजीव अग्रवाल, प्रधान प्रबंधक यात्रिकी योगेन्द्र सिंह विष्ट, अपर प्रधान प्रबंधक वाणिज्य डीएन ठाकुर, उपप्रधान प्रबंधक यांत्रिकी संजय कुमार मिश्रा, उपप्रधान प्रबंधक आईटी डीएस चैहान, सहायक प्रधान प्रबंधक उत्पादन ओपीएस यादव, सहायक प्रधान प्रबंधक सिविल एके चतुर्वेदी, मुख्य प्रबंधक ईएचएस संजीव मिश्रा, मुख्य प्रबंधक मेटेरियल पवन कुमार तिवारी, मुख्य प्रबंधक मेन्टीनेन्स शेखर श्रीवास्तव व अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

धर्म दर्शन

आत्मज्ञान, वैराग्य एवं कल्याण का प्रतीक शिव तत्व

शिव आदि तत्व हैं, वह ब्रह्म हैं, वह अखंड, अभेद्य, अच्छेद्य, निराकार, निर्गुण तत्व है। वह अपरिभाषेय हैं, वह नेति-नेति हैं। अभिव्यक्ति में प्रतीत होते हैं, जिन्हें विद्या तथा अविद्या कह सकते हैं। ऋग्वेद में भगवान शिव का सबसे पहला उल्लेख मिलता है,जो उनकी दिव्य पहचान पर प्रकाश डालता है। भगवान शिव को अक्सर रुद्र के रूप में जाना जाता है। रुद्र जिसका अर्थ है "गर्जना करने वाला" देवत्व के कच्चे और मौलिक पहलुओं का प्रतीक है। उन्हें एक उग्र देवता के रूप में चित्रित किया गया है,जो तूफान, विनाश और कायाकल्प से जुड़ा है।

ऋग्वेद के मंत्र बुरी ताकतों से सुरक्षा के लिए रुद्र के आशीर्वाद का आह्वान करते हैं,जो विध्वंसक और रक्षक दोनों के रूप में उनकी दोहरी प्रकृति को प्रदर्शित करता है। जैसे ही हम ऋग्वेद से यजुर्वेद की ओर बढ़ते हैं,हम रुद्र से शिव में परिवर्तन का अनुभव करते हैं। शिव,संस्कृत शब्द "शिव" से लिया गया है,जो शुभता और पवित्रता का प्रतीक है। इस चरण में भगवान शिव को तपस्वी योगी के रूप में चित्रित किया गया है,जो हिमालय की बर्फ से ढकी चोटियों पर ध्यान कर रहे हैं। वह वैराग्य, आत्मज्ञान और परोपकार के आदर्शों का प्रतीक हैं। यजुर्वेद शिव को ध्यान और आध्यात्मिकता के दिव्य आदर्श के रूप में महिमामंडित करता है। सामवेद हमें सर्वोच्च देवता महादेव से परिचित कराता है। महादेव, रुद्र और शिव के रूप में अपने पिछले अवतारों को पार करते हुए,भगवान शिव की दिव्यता की भव्यता को समाहित करते हैं। वह ब्रह्मांडीय व्यवस्था का अंतिम स्रोत, ब्रह्मांड का निर्माता, पालनकर्ता और संहारक है। सामवेद महादेव को उनकी सर्वशक्तिमानता और परोपकारी सर्वव्यापकता का चित्रण करते हुए एक लौकिक देवता के रूप में प्रतिष्ठित करता है। सृष्टि 16 तत्वों से निर्मित हैं। पहले पांच तत्व, पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश, पृथ्वी लोक से संबंधित हैं। छठा तत्व 'शिव तत्व' है जिसका संबंध आज्ञा चक्र से है तथा वह माथे के केंद्र में स्थित है। विशुद्धि और आज्ञा चक्र के बीच में 11 तत्व हैं,किंतु फिर भी शिव तत्व को छठा तत्व कहा जाता है,क्योंकि शिव आदि, अनादि, अनंत, अखंड हैं,जो बुद्धि की समझ से परे हैं। सारे तत्व उसी में निहित हैं। शरीर में तीन प्रकार की ग्रंथियां होती हैं,ब्रह्म ग्रंथि, विष्णु ग्रंथि तथा रुद्र ग्रंथि। ब्रह्म ग्रंथि तथा विष्णु ग्रंथि खोलना अपेक्षाकृत सरल है,किंतु रुद्र ग्रंथि को खोलना बहुत कठिन है। इसके खुले बिना शेष 11 तत्वों का अनुभव नहीं हो सकता। 16 तत्वों के अनुभव के बाद ही शिव और शक्ति का संयोजन होता है और शिव तत्व की प्राप्ति होती है। संपूर्ण वेदों में विभिन्न श्लोक भगवान शिव की दिव्य उपस्थिति को दर्शाते हैं। अथर्ववेद का एक श्लोक शिव के लौकिक नृत्य, तांडव का सार दर्शाता है: "न तस्य प्रतिमा अस्ति यस्य नमः महद्यशः ।"/ तन्द्य त्वाग्वं प्रस्वादं पयधि। यह श्लोक भगवान शिव के निराकार स्वरूप की प्रशंसा करता है,इस बात पर जोर देता है कि उनकी दिव्य ऊर्जा असीमित और मानवीय समझ से परे है। यह इस विश्वास को पुष्ट करता है कि भगवान शिव के प्रति सच्ची भक्ति मूर्ति पूजा से परे है और उनके लौकिक सार से जुड़ती है। शिव का वास्तविक अर्थ है 'वह जो नहीं है' अर्थात् शून्य। आधुनिक भौतिक विज्ञानियों ने भी यह साबित कर दिया है कि पूरी सृष्टि शून्य से निकलती है और शून्य में ही चली जायेगी। व्यापक शून्यता अस्तित्व का आधार और ब्रह्मांड का मूल तत्व गुण है। इस विशाल शून्यता को ही शिव कहते हैं।

प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

भौतिक शक्ति का सूचक असुर

व्युत्पति की दृष्टि से 'असुर' शब्द 'असुः+'र' (असुः=प्राण,र =वाला) का अर्थ प्राणवान, ऊर्जावान, शक्तिशाली या शक्ति संपन्न है। कालांतर में यह भौतिक शक्ति का सूचक/प्रतीक बन गया। ऋग्वेद में 'असुर' शब्द का प्रयोग 105 बार हुआ है। इसमें भी 99 बार भौतिक 'शोभन' अथवा मंगल सूचक है,जबकि मात्र 15 बार ही देवों के शत्रु विशेष के लिए। यास्क के "निरुक्त" (3/8) के अनुसार शारीरिक शक्ति के आधिक्य के कारण ही इन्द्र के लिए, तदुपरांत,नैतिक बल के सूचक के रूप में वरुण देव के लिए हुआ है।

प्राचीनतम असीरियन (असुर) साम्राज्य या परवर्ती मैसापोटामियन साम्राज्य (फारस (ईरान), इराक, तुर्की आदि पड़ोसी क्षेत्रों का) के निवासी पारसियों का धर्म,विश्व के भारतीय वैदिक धर्म के समान ही प्राचीनतम है। इस पारसी धर्म को 'जरथुस्त्र "धर्म" भी कहा जाता है। पारसियों की सर्वशक्तिमान सत्ता या ईश्वर को ही "अहुर मज्दा" या "अहोरमज्द" कहते हैं। 'अहोर' शब्द वैदिक 'असुर' शब्द का रूपांतर है। अथवा यह कहा जा सकता है कि अहोरमज्दाका वैदिक संस्कृत रूपांतर "असुरेन्द्र" है। अहुरमज्दा का आशय 'आसुरी मेधा' या 'बुद्धिबल' से है वैदिक "वृत्रघ्नइन्द्र" को ही अवेस्ता में "वेघ्रोघ्न" कहा गया है। ऋग्वेद (10/138/3-4)में इन्द्र को वज्र के प्रहार से देव विरोधी दानवों सहित वृत्रासुर का वध करने वाला कहा गया है। ऋग्वेद के 'अग्निदेव' की भांति पारसियों के प्राचीनतम धर्म ग्रंथ "जेंद अवेस्ता" में भी सर्वाधिक पवित्र देवता वही हैं। उसी अग्निदेव के माध्यम से ही "अहुरमज्दा" की पूजा होती है। प्रमुख अंतर यह भी है कि वेदों में जहां देवों तथा देवियों की स्तुति है, वहीं अवेस्ता में प्रायः कई की निंदा और असुरों की उपासना या स्तुति है। किंतु यह आश्चर्यजनक है कि वेदों और अवेस्ता दोनों में ही वैदिक सवितृ (सूर्य), सोम, अर्यमा, आदि की स्तुति है। विषयांतर के भय से विस्तृत चर्चा न कर इतना ही कहना पर्याप्त है कि हजारों वर्षों पूर्व भारत एवं फारस और ईरान में परस्पर सांस्कृतिक संबंध अत्यंत प्रगाढ़ थे। असीरिया तो असुरों का ही सामाज्य था और आधुनिक ईरान, इराक, तुर्की, बहरीन, कुवैत, कतर, सउदी अरब, ओमान, संयुक्त अरब अमीरात या यह कहा जाए कि फारस की खाड़ी के आसपास का संपूर्ण भूभाग ही उसमें समाहित था। आधुनिक संपूर्ण इस्रायल सहित मिश्र का कुछ भाग अधीन था।

सातवीं सदी के बाद विजेता इस्लाम धर्मावलंबियों के अत्याचार, उत्पीड़न, बलात्कार, धर्मांतरण ने वहां के मूलनिवासियों को इस्लाम स्वीकार करने या पलायन को विवश किया। शतपथ ब्राह्मण के अनुसार असुर,देवदृष्टि से अपभ्रंश भाषा का अधिक प्रयोग करते थे (ते$सुरोहेलयो हेलया इति कुर्वन्तः पराबभूवुः)। पतंजलि और शबर स्वामी इस बात के समर्थक हैं। शांख्यायन तथा आश्वलायन श्रौतसूत्रों की "आसुरि विद्या" को शतपथ ब्राह्मण में ही प्रयुक्त "माया" शब्द का समानार्थी बताया गया है। माया को ही लोकभाषा में "जादूगरी" कहा गया है, किंतु यह बहुत आश्चर्यजनक है कि सभी भौतिक विद्याएं इसी में समाहित/समाविष्ट हो सकती हैं। सुप्रसिद्ध विद्वान, स्व. डॉ राज बली पाण्डेय जी के अनुसार, "आसुरि" शुद्ध भौतिक प्रवृत्ति से उत्पन्न सभी ज्ञान-विज्ञान असुर विद्या हैं। इसमें 'सुर विद्या' अथवा 'देवी विद्या' या आध्यात्मिकता को स्थान नहीं है।" 'हिन्दू धर्मकोश' पृष्ट,69. ऋग्वेद में देवताओं के लिए विशेषण के रूप में असुर शब्द का प्रयोग होता रहा है। विशेष रूप से वरुण आदि के लिए।

डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

यज्ञरूप श्रेष्ठकर्म श्रेष्ठ मति

हे सोम! आप उपयाम-पात्र में ग्रहण करने योग्य हैं। आदित्यों के सदृश तेजस्विता के लिए आपको हम ग्रहण करते हैं। हे इंद्रदेव! आप हिंसक प्रवृत्ति से सर्वथा रहित हैं। याजक द्वारा प्रदत्त हवि के प्रतिदान स्वरूप आपका दान संपन्नता बढ़ाने वाला होता है। हम आदित्यों के स्नेह भाव के लिए आपकी स्तुति करते हैं। हे आदित्य! आप आलस्य, प्रमाद आदि से सर्वथा रहित हैं। आपकी जो शक्ति सामर्थ्य,अविनाशी और दिव्य आनंदप्रद है, वह सूर्य मंडल मे स्थापित है। हे आदित्य ग्रह! (पात्र) हम आदित्यदेव की प्रसन्नता हेतु आपको ग्रहण करते हैं। देवताओं के सुख के निमित्त यह यज्ञ है,अतएव हे आदित्य! आप हम सबके लिए कल्याणकारी हों। आपकी शुभ संकल्प युक्त मति हमें उपलब्ध हो। हे आदित्य! आप अज्ञान रूपी अंधकार के विनाश के निमित्त कारण हैं। हे पुरुषार्थी मनुष्यों! तुम अपनी वाणी में सुसंस्कारिता को धारण करो। जब गृहस्थ आश्रम में दंपती धर्माचरण का निर्वाह करते हैं,तभी पावन सुसंस्कारवान पुत्र उत्पन्न होते हैं और नित्य ही समृद्धि को प्राप्त होकर वे दुष्कर्मों और ऋणादि से निवृत्त रहते हुए श्रेष्ठ गृह में निवास करते हैं।

हे सोमासिक्त धान्य! यजुर्वेद के मंत्रों से जिसकी कामना की गई है, ऋक् मंत्रों से स्तुत्य तथा साम के स्तोत्रों द्वारा संवर्धित आपका सेवन अश्वों और गौओं को भी प्रेरणा देने में समर्थ है। आपके सेवन से प्राप्त होने वाले अभीष्ट फल की इच्छा से युक्त हम आपका सादर सेवन करते हैं। हम सब ब्रह्मतेज से संपन्न, दुग्धादि रसों से परिपूर्ण, श्रेष्ठ शरीर और शिवसंकल्पकारी मन से सदा युक्त रहें। श्रेष्ठ दान प्रदाता त्वष्टादेव हमें ऐश्वर्य प्रदान करें तथा हमारे शरीर में जो कमी है,उसे भी दूर करें। हे ऐश्वर्यवान इंद्रदेव! हमें श्रेष्ठ मन, गाय आदि पशुओं और ज्ञानीजनों तथा श्रेष्ठ कल्याणकारी भावनाओं से युक्त करें। ज्ञान से प्रेरित दिव्य मानवों द्वारा जो श्रेष्ठ कर्म संपादित होते हैं, उससे हमें जोड़ें,जो सत्कर्म हमें देवताओं के अनुग्रह प्रदान करते हैं,वह यज्ञरूप श्रेष्ठकर्म श्रेष्ठ मति के साथ आपके निमित्त समर्पित हों। हम सब लोग सदैव ब्रह्मवर्चस जल, सुदृढ़ शरीरों और शुभ संकल्पकारी पवित्र मन से युक्त रहें। श्रेष्ठ पदार्थों के दाता,सर्वप्रेरक परमात्मा हमें संपूर्ण ऐश्वर्य संपदा प्रदान करें। दानशील विधाता,सर्वोत्पादक सविता,प्रजा के पालक- प्रजापति, देदीप्यमान अग्निदेव, त्वष्टादेव और सर्वव्यापक विष्णुदेव,यह सभी देवगण हमारी आहुति को स्वीकार करें। यज्ञकर्मों के ज्ञाता हे देवगण! आप हमारे यज्ञ में पधारें, हमारी आहुति को स्वीकारें तथा यज्ञ से संतुष्ट होकर अपने-अपने गंतव्य स्थान के लिए प्रयाण, प्रस्थान करें।

हे मन के अधिष्ठाता देव! इस यज्ञ को श्रेष्ठ औषधियों से परिपूर्ण करें और वायु का शोधन करें। यह आहुति आपके प्रति समर्पित है। जिस परमात्मा से उत्तम अन्य कोई नहीं है,जो संपूर्ण लोकों में संव्याप्त है,वे प्रजापालक सोलह कलाओं से अपनी प्रजा में रमण करते हैं। वे सूर्य, विद्युत व अग्नि रूप तीनों ज्योतियों को अपने भीतर समाहित किए हुए हैं। उत्तम कर्म करने में कुशल हे अग्निदेव! हमें तेजस्विता, पराक्रम एवं अपार वैभव संपदा प्रदान करें। आप देव-शक्तियों के बीच में अति तेजस्वी हैं। अतः आपकी कृपा से हम मनुष्यों में तेजस्विता का संचार हो। ये ज्योतिर्मयी रश्मियां संपूर्ण प्राणियों के ज्ञाता सूर्य को तथा समस्त विश्व को,दृष्टि प्रदान करने के लिए विशेष प्रकाशित होती हैं। हे ग्रह (पात्र)! हम आपको ज्योतिर्मान सूर्य के लिए स्वीकृत करते हैं। हे महिमामयी गौ! आप इस यज्ञ से उत्पन्न पोषणयुक्त मंडल रूपी कलश को सूंघें,वायु के माध्यम से ग्रहण करें। इसके सोमादि पोषक तत्व आपके अंदर प्रविष्ट हों। उस ऊर्जा को पुनः सहस्त्रों पोषक धाराओं द्वारा हमें प्रदान करें।

ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

शिवरात्रि प्रकृति से तादात्म्य का संदेश

मनुष्य का शरीर पंच भौतिक तत्वों का संयोजन है, इसीलिए धर्मग्रंथों में पृथ्वी को माता, आकाश को पिता और जल, अग्नि, वायु को देवता मानकर पूजा करने का उल्लेख है। इसी के लिए मांगलिक-कार्यक्रमों के प्रारंभ करने के पहले स्वस्तिवाचन मंत्र पढ़ने का विधान किया गया है जिसमें प्रकृति की अनुकूलता की कामना की गई है। भगवान शंकर और माता पार्वती के पुत्र गणेश जी प्रथम देवता हैं। जिस प्रकार समस्त भैतिक यंत्र ऊर्जा से संचालित होते हैं उसी प्रकार पंच भौतिक शरीर भी आत्मा की ऊर्जा से संचालित होता है। मनुष्य ही नहीं, बल्कि सृष्टि में जितने अन्य जीव-जंतु हैं, सभी को ऊर्जा की आवश्यकता है। इसका संदेश यही हुआ कि पार्वती माता, शिवजी पिता और पुत्र गणेश ऊर्जा के रूप में पुत्र हैं। वे माता-पिता से दूर न जाकर उन्हीं के चरणों की परिक्रमा करते हैं। कार्तिकेय के पूरे ब्रह्मांड की परिक्रमा का आशय उनमें वायु-तत्व की प्रधानता हैं जबकि वाहन नन्दी जल-तत्व का सूचक इसलिए है क्योंकि पशु जिन इलाकों में रहता है, सबसे पहले वह जल-स्रोत ही तलाशता है। शिवरात्रि का पर्व आकाश तथा पृथ्वी पर मौजूद प्राकृतिक संसाधनों की पूजा का पर्व है। इन संसाधनों का संरक्षण कैसे किया जाए ताकि मां पार्वती और शिव की कृपा-परिधि में सभी भौतिक पदार्थ रह सके, इस पर सजगता तथा तादात्म्य बनाने का पर्व है शिवरात्रि।

सलिल पांडेय
मिर्जापुर

प्रदेश

बस की टक्कर से बच्ची समेत तीन की मौत, चार घायल

संवाददाता, मोहम्मदी (लखीमपुर खीरी)

- रोडवेज की अनुबंधित बस की टक्कर से ई-रिक्शा के उड़े परखच्चे
- पुलिस ने बस को कब्जे में लिया चालक हुआ फरार

अमृत विचार : मोहम्मदी-गोला मार्ग पर सोमवार की शाम भीषण हादसा हो गया। दिलावरपुर के पास रोडवेज की अनुबंधित बस ने ई-रिक्शा को सामने से टक्कर मार दी, जिससे ई-रिक्शा के परखच्चे उड़ गए। हादसे में ई-रिक्शा पर सवार एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन साल की बच्ची और युवती ने शाहजहांपुर अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। चार घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने तीनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं।

मोहम्मदी से एक ई-रिक्शा सवारियों को लेकर गांव दिलावरपुर की तरफ जा रहा था। दिलावरपुर मोड़ के पास सामने से गोला की तरफ से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज की अनुबंधित बस ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। ई-रिक्शा पर चालक समेत छह सवारियां थीं। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ई-रिक्शा के उड़े परखच्चे सड़क पर बिखर गए। हादसे में ई-रिक्शा में सवार बलिया जिले के गांव सिसोटर निवासी बुचिया देवी (55) की मौके पर मौत हो गई, जबकि ई रिक्शा चालक दिलावरपुर निवासी मुजीब (27), रुखसाना (37) अर्सलान (3) व आलिया (3) रवीना (26) और महरुन्निसा (32) गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर तमाम लोगों की भीड़ जुट गई। चालक बस मौके पर छोड़कर भाग निकला। मौके पर पहुंची पुलिस सभी घायलों को अस्पताल लाई, जहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी को जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर कर दिया। शाहजहांपुर ले जाते समय दिलावरपुर निवासी रवीना (21) पुत्री शमशुल और तीन साल की आलिया ने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृतक आलिया की मां रुखसाना की हालत गंभीर होने पर लखनऊ रेफर किया गया है। जबकि महरुनिशान पत्नी युसुफ निवासी दिलावरपुर को बरेली अस्पताल भेजा गया है। चालक का शाहजहांपुर में इलाज चल रहा है। मोहम्मदी प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि पुलिस ने बस कब्जे में ले ली है। मंगलवार को शवों का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

हादसे के बाद क्षतिग्रस्त ई-रिक्शा।

दक्षता और न्यायिक संतुलन न्याय प्रणाली की आवश्यकता

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने की अहम टिप्पणी

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने लंबा आपराधिक इतिहास रखने वाले अपराधियों को जमानत देने से पहले उनकी आपराधिक पृष्ठभूमि पर विचार करने का निर्देश देते हुए कहा कि दक्षता और न्याय के बीच संतुलन बनाना कानूनी कार्यवाही का एक चुनौतीपूर्ण पहलू है। आपराधिक न्याय प्रणाली को इस प्रकार बनाया जाय, जिससे नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकने के साथ-साथ गलत काम करने वालों को उनके कार्यों का परिणाम भुगतना तय हो।

कोर्ट ने आगे कहा कि यह एक दुखद सत्य है कि जघन्य अपराधी कानूनी कार्यवाही में खामियों का फायदा उठा कर बच जाते हैं। कानूनी खामियां आपराधिक न्याय प्रणाली में जनता के विश्वास को कमजोर करती हैं। पीड़ित ठगा हुआ सा महसूस करता है।

उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति कृष्ण पहल की एकलपीठ ने भरत सिंह की दूसरी जमानत याचिका को खारिज करते हुए की। आरोपी के खिलाफ झांसी के नवाबाद पुलिस स्टेशन में आईपीसी की गंभीर धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। मालूम हो कि आरोपी का लंबा आपराधिक इतिहास होने के कारण उसे दो मामलों में दोषी ठहराया गया है और पहली जमानत याचिका खारिज होने का कारण उसका आपराधिक इतिहास ही है।

जयाप्रदा कोर्ट में पेश, गैरजमानती वारंट निरस्त

रामपुर, अमृत विचार : आचार संहिता उल्लंघन के दो मामलों में पूर्व सांसद जयाप्रदा सोमवार को दोपहर ढाई बजे कोर्ट में पेश हुईं। कोर्ट ने उनके गैरजमानती वारंट और 82 की कार्रवाई को निरस्त कर दिया। जमानत मिलने के बाद वह 4 बजे दिल्ली के लिए रवाना हो गईं। अब इस मामले में छह मार्च को सुनवाई होगी। 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान स्वार और केमरी थाने में जयाप्रदा के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन के मामले दर्ज कराए गए थे। ये दोनों मामले इन दिनों कोर्ट में विचाराधीन हैं। इन मामलों में कई तारीखों से वह कोर्ट में पेश नहीं हो रही थीं। जिस पर कोर्ट ने उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किए गए थे।

वर्ग पहेली-362

बाएं से दाएं

4. दुकानों पर चाय की प्रचलित मात्रा में कटौती करके दी जाने वाली चाय, आधा कप चाय।
5. वह व्यक्ति या संस्था जो वस्तुओं की बिक्री आदि का प्रबंध करती है, बिक्री प्रबंधक, (डिस्ट्रीब्यूटर)।, वितरण करने वाला,बांटने वाला।
6. (पुराण) पिता या पितृतुल्य व्यक्ति- पिता
7. एक प्रकार का बाजा, झांझ।; 1. झालने (अर्थात धातु की चीज़ों को टांका लगाकर जोड़ने) की क्रिया या भाव 2. गंध, स्वाद आदि की तीव्रता,स्वाद का चरपरापन या तीक्ष्णता।

ऊपर से नीचे

1. 1. सृष्टि, संसार जगत, 2. भीड़-भाड़, जनसमूह 3. उत्पन्न या सृजन करना 4. प्राकृतिक संघटन।
2. नियमित न होने का भाव, नियम का उल्लंघन।
3. 1. विचित्र क्रिया या व्यापार, अलौकिक घटना 2. कथावस्तु में घटनाओं का क्रम, किसी नाटक की पूरी कथावस्तु।, संविधान बनाने वाला।
5. वन, जंगल, बियावान,कानन अरण्य।
6. पहाड़ी ब्राह्मण समाज में एक कुलनाम या सरनेम।



वर्ग पहेली - 361 का हल

1 प	ल	■	2 उ	ट	3 ज
शु	■	■	ता	■	ग
दे	■	4 यु	व	ती	■
5 व	शी	■	ला	■	6 का
वा	■	7 उ	प	ता	प
8 द	ह	क	न	■	टि
■	■	ठा	■	9 रैं	क

सुडोकू -79

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		6	9		1			
1			2	4				
2		4				9		5
		7			9		4	
6		3	5		4			9
	8		1			6		
9		8				2		6
				2	8			7
			6		3	1		

सुडोकू - 78 का हल

4	7	3	6	9	5	1	8	2
1	9	5	2	4	8	3	7	6
8	2	6	3	1	7	4	9	5
6	1	7	4	2	3	9	5	8
9	5	2	7	8	1	6	4	3
3	4	8	9	5	6	7	2	1
7	8	1	5	3	4	2	6	9
5	6	9	1	7	2	8	3	4
2	3	4	8	6	9	5	1	7

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 5 मार्च,मंगलवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-नवमी 08.04 तक तत्पश्चात दशमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मूल 16.00 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।

मेष — आज जीवनसाथी के साथ तनाव में वृद्धि हो सकती है। परिस्थितियों को संभालने में थोड़ी कठिनाई होगी। अपनी वाणी पर नियंत्रण रखें। नई जॉब की शुरुआत कर रहे हैं तो थोड़ी सावधानी रखें। जोखिम भरे कार्यों से दूरी बनाकर रखें।

वृष — आज आपका मन किसी कारण से अप्रसन्न हो सकता है। बिना मतलब की बातों में समय बर्बाद न करें। गले और छाती में विकार उत्पन्न हो सकते हैं। छात्र अपने भविष्य को लेकर थोड़े चिंतित रहेंगे। मन की इच्छाओं को प्रकट करने से बचें।

मिथुन — आज अपने लक्ष्यों के प्रति निष्ठावान रहेंगे। किसी गंभीर समस्या का आपको समाधान मिल सकता है। कार्य व्यवसाय में आपके व्यवहार की प्रशंसा होगी। अचानक आपको उच्च पद मिल सकता है। आपके मन में अच्छे विचारों का प्रभाव रहेगा।

कर्क — आज विदेशों से नौकरी के प्रस्ताव मिल सकते हैं। व्यवसाय में लक्ष्य तय समय पर प्राप्त कर लेंगे। प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतरीन सफलता मिलने के आसार हैं। प्रियजनों के साथ आनंद युक्त समय बिताएंगे। घर में नजदीकी सम्बन्धियों का आगमन होगा।

सिंह — आज अपनी गलतियों की जिम्मेदारी स्वयं लें दूसरों पर न लादें। बच्चे रचनात्मक कार्यों में रुचि ले सकते हैं। वरिष्ठ अधिकारियों से अनबन हो सकती है। व्यवसाय में लाभ के अवसर चूक सकते हैं। क्रोध और आवेग से आपको बचना चाहिए।

कन्या — आज अपने खर्चों का हिसाब रखें। मानसिक रूप से संतुष्ट रहेंगे। अनावश्यक बातों में समय नष्ट न करें। व्यापार में जबरदस्त गति होने की संभावना है। रुका हुआ धन आपको प्राप्त हो सकता है। नौकरीपेशा लोगों को परेशानी हो सकती है।

तुला — आज पूरा दिन काफी अच्छा व्यतीत होगा। सामाजिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। संतान से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। पारिवारिक वातावरण सुखद रहेगा। किसी बड़ी समस्या का समाधान मिलने की संभावना है।

वृश्चिक — आज पैतृक संपत्ति का लाभ प्राप्त होगा। आपकी छोटी-छोटी गलतियों को लोग बढ़ा-चढ़ाकर दिखा सकते हैं। व्यवसाय में लाभ के अवसर मिलने की संभावना है। आपका ध्यान व्यर्थ गतिविधियों में जा सकता है।

धनु — आज रुक-रुक कर आपके सभी काम पूर्ण हो जाएंगे। नई योजनाओं में धन निवेश कर सकते हैं। घर के सदस्यों में आपसी तालमेल अच्छा रहेगा। प्रेमीजन के साथ आपके संबंध मधुर रहेंगे। अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें।

मकर — आज अपनी कार्यक्षमता पर विश्वास बनाए रखें। मौसम में आए परिवर्तन के कारण कफ की समस्या हो सकती है। अकड़ू व्यवहार के कारण आपको परेशानी हो सकती है। नकारात्मक वातावरण से बचने का प्रयास करें।

कुंभ — आज आपके व्यवहार से लोग प्रसन्न रहेंगे। जीवनसाथी के व्यवहार से आप काफी आनंदित हो सकते हैं। आपके मस्तिष्क में नवीन योजनाओं की रूपरेखा बन सकती है। सरकारी नौकरी से जुड़े लोगों के वेतन बढ़ने की संभावना है।

मीन — आज आशा के अनुरूप परिणाम मिलने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। यात्राओं से लाभ प्राप्त होगा। मित्रों के सहयोग से आपके सभी काम आसानी से हो जाएंगे। कारोबार में आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। शारीरिक रूप से काफी सक्रिय रहेंगे।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- लोहा — सुबह : 11.34
- परदेसी बाबू — रात : 08.00

SONY MAX
- पागलपंती — सुबह : 09.00
- अफवाह — रात : 07.00

SONY PIX
- सुसाइड स्क्वॉड — सुबह : 09.34
- एक्वामैन — रात : 08.45

ZEE CINEMA
- सम्राट एंड कंपनी — सुबह : 10.30
- हैक्ड — शाम : 04.30

colors CINEPLEX
- परंपरा — सुबह : 10.58
- बिल्लू — रात : 07.00

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर शाम 04.30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

लड़की- जब पिता जी सो जाएंगे तो में सिक्का फेंकूंगी तुम आवाज सुनकर ऊपर आ जाना।
लड़की सिक्का फेंकती है पर लड़का ऊपर नहीं आता।
एक घंटे बाद जब लड़का आया तो लड़की पूछती इतनी देर कहां लगा दी?
लड़का- अरे में तो सिक्का ढूंढ रहा था
लड़की- अरे पागल वो तो धागा बांध कर फेंका था वापिस खींच लिया।

पप्पू की टांग टूट गई अस्पताल गया तो देखा की वहां एक आदमी की दोनों टाँगे टूटी हैं।
पप्पू उसके पास गया और पूछा की आपकी दो पत्नियां हैं क्या?

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 1000 फ्लैग 1110 डीएमओ 880 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1130 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

लखनऊ मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-	
गेहूं (आरआर 21)	2360-2800
गेहूं (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000
चावल (प्रति क्वि.)	
चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500
दाल दलहन	
चना देशी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूंग खड़ा	10000-10500
मूंग दाल	10500-11000
मूंग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राज्मा सफेद	13000-14000
राज्मा काला	11500-12500
मूंगफली का दाना	11000-12000
तेल तिलहन	
अलसी	5310-5510
लाही	4800-5200
काली सरसों	4900-5300
पीली सरसों	5600-5800 रुपये।

मूडीज ने जीडीपी ग्रोथ का अनुमान बढ़ाया

रेटिंग एजेंसी ने 2024 के लिए भारत में वृद्धि दर 6.1 से बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दी

नई दिल्ली, एजेंसी

वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज ने 2024 के कैलेंडर साल के लिए भारत की वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया है। इससे पहले रेटिंग एजेंसी ने 2024 में भारतीय अर्थव्यवस्था के 6.1 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान लगाया था।

वर्ष 2023 में भारत के आर्थिक आंकड़े उम्मीद से कहीं बेहतर रहे हैं, जिसकी वजह से मूडीज ने वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाया है। कैलेंडर साल 2023 की चौथी तिमाही में भारत की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर सालाना आधार पर 8.4 प्रतिशत रही है। ऐसे में पूरे 2023 के साल में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.7

प्रतिशत की दर से बढ़ी है। मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने सोमवार को कहा कि सरकार के पूंजीगत व्यय और मजबूत विनिर्माण गतिविधियों ने 2023 में वृद्धि के मोर्चे पर सार्थक नतीजे दिए हैं। रेटिंग एजेंसी का मानना है कि वैश्विक स्तर पर प्रतिकूल परिस्थितियां अब कम रह गई हैं, जिसकी वजह से भारत आसानी से छह से सात प्रतिशत की वृद्धि दर्ज कर सकता है। मूडीज ने अपने वैश्विक वृहद आर्थिक परिदृश्य-2024 में कहा, ''भारत की अर्थव्यवस्था ने अच्छा प्रदर्शन किया है और 2023 में उम्मीद से अधिक मजबूत आंकड़ों के कारण हमने 2024 के लिए अपना वृद्धि दर का अनुमान 6.1 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया है। भारत जी-20 देशों में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा।''

मूडीज ने कहा कि 2025 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि उच्च-आवृत्ति के संकेतकों से पता चलता है कि अर्थव्यवस्था की सितंबर और दिसंबर तिमाही की मजबूत रफ्तार 2024 की मार्च तिमाही में जारी है।

चुनाव के बाद निरंतरता की कर रहे उम्मीद: मूडीज

मूडीज ने कहा-हम आम चुनाव के बाद नीतिगत मोर्चे पर निरंतरता की उम्मीद कर रहे हैं। इसके अलावा हमारा मानना है कि बुनियादी ढांचा क्षेत्र को आगे बढ़ाने का काम जारी रहेगा। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि हालांकि निजी औद्योगिक पूंजीगत व्यय की वृद्धि धीमी रही है, लेकिन आपूर्ति श्रृंखला विविधीकरण के लाभ और सरकार की उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं पर निवेशकों की प्रतिक्रिया से इसमें तेजी आने की उम्मीद है। वर्ष 2024 भारत, इंडोनेशिया, मेक्सिको, दक्षिण अफ्रीका, ब्रिटेन और अमेरिका जैसे कई जी20 देशों के लिए चुनावी साल है। मूडीज ने कहा कि चुनाव का असर सीमा से आगे दिखाई देता है। मूडीज ने कहा कि इन चुनावों में जो नेता चुने जाएंगे, अगले चार से पांच साल के दौरान घरेलू और विदेशी नीतियों पर उनका प्रभाव देखने को मिलेगा।

शेयर बाजार में तेजी नए रिकॉर्ड स्तर पर सेंसेक्स, निफ्टी

मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में दोनों मानक सूचकांक-बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुए। मूडीज के 2024 के लिए आर्थिक वृद्धि अनुमान बढ़ाये जाने के बीच ऊर्जा और बैंक शेयरों में लिवाली से बाजार में लगातार चौथे दिन तेजी बनी रही। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 66.14 अंक यानी 0.09 प्रतिशत चढ़कर अपने अबतक के उच्चतम स्तर 73,872.29 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह एक समय 183.98 अंक तक उछल गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 27.20 अंक यानी 0.12 प्रतिशत की तेजी के साथ रिकॉर्ड स्तर 22,405.60 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह अपने अबतक के उच्चतम स्तर 22,440.90 अंक तक चला गया था।

दिल्ली में महिलाओं को हर महीने मिलेंगे 1,000 रुपये

- आप सरकार का 76,000 करोड़ रुपये का बजट पेश
- वित्त मंत्री आतिशी ने योजना की घोषणा की

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली की वित्त मंत्री आतिशी ने सोमवार को राज्य विधानसभा में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 76,000 करोड़ रुपये के परिव्यय का बजट पेश किया। अपना पहला बजट पेश करते हुए आतिशी ने 'मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना' की घोषणा की, जिसके तहत 18 वर्ष और इससे अधिक आयु की सभी महिलाओं को हर महीने 1,000 रुपये दिए जाएंगे।

आतिशी ने अपने बजट भाषण में कहा कि सरकार राम राज्य के आदर्शों से प्रेरित है। आम चुनाव से पहले राज्य विधानसभा में पेश किए गए बजट में उन्होंने 'बिजनेस ब्लास्टर्स' योजना का विस्तार विश्वविद्यालयों और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों

(आईटीआई) तक करने की घोषणा की। अभी तक यह योजना स्कूलों में लागू की जा रही थी। पिछले साल सरकार ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 78,800 करोड़ रुपये आवंटित किए थे और जी20 की तैयारियों के तहत नौ योजनाओं की घोषणा की थी।

सर्राफा

कानपुर	
चाँदी 999 (प्रति किलो)	73,200
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	65,300
गिन्नी (प्रति नग)	48,600-48,800
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,650
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	64,500
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	73,000
चांदी तैयार	73,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	64,350
सोना जेवरात गिन्नी	63,350
चांदी पक्की	721 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	64,600
चांदी आभूषण	72,800।

आईआईएफएल फाइनेंस के गोल्ड लोन पर आरबीआई की रोक

मुंबई, एजेंसी

आरबीआई ने आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड पर सोने के बदले कर्ज की मंजूरी या वितरण पर सोमवार को तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी। सोना गिरवी रखकर कर्ज देने के मामले में कुछ चिंताएं सामने आने के बाद यह कदम उठाया गया।

हालांकि, आरबीआई ने एक बयान में कहा कि आईआईएफएल फाइनेंस सामान्य संग्रह और वसूली प्रक्रियाओं के माध्यम से अपने मौजूदा स्वर्ण ऋण कारोबार को जारी रख सकता है। बयान के मुताबिक, आरबीआई ने आईआईएफएल फाइनेंस लि. को निर्देश दिया है कि वह तत्काल प्रभाव से स्वर्ण कर्ज को मंजूरी देने या वितरित करने या अपने किसी भी गोल्ड लोन को असाइन/प्रतिभूतिकरण या बिक्री करना करना बंद करे। आरबीआई ने कहा कि 31 मार्च, 2023 तक आईआईएफएल की वित्तीय स्थिति के संदर्भ में कंपनी का निरीक्षण किया गया था। केंद्रीय बैंक ने कहा-कंपनी के स्वर्ण ऋण पोर्टफोलियो में निगरानी स्तर पर कुछ चिंताएं पाई गईं। इनमें कर्ज की मंजूरी के समय और चूक पर नीलामी के समय सोने की शुद्धता और शुद्ध वजन की जांच और सत्यापन के मामले में खामियां शामिल हैं।

अब तक चीनी उत्पादन मामूली घटकर दो करोड़ 55.3 लाख टन पर

नई दिल्ली। उद्योग संगठन इस्मा ने कहा कि चालू विपणन वर्ष 2023-24 में अब तक देश का चीनी उत्पादन 1.19 प्रतिशत घटकर दो करोड़ 55.3 लाख टन रहा। एक साल पहले की समान अवधि में फरवरी तक चीनी का उत्पादन दो करोड़ 58.4 लाख टन हुआ था। चीनी विपणन वर्ष अक्टूबर से सितम्बर तक चलता है। भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) ने अपने दूसरे अग्रिम अनुमान में चालू 2023-24 विपणन वर्ष में चीनी उत्पादन 10 प्रतिशत घटकर तीन करोड़ 30.5 लाख टन होने का अनुमान लगाया है, जो पिछले वर्ष में तीन करोड़ 66.2 लाख टन था।

एआई पर परामर्श बड़े मंचों के लिए है स्टार्टअप के लिए नहीं: चंद्रशेखर

- राज्यमंत्री बोले-परामर्श का उद्देश्य एआई मंचों को है रोकना

नई दिल्ली, एजेंसी

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने सोमवार को कहा कि सरकार का कृत्रिम मेधा (एआई) पर परामर्श बड़ी कंपनियों और परीक्षण के दौर से गुजर रहे बड़े मंचों के लिए है। यह स्टार्टअप इकाइयों पर लागू नहीं होता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संबंधित प्रश्नों पर गूगल के कृत्रिम मेधा मंच की प्रतिक्रिया पर विवाद के बाद, सरकार ने एक मार्च को सोशल मीडिया और अन्य मंचों

के लिए परामर्श जारी किया। इसमें परीक्षण स्तर पर एआई मॉडल को चिन्हित करने और गैरकानूनी सामग्री हटाने की बात शामिल है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने मध्यस्थों और मंचों को जारी परामर्श में नियमों का अनुपालन नहीं करने की स्थिति में आपराधिक कार्रवाई की चेतावनी दी है।

चंद्रशेखर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा है, ''जो परामर्श जारी किए गए हैं, वे बड़े मंचों के लिए हैं। मंत्रालय से अनुमति की बात केवल बड़े मंचों के लिए है और यह बात स्टार्टअप पर लागू नहीं होगी। परामर्श का उद्देश्य बिना परीक्षण वाले एआई मंचों को भारतीय इंटरनेट पर उपयोग करने से रोकना है।

राष्ट्रीय

एक नजर

जम्मू-कश्मीर में गोली चल जाने से एक जवान की गई जान

राजौरी/जम्मू। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में सोमवार को नियंत्रण सीमा रेखा (एलओसी) के पास भारतीय सेना के एक जवान की दुर्घटनावश उसकी सर्विस राइफल से गोली चल जाने से मृत्यु हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लांस नायक बलवीर सिंह घुसपैठ रोधी बाधा प्रणाली (एआईओएस) के पास तैनात थे। नौशेरा सेक्टर में उनकी सर्विस राइफल से दुर्घटनावश गोली चल जाने से उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने कहा कि सेना के जवान की मौके पर ही मौत हो गई।

अंतर्राष्ट्रीय ड्रग तस्करी गिरोह का भंडाफोड़

अमृतसर। पंजाब के अमृतसर में कमिश्नरेट पुलिस ने एक अंतर्राष्ट्रीय ड्रग तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुये एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से दो किलोग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस आयुक्त (सीपी) गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने सोमवार को कहा कि गिरफ्तार ड्रग तस्कर की पहचान जसबीर सिंह उर्फ मल्ल निवासी गांव खैला कलां, लोपोके, अमृतसर ग्रामीण के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि विश्वसनीय सूचना के आधार पर उपायुक्त (विवेचना) हरप्रीत सिंह मंडेर ने पुलिस पार्टी के साथ एक विशेष अभियान चलाया था।

मोदी सरकार ने नौकरी के अवसर पर खत्म किए

मध्य प्रदेश में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान राहुल गांधी ने लगाया आरोप

शिवपुरी/गुना (मप्र), एजेंसी

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को आरोप लगाया कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के युवाओं को पहले सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों में नौकरियां मिल जाती थीं, लेकिन मोदी सरकार ने इस अवसर को भी खत्म कर दिया।

मध्य प्रदेश में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान सभाओं को संबोधित करते हुए गांधी ने मीडिया पर चीन, पाकिस्तान, क्रिकेट और बॉलीवुड का राग अलापकर लोगों का ध्यान भटकाने का भी आरोप लगाया। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि मीडिया अंबानी परिवार में शादी को कवर करने में व्यस्त है, लेकिन उसके पास प्रमुख मुद्दों को कवर करने का समय

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को मध्य प्रदेश के गुना जिले में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान एक नवविवाहित जोड़े के साथ तस्वीरें खिंचवाईं। ● एजेंसी

नहीं है। उन्होंने कहा, ''देश तीन प्रमुख चुनौतियों, बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार का सामना कर रहा है, लेकिन वे मीडिया से गायब हो गए हैं। वे (मीडिया) आपको ये मुद्दे नहीं दिखाएंगे, लेकिन वे आपसे चीन, पाकिस्तान, क्रिकेट या बॉलीवुड के बारे में दिखाकर आपका ध्यान भटकाएंगे।

उन्होंने आरोप लगाया-जैसे ही आपका ध्यान इधर-उधर जाएगा, आपकी जेब से पैसा निकल जाएगा और सीधे अडाणी जी की जेब में चला जाएगा। शिवपुरी में अपने भाषण के बीच में राहुल गांधी ने एक सुरक्षाकर्मी द्वारा ले जाई जा रही राइफल की ओर इशारा किया और उससे इसके निर्माण के बारे में पूछा।

नौकरी के 'बंद द्वार' खोलेगा 'इंडिया'

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को भाजपा पर संविदा व्यवस्था को लगातार बढ़ावा देने का आरोप लगाया और कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) युवाओं के लिए ''नौकरी के बंद द्वार'' खोलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि विपक्षी गठबंधन द्वारा सरकारी विभागों में रिक्त पदों को भरने के लिए ठोस योजना तैयार की गई है।

ईडी ने फेमा जांच में निरंजन हीरानंदानी से पूछताछ की

मुंबई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी मुद्रा उल्लंघन मामले में मुंबई स्थित प्रमुख रियल्टी कंपनी हीरानंदानी समूह के प्रवर्तक निरंजन हीरानंदानी से पूछताछ की है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। समझा जाता है कि 73 वर्षीय रियल एस्टेट कारोबारी ने मामले में अपना बयान दर्ज कराते हुए संघीय जांच एजेंसी को कुछ दस्तावेज सौंपे हैं। निरंजन हीरानंदानी और उनके बेटे दर्शन हीरानंदानी के खिलाफ विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत चल रही जांच के तहत ईडी ने उन्हें यहां अपने कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया था। दर्शन हीरानंदानी पिछले कई सालों से दुबई में रह रहे हैं। एजेंसी ने पिछले महीने मुंबई और उसके आसपास समूह के लगभग चार परिसरों की तलाशी ली थी।

हिमाचल में सरकार पर खतरा नहीं विक्रमादित्य ने पार्टी नेतृत्व से बात की

- राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस के सूत्रों ने किया यह दावा

नई दिल्ली, एजेंसी

हिमाचल प्रदेश सरकार के मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व से बात की है और अब मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली सरकार को कोई खतरा नहीं है। पार्टी सूत्रों ने सोमवार को यह दावा किया।

सूत्रों ने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व को मुख्यमंत्री सुक्खू और उनके द्वारा अब तक किए गए कार्यों पर भरोसा है, इसलिए फिलहाल राज्य सरकार के नेतृत्व में बदलाव संभव नहीं लगता। एक पार्टी सूत्र ने कहा-सरकार बहुमत में है और वह पूरे पांच साल तक हिमाचल प्रदेश के लोगों की सेवा करेगी और धन-बल की मदद से जनादेश को कुचलने का कोई भी प्रयास सफल नहीं होगा।'' सूत्रों ने कहा कि बागी विधायकों के खिलाफ दलबदल विरोधी कानून के तहत कार्रवाई की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि हिमाचल प्रदेश के लोग 'आया राम, गया राम' वाली राजनीति को पसंद नहीं करते। सूत्रों ने दावा किया कि दलबदल विरोधी कानून के तहत छह विधायकों को अयोग्य ठहराए जाने के बाद अब सदन में सदस्यों की कुल संख्या 62 रह गई है और सरकार के पास बहुमत के जरूरी आंकड़े 32 से अधिक विधायकों का समर्थन है। उन्होंने दावा किया कि बागी विधायक माफी मांग रहे हैं और संदेश भेज रहे हैं। सूत्रों ने यह भी कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत वीरभद्र सिंह और कांग्रेस की राज्य इकाई की अध्यक्ष प्रतिभा सिंह के पुत्र विक्रमादित्य सिंह ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से बात की है और अपने मुद्दों से अवगत कराया है।

जयपुर में भवन निर्माण के दौरान मिट्टी ढहने से तीन मजदूरों की मौत

जयपुर। जयपुर के रामनगरिया थाना क्षेत्र में सोमवार को एक भवन के निर्माण कार्य के दौरान मिट्टी ढहने से तीन मजदूरों की मौत हो गई। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। थानाधिकारी अरुण कुमार ने बताया कि जगतपुरा क्षेत्र में एक भवन के निर्माण के दौरान अचानक मिट्टी ढह जाने से तीन मजदूरों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान झारखंड के रहने वाले राजजन्म सिंह(35), प्रेम सिंह (30) और बिहार निवासी इरशाद आलम (23) के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि रामजन्म सिंह की मौके पर ही जबकि दो अन्य मजदूरों की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई।

दो और अफसर गिरफ्तार, दो करोड़ से अधिक कैश बरामद

नई दिल्ली, एजेंसी

सीबीआई ने रिश्वतखोरी रैकेट के भंडाफोड़ से संबंधित मामले में मध्य प्रदेश में कार्यरत एक उप महाप्रबंधक समेत एनएचएआई के दो और अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। अब गिरफ्तार लोगों की कुल संख्या बढ़कर आठ हो गई है।

भोपाल में परियोजना निदेशक

एनएचएआई रिश्वत रैकेट

का प्रभार संभाल रहे उप महाप्रबंधक राजेंद्र कुमार गुप्ता और विदिशा में परियोजना निदेशक के रूप में कार्यरत हेमंत कुमार को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारियों और भोपाल स्थित बंसल कंस्ट्रक्शन वर्क्स प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े रिश्वतखोरी रैकेट के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है। सीबीआई ने रिश्वतखोरी रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए नागपुर में तैनात एनएचएआई के महाप्रबंधक और परियोजना निदेशक अरविंद काले और एमपी के हरदा में तैनात उप महाप्रबंधक ब्रिजेश कुमार साहू को गिरफ्तार किया था। अधिकारियों ने कहा कि कुल बरामदगी बढ़कर दो करोड़ रुपये से अधिक हो गई है।

इनेलो नेता नफे सिंह राठी की हत्या के दो आरोपी गोवा में गिरफ्तार

चंडीगढ़/नई दिल्ली। इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के नेता नफे सिंह राठी की हत्या के मामले में गोवा से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। इनेलो की हरियाणा इकाई के अध्यक्ष राठी और पार्टी कार्यकर्ता जयकिशन की 25 फरवरी को झज्जर के बहादुरगढ़ में अज्ञात हमलावरों ने उनके वाहन पर गोलीबारी कर हत्या कर दी थी। अधिकारियों ने बताया कि आशीष और सौरभ को हरियाणा पुलिस के विशेष कार्य बल, जिला पुलिस और दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ के संयुक्त अभियान में गोवा से गिरफ्तार किया गया।

वरिष्ठ टीएमसी नेता तापस रॉय ने दिया इस्तीफा

कोलकाता, एजेंसी

तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तापस रॉय ने पार्टी की कार्यप्रणाली पर निराशा व्यक्त करते हुए सोमवार को विधायक पद से इस्तीफा दे दिया। रॉय ने ऐसे समय में इस्तीफा दिया है, जब देश में लोकसभा चुनाव होने वाले हैं।

उन्होंने कहा कि मैंने विधायक पद से अपना इस्तीफा विधानसभा अध्यक्ष को सौंप दिया है। संवाददाताओं से बातचीत के दौरान रॉय ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उनके आवास पर जनवरी में छापा मारे जाने के समय उनके साथ खड़े नहीं होने के लिए पार्टी नेतृत्व की आलोचना की। पश्चिम बंगाल विधानसभा में तृणमूल कांग्रेस के उप मुख्य सचेतक और बड़ानगर सीट से विधायक रॉय ने सोमवार अपराह्न अपना इस्तीफा विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी को सौंप दिया। इससे पहले उन्होंने पार्टी के प्रति अपनी गहरी निराशा व्यक्त की और पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी पर ''बुरे वक्त'' में उनका साथ छोड़ने का आरोप लगाया। रॉय के इस्तीफे के बाद इस तरह के कयास लगाए जा रहे हैं कि रॉय भाजपा में शामिल होंगे या किसी विपक्षी दल का दामन थामेंगे।

गुजरात: कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष ने पार्टी छोड़ी

अहमदाबाद। लोकसभा चुनावों से पहले विपक्षी दल कांग्रेस की गुजरात इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष अंबरीश डेर ने सोमवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया और वह मंगलवार को सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होंगे। उनके इस्तीफे की घोषणा से ठीक पहले, प्रदेश कांग्रेस प्रमुख शक्तिसिंह गोहिल ने संवाददाताओं से कहा कि रविवार रात हुई एक बैठक के दौरान पार्टी की अनुशासनात्मक समिति ने डेर को पार्टी के सभी पदों और कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से छह वर्षों के लिए निलंबित कर दिया। गोहिल ने कहा कि पार्टी विरोधी गतिविधियों को लेकर उनके खिलाफ यह कार्रवाई की गई। गोहिल के इस बयान से पहले, भाजपा की गुजरात इकाई के प्रमुख सी आर पाटिल के पूर्व विधायक डेर के घर जाने की फुटेज स्थानीय टेलीविजन चैनलों पर प्रसारित की गई। कांग्रेस की कार्रवाई की गोहिल द्वारा घोषणा किये जाने के कुछ ही मिनट के भीतर, डेर ने अपने आवास पर संवाददाता सम्मेलन बुलाया और कहा कि पता ही नहीं चला कि उन्हें कब पार्टी ने निलंबित कर दिया।

कंटेनर से टकराई कार एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत

वड़ोदरा। गुजरात के वड़ोदरा शहर के पास राजमार्ग पर खड़े कंटेनर से एक कार टकरा गई, जिससे उसमें सवार दो दंपतियों और एक बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। कपूराई पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना रविवार देर रात हुई जब एक ही परिवार के दो पुरुष, अपनी पत्नियों और दो बच्चों के साथ कार में वड़ोदरा जिले के कर्जन तालुका से वापस आ रहे थे। उन्होंने बताया कि कार सड़क किनारे खड़े कंटेनर से टकरा गई। अधिकारी ने बताया कि दो दंपतियों और एक साल के बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 4 साल का दूसरा बच्चा घायल हो गया।

कोर्ट ने महुआ मोइत्रा की अंतरिम याचिका की खारिज

- दिल्ली हाईकोर्ट ने अपना आदेश सुरक्षित रख लिया

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा की ओर से दायर एक अंतरिम याचिका सोमवार को खारिज कर दी जिसमें भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और वकील जय अनंत देहाद्रई को उनके खिलाफ कोई भी "फर्जी और अपमानजनक" सामग्री पोस्ट करने या प्रसारित करने से रोकने का अनुरोध किया गया था। मोइत्रा को हाल ही में लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया था।

न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने आदेश सुनाते हुए कहा, ''मैंने रोक के अनुरोध वाली याचिका खारिज कर दी है।'' उच्च न्यायालय ने 20 दिसंबर, 2023 को मोइत्रा, दुबे

और देहाद्रई के वकील की दलीलें सुनने के बाद अंतरिम याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। मोइत्रा को लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया था, वह पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर से सांसद थीं। मोइत्रा ने पिछले साल अक्टूबर में दायर अपनी याचिका में दुबे, वकील देहाद्रई, सोशल मीडिया मंच 'एक्स', सर्च इंजन गूगल, यूट्यूब और 15 मीडिया संस्थानों को उनके खिलाफ अपमानजनक और दुर्भावनापूर्ण बयानों के प्रकाशन, प्रसारण से स्थायी रूप से रोके जाने का अनुरोध किया है। बाद में उन्होंने पक्षकारों की सूची से सभी मीडिया घरानों और सोशल मीडिया कंपनियों को हटा दिया था।

ईडी पर हमला: जांच संबंधी याचिका पर आदेश सुरक्षित

कोलकाता। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शाहजहां शेख के परिसरों पर छापेमारी करने गए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अधिकारियों पर हमले की जांच राज्य पुलिस से केंदीय अन्वेषण ब्यूरो को हस्तांतरित करने संबंधी ईडी की याचिका पर सोमवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। मुख्य न्यायाधीश टी. एस. शिवज्ञानम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने ईडी, राज्य सरकार और केंदीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने राज्य पुलिस पर पक्षपाती होने का आरोप लगाया और कहा कि यद्यपि शेख के खिलाफ 40 से अधिक मुकदमे वर्षों से लंबित हैं, लेकिन पुलिस ने संदेशखाली में टीएमसी नेता के यहां छापेमारी के दौरान लगभग 1,000 लोगों की उग्र भीड़ द्वारा ईडी अधिकारियों पर किए गए हमले के बाद उसे (शेख को) गिरफ्तार किया था। उन्होंने कहा कि शेख की गिरफ्तारी के बाद राज्य सरकार ने मामले की जांच बशीरहाट पुलिस से लेकर अपराध जांच विभाग (सीआईडी) को सौंप दी थी।

सफलता दोहराने उतरेंगे सात्विक-चिराग

पेरिस, एजेंसी

फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट

गत तीन स्पर्धाओं में उपविजेता रही सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी मंगलवार से शुरू होने वाले फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में 2022 की सफलता को दोहराने उतरेंगे।

सात्विक और चिराग की नंबर 1 जोड़ी चीन मास्टर्स सुपर 750, जनवरी में मलेशिया ओपन सुपर 1000 और इंडिया ओपन सुपर 750 में फाइनल नहीं जीत पाई थी। फ्रेंच ओपन में भारतीय जोड़ी खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। भारत के खिलाड़ियों को इस प्रतियोगिता से पोर्ट डे ला चैपल में एडिडास एरेना को समझने का मौका भी मिलेगा जहां पेरिस ओलंपिक के दौरान बैडमिंटन के मैच खेले जाएंगे। सात्विक और चिराग ने 2022 में फ्रेंच ओपन का खिताब जीता था। वह मलेशिया के ओंग यू सिन और टीओ ई यी के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधु के लिए भी यह टूर्नामेंट महत्वपूर्ण है। उन्होंने 4 महीने बाहर रहने के बाद मलेशिया में खेली गई एशियाई चैंपियनशिप में वापसी की थी। 11वें नंबर की भारतीय खिलाड़ी अपने अभियान की शुरुआत कनाडा की मिशेल ली के खिलाफ करेगी। आगे बढ़ने पर उनका सामना पूर्व विश्व चैंपियन स्पेन की कैरोलिना मारिन से हो सकता है। पुरुष एकल में एचएस प्रणय ने इंडिया ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। उनका पहला मुकाबला चीन के लू गुआंग ज़ू से होगा। वहीं लक्ष्य सेन को जापान के कांता सुनेयामा की चुनौती मिलेगी। किदांबी श्रीकांत को भी चीनी ताइपे के चाउ टीएन चेन से चुनौती मिल सकती है, जबकि प्रियांशु राजावत विक्टर एक्सेलसन का सामना करेंगे। महिला युगल में त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद तथा तनीषा क्रैस्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ियां एक दूसरे के सामने होंगी।

अश्विन आउट करने के तरीके ढूंढने की कोशिश करते हैं: रूट

अश्विन के पास गेंदबाजी में इतनी विविधता, हमेशा अनुमान ही लगाते रहते हैं बल्लेबाज

बेंगलुरु, एजेंसी

इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट भारत के ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन की आक्रामक मानसिकता, विविधता और विकेट लेने के प्रयासों से प्रभावित हैं उनका मानना है कि वह प्रतिद्वंद्वी को थकाने की सोच में विश्वास नहीं करते और हर समय खतरा बने रहते हैं। अश्विन ने हाल में 500 विकेट लेने वाले अनिल कुंबले के बाद दूसरे भारतीय बने। अश्विन धर्मशाला में 7 मार्च से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाले पांचवें मैच में 100वां टेस्ट खेलेंगे। रूट ने कहा कि अश्विन हमेशा आपको आउट करने के तरीके ढूंढने की कोशिश करते रहते हैं। अश्विन के पास गेंदबाजी में इतनी विविधता है कि बल्लेबाज उनकी गेंदबाजी पर हमेशा अनुमान ही लगाते रहते हैं। वह पारंपरिक ऑफ स्पिनर की तुलना में क्रीज का अलग तरह से इस्तेमाल करता है। वह ओवर स्पिन, साइड स्पिन के साथ स्टंप पर कसी गेंदबाजी करता है, वह वाइड और कैरम गेंदबाजी भी करता है। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ने कहा कि इसलिए आपको उसके अलग-अलग खतरों से सतर्क रहना पड़ता है और सुनिश्चित करना पड़ता है कि आपके पास उसकी गेंदों से निपटने के लिए बहुत अच्छा बल्लेबाजी कौशल हो ताकि आप उस पर हावी हो सकें।

- **ओवर स्पिन, साइड स्पिन, स्टंप पर कसी गेंदबाजी के साथ वाइड और कैरम गेंदबाजी भी करते हैं रविचंद्रन**



रूट ने कहा कि तमिलनाडु का यह गेंदबाज अक्सर एक ओवर में 6 अलग-अलग तरह की गेंद डालता है। अश्विन सुनिश्चित करता है कि आपको पिछली गेंद नहीं खेलनी पड़े। वह आपको क्रीज पर आगे लाने की कोशिश में माहिर है। अश्विन नई और पुरानी गेंद से अलग-अलग तरह का खतरा पेश करता है। इंग्लैंड की 'बैजबॉल' रणनीति भारत के खिलाफ इस श्रृंखला में कारगर नहीं हो सकी, जिसमें वह अभी मेजबानों से 1-3 से पिछड़ रही है। रूट ने कहा कि इंग्लैंड की टीम इससे हताश नहीं हुई। ऐसा मत सोचिए कि टीम हताश है। हमारा शीर्ष क्रम पिछले समय की तुलना में काफी निरंतर हो गया है। लेकिन दूसरी पारी में यह आक्रामक बल्लेबाजी थोड़ी पेचीदा हो सकती है। ऐसा भी समय होगा जब हमें थोड़ा समझदारी से खेलना होगा लेकिन यह टीम पछतावा नहीं करती। हमें हर मौके से सीख लेने की जरूरत है।

खेल डायरी

अदालत ने डब्ल्यूएफआई के चुनाव के खिलाफ पहलवानों की याचिका पर केंद्र और महासंघ से जवाब मांगा

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली उच्च न्यायालय ने पहलवान बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और उनके पति सत्यव्रत कादियान की याचिका पर केंद्र और भारतीय कुश्ती महासंघ से जवाब मांगा है। पहलवानों ने दिसंबर 2023 में हुए महासंघ के चुनावों को अवैध घोषित करने की मांग की है। जस्टिस सचिन दत्ता ने केंद्र सरकार, डब्ल्यूएफआई और उसकी तदर्थ समिति को नोटिस जारी किए हैं। केंद्र सरकार के वकील अनिल सोनी को इस मामले में निर्देश लेने के लिए समय दिया गया है। मामले की अगली सुनवाई 7 मार्च को होगी। इन पहलवानों ने पिछले साल डब्ल्यूएफआई के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ 7 महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न के आरोप लगाकर प्रदर्शन किया था। पहलवानों के वकील राहुल मेहरा हैं जबकि डब्ल्यूएफआई की ओर से डी कृष्णन पैरवी कर रहे हैं।

सेबेस्टियन ने एलेजांद्रो को हराकर जीता खिताब

सैंटियागो, एजेंसी। अर्जेंटीना के सेबेस्टियन बेज ने चिली के एलेजांद्रो टेबिलो को हराकर चिली ओपन, एटीपी 250 स्पर्धा और अपने करियर का छठा और लगातार दूसरा खिताब जीता।

चिली ओपन

रविवार को चीली ओपन फाइनल मुकाबले में एलेजांद्रो टेबिलो ने तेज शुरुआत करते हुए पहला सेट अपने नाम किया। इसके बाद सेबेस्टियन बेज ने शानदार वापसी करते हुए लगातार दो सेट जीतकर खिताब अपने नाम किया। सेबेस्टियन बेज ने इससे पहले रियो डी जनेरियो में एटीपी 500 जीत दर्ज की थी। बेज ने कहा कि मेरे मन में कई भावनाएं हैं। मैच की शुरुआत में मुझे अच्छा नहीं लग रहा था। मुकाबला बेहद शानदार रहा और तीनों सेट एक दूसरे से काफी अलग थे। मैच उतार-चढ़ाव रहा।

कॉनवे का आईपीएल से बाहर होना तय

वेलिंगटन, एजेंसी। न्यूजीलैंड के बल्लेबाज डेवोन कॉनवे अंगूठे की चोट से आठ सप्ताह तक प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में नहीं खेल पाएंगे, जिससे उनका आईपीएल से बाहर होना तय है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले महीने टी-20 श्रृंखला के दौरान कॉनवे के दाएं हाथ के अंगूठे में चोट लग गई थी, जिसका उन्हें ऑपरेशन करवाना होगा, जिससे वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रविवार को समाप्त हुए पहले टेस्ट में भी नहीं खेल पाए थे। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने कहा कि कॉनवे के अंगूठे के जोड़ में हल्का फ्रैक्चर है और वह इस सप्ताह ऑपरेशन करवाएंगे। उनके आठ सप्ताह में फिट होने की उम्मीद है। चेन्नई सुपर किंग्स ने कॉनवे को 2022 की नीलामी में करोड़ों रुपए में खरीदा था। कॉनवे ने आईपीएल में 23 मैच में 924 रन बनाए हैं।

भारत के खिलाफ टेस्ट मैचों की तैयारी के लिए पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला से बाहर रह सकते हैं कैमरन ग्रीन

वेलिंगटन, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा कि कैमरन ग्रीन भारत के खिलाफ दिसंबर में होने वाली घरेलू टेस्ट श्रृंखला की तैयारी के लिए पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली सीमित ओवरों की श्रृंखला से बाहर रह सकते हैं। पाकिस्तान के खिलाफ खेलने के बजाय ग्रीन ऑस्ट्रेलिया की घरेलू प्रथम श्रेणी प्रतियोगिता शैफील्ड शील्ड में खेल सकते हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से पहले भी यही रणनीति थी और ग्रीन ने पहले टेस्ट मैच में 174 रन की नाबाद पारी खेलकर इसे सही साबित किया था। ग्रीन को वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 श्रृंखला के लिए टीम में शामिल नहीं किया गया था। मैकडोनाल्ड ने कहा कि किसी भी खिलाड़ी को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से बाहर रखना बड़ा फैसला होता है वह भी तब जबकि वह आपकी सर्वश्रेष्ठ एकादश में शामिल होने की काबिलियत रखता हो। इसलिए मुझे खुशी है कि ग्रीन ने हमारा सुझाव माना और इसके बाद शानदार वापसी की।

मुंबई फाइनल में, तमिलनाडु को पारी और 70 रन से हराया

रणजी ट्राफी : शार्दुल की 109 रन की पारी और 4 विकेट लेने से मुंबई को मिली जीत

मुंबई, एजेंसी

शार्दुल ठाकुर के प्रदर्शन की बदौलत कई बार की चैंपियन मुंबई ने सोमवार को तमिलनाडु को सेमीफाइनल में तीन दिन के अंदर पारी और 70 रन से हराकर रणजी के फाइनल में प्रवेश किया।

दूसरे दिन 109 रन की पारी खेलकर मुंबई को पहली पारी के आधार पर 232 रन की बढ़त दिलाने के बाद ठाकुर की अगुआई वाले मुंबई के गेंदबाजी ने तमिलनाडु को दूसरी पारी में महज 162 रन पर समेट दिया। मेहमान टीम के लिए केवल बाबा इंद्रजीत (70 रन) ही टिक सके और तमिलनाडु अपने पहले रणजी नॉकआउट मैच में कोई चुनौती पेश नहीं कर सकी। हालांकि इंद्रजीत और प्रदोष रंजन पॉल ने चौथे विकेट के लिए 73 रन बनाकर चुनौती पेश करने की कोशिश की लेकिन इससे काम नहीं चलने वाला था। मुंबई की जीत में गेंदबाजी आल राउंडर ठाकुर (109 रन, 48 रन देकर 2 विकेट और 16 रन देकर 2 विकेट) की भूमिका अहम रही, जिन्होंने दूसरे दिन पहला शतक जड़कर टीम को पहली पारी में 7 विकेट पर 106 रन से उबारकर 232 रन की बढ़त दिलाई थी। तीसरे दिन ठाकुर ने शुरू में ही तमिलनाडु के 2 विकेट झटक लिए, जिससे मुंबई ने मेहमान टीम के दूसरी पारी में 10 रन तक 3 विकेट ले लिए थे। बीसाई सुदर्शन को हालांकि श्रेयस अय्यर ने पहले ओवर में मिडविकेट पर कैच छोड़कर जीवनदान दिया, लेकिन ठाकुर ने शानदार इनस्विंगर पर बाएं हाथ के इस बल्लेबाज को विकेटकीपर के हाथों कैच आउट करा दिया।

ठाकुर ने नई गेंद से खतरनाक स्विंग हासिल की और एन जगदीशन को खाता भी नहीं खोलने दिया। मोहित अवस्थी ने भी तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे वाशिंगटन सुंदर को आउट कर सफलता का स्वाद चखा। शीर्ष क्रम के चरमराने के बाद तमिलनाडु के लिए इंद्रजीत और प्रदोष रंजन ने जिम्मेदाराना साझेदारी की और मुंबई के गेंदबाजों को कोई और झटका नहीं देने दिया। इंद्रजीत ने 105 गेंद खेलकर 9 चौके की मदद से 70 रन बना लिए थे लेकिन अवस्थी की गेंद पर बल्ला छुआकर विकेटकीपर को कैच दे बैठे। मुंबई के स्पिनर तनुष कोटियान (18 रन देकर 2 विकेट) और शम्स मुलानी (53 रन देकर 4 विकेट) ने फिर साथी तेज गेंदबाजों के साथ मिलकर तमिलनाडु के बल्लेबाजों पर दबाव बनाया तथा बाकी बचे 6 विकेट झटककर मेजबान टीम को जीत दिलाई। इससे पहले मुंबई की टीम पहली पारी में 378 रन पर सिमट गई। सुंदर ने तुषार देशपांडे (26 रन) को आउट कर कोटियान (नाबाद 89 रन) के साथ उनकी 10वें विकेट की साझेदारी समाप्त की।

सनराइजर्स के तीन साल में चौथे कप्तान बने कमिंस

हैदराबाद, एजेंसी

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस 22 मार्च से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सनराइजर्स हैदराबाद का नेतृत्व करेंगे। वह तीन साल में सनराइजर्स की कप्तानी संभालने वाले चौथे खिलाड़ी हैं। सनराइजर्स ने पिछले साल दिसंबर में हुई आईपीएल नीलामी में इस तेज गेंदबाज को 20.50 करोड में खरीदा था। वह नीलामी में सर्वाधिक कीमत पर बिकने वाले खिलाड़ियों में दूसरे नंबर पर हैं। कमिंस द. अफ्रीका के एडेन मार्कराम की जगह लेंगे जिन्होंने 2023 में टीम की अगुआई की थी। सनराइजर्स ने कमिंस की तस्वीर के साथ सोशल मीडिया पर लिखा कि हमारे नए कप्तान पैट कमिंस। सनराइजर्स 2023 के सत्र में मार्कराम की कप्तानी में अंतिम स्थान पर थी। टीम तब 14 मैच में चार जीत सकी थी। मार्कराम की कप्तानी में सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने एसए20 का खिताब जीता था, लेकिन वह आईपीएल में कप्तानी बरकरार नहीं रख सके। हालांकि वह टीम का हिस्सा रहेंगे। सनराइजर्स में कप्तान बदलने की शुरुआत 2021 में तब हुई जब ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज डेविड वार्नर को सत्र के बीच में कप्तानी से हटाया गया था। सनराइजर्स ने वार्नर की कप्तानी में 2016 में आईपीएल का खिताब जीता था। वार्नर की जगह न्यूजीलैंड के केन विलियमसन को कप्तान बनाया गया लेकिन टीम आठवें स्थान पर रही और उन्हें 'रिलीज' कर दिया गया था।

तेज गेंदबाजी के कोच बनाए गए फ्रैंकलिन

हैदराबाद। सनराइजर्स ने आईपीएल के लिए न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स फ्रैंकलिन को तेज गेंदबाजी कोच नियुक्त किया। फ्रैंकलिन ने दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज डेल स्टेन की जगह ली जिन्होंने फ्रेंचाइजी से व्यक्तिगत कारणों से ब्रेक देने का अनुरोध किया था। सनराइजर्स ने अपने सोशल मीडिया मंच पर घोषणा की कि डेल स्टेन सत्र में टीम के साथ नहीं जुड़ेंगे जिससे इस सत्र में तेज गेंदबाजी कोच की जिम्मेदारी जेम्स फ्रैंकलिन को दी गयी है। जेम्स आपका स्वागत है।

भारतीय पुरुष-महिला टेबल टेनिस टीम ने पेरिस ओलंपिक के लिए किया क्वालीफाई

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय पुरुष और महिला टीम ने सोमवार को विश्व रैंकिंग के आधार पर पहली बार ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। बुसान में विश्व टीम चैंपियनशिप पेरिस ओलंपिक के लिए अंतिम क्वालीफाइंग टूर्नामेंट थी और समापन के बाद टीम स्पर्धाओं में 7 स्थान बचे थे और टीमों को उनकी रैंकिंग से चुना गया। आईआईटीएफ ने कहा कि शीर्ष रैंकिंग की जो टीम क्वालीफाई नहीं कर सकीं, उन्होंने पेरिस 2024 के लिए अपना टिकट हासिल कर लिया। महिलाओं की स्पर्धा में भारत 13वीं रैंकिंग पर था, उसने पोलैंड (12), स्वीडन (15) और थाईलैंड के साथ पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। पुरुष टीम स्पर्धा में क्रोएशिया (12), भारत (15) और स्लोवेनिया (11) ने टिकट कटाया। भारत के अनुभवी खिलाड़ी शरत कमल ने ट्वीट किया कि भारत ने ओलंपिक के लिए टीम स्पर्धा के लिए क्वालीफाई कर लिया। ओलंपिक में पांचवीं बार खेलने के बावजूद यह बहुत विशेष है। महिला टीम को भी बधाई जिन्होंने भी ऐतिहासिक कोटा हासिल कर लिया।

मैनचेस्टर सिटी ने युनाइटेड को हराया

ईपीएल

मैनचेस्टर, एजेंसी। फिल फोडेन के दो गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल में मैनचेस्टर युनाइटेड को 3-1 से हराया। मार्कस रशफोर्ड ने आठवें मिनट में गोल करके मैनचेस्टर युनाइटेड को बढ़त दिलाई। इस गोल से वह मध्यांतर तक 1-0 की बढ़त पर था। सिटी ने दूसरे हाफ में वापसी की। फोडेन ने 56वें मिनट में गोल दागा और फिर 80वें मिनट में टीम को बढ़त दिलाई। स्टार स्ट्राइकर एर्लिंग हॉलैंड ने इंजरी टाइम में सिटी की तरफ से तीसरा गोल किया। इस जीत से सिटी के 27 मैच में 62 अंक हो गए हैं और वह शीर्ष पर काबिज लिवरपूल से 1 अंक पीछे है।

बॉलीवुड हलचल

ऐ वतन मेरे वतन का ट्रेलर हुआ रिलीज

मुंबई, एजेंसी। अभिनेत्री सारा अली खान की आने वाली फिल्म ऐ वतन मेरे वतन का ट्रेलर रिलीज हो गया है। करण जौहर के धर्माटिक एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन के बैनर तले बनी फिल्म में सारा अली खान की मुख्य भूमिका है। इसकी कहानी उस हीरो की है, जिसके रेडियो ने ब्रिटिश राज को हिलाकर रख दिया था। करण जौहर ने सोशल मीडिया पर इसका ट्रेलर रिलीज किया है। इस फिल्म में सारा उस जाबांज महिला की कहानी दिखाएंगी, जिन्होंने रेडियो से अंग्रेजों की हालत खराब कर दी थी। ट्रेलर में सारा को स्वतंत्रता की आखिरी लड़ाई लड़ने के लिए 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान ब्रिटिश राज के खिलाफ अंडरग्राउंड स्टेशन शुरू करते और इसी के जरिए अंग्रेजों के छक्के छुड़ाते देखा जा सकता है। इसमें सारा अली खान, उषा मेहता के रोल में नजर आएंगी।

शुभी की फिल्म जय वट सावित्री मैय्या का ट्रेलर जारी

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री शुभी शर्मा की आने वाली फिल्म जय वट सावित्री मैय्या का ट्रेलर रिलीज हो गया है। जय मोशन पिक्चर्स प्रस्तुत भोजपुरी फिल्म जय वट सावित्री मैय्या में शुभी शर्मा ने वट सावित्री मां का किरदार निभाया है।जेएएस मोशन पिक्चर्स के बैनर से निर्मित फिल्म जय वट सावित्री मैय्या के निर्माता अपूर्व मेड़तिया, अंशुमन सिंह और मोनिका सिंह हैं, जबकि निर्देशक संजय श्रीवास्तव और कार्यकारी निर्माता सुभाष चव्हाण हैं। फिल्म जय वट सावित्री मैय्या को लेकर शुभी शर्मा ने कहा कि फिल्म बेहद खूबसूरत है और इस फिल्म में मेरा किरदार शानदार है। इसके लिए मैं फिल्म के निर्माताओं का आभार व्यक्त करती हूं। वैसे फिल्म के ट्रेलर से अंदाजा लगाया जा सकता है कि फिल्म कितनी भव्य है और यह किस लेवल की बनी है। इस फिल्म मां वट सावित्री की महिमा का भी बखान है। मां अपने भक्तों की सारी मनोकामना है। इस फिल्म के जरिए उनकी महिमा को अलग ढ़ंग से प्रस्तुत किया गया है।

'पंख' में मुख्य भूमिका में माही, श्वेता, आयशा

मुंबई, एजेंसी। वर्ल्डवाइड चैनल एवं जीतेन्द्र गुलाटी की भोजपुरी फिल्म पंख का ट्रेलर वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स भोजपुरी से रिलीज हो गया है। पंख के ट्रेलर में संजय पांडे, माही श्रीवास्तव, श्वेता म्हारा, आयशा कश्यप, विनोद मिश्रा, रोहित सिंह (मटरू) मुख्य भूमिका में हैं। जो अपने सपनों को पूरा करने के लिए विदेश जाना चाहते हैं। ट्रेलर की शुरुआत में वाराणसी के पंडित संजय पांडे को दिखाया गया है जो दो वक्त की रोटी के लिए जूझ रहे हैं, जिसकी पत्नी उनको ताना मरते हुए नजर आती है। इसके बाद श्वेता म्हारा की एंट्री होती है, जो एक मीडिल क्लास घर की बेटी है और महत्वाकांक्षी है। वही रोहित सिंह (मटरू) विदेश जाकर खूब पैसा कमाना चाहते हैं। ट्रेलर में माही श्रीवास्तव और आयशा कश्यप दो बहनें हैं। जो दुबई जा रही है। ये सभी किरदार अपनी मजबूरी और महत्वाकांक्षा को पूरा करने के लिए दुबई जाते हैं। विदेश में इनको क्या काम करना पड़ता है और किन परेशानियों का सामना करना पड़ता है इसी की कहानी है पंख। निर्माता रत्नाकर कुमार ने कहा है कि हमारी फिल्म पंख ट्रेलर आज रिलीज किया गया है, जिसमें हर कलाकार को जगह दी गई है। फिल्म में आपको कॉमेडी, ड्रामा और इमोशन का तगड़ा डोस देखने को मिलेगा। संजय पांडे ने कहा कि ये फिल्म मेरे दिल के करीब है क्योंकि इसका किरदार शानदार है जो अपने लिए नही अपनी बेटी के लिए पैसा कमाना चाहता है और पत्नी के तानों का जवाब देना चाहता है। माही श्रीवास्तव ने कहा कि पंख जैसी फिल्म में योगदान का अवसर पाकर मैं सम्मानित महसूस कर रही हूं। मुझे उम्मीद है कि ट्रेलर बहुत पसंद आने वाला है। निर्देशक पराग पाटिल ने कहा कि हमने फ़िल्म को देश से लेकर विदेश तक फिल्माया है। पंख में संजय पांडे, श्वेता महरा, माही श्रीवास्तव, आयशा कश्यप, विनोद मिश्रा, रोहित सिंह मटरू, सुबोध सेठ, संजीव मिश्रा, यादविंदर यादव, श्वेता वर्मा, विजया सिंह, शिखा चौबे, अवनी गिरी, रानी जयसवाल, अखिलेश शुक्ला, अमरेश आनंद त्रिपथ, जुबैर शाह, योगेश पांडे, राजेश गिरी हैं।

चांदनी की फिल्म हम नहीं सुधरेंगे हुई पूरी

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री चांदनी सिंह की आने वाली फिल्म हम नहीं सुधरेंगे की शूटिंग पूरी हो गयी है। भोजपुरी फ़िल्म हम नहीं सुधरेंगे में भोजपुरी फ़िल्म जगत के कई सारे हास्य कलाकार इकट्ठे नज़र आने वाले हैं, जहां वे सब के सब अपने अपने तरीके से चांदनी सिंह को परेशान करते नजर आने वाले हैं। हम नहीं सुधरेंगे की शूटिंग पूरी हो चुकी है ,फ़िल्म का पोस्ट प्रोडक्शन भी अपने अंतिम चरण में है।इस फ़िल्म की शूटिंग उत्तरप्रदेश के गोरखपुर और आसपास के इलाकों में की गई है । फ़िल्म निर्माता आनन्द रूंगटा के रूंगटा फ़िल्म प्रोडक्शन्स के बैनर तले बनी फ़िल्म हम नहीं सुधरेंगे का निर्देशन सुनील मांझी ने किया है।इस फ़िल्म के लेखक पिंकू दुबे हैं। फ़िल्म हम नही सुधरेंगे के गीत प्यारे लाल यादव, धरम हिंदुस्थानी एवं संदीप साजन ने लिखे हैं, जिसका संगीत निर्देशन मधुकर आनन्द एवं ओम झा ने किया है। फ़िल्म हम नहीं सुधरेंगे के नृत्य निर्देशक रिक्की गुप्ता हैं, छायांकन सरफराज खान ने किया है। इस फ़िल्म में चांदनी सिंह, संजय पांडे, लोटा तिवारी, मनोज टाईगर, केके गोस्वामी, माया, मधु, महेश आचार्य, प्रकाश जैश, संजय वर्मा, आनंद मोहन , सीपी भट्ट, कुअर सुधीर सिंह , क्रिश भैया ,वीआईवी विजेंद्र, सन्तोष श्रीवास्तव, गजेंद्र एवं प्रमोद चोखानी की अहम भूमिका है।

अंकुश का होली स्पेशल 'आहि रे दिदिया' रिलीज

मुंबई, एजेंसी। अंकुश राजा का होली स्पेशल गाना आहि रे दिदिया रिलीज हो गया है। आहि रे दिदिया गाने को अंकुश राजा ने शिल्पी राज के साथ मिलकर गया है।गाना आहि रे दिदिया अन्नपूर्णा फिल्म के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। गाने को लेकर अंकुश राजा ने कहा कि होली बिना संगीत कैसे हो सकता है। इसलिए हम इस बार होली को और खास बनाने के लिए एक से बढ़कर एक गाने लेकर आ रहे हैं उसी क्रम में यह भी खाना है जो आपको बेहद पसंद आएगा। हम आप सबों से आग्रह करेंगे कि आप हमारे इस गाने को खूब प्यार और आशीर्वाद दें। इसके साथ होली के रंग को हमारे इस गाने के साथ और रंगीन बनाएं उम्मीद करता हूं कि हमारे गाने आपकी भोजपुरी होली को यादगार बनाने के लिए सक्षम है। गाना आहि रे दिदिया के गीतकार अखिलेश कश्यप, दीपक मतलबी और संगीत निर्देशक आर्य शर्मा हैं। संगीतकार शुभम तिवारी हैं। वीडियो निर्देशक आशीष सत्यार्थी हैं। निर्माता अखिलेश कश्यप हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05278-352045 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharayodhya@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

एक नजर

अमेरिकी सेना में एआई लड़ाकू विमान शामिल करने की मांग

वाशिंगटन। अमेरिकी वायु सेना ने अगले पांच वर्षों में एक हजार मानव रहित छोटे लड़ाकू विमान को सेवा में शामिल करने की मांग की है। जिनमें से कई कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) प्रौद्योगिकियों की बदौलत स्वायत्त रूप से संचालित हो सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट ने कहा कि ऐसे मानवरहित लड़ाकू विमानों को एफ-35 लड़ाकू विमानों या बी-21 बमवर्षकों सहित मानवयुक्त विमानों का साथ देने और उनकी सुरक्षा करने के लिए डिजाइन किया जाएगा। अन्य विमानों और जमीनी ठिकानों पर हमला करने के लिए अपने हथियार ले जाने में भी सक्षम होंगे और उनका इस्तेमाल टोही विमान और संचार केंद्र के रूप में भी किया जाएगा।

ईरानः चुनाव में कट्टरपंथियों का दबदबा, 11 महिलाएं भी शामिल

दुबई। ईरान में हुए आम चुनाव को लेकर सोमवार को नतीजे जारी किए गए। चुनाव में कट्टरपंथी राजनेताओं का दबदबा रहा। उन्होंने पकड़ बरकरार रखी है। हालांकि, अधिकारियों ने अब भी शुक्रवार को हुए मतदान के आंकड़े जारी नहीं किए हैं और न ही देरी का कोई कारण बताया। राजधानी तेहरान में मतदान केंद्रों पर कम मतदाता देखे जाने के बाद मतदान का प्रतिशत कम होने की आशंका जताई गई थी। चुने गए 245 नेताओं में से 200 को चुनाव से पहले प्रकाशित मतदाता गाइडों में कट्टरपंथी समूहों द्वारा समर्थन दिया गया था। लगभग 45 सांसदों को अपेक्षाकृत उदारवादी, रूढ़िवादी या स्वतंत्र बताया गया था।

कैलिफोर्निया में बर्फीले तूफान से सड़कें बंद, बिजली गुल

वाशिंगटन। अमेरिका में जारी भारी हिमपात और तेज बर्फीले तूफान के कारण कैलिफोर्निया में प्रमुख सड़कमार्ग पर यातयात बंद हैं। हजारों घरों में बिजली आपूर्ति ठप रही। सर्दियों के तूफान ने गुरुवार से उत्तरी कैलिफोर्निया और पर्वत श्रृंखलाओं को अपनी चपेट में ले लिया है, जिससे इस क्षेत्र में 3.6 मीटर तक भारी हिमपात हुआ और 3.5 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की तेज हवाएं चल रही हैं। रविवार को विभिन्न इलाकों में परिवहन नेटवर्क प्रभावित रहा तथा घरों में बिजली कटी रही। सबसे भीषण बर्फीले तूफान ने परिवहन नेटवर्क को गंभीर रूप से बाधित कर दिया है।

पहाड़ी हिस्सों में तीसरे दिन भी मौसम की मार, यातायात ठप

शिमला। हिमाचल समेत पहाड़ी हिस्सों में तीसरे दिन भी मौसम की मार रही, बारिश-हिमपात से दुश्वारियां बढ़ गई हैं। सात क्षेत्रों का न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया गया। सोमवार को चार नेशनल हाईवे सहित 601 सड़कें बंद रहीं जबकि 1436 बिजली ट्रांसफार्मर अभी भी ठप हैं 124 पेयजल परियोजनाएं प्रभावित हैं। भारी हिमपात के बाद मौसम साफ होते ही लाहौल-किन्नौर में 20 जगह हिमखंड गिरने की चेतावनी जारी हुई है। जम्मू संभाग में भी कई हिस्सों में भूस्खन हुआ, लेकिन किसी हताहत की कोई सूचना नही है। स्थानीय प्रशासन ने चेतावनी जारी पहाड़ी में न जाने की हिदायत दी है।

बेंगलुरुः रामेश्वरम कैफे में विस्फोट की जांच एनआईए को सौंपी

नई दिल्ली, एजेंसी। बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंप दी गई है। बता दें कि 1 मार्च को ब्रुकफील्ड में रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट में कम से कम 10 लोग घायल हो गए थे। घटना के मुख्य संदिग्ध का अभी तक पता नहीं चल है। इससे पहले, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने रविवार को कहा था कि जरूरत पड़ने पर सरकार रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंपने पर विचार कर सकती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय अपराध शाखा (सीसीबी) मामले की जांच कर रही है। बता दें, रामेश्वरम कैफे में यह धमाका शुक्रवार दोपहर 1 बजे हुआ। पुलिस को सीसीटीवी फुटेज में एक संदिग्ध कैफे के अंदर बैग रखते हुए नजर आया है। पुलिस का मानना है कि विस्फोट को अंजाम देने के लिए टाइमर के साथ एक आईईडी डिवाइस का इस्तेमाल किया गया था। संदिग्ध हमलावर का सीसीटीवी फुटेज हासिल करने के बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने कहा कि अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। विस्फोट स्थल कैफे के आस-पास पुलिस गहन जांच में जुटी हुई है। अब आगे की जांच एजेंसी एनआईए करेगी।

एक्स पर अब ऑडियो वीडियो कॉल की सुविधा

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (ट्विटर) अब सभी यूजर्स को ऑडियो-वीडियो कॉल की सुविधा देने जा रहा है। एक्स ने पिछले साल यह सुविधा अपने प्रीमियम यूजर्स को दी थी। लेकिन आप कोई कॉल तभी कर सकेगा, जब आप उसे इजाजत देंगे। यह फीचर एक्स के डायरेक्ट मैसेज (डीएम) में है। आप कुछ खास लोगों या सभी को कॉल करने की अनुमति दे सकते हैं। इसके लिए सेटिंग्स और सपोर्ट पर जाएं। फिर सेटिंग्स और प्राइवेसी, इसके बाद प्राइवेसी और सेफ्टी फिर डायरेक्ट मैसेज (डीएम) पर जाएं। वहां आपको ऑडियो और वीडियो कॉल की अनुमति दें का विकल्प दिखेगा। यदि आप कॉल लेना चाहते हैं, तो वे सामान्य कॉल की तरह आएंगे। लॉक स्क्रीन पर कॉल करने वाले का नाम (या उनके द्वारा एक्स को दिया गया नाम) दिखाई देगा।

कॉल पर होंगे ये फीचर्स

एक्स पर वीडियो-ऑडियो कॉल के दौरान यूजर्स स्पीकर, कैमरा फ्लिप, म्यूट और कट के ऑप्शन मिलते हैं। अगर आप कॉल को स्पीकर पर रखना चाहते हैं तो इसके लिए ऑडियो आइकन पर टैप करना होगा। कैमरा बटन पर टैप कर आप कॉलिंग के दौरान फ्रंट से बैक कैमरा स्विच कर सकते हैं। माइक्रोफोन पर टैप कर म्यूट कर सकते हैं। इसके साथ कॉल कट करने के लिए आपको कैंसिल बटन पर टैप करना होगा।



फीचर कैसे करें एक्टिवेट

एक्स पर कॉलिंग फीचर को इनेबल करने के लिए डायरेक्ट मैसेजेज (डीएम) के आइकन पर क्लिक करना है। फिर इसके बाद डीएम ऑप्शन में ऑडियो और वीडियो कॉलिंग फीचर को इनेबल करना होगा। कॉलिंग फीचर इनेबल होते ही आप एक्स पर यह भी सलेक्ट कर पाएंगे कि कौन से एक्स यूजर्स - वेरिफाई यूजर्स, फॉलोअर्स या ऐड्रेस बुक में मौजूद यूजर्स आपको कॉल कर पाएंगे।

इंस्टाग्राम बताएगा कहां हैं आपके दोस्त

इंस्टाग्राम फ्रेंड मैप फीचर लाने वाला है। इससे आप जान सकेंगे कि आपके दोस्त कहां हैं। आप यह चुन पाएंगे कि आपके कौन से दोस्त आपकी लोकेशन देख सकेंगे और जब आप अपनी लोकेशन छिपाना चाहते हैं, तो 'घोस्ट मोड' में जा सकेंगे। आपकी लोकेशन एंड-टू-एंड एन्क्रिप्टेड होगी। इसमें मैप पर ही नोट्स छोड़ने को सुविधा भी होगी। हालांकि, यह भी जरूरी है कि यूजर्स अपनी प्राइवेसी सेटिंग्स को ध्यान से देखें और सिर्फ उन्हीं लोगों को कॉल करने या लोकेशन शेयर करने की अनुमति दें, जिन पर उन्हें भरोसा है।

हैती में जेल तोड़कर भागे 3700 कैदी इमरजेंसी लागू

पोर्ट-ऑ-प्रिंस। कैरेबियाई देश हैती में जेल तोड़कर कैदियों के भागने का मामला सामने आया है। रविवार को सशस्त्र गुटों ने पोर्ट-ऑ प्रिंस जेल पर हमला बोला था। इस हमले में कम से कम 12 लोग मारे गए और 3700 कैदी जेल से फरार हुए हैं। घटना को देखते हुए सरकार ने देश में इमरजेंसी लागू की है।

हैती सरकार ने इस घटना को देखते हुए 72 घंटों के लिए इमरजेंसी लगाने का एलान किया है। वर्ष 2020 के बाद से देश में सशस्त्र गुटों के बीच हुई हिंसक झड़पों में हजारों लोग मारे गए हैं। इन गुट के नेताओं का कहना है कि वे प्रधानमंत्री एरियल हेनरी का इस्तीफा चाहते हैं। सरकार की ओर से जारी बयान के अनुसार बीते दिनों दो जेलों पर हमला किया, खतरे को देखते हुए देश में कर्फ्यू लगा दिया गया है।

आर्थिक व सुरक्षा चुनौतियों के बीच शहबाज ने संभाली सत्ता की कमान

24वें प्रधानमंत्री के रूप में ली शपथ, समारोह में शामिल हुए सेना प्रमुख

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान में शहबाज शरीफ ने 24वें प्रधानमंत्री तौर पर बागडोर संभाल ली है, लेकिन उनकी राह आसान नहीं है। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के अलावा गठबंधन और पाकिस्तानी सेना के साथ तालमेल बिठाना बड़ी चुनौती है। यह उनका प्रधानमंत्री के तौर पर दूसरा कार्यकाल है। देश के सामने आर्थिक और सुरक्षा चुनौतियों के बीच 2022 के बाद वह दूसरी बार देश की बागडोर संभाली। राष्ट्रपति आरिफ अल्वी दोपहर में राष्ट्रपति आवास पर आयोजित एक समारोह में शहबाज शरीफ को शपथ दिलाई।

यह शपथ ग्रहण समारोह पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के बीच गठबंधन सरकार बनाने के लिए सत्ता-साझाकरण समझौते पर सहमति बनने के कुछ दिनों बाद हो रहा है। पिछले महीने आम चुनाव कराने के लिए संसद भंग होने से पहले शहबाज ने अप्रैल 2022 से अगस्त 2023 तक गठबंधन सरकार के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया था। शपथ ग्रहण समारोह में पाकिस्तान सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर, कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकर, सभी चार प्रांतों के मुख्यमंत्रियों और राज्यपालों के शामिल हुए। रविवार को विपक्ष की नारेबाजी के बीच शहबाज ने नवनिर्वाचित संसद में बहुमत हासिल कर लिया। पीएमएल-एन और पीपीपी के सर्वसम्मत उम्मीदवार शहबाज को 336 सदस्यीय संसद में 201 वोट मिले।

शहबाज सरकार के मंत्रियों को लेकर चर्चाएं शुरू

शहबाज सरकार के मंत्रियों को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई है। कहा जा रहा है कि विदेश और वित्त मंत्रालय को संभालने वाले मंत्रियों के नाम पर अंतिम फैसला पाकिस्तानी सेना ही करेगी। मीडिया के अनुसार, पाकिस्तान में शहबाज शरीफ सरकार की सबसे बड़ी चुनौती अर्थव्यवस्था है, क्योंकि पाकिस्तान में मुद्रास्फीति 30% की रिकॉर्ड दर से बढ़ रही है और आर्थिक विकास दर लगभग स्थिर है। राजकोषीय और चालू खाते के दोहरे घाटे का संकट मंडरा रहा है। सेंट्रल बैंक की रिपोर्ट के अनुसार जून 2024 में 1.99 लाख करोड़ रुपये के विदेशी ऋण के मुकाबले पाकिस्तान में 66 हजार करोड़ रुपये रिजर्व है। पाकिस्तान को डिफॉल्ट होने से बचाने के लिए आईएमएफ के 24,900 करोड़ के राहत पैकेज की समयसीमा इस माह के अंत में खत्म होने वाली है। पाकिस्तान के इस सबसे महत्वपूर्ण पोर्टफोलियो को संभालने वाला व्यक्ति अपनी पार्टी की किस्मत बना देगा या बिगाड़ देगा।

नेपाल में टूटा सत्तारूढ़ गठबंधन, दहल बने रहेंगे प्रधानमंत्री

काठमांडू। नेपाल में सत्तारूढ़ गठबंधन के बीच काफी समय से दरार देखी जा रही थी। आखिरकार अब यह गठबंधन टूट गया। पूर्व वित्त मंत्री सुरेंद्र पांडे ने बताया कि देश में कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (माओवादी सेंटर) और शेख बहादुर देउबा के नेतृत्व वाली नेपाली कांग्रेस के बीच सत्तारूढ़ गठबंधन टूट गया है और प्रधानमंत्री पुष्प कुमार दहल के नेतृत्व में नई गठबंधन सरकार सोमवार को शपथ लेगी।

कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-यूनिफाइड मार्क्सवादी लेनिनवादी के उपाध्यक्ष पांडे ने फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा, 'सरकार आज बदल जाएगी। नया मंत्रिमंडल बनाया जाएगा। आज कम संख्या में मंत्रियों को शपथ दिलाई जाएगी। पीएम सचिवालय के अधिकारियों ने पुष्टि की है कि दहल प्रधानमंत्री पद पर बने रहेंगे। वहीं नए गठबंधन में पार्टियों द्वारा सुझाए गए मंत्रियों को शामिल किया जाएगा। बता दें, पिछले आम चुनावों के गठन के एक साल बाद कैबिनेट में फेरबदल हो रहा है।

सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में राजनाथ सिंह समेत मौजूद अन्य।

दूसरे देशों की तकनीक सीखने की जरूरत नहीं: राजनाथ सिंह

नई दिल्ली, एजेंसी

- **बोले-चुनौतियों से निपटने के लिए स्वदेशी तरीके से विकसित करें नई तकनीक**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को मानेकशा सेंटर में डेफकनेक्ट का उद्घाटन किया। स्वदेशी नवाचार को प्रोत्साहन देने और बढ़ती सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए साझेदारी को सुगम बनाने के लिए इनोवेशन फॉर डिफेंस एक्सिलेंस-डिफेंस इनोवेशन आर्गनाइजेशन (आइडीईएक्स-डीआइओ) द्वारा इसका आयोजन किया गया है।

कार्यक्रम में राजनाथ सिंह ने कहा, कोई भी देश सर्वोत्तम तकनीक साझा नहीं करता है। दूसरे देशों से प्राप्त तकनीक का भी हमारे सीखने से कोई संबंध नहीं होता है। यह तभी हो सकता है जब हम इसे स्वदेशी तरीके से विकसित करें। उन्होंने आगे कहा, हम युवाओं को नए विचार लाने वाले युवाओं को प्रोत्साहित किया है। रक्षा क्षेत्र में नवीनीकरण और तकनीक को बढ़ावा देने के लिए इनोवेशन ऑफ डिफेंस एक्सीलेंस (आईडीईएक्स) लाया गया है।

मैं रक्षा उत्पादन विभाग को आईडीईएक्स (एडीआईटीआई) योजना के साथ विकास शुरू करने के और इस नाम के लिए बधाई देना चाहता हूं, जिसका अर्थ है देवताओं की मां। राजनाथ सिंह ने कहा कि निजी क्षेत्र को फलने-फूलने देने के लिए एक मंच की आवश्यकता है।

बीएपीएस मंदिर में उमड़े भक्त...

अबु धाबी : संयुक्त अरब अमीरात (यूएसई) का पहला हिंदू मंदिर, जिसका उद्घाटन अबु धाबी में 14 फरवरी को पीएम मोदी ने किया था, 27 एकड़ में बना बोचासनवासी अक्षर पुरूषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) मंदिर शुक्रवार से आम लोगों के लिए खोल दिया गया। रविवार को मंदिर में करीब 65 हजार भक्त दर्शन के लिए उमड़े। भीड़ को काबू करने के लिए दो हजार के बैच में दर्शन कराए गए। बता दें कि हर सोमवार को मंदिर बंद रहेगा। ● एजेंसी

अमेरिकाः 4 नए अंतरिक्ष यात्री अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन रवाना, 6 माह तक मौजूद रहेंगे

केप केनवरल, एजेंसी। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए रविवार को चार अंतरिक्ष यात्री रवाना हुए। वह छह महीने तक वहां रहेंगे। स्पेसएक्स का फाल्कन राकेट कैनेडी स्पेस सेंटर से रवाना हुआ, जिसमें नासा के मैथ्यू डोमिनिक, माइकल बैरेट और जेनेट एप्स और रूस के अलेक्जेंडर ग्रीबेनकिन शामिल हैं।

ये नए अंतरिक्ष यात्री अमेरिका, डेनमार्क, जापान और रूस के दल की जगह लेंगे, जो अगस्त से वहां हैं। उनके अगले सप्ताह पृथ्वी पर लौटने की उम्मीद है। नासा ने कहा कि स्पेसएक्स फाल्कन-9 राकेट और ड्रैगन अंतरिक्ष यान के उड़ान पथ में प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण पहले इसके उड़ान को टालना पड़ा था। दो चरणों वाला फाल्कन-9 राकेट फ्लोरिडा के अटलांटिक तट के साथ केप केनवरल में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से रात 10:53 बजे लांच किया गया था।

ट्रंप के खिलाफ निक्की की पहली जीत

वाशिंगटन, एजेंसी

- **रिपब्लिकन पार्टी में पहला प्राइमरी चुनाव जीता, आज कई डेलिगेट्स का समर्थन मिलने की उम्मीद**

निक्की हेली ने रिपब्लिकन प्राइमरी के चुनाव में अपनी पहली जीत दर्ज की है। निक्की हेली ने रविवार को कोलंबिया में हुए प्राइमरी चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप को हराकर 2024 की अपनी पहली जीत दर्ज की। अब सभी की निगाहें मंगलवार को होने वाले प्राइमरी चुनाव पर है, जिनमें निक्की हेली को कई डेलिगेट्स का समर्थन मिलने की उम्मीद है।

वहीं किसी रिपब्लिकन प्राइमरी इलेक्शन में जीत दर्ज करने वाली निक्की हेली अमेरिकी इतिहास में पहली महिला बन गई हैं। अब तक हुए प्राइमरी चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप एकतरफा अंदाज में जीत दर्ज करते आए हैं। हालांकि कोलंबिया में उन्हें झटका लगा है। इसके बावजूद ट्रंप की अमेरिका के राष्ट्रपति पद की दावेदारी सबसे मजबूत है। मंगलवार को 16 राज्यों में प्राइमरी चुनाव होने हैं और मंगलवार को ट्रंप और निक्की हेली के बीच के मुकाबले की स्थिति साफ हो सकती है। कई हार के बावजूद निक्की हेली ने राष्ट्रपति पद की दावेदारी से हटने से इनकार कर दिया था। अब पहली जीत मिलने से यकीनन उनकी प्रचार टीम को नई ऊर्जा मिलेगी। निक्की हेली को कोलंबिया में सभी 19 डेलिगेट्स का समर्थन मिला। शनिवार को ही डोनाल्ड ट्रंप ने मिजुरी, इडाहो और मिशिगन प्राइमरी चुनाव में जीत दर्ज की थी। ट्रंप को 244 डेलिगेट्स का समर्थन मिल चुका है और राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए 1215 डेलिगेट्स का समर्थन मिलना जरूरी है। वहीं निक्की हेली को 24 डेलिगेट्स का समर्थन मिल चुका है। मंगलवार को अलबामा, अलास्का, अरकंसास, कैलिफोर्निया, कोलोराडो, मेन, मैसाच्युसेट्स, मिनेसोटा, नॉर्थ कैरोलाइना, ओकलाहोमा, टेनेसी, टेक्सास, उटा, वेर्मोन्ट, वर्जीनिया में प्राइमरी चुनाव होने हैं। ट्रंप अब तक आयोवा, न्यू हैंपशायर, नेवादा, यूएस वर्जिन आइलैंड्स, साउथ कैरोलाइना, मिशिगन, मिजुरी और इडाहो में जीत चुके हैं।

जगन्नाथ मंदिर में अनधिकृत प्रवेश पर 9 बांग्लादेशी गिरफ्तार

भुवनेश्वर। पुरी के जगन्नाथ मंदिर में अनधिकृत रूप से प्रवेश करने के आरोप में ओडिशा पुलिस ने नौ बांग्लादेशियों को हिरासत में लिया है। एक अधिकारी ने बताया कि रविवार को विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने कुछ बांग्लादेशी नागरिकों को मंदिर के भीतर जाते देखा। उन्होंने सिंहद्वार पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करवाई, जिसके बाद पुलिस ने बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया।

पुरी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एसपी सुशील मिश्र ने कहा, हमें शिकायत मिली कि कुछ गैर हिंदू बांग्लादेशी मंदिर में प्रवेश कर गए हैं। हमने नो बांग्लादेशियों को हिरासत में ले लिया है और उनसे पूछताछ जारी है।

पारिवारिक वीजा की आय बढ़ने से प्रवासी परेशान

- **ब्रिटिश सरकार के न्यूनतम आय 40.6 लाख करने से 20 लाख भारतीयों पर होगा असर**

लंदन, एजेंसी

ब्रिटिश सरकार ने प्रवासियों की संख्या घटाने के लिए सख्त कदम उठाने की घोषणा की है। इसके तहत पारिवारिक वीजा के लिए न्यूनतम आय सीमा 19.5 लाख से बढ़ाकर करीब 40.6 लाख रुपये कर दी जाएगी। इस फैसले का 20 लाख ब्रिटिश भारतीयों पर सीधे तौर पर असर हो रहा है। इससे हजारों भारतीयों की शादी की योजना पर ब्रेक लग गया है।

ब्रिटिश सरकार की इस योजना को लेकर अप्रवासियों में आक्रोश है। बता दें, सबसे बड़ा असर नर्स जैसे देखभाल कर्मियों पर पड़ रहा है, जो अकेले रह रही हैं। मैनचेस्टर में वैज्ञानिक ब्रिटिश भारतीय हरतोष सिन्हा ने बताया कि मैं दिल्ली में रह रहीं मंजूषा से शादी की तैयारी कर रहा था। मेरी आय 26 लाख ही है। ऐसे में मंजूषा के साथ शदी का सपना टूट गया है। ब्रिटिश नागरिक जेसिंडा मैथ्यू भारतीय पति के साथ बेंगलुरु में रहती हैं। वे मां-पिता के पास ब्रिटेन जाने की सोच रही थीं। पर लैब असिस्टेंट के रूप में 38 लाख की नौकरी मिलना नामुमकिन है। बता दें, बड़ी संख्या में भारतीय मूल के चिकित्सा पेशेवरों का प्रतिनिधित्व करने वाले ब्रिटिश एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडियन ओरिजिन (बीएपीआईओ) ने सुनक सरकार को पत्र लिखा है। इसमें कहा, 'विदेशी देखभाल कर्मियों को अपने आश्रितों को ब्रिटेन लाने से रोकने की योजना हमारे सदस्यों के लिए बहुत चिंताजनक और परेशान करने वाली है। ब्रिटेन में स्वास्थ्य और देखभाल कर्मियों का वर्क वीसा में हिस्सा लगभग आधा है। कम वेतन होने से उनके पास अपने परिवार को साथ लाने का विकल्प नहीं बचेगा। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में माइग्रेशन ऑब्जर्वेटरी के निदेशक डॉ मेडेलीन सुम्पशन ने कहा, 'परिवार के सदस्यों के अलग देशों में रहने के कारण लोग बुरी तरह प्रभावित हो सकते हैं।

आश्रितों को सिर्फ वो ही लाएं, जो आर्थिक मदद कर सकें

पारिवारिक वीजा श्रेणी के तहत ब्रिटिश निवासी अपने जीवनसाथी को साथ रखने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसी कारण प्रवासी भारतीयों द्वारा शादी की योजना के साथ इसके लिए आवेदन किया जाता है। पिछले साल 5,870 भारतीयों को पारिवारिक वीजा दिया गया था। तब न्यूनतम सालाना आय 19.54 लाख रुपये की बाध्यता थी। ब्रिटेन के गृह मंत्री जेम्स क्लेवरली ने कहा कि इस वीजा के लिए आय सीमा बढ़ाकर हम यह तय करेंगे कि लोग केवल उन आश्रितों को लाएं जिनकी सहायता वे आर्थिक रूप से कर सकें। ये वृद्धि जरूरी थी, क्योंकि 2012 से आय सीमा नहीं बढ़ाई गई थी।

अमेरिकाः पार्टी में गोलीबारी, 4 लोगों की मौत, 3 घायल

किंग सिटी (अमेरिका)। अमेरिका के कैलिफोर्निया में रविवार को अज्ञात हमलावरों ने पार्टी में गोलीबारीकी, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। सोमवार को पुलिस ने यह जानकारी दी। रविवार शाम 6 बजे के आसपास गोलीबारी की सूचना पर घटनास्थल पर पुलिस पहुंची।

किंग सिटी पुलिस विभाग ने एक बयान में कहा, "किंग सिटी में तीन लोग बंदूक की गोली से घायल पाए गए, जिनकी बाद में इलाज के दौरान मौत हो गई।" पुलिस ने बताया कि इस गोलीबारी में चार लोगों की मौत हुई है, जिसमें एक महिला भी शामिल है। वहीं, इस हमले में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पुलिस ने कहा कि तीनों घायल लोगों को सेलिनास के नतिविदाद अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस ने कहा, मामले की जांच की जा रही है।

विज्ञान इस सौर चक्र का सबसे बड़ा सौर कलंक किया गया रिकार्ड, 11 वर्ष का माना जाता है एक सौर चक्र

पृथ्वी से नौ गुना बड़ा सौर कलंक सूर्य की सतह पर उभरा

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : इस सौर चक्र का सबसे बड़ा सौर कलंक रिकार्ड किया गया। इसका आकार पृथ्वी से नौ गुना बड़ा आंका गया है। इस सौर कलंक से एक्स श्रेणी की कई ज्वालाएं उभरी हैं।

इस सौर कलंक की संख्या एआर 3590 है। यह 25वां सौर चक्र का चल रहा है, जो अधिकतम सक्रियता के दौर से गुजर रहा है। 11 वर्ष का एक सौर चक्र माना जाता है। अधिकतम सक्रियता के दौरान सूर्य की सतह पर कई भयानक विस्फोट पिछले एक वर्ष के दौरान हो चुके हैं और इस पूरे वर्ष इनके सक्रिय रहने की आशंका बनी हुई है। इस बीच सनस्पॉट एआर 3590 में उभरा सौर कलंक रिकॉर्डतोड़ रहा। इसका उभरना 18 फरवरी से शुरू हो चुका था और 2 मार्च तक देखा गया। अब यह सूर्य के पिछले हिस्से में जा चुका है।

जिस कारण दृश्य से ओझल हो गया है। 26 फरवरी के आसपास इसका आकार लगभग 9 पृथ्वियों के बराबर रहा। इस सौर चक्र का अब तक का सबसे बड़ा सनस्पॉट था।

इसे नग्न आंखों से देखा जा सकता था। यहाँ ध्यान रहे कि जब भी सूर्य देखना हो, सौर चश्मे के बिना न देंखे, अन्यथा आंखों को बड़ा खतरा हो सकता है। इस सौर कलंक में 21 व 22 फरवरी के बीच तीन एक्स श्रेणी की विशाल ज्वाला उभरी, जबकि एक एक्स 6.4 फ्लेयर की भी उभरी थी। अभी भी यह सौर कलंक बना हुआ है, जो अब लगभग 10 दिन बाद सूर्य के पिछली ओर से पृथ्वी के सामने की तरफ लौट आएगा।



सूर्य की तस्वीर में नजर आ रहा काला धब्बा पृथ्वी से नौ गुना बड़ा है यह सन स्पॉट।

ऐतिहासिक है सौर कलंक

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व निदेशक व सौर वैज्ञानिक डा वहाबउद्दीन के अनुसार यह ऐतिहासिक सन सपॉट है, जो अब सूर्य के पिछली ओर जा चुका है। इस तरह विशाल आकर के सन स्पॉट मुश्किल से देखने को मिलते हैं। यह सूर्य की सामान्य प्राकृतिक प्रक्रिया है। जिनसे बड़ा नुकसान पृथ्वी के इलेक्ट्रिनिक्स व इलेक्ट्रिक्स ग्रीडस को पहुच सकता है। जिस कारण वैज्ञानिक सदा इनकी निगरानी करते हैं।